बैशाख कृष्ण पक्ष सप्तमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 1 मई 2024
वर्ष-2, अंक-263, पृष्ठ-18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य- 6 रुपये

अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

अंतरिक्ष में सबसे बड़े जटिल परमाणु की खोज 18

यिम्मी यिम्मी गाने में जैकलीन ने उड़ाए होश 17

टी-20 विश्वकप में रोहित करेंगे कप्तानी, भारतीय टीम घोषित

नई दिल्ली, एजेंसी

अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी-20 क्रिकेट विश्वकप के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा कर दी गई है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की सीनियर चयन समिति ने मंगलवार को आगामी आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2024 के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम का एलान किया।

टी-20 विश्वकप के लिए भारतीय टीम में रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या (उप कप्तान), यशस्वी जयसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, रवींद्र जड़ेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज को शामिल किया गया है। वहीं, रिजर्व खिलाड़ी के रूप में शुभमन गिल, रिंकू सिंह, खलील अहमद और अवेश खान को रखा गया है। भारत अपने विश्व कप अभियान की शुरुआत 5 जून को न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आयरलैंड के खिलाफ करेगा। नौ जून को इसी स्टेडियम में पाकिस्तान से उसका मुकाबला होगा। इसके बाद भारत 12 जून को अमेरिका और 15 जून को कनाडा से भिड़ेगा।

- सैमसन, चहल और शिवम को मिला मौका, गिल-रिंकू रिजर्व में

आईएमए अध्यक्ष के बयान से सुप्रीम कोर्ट नाराज

नई दिल्ली, एजेंसी

पतंजलि मामला

- पीठ ने कहा- अदालती कार्यवाही पर दुर्भाग्यपूर्ण और परेशान करने वाली टिप्पणियां
- आईएमए के अधिवक्ता से कहा यह सबसे गंभीर बात होगी... परिणामों के लिए तैयार रहें

सुप्रीम कोर्ट ने रामदेव की कंपनियों के भ्रामक विज्ञापनों से उत्पन्न अदालती कार्यवाही के खिलाफ आईएमए के अध्यक्ष डॉ आर वी अशोकन की टिप्पणियों को गंभीरता से लिया और मंगलवार को उसके अधिवक्ता से कहा कि आप यह कैसे तय करेंगे कि हमें अपनी कार्यवाही किस तरह से करनी चाहिए।

न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने बाबा रामदेव की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी को आईएमए अध्यक्ष द्वारा मीडिया के समक्ष दिए गए बयानों को अदालत के रिकॉर्ड पर लाने की अनुमति दी। पीठ ने आईएमए के वकील से मौखिक रूप से कहा आप यह कैसे तय करेंगे कि हमें अपनी कार्यवाही किस तरह से करनी चाहिए। न्यायमूर्ति कोहली की पीठ ने इस मामले में अगली सुनवाई के लिए 7 मई की तारीख मुकर्रर करते हुए रोहतगी को दो दिनों के भीतर इस संबंध में (बयान) एक आवेदन दाखिल करने की अनुमति देते हुए कहा हम इस मुद्दे से अलग से निपटेंगे। इससे पहले पीठ के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता रोहतगी ने आईएमए अध्यक्ष के हवाले वाली खबरों को सामने लाने की मांग करते हुए कहा कि ये अदालती कार्यवाही पर दुर्भाग्यपूर्ण और परेशान करने वाली टिप्पणियां हैं। पीठ ने रोहतगी की दलील पर जवाब देते हुए पीठ ने आईएमए के अधिवक्ता से कहा यह सबसे गंभीर बात होगी...परिणामों के लिए तैयार रहें।

उत्तराखंड राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण को फटकारा

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड से जुड़े भ्रामक विज्ञापनों के मामले में छह साल तक उत्तराखंड राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण के कार्रवाई नहीं करने को लेकर मंगलवार को उसे कड़ी फटकार लगाई और कहा कि यदि यह सहानुभूति एवं दया चाहता है तो अदालत के प्रति ईमानदार रहना होगा। स्पष्टीकरण पर असंतोष प्रकट करते हुए शीर्ष अदालत ने सवाल किया कि प्राधिकरण कोर्ट के 10 अप्रैल के आदेश के बाद ही क्यों जगा।

एक नजर

सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना को जद एस ने किया निलंबित

बेंगलुरु : जनता दल सेक्युलर (जद एस) ने कथित 'सेक्स स्कैंडल' में संलिप्तता के लिए हासन से सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना को मंगलवार को पार्टी से निलंबित कर दिया। हुब्बल्ली में पार्टी की कोर समिति ने राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी. देवेगौड़ा से रेवन्ना के निलंबन की सिफारिश की थी, जिसके चंद मिनटों बाद ही हासन के सांसद को निलंबित कर दिया गया।

लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के दो शूटर गिरफ्तार

नूंह : हरियाणा के नूंह में पुलिस ने लॉरेंस बिश्नोई-रोहित गोदारा गिरोह के दो शूटर को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि आरोपियों - दिल्ली निवासी रवि कुमार (30) और गुरुग्राम निवासी विशाल उर्फ कालू (27) जवाबी गोलीबारी में घायल हो गए। दोनों के पैर में गोली लगी है। पुलिस ने दोनों के कब्जे से दो देशी पिस्तौल और तीन कारतूस बरामद किए हैं। दोनों गुरुग्राम के व्यापारी सचिन उर्फ गोदा की हत्या में भी वांछित थे।

महाराष्ट्र युवा कांग्रेस के सोशल मीडिया हैंडल सहित 16 पर केस

अमित शाह का फर्जी वीडियो मामला : भाजपा ने दर्ज कराई थी रिपोर्ट

गुजरात, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का फर्जी वीडियो साझा करने के मामले मे मुंबई पुलिस ने महाराष्ट्र युवा कांग्रेस के सोशल मीडिया हैंडल और 16 अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

डीपफेक द्वारा बनाए गए फर्जी वीडियो में भाजपा नेता अमित शाह अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण अधिकारों को खत्म करने की घोषणा करते हुए नजर आ रहे हैं। एक अधिकारी ने बताया कि इस संबंध में भाजपा की मुंबई इकाई के पदाधिकारी प्रतीक करपे ने सोमवार को बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार, शाह का डीपफेक वीडियो बनाया गया, उसे पोस्ट किया गया और इंटरनेट पर व्यापक रूप से साझा किया गया, जिसके पीछे आरोपियों का मकसद केंद्रीय मंत्री को बदनाम करना था।

शिकायतकर्ता ने पुलिस से डीपफेक वीडियो को तुरंत हटाने और उन आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का भी अनुरोध किया, जिन्होंने विभिन्न जातियों में दुश्मनी और नफरत पैदा करने के लिए इसे कथित तौर पर साझा किया था। इस मामले में जम्मू-कश्मीर में भी केस दर्ज किया गया है।

गुजरात पुलिस ने कांग्रेस और आप नेता को किया गिरफ्तार

अहमदाबाद। गुजरात पुलिस ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का फर्जी वीडियो साझा करने के आरोप में कांग्रेस के एक नेता और आप के एक पदाधिकारी को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान बनासकांठा के पालनपुर निवासी सतीश वंसोला और दाहोद जिले के लिमखेड़ा शहर से राकेश बारिया के रूप में हुई है। वंसोला पिछले छह वर्षों से कांग्रेस विधायक जिग्नेश मेवाणी के निजी सहायक के रूप में काम कर रहे हैं, जबकि बारिया पिछले चार वर्ष से आप की दाहोद इकाई के अध्यक्ष हैं। दलित समुदाय से ताल्लुक रखने वाले वंसोला बनासकांठा जिला कांग्रेस के महासचिव भी हैं। दोनों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 153ए (विभिन्न समूहों में वैमनस्य को बढ़ावा देना), धारा 505 (वर्गों के बीच शत्रुता, घृणा पैदा करने या बढ़ावा देने वाले बयान) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस उपायुक्त (साइबर अपराध) लवीना सिन्हा ने कहा कि दोनों आरोपियों ने अमित शाह के संपादित वीडियो को अपने फेसबुक पेज पर साझा किया था। उन्हें यह वीडियो उनके व्हाट्सएप पर मिला और उस व्यक्ति को पकड़ने के लिए जांच अभी भी जारी है जिसने इस वीडियो को संपादित किया था। कांग्रेस नेता मेवाणी ने कहा कि सतीश सिर्फ मेरे पीए नहीं हैं, वह मेरे भाई जैसे हैं। भाजपा का आईटी सेल लंबे समय से फर्जी वीडियो फैला रहा है लेकिन पुलिस ने उनके खिलाफ कोई कार्रवाई करने के बजाय सतीश जैसे एक आम आदमी को गिरफ्तार कर लिया है, जिसने गलती से यह वीडियो साझा किया था।

सपा उम्मीदवार लालजी वर्मा के खिलाफ रिपोर्ट

अंबेडकरनगर। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का एडिटेड वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने के मामले में कटेहरी विधायक और जनपद से सपा के लोकसभा उम्मीदवार लालजी वर्मा पर दिल्ली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज किया है। सोमवार देर रात दिल्ली पुलिस ने लालजी वर्मा के घर पर दबिश दी। उनको नोटिस थमाया व जवाब भी मांगा है। लालजी वर्मा पर गृहमंत्री अमित शाह के बयान को फर्जी ढंग से सोशल मीडिया पर वायरल करने का आरोप है। नोटिस मिलने की पुष्टि करते हुए लालजी वर्मा ने कहा कि भाजपा विपक्षी नेताओं को डरा धमका कर गलत आचरण कर रही है।

हम आतंकवाद पर डोजियर नहीं भेजते, घर में घुसकर मारते हैं

लातूर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि मुंबई हमले के बाद कांग्रेस सरकार के दौरान डोजियर भेजने के चलन के विपरीत भाजपा नेतृत्व की सरकार ने आतंकवादियों को उनके घर में घुसकर मारा। मोदी ने महाराष्ट्र के लातूर में एक चुनावी रैली में कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान खबरों की सुर्खियां होती थीं कि भारत ने आतंकी गतिविधियों के बारे में पाकिस्तान को एक और डोजियर सौंपा। उन्होंने कहा कि यह बड़ी खबर हुआ करती थी। मीडिया में हमारे कुछ मित्र ऐसे किसी भी डोजियर के भेजे जाने पर ताली बजाते थे। मोदी ने कहा कि आज भारत डोजियर नहीं भेजता बल्कि घर में घुस के मारता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि नए भारत की सुर्खियां हैं: मिशन एलओसी, भारत ने सर्जिकल स्ट्राइक के माध्यम से पाकिस्तान को दंडित किया। उन्होंने ने यह भी दावा किया कि विपक्षी दलों का गठबंधन 'इंडिया' ने एक ''फॉर्मूला'' तैयार किया जिसके तहत विपक्षी गठजोड़ में शामिल दलों को सत्ता में आने पर एक-एक साल के लिए प्रधानमंत्री का पद मिलेगा। मोदी ने कहा कि ऐसी व्यवस्था से देश के हित की आशा नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि कुछ लोग किस्तों में प्रधानमंत्री बनाना चाहते हैं। उन्होंने हर साल एक प्रधानमंत्री बनाने का फैसला किया है। मोदी ने कहा कि 2014 और 2019 में आपने हमें भारी जनादेश दिया।

लातूर, महाराष्ट्र में चुनावी सभा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी को सम्मानित करते महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस। ● एजेंसी

- महाराष्ट्र में एक चुनावी रैली में प्रधानमंत्री ने कांग्रेस को घेरा
- हर साल प्रधानमंत्री बदलने के विपक्ष के फार्मूले पर किया कटाक्ष

कांग्रेस ने लोगों के सपनों को कुचला

मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने अपने शासनकाल में भारत की अर्थव्यवस्था को तबाह कर दिया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि जब मैं एक भारत श्रेष्ठ भारत की बात करता हूं तो कांग्रेस के शहज़ादे को बुखार आ जाता है। उन्होंने कहा कि देश को लूटने वाले जेल में हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे देश के लोग हमेशा मेहनती और प्रतिभाशाली रहे हैं, लेकिन कांग्रेस ने उनके सपनों को कुचलने का पाप किया।

चिकित्सा को सरकार ने बनाई वार्षिक योजना

पशुओं की देखभाल पर खर्च होंगे 4 हजार करोड़

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : राज्य सरकार गोवंश समेत अन्य पशुओं के संरक्षण, चिकित्सा और सेवा पर लगभग 4 हजार करोड़ रुपये खर्च करेगी। पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन विभाग की तरफ से इसके लिए वार्षिक योजना तैयार की गई है। इसमें गोवंश संरक्षण, पशु चिकित्सा शिक्षा के साथ ही पशु चिकित्सालय, पॉलीक्लिनिक एवं सेवा केंद्र समेत अन्य क्षेत्रों में किए जाने वाले खर्च का पूरा ब्यौरा दिया गया है। वार्षिक योजना में इसके लिए 3907.1 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित किया गया है।

गोवंश संरक्षण पर कुल 1,140 करोड़ रुपये की धनराशि खर्च करने की योजना है। इसके अंतर्गत 140 करोड़ रुपये से गो-संरक्षण केंद्रों की स्थापना की जाएगी, जबकि शेष एक हजार करोड़ रुपये से छुट्टा गोवंश के रखरखाव के लिए अनुदान दिया जाएगा। पशु चिकित्सा शिक्षा पर भी 179.74 करोड़ खर्च किए जाने की योजना है। इसके अंतर्गत गोरखपुर एवं भदोही में पशु चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना पर 100 करोड़ रुपये, मथुरा में पंडित दीनदयाल पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गौ अनुसंधान संस्थान में वेतन सहायता एवं अनुदान के लिए 61.74 करोड़ और गैर वेतन सहायता अनुदान के रूप में 18 करोड़ रुपये दिए जाएंगे।

वहीं, पशु चिकित्सालय, पॉलीक्लिनिक और सेवा केंद्र पर 470.30 करोड़ रुपये खर्च होगा। इसमें पशु चिकित्सालयों की स्थापना पर 55 करोड़, पशु चिकित्सा पॉलीक्लिनिक की स्थापना पर 6 करोड़, पशु सेवा केंद्रों की स्थापना पर 4.5 करोड़, पशु चिकित्सालयों, सेवा केंद्रों, अनुसंधान एवं निदान सेवाएं (राजस्व मद) में 71 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

कृत्रिम गर्भाधान और बीमा का भी बजट

पशुओं के कृत्रिम गर्भाधान व बांझपन निवारण के लिए 68.24 करोड़ खर्च किए जाएंगे। इस कड़ी में लखनऊ में प्रस्तावित अति हिमीकृत वीर्य उत्पादन केंद्र पर 44.74 करोड़ रुपये, जबकि प्रस्तावित सीमेन तकनीक अनुसंधान पर 8 करोड़ के खर्च का बजट प्रस्तावित है। पशुओं के बीमा पर 77.03 करोड़, कुक्कुट, बकरी व भेड़ संबंधी योजनाओं पर 58 करोड़ और प्रक्षेत्रों के सुदृढ़ीकरण पर 71.01 करोड़ खर्च किए जाएंगे।

बंदी वाहन में लगी आग, चालक समेत 24 ने कूदकर बचाई जान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- वाहन में सवार थे 14 पुलिसकर्मी और 9 महिला कैदी

अमृत विचार : राजभवन के गेट नंबर-14 के पास मंगलवार सुबह बंदी वाहन के केबिन में अचानक आग लग गई। आग की लपटें उठते देख चालक समेत 14 पुलिसकर्मियों व 9 महिला कैदियों ने वाहन से छलांग लगाकर अपनी जान बचाई।

जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची दमकल विभाग की दो गाड़ियों ने करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू तो पाया, लेकिन तब तक वैन पूरी तरह से खाक हो चुकी थी। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। आग लगने का कारण प्रथम दृष्टया वाहन में लगे जीपीएस सिस्टम और कैमरों के शार्ट सर्किट से निकली चिंगारी बताई गई।

वाहन चालक बालेंद्र सिंह ने बताया कि जेल की पुलिस टीम महिला कैदी अनुराधा, अवधरानी, अनुपमा, मिनाक्षी, समेत नौ महिला कैदियों को गोसाईगंज जिला कारागार से न्यायालय में पेशी के लिए ले जा रही थी। राजभवन के गेट नंबर-14 के पास पहुंचते ही केबिन में लगे जीपीएस व कैमरे के पास स्पार्किंग हुई।

महिला कैदियों को ले जाया जा रहा था कोर्ट

मुख्य शमन अधिकारी मंगेश कुमार के मुताबिक, हजरतगंज फायर स्टेशन के कंट्रोल रूम पर सुबह 11.46 बजे सूचना मिली कि राजभवन गेट नंबर-14 के सामने बंदी वाहन में आग लगी है। जानकारी मिलते ही एफएसओ हजरतगंज रामकुमार रावत दमकल की दो गाड़ियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे।

दिल्ली एम्स के छात्रावास में युवती ने की आत्महत्या

नई दिल्ली। दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के छात्रावास में 21 वर्षीय एक युवती ने मंगलवार को आत्महत्या कर ली। घटनास्थल से एक सुसाइड नोट भी बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार छात्रावास के एक कर्मचारी ने पूर्वाह्न करीब 11.30 बजे युवती का शव फंखे से लटका देखा और संबंधित अधिकारियों को जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान एक सुसाइड नोट बरामद हुआ, जिसमें उसने लिखा था कि वह अपनी नर्सिंग की पढ़ाई और बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षा की तैयारी के कारण अवसाद में थी।

सलमान खुर्शीद व उनकी भतीजी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, कायमगंज, फर्रुखाबाद

- पूर्व विदेश मंत्री की भतीजी मारिया ने वोट जिहाद छेड़ने की अपील की
- कहा, भाजपा की बैठकें कराने वाले मुसलमानों का हुक्का-पानी बंद हो

अमृत विचार। कायमगंज कस्बा में इंडिया गठबंधन प्रत्याशी डा. नवल किशोर शाक्य के समर्थन में आयोजित जनसभा में मंगलवार को पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद की भतीजी एवं सपा नेता मारिया आलम खां ने वोट जिहाद छेड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि भाजपा की बैठकें कराने वाले मुसलमानों का हुक्का- पानी बंद कर देना चाहिए। वोट जिहाद की गंभीरता को देखते हुए मारिया व पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद के विरुद्ध भड़काऊ भाषण देने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जनसभा में पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद की मौजूदगी में मारिया आलम खां ने कहा कि बहुत अक्लमंदी के साथ वोट जिहाद करो। यदि हम अभी एक न हुए तो यह समझ लेना हमारा नामोनिशान यहां से मिट जाएगा। संघी सरकार वैसे भी हमारे पीछे पड़ी है। मारिया ने आगे कहा कि कुछ मुसलमानों ने आज यहां भाजपा सांसद मुकेश राजपूत की मीटिंग कराई है। मुझे लगता है समाज को ऐसे लोगों का हुक्का-पानी बंद कर देना चाहिए। एसपी विकास कुमार ने बताया कि उड़नदस्ता मजिस्ट्रेट मनोज की तहरीर पर दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

ईडी ने जब्त की 90 करोड़ की क्रिप्टो संपत्ति

गेमिंग घोटाला

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को कहा कि उसने एक ऑनलाइन गेमिंग ऐप 'घोटाले' में बाइनेंस, जेबपे और वजीरएक्स जैसे मंचों के क्रिप्टोकरेंसी वॉलेट में रखे 90 करोड़ रुपये जब्त किया है। वित्तीय जांच एजेंसी ने एक बयान में कहा कि गेमिंग घोटाले से संबंधित धनशोधन जांच के क्रम में इन क्रिप्टो संपत्तियों को कब्जे में लिया गया और फिर उसे ईडी के क्रिप्टो वॉलेट में स्थानांतरित कर दिया गया। यह जांच ई-नगेट नाम के एक फर्जी ऑनलाइन गेमिंग ऐप से संबंधित है।

अनदेखी | दो साल पहले 43 जिलों में एनआरएलएम ने खोले थे 204 टीएचआर प्लांट

'कुपोषण' की जंग में 153 प्लांट बंद, केंद्रों पर नहीं पुष्टाहार

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

अमृत विचार : राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) की तरफ से 43 जिलों में संचालित 204 टेक होम राशन प्लांट में 153 बजट के अभाव में बंद हो गए हैं।

इस वजह से आंगनबाड़ी केंद्रों पर पुष्टाहार की आपूर्ति प्रभावित है। बंद प्लांटों की जगह एक संस्था द्वारा पुष्टाहार उपलब्ध कराया जा रहा है। लेकिन, तीन माह का एक साथ, कम मात्रा में वह भी देर-सबेर मिलने के कारण बच्चों व महिलाओं को नियमित खुराक नहीं मिल रही है। केंद्रों पर नियमित वितरण और पारदर्शिता से पुष्टाहार खरीदने के लिए ठेकेदारी व्यवस्था खत्म की गई थी और दो साल पहले बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग से अनुबंध कर ब्लॉकों पर प्लांट खोले गए थे।

आंगनबाड़ी केंद्रों पर पुष्टाहार वितरण की हकीकत समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) पर दर्ज सर्वाधिक शिकायतें ही बता रहीं हैं। दिसंबर में वितरण संबंधित 7667 शिकायत जिलों से दर्ज हुईं। इसकी फरवरी में मुख्यमंत्री कार्यालय से समीक्षा की गई तो सर्वाधिक शिकायत वाले पांच जिले चिह्नित कर सुधार के निर्देश दिए गए थे।

इन जिलों में प्लांट

लखनऊ, बदायूं, बागपत, सहारनपुर, उन्नाव, वाराणसी, अमेठी, औरैया, संत कबीर नगर, शामली, श्रावस्ती, बहराइच, बलरामपुर, बांदा, बाराबंकी, बस्ती, बिजनौर, चंदौली, चित्रकूट, देवरिया, इटावा, फतेहपुर, गोरखपुर, हमीरपुर, हरदोई, जालौन, झांसी, कन्नौज, लखीमपुर, ललितपुर, महाराजगंज, महोबा, मैनपुरी, मिर्जापुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, सोनभद्र, सिद्धार्थ नगर, सुल्तानपुर, आगरा, अलीगढ़, अंबेडकर नगर, आजमगढ़।

- बजट के अभाव में आंगनबाड़ी केंद्रों पर नहीं हो रही नियमित आपूर्ति

> प्लांट एनआरएलएम द्वारा संचालित हैं। बंद होने की जानकारी नहीं है। जिन केंद्रों पर समस्या है वहां पुष्टाहार वितरण कराया जा रहा है। आईजीआरएस की शिकायतें निस्तारित कर रहे हैं।
> -**सरनीत कौर ब्रोका**, निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग।

इन जिलों की थी सर्वाधिक शिकायत

सीतापुर - 374, अलीगढ़ - 271, लखीमपुर खीरी - 267, बहराइच - 265, बुलंदशहर - 252

तीन से छह वर्ष के बच्चों की खुराक में रिफाइंड की कटौती

प्लांट द्वारा सात माह से तीन वर्ष तक के बच्चों व गर्भवती महिलाओं को घरों पर चना की दाल, दरिया व रिफाइंड मिलता है। इसी तरह केंद्र पर आने वाले तीन से छह वर्ष तक के बच्चों को तीनों चीजें दी जती हैं। लेकिन, केंद्र पर रिफाइंड नहीं बांटा जा रहा है। जहां प्लांट से आपूर्ति नहीं वहां संस्था प्रीमिक्स यानी तैयार मूंग दाल खिचड़ी, दरिया, लड्डू दे रही है। आपूर्ति पोषण ट्रैक से लाभार्थियों की संख्या के अनुसार होती है, लेकिन डाटा पुराना उठाने के कारण बढ़े लाभार्थी छूट जाते हैं।

हमारे फर्स्ट वोटर

सरकार बनाने में अपना वोट देने की खुशी

मुझे पहली बार मतदान करने का मौका मिला है। इस बात की खुशी है कि मैं भी अब सरकार बनाने में अपना वोट दूंगी। मतदान कैसे किया जाता है, जानकारी होगी। अब महसूस हो रहा कि मैं देश की एक जिम्मेदार नागरिक बन गईं हूं। मैं अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करूंगी। मेरी अपनी उम्र के सभी लोगों से भी यही अपील करती हूं कि अपना वोट जरूर डालें।
-अनामिका यादव, छात्रा, पूराबाजार।

पहली बार वोट डालने का मौका मिलने से उत्साह

देश के लोकतंत्र में पहली बार मतदान करने का अवसर प्राप्त हुआ है। इससे बहुत खुशी है। अब मैं भी देश की सरकार और अपने क्षेत्र का सांसद चुनने के लिए वोट करूंगा। 20 मई को सबसे पहले वोट डालने जाऊंगा। उसके बाद ही दूसरा कोई काम करूंगा। इस बार जो भी मतदाता बने हैं, उन सभी से अपील है कि अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें।
- शिवांक सिंह, छात्र, शांतिपुर।

रामपथ पर दिन में जल रहीं लाइट और हाईवे पर अंधेरा

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : अयोध्या में इन दिनों रामपथ पर दिन में भी डेकोरेटिव लाइटें जल रही हैं, जबकि सहादतगंज से साकेत पेट्रोल पंप तक हाईवे पर रात में अंधेरा पसरा रहता है। स्ट्रीट लाइट तो लगी हैं, लेकिन प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद से बंद चल रही हैं। इसकी कोई सुधि लेने वाला भी नहीं है। यह हाल तब है जब आए दिन शासन के प्रशासन के लोग उसी रास्ते से गुजरते हैं।

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत देश के तमाम नामचीन हस्तियों का जमावड़ा लगा था। उस समय वीआईपी के रामलला दरबार तक जाने के लिए दो मार्गों रामपथ और धर्मपथ का चयन किया गया था। सहादतगंज से साकेत पेट्रोल पंप और धर्मपथ से गुजरते हुए कई वीवीआईपी रामलला दरबार पहुंचे थे। इस दौरान नौ किमी. में बने हाईवे पर स्ट्रीट लाइट् के जबदस्त इंतजाम किए गए थे।अब तीन माह बाद आलम यह है कि पांच प्रतिशत लाइटें भी नहीं जल रही हैं।

जिला अस्पताल के सामने रामपथ पर दोपहर में जल रहीं डेकोरेटिव लाइट एवं देवकाली ओवरब्रिज पर अंधेरे में गुजरते वाहन।

प्राण प्रतिष्ठा में चकाचौंध था सहादतगंज से साकेत पेट्रोल पंप तक का मार्ग

लाइट ठीक कराने के लेकर लोग पहुंच रहे नगर निगम

हाईवे पर 800 से अधिक स्ट्रीट लाइट्स

सहादतगंज से साकेत पेट्रोल पंप तक तकरीबन नौ किमी में 800 से भी अधिक स्ट्रीट लाइट्स लगी हैं। दीपोत्सव व प्राण प्रतिष्ठा के दौरान ही इन लाइट्स को लगवाया गया था। लगभग सभी बंद पड़ी हैं। इस बारे में जानकारी लेने के लिए एनएचएआई के भूपेंद्र सैनी से कई बार संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका फोन रिसीव नहीं हुआ।

रामपथ पर 632 सजावटी लाइट्स, 10 फीसदी खराब

सहादतगंज से नया घाट तक बने रामपथ को दिल्ली के राजपथ की तुलना दी गई थी। इस पर 632 सजावटी लाइट्स लगाई गईं, लेकिन वर्तमान में 10 फीसदी लाइट बंद पड़ी हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि जो लाइटें सही हैं वो दिन में भी जलती रहती हैं।

लाइट्स बनवाने के लिए नगर निगम कर रहा विनती

शहर में जगह-जगह पर स्ट्रीट लाइट्स लगी हुई हैं। नगर निगम के सूत्रों की मानें तो रामपथ पर लगीं सजावटी लाइट्स पीडब्ल्यूडी की व हाईवे पर लगी स्ट्रीट लाइट्स एनएचएआई की हैं। इसके अलावा डूडा ने भी कई जगहों पर स्ट्रीट लाइट्स लगवा रखी हैं, लेकिन हो ये रहा है कि जानकारी के आभाव में लोग नगर निगम पहुंचकर लाइट्स बनवाने की मांग कर रहे हैं। दबाव में आकर नगर निगम प्रशासन को दूसरे विभागों की लाइट्स बनवाने के विनती करनी पड़ रही है।

> रामपथ पर बंद पड़ीं सजावटी लाइट्स बनाने का काम चल रहा है। दिन में लाइट तो नहीं जल रही हैं। हो सकता है कोई दिक्कत हुई हो, मैं इसे फिर से दिखवा लेता हूं। **-ध्रुव अग्रवाल, एक्सईएन, पीडब्ल्यूडी**

सांड़ के हमले में दो किसानों की मौत

पटरंगा में किसान का पेट फाड़ डाला, हंगामे के बाद पकड़ा गया सांड़

रुदौली, अयोध्या

अमृत विचार : जिले में छुट्टा पशुओं का आतंक खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। 24 घंटे के अंदर पटरंगा और पूराकलंदर थाना क्षेत्र में सांड़ ने दो किसानों की जान ले ली।

पटरंगा थाना क्षेत्र के ग्राम बजौली मजरे सरैठा में छुट्टा सांड़ के हमले से किसान की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। साड़ हमले में किसान का पेट बुरी तरह फट गया। मंगलवार की दोपहर थाना पटरंगा के ग्राम बजौली निवासी राम नाथ पुत्र मैकूलाल 64 वर्ष अपने खेत जा रहे थे। रास्ते मे ही उनपर सांड ने हमला कर दिया।हमले रामनाथ का पेट फट गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों सहित काफी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गए।ग्रामीणों के हल्ला गुहार मचाने पर सांड भाग गया। सूचना मिलते ही हाइवे चौकी प्रभारी धर्मेंद्र सिंह ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। तहरीर पटरंगा पुत्र रौशन लाल ने दी है। हाइवे चौकी प्रभारी धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि ग्राम बजौली मजरे व पोस्ट सरैठा निवासी रामनाथ पुत्र मैकूलाल की सांड के हमले में मौत हो गई। वहीं किसान की मौत से नाराज लोगों को नायब तहसीलदार ने शांत कराया। नायब तहसीलदार ने बताया कि नगर पालिका के कैटिल वाहन से अधेड़ किसान पर हमला करने वाले सांड को पकड़कर गौशाला भेजा गया।

सिंचाई कर रहे किसान को सांड़ ने पटका, मौत

राम सरन वर्मा (फाइल फोटो)

मसौधा, अयोध्या। अमृत विचार : सोहावल के पलिया गोवा मजरे भुतहिया गांव निवासी किसान को छुट्टा सांड़ ने गन्ने के खेत में पटक दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पूराकलंदर के पलिया गोवा मजरे भुतहिया गांव निवासी राम सरन वर्मा (40) पुत्र स्वर्गीय देवी प्रसाद वर्मा सोमवार रात करीब नौ बजे गन्ने की फसल की सिंचाई कर रहे थे। इस दौरान फसल चर रहे सांड़ ने दौड़ा लिया और उठाकर पटक दिया। परिवारीजनों ने घायल को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। थानाध्यक्ष रतन कुमार शर्मा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम को भेजवाया है।

97 जायरीनों का टीकाकरण करके दिया गया प्रमाण-पत्र

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : दारूल उलूम मदरसा नियाजिया कादिरिया अबू सराय में मंगलवार को जिले से हज पर जाने वाले जायरीनों को हज का प्रशिक्षण दिया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सभी 97 हाजियों का टीकाकरण किया। प्रमाण पत्र भी दिया गया।

हज ट्रेनर कारी हाफिज अब्दुल वहीद ने सभी आजमीने हज को हज करने प्रशिक्षण दिया। कारी जलील ने सभी हाजियों को हज से संबंधित पुस्तकों के साथ ही आवश्यक सामग्री भी प्रदान किया गया। स्वास्थ्य विभाग से आए डॉ. सुहैल और डॉ. बी एन कौशल की निगरानी में टीकाकरण अमल में लाया गया। स्वास्थ्य विभाग की मीरा शुक्ला के साथ ही अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

जायरीनों का टीकाकरण करती स्वास्थ्य विभाग की टीम।

सार-संक्षेप

छावनी के प्रशिक्षण मैदान में लगी आग, पाया काबू

अयोध्या, अमृत विचार। कैंट थाना क्षेत्र में थाने के पास स्थित छावनी परिषद के प्रशिक्षण मैदान में मंगलवार दोपहर अचानक आग लग गई। मौके पर पहुंचे अग्निशमन विभाग के दो फायर दस्तों ने रिक्रूट फौजियों की मदद से कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया है। आगजनी में पेड़ और झाड़ियां जलीं है, ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है। कैंट थाने के प्रभारी निरीक्षक संजय मौर्य ने बताया कि सूखी पत्तियां जली हैं। अग्निशमन शाखा के केंद्र प्रभारी नागेंद्र प्रसाद द्विवेदी ने बताया कि दो फायर दस्तों ने दो घंटे से ज्यादा समय की मशक्कत में आग को काबू कर लिया।

ट्रैफिक पुलिस हटी, चौराहे पर जाम शुरू

सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार : रामनवमी पर लगाई गई ट्रैफिक पुलिस के वापस लौटते ही सोहावल चौराहे पर यातायात जाम होने की समस्या फिर शुरू हो गई। मंगलवार को भी दिन में कई बार एक-एक घंटे का जाम चौराहे पर लगा रहा। जिसके कारण लोगों को भीषण गर्मी में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। तहसीलदार विनोद चौधरी ने कहा कि रौनाही पुलिस को यातायात सुचारू बनाए रखने की जिम्मेदारी दी गई है। चुनाव के कारण पुलिस बल की कमी आड़े आ रही है। जल्द ही कोई रास्ता निकाला जायेगा।

सोहावल चौराहे पर जाम में फंसे लोग।

नाली नहीं तो वोट नहीं का नारा गूंजा

मंगलवार को प्रदर्शन करते हनुमत नगर वार्ड के लोग। अमृत विचार

अयोध्या अमृत विचार : नगर निगम के हनुमतनगर वार्ड के लोगों ने मंगलवार को नाली और गंदगी की समस्या को लेकर प्रदर्शन किया। वार्ड के लोगों ने नाले के गंदे पानी में घुसकर प्रदर्शन किया। नाली नहीं तो वोट नहीं के नारे लगाए। कॉलोनी वासियों का कहना है कि शिकायतों के बावजूद भी समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। शिवनगर पहाड़गंज के हनुमतनगर वार्ड में करीब 30 हजार आबादी नाली समस्या से प्रभावित है। लोगों ने बताया कि जब तक समस्या का समाधान नहीं हो जाता, तब तक किसी को भी वोट मांगने के लिए आने नहीं दिया जाएगा। इसके लिए वार्ड के लोगों की ड्यूटी लगाई जा रही है। आनंद मौर्य, महेश कौशल ने बताया कि मंगलवार शाम वार्ड की बैठक में समिति का गठन किया जाएगा।

जिला पंचायत सदस्य सहित कई लोग भाजपा में शामिल

भाजपा कार्यालय पर पार्टी में शामिल लोगों के साथ प्रत्याशी लल्लू सिंह।

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : सपा के जिला पंचायत सदस्य राम सुन्दर सरोज सहित कई प्रधान व पूर्व प्रधान मंगलवार को भाजपा में शामिल हो गए। सिविल लाइंस स्थित लोक सभा चुनाव कार्यालय पर सांसद लल्लू सिंह, लोक सभा संयोजक बांके बिहारी मणि त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने सभी को पार्टी का ध्वज, भगवा अंगवस्त्र व माल्यार्पण कर पार्टी में शामिल कराया। लोक सभा संयोजक त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह व महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि जनता को देश का भविष्य मोदी जी के नेतृत्व में सुरक्षित लग रहा है। पार्टी की नीतियों व योजनाओं से प्रभावित लोग पार्टी के प्रति आस्था व्यक्त कर रहें हैं।

नामांकन के बाद की बैठक

अयोध्या, अमृत विचार : इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद केंद्रीय कार्यालय में बैठक हुई। पूर्व मंत्री तेज नारायण पाण्डेय पवन ने कहा कि चार जून को इंडिया गठबंधन पूर्ण बहुमत के साथ केंद्र में सरकार बनाएगी। जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को जिताने के लिए एकजुट होना होगा। प्रवक्ता व पार्टी उपाध्यक्ष चौधरी बलराम यादव ने बताया कि पूर्व विधायक जयशंकर पांडे ने कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव के लिए पूरी ताकत लगाने कते लिए कहा। पूर्व विधायक अब्बास अली जैदी रुश्दी मियां, हाजी फिरोज खान गब्बर, पूर्व एमएलसी लीलावती कुशवाहा आदि ने भी संबोधित किया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव व संचालन जिला महासचिव बख्तियार खान ने किया। मौके पर महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम, वरिष्ठ नेता अनूप सिंह, छोटे लाल यादव, बलराम मौर्या, केके पटेल, मो. हलीम पप्पू आदि आदि थे।

समरसता पखवाड़ा के रूप में मनायी आम्बेडकर की जयंती

अयोध्या। अमृत विचार : अधिवक्ता परिषद "अवध" की जिला इकाई अयोध्या ने जिला सहकारी बैंक के सभागार में मंगलवार को डॉ. भीमराव आम्बेडकर की 133वीं जयंती समरसता पखवाडा के रूप में मनायी। इस अवसर पर भारतीय संविधान में सामाजिक समरसता विषयक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसको संवोधित करते हुए मुख्य वक्ता आरएसएस के अयोध्या विभाग प्रचारक कृष्ण चन्द्र ने समरसता का महत्व बताया। विशिष्ट अतिथि डीएलएस चीफ अरूण प्रकाश तिवारी ने समरसता पर अपने विचार व्यक्त किए। गोष्ठी का संचालन महामंत्री सतीश चन्द्र देवरस और अध्यक्षता अधिवक्ता परिषद की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने की। इस अवसर पर अजय प्रताप सिंह, हरिमंगल सिंह, राम कुवेर, सुरभि, प्रमेश, सुनील, सहित कई अन्य अधिवक्तागण मौजूद रहे।

अग्नि पीड़ितों में बांटी राहत सामग्री

अयोध्या, अमृत विचार : बीकापुर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम सभा कलाफरपुर में लगी आग से छह परिवारों के घर व सारा सामान जलकर राख हो गया। मौके पर पहुंचे समाजसेवी राजन पांडेय के पुत्र जिला पंचायत सदस्य अंकित पांडेय ने सभी परिवारों को दरी, चादर व नगद सहायता उपलब्ध कराई। इस दौरान क्षेत्र के राजनारायण पांडेय, प्रधान अर्जुन मिश्रा समेत कई लोग मौजूद रहे।

राष्ट्रपति के दौरे को लेकर फ्लीट रिहर्सल के दौरान पुलिस लाइन से रवाना होता वाहनों का काफिला।

बनेगा ग्रीन कॉरीडोर, ढाई घंटे आइसोलेट रहेगी रामनगरी

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के बुधवार को प्रस्तावित दर्शन-पूजन और सरयू आरती कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराने के लिए उनके आवागमन के मार्ग को ग्रीन कॉरिडोर के रूप में तब्दील करने व रामनगरी को आइसोलेट किए जाने की तैयारी है। एडीजी लखनऊ ज़ोन अमरेंद्र प्रसाद सेंगर मंगलवार को रामनगरी पहुँच गए। ड्यूटी में लगाए गए पुलिस व पैरामिलेट्री फ़ोर्स के जवानों व अधिकारियों की पुलिस लाइंस में ब्रीफिंग हुई। हवाई अड्डे से अयोध्या तक फ्लीट रिहर्सल कराया गया।

राष्ट्रपति का बुधवार दोपहर बाद रामनगरी में रामजन्मभूमि व कुबेर टीला व हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन और सरयू घाट पर सरयू आरती का कार्यक्रम प्रस्तावित है। ब्रीफिंग में आईजी प्रवीन कुमार, एसएसपी राजकरन नय्यर व अन्य अधिकारियों ने सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी दी। आईजी प्रवीन कुमार ने बताया कि राष्ट्रपति के दौरे को लेकर सुरक्षा के सभी इंतजाम किए गए हैं।

▸▸ **पुलिस लाइन में हुई ब्रीफिंग, हवाई अड्डे से हुआ फ्लीट रिहर्सल**

होंगे दो सेफ हाउस व दो ग्रीन रूम

राष्ट्रपति के लिए दो सेफ हाउस और दो ग्रीन रूम बनाए गए है। अवध विश्वविद्यालय और सिंचाई विभाग के गेस्ट हाउस, लता मंगेशकर चौक के पास सेफ हाउस होगा तो श्री राम जन्मभूमि परिसर एयरपोर्ट पर ग्रीन रूम बनाया गया है।

लगाईं गईं महिला लाइजन अफसर

राष्ट्रपति, उनकी बेटी और राज्यपाल के साथ महिला लाइजन अफसरों को लगाया गया है। सूत्रों के मुताबिक एसडीएम रुदौली अंशिका दीक्षित को राष्ट्रपति, राष्ट्रपति की पुत्री के साथ उपायुक्त मनरेगा सविता सिंह और राज्यपाल के साथ डिप्टी रजिस्ट्रार वंदना सिंह को लगाया गया है। ग्रीन रूम और सेफ हाउस में भी महिला अफसरों को लगाया गया है।

एक और इतिहास रचने की तैयारी में रामनगरी

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

▸▸ **दूसरी बार राष्ट्रपति और चौथी बार पहुंच रहे पीएम मोदी**

▸▸ **बदला अयोध्या आंदोलन का स्वरूप, अब भक्ति का प्रतिरूप**

अमृत विचार: अयोध्या एक और इतिहास रचने की तैयारी में है। सप्ताह भर के अंदर एक बार फिर राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री अयोध्या आ रहे हैं। दोनों रामलला के दरबार में हाजिरी लगाएंगे। राष्ट्रपति दूसरी बार तो प्रधानमंत्री चौथी बार रामनगरी आ रहे हैं। अयोध्या में आंदोलन अब भी है लेकिन इसका स्वरूप बदल गया। यह भक्ति का प्रतिरूप बन गया। यह अतीत की अयोध्या के बदलते दौर का प्रतीक भी है। दशकों तक वीरान रहने वाली अयोध्या आबाद ही नहीं हुई बल्कि विश्व प्रसिद्ध नगरी बन रही है।

वैराग्य की नगरी अयोध्या फिर शीर्ष पर है। इस बार यह राम मंदिर आंदोलन के कारण नही, बल्कि आस्था और भक्ति के कारण है। सियासत भले ही इसकी अंर्तधारा में हो लेकिन दो दशक पहले अयोध्या वीरान रहती थी। राम लला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे के नारे गूजंते थे। मुख्य मार्गो से गलियां तक तंग होती थी। बैरियर और सुरक्षा बलों के बूटों की आवाज रामनगरी के विकास गुप्ता को अब भी याद है। कहते हैं निकलना मुश्किल था। कई-कई दिन तक घर में कैंद रहते थे। हर गली और मंदिर से राम लला की कैद से मुक्ति के लिए नारे लगते थे। आस्था के केंद्र में गोली बारूद तक का इतिहास भी रच गया। कहते हैं कि अयोध्या के अतीत का यह इतिहास है।

रामलला के दर्शन करने कानपुर से आए त्रिलोकी पांडेय ने कहा कि उन्होंने अतीत और वर्तमान दोनों देखा है। कहां तब और कहां अब? बोलते-बोलते श्रद्धा से आंसू छलछला जाते हैं। कहते हैं तब रोक-टोक और डंडे थे।अब फूल और जय सियाराम, जय श्रीराम के नारे। प्रधानमंत्री बार-बार आकर अयोध्या को प्रतिष्ठित कर रहे हैं। राष्ट्रपति दर्शन करने आते हैं। यह छोटी बात है? यह इतिहास में दर्ज होगा। धारा प्रवाह बोलते हुए मध्य प्रदेश के शिव चरन माधुर ने कहा कि 500 साल बाद अयोध्या में राम मंदिर बनना शुरू हुआ, राम लला की प्राण प्रतिष्ठा हुई। अयोध्या और राम लला की महिमा से पूरे देश में जैसे भक्ति के नए आंदोलन का सूत्रपात हो गया।

अयोध्या फिर इतिहास रचने के मुहाने पर है। 29 अगस्त 2023 को पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद अयोध्या पहुंचे थे। रामायण कॉन्क्लेव में अयोध्या और राम की महिमा बताई थी। अब सात महीने बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रामलला के दरबार में आ रही हैं। आए तो पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह भी थे, लेकिन हनुमानगढ़ी के आगे राम लला के दरबार तक नहीं पहुंच पाए। प्रधानमंत्री मोदी बार-बार यहां आकर राम लला के चरणों में नतमस्तक होते हैं। पांच अगस्त 2020 को भूमि पूजन किया। 30 दिसंबर 2023 को रामलला के दरबार में मत्था टेका, आशीर्वाद लिया। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा में शामिल हुए।

अयोध्या में श्रद्धालु भोला पांडेय ने कहा कि पांच मई को फिर रोड शो के लिए प्रधानमंत्री अयोध्या आ रहे हैं। भले ही इसकी अंर्तधारा में सियासत भी हो, लेकिन अध्यात्म के साथ श्रद्धा और भक्ति भी है। जानकारों का कहना हैं कि पहले की बात छोड़ भी दीजिए तो 80 के दशक से अयोध्या इतिहास ही तो रच रही है। विशिष्ट महानुभावों का आगमन नए दौर का नया इतिहास होगा।

रामनगरी में भव्य राम मंदिर।

लोकसभा चुनाव | पहले मतदान फिर करें जलपान, लोकतंत्र के उत्सव में बने सहभागी, बोले लोग-

देश को सशक्त करने वाली मजबूत सरकार बने

पूराबाजार, अयोध्या

अमृत विचार : मौसम की तरह लोकसभा चुनाव की तपिश बढ़ने के साथ अब 20 मई को होने वाले मतदान का लोगों को इंतजार है। चुनावी प्रचार के बीच लोग अपने-अपने हिसाब से गुणा गणित में व्यस्त हैं।

चुनावी चर्चा मुहिम चला रहे 'अमृत विचार' ने मंगलवार को पूराबाजार में मतदाताओं के बीच नब्ज टटोली। गंगौली चौराहा पर एक चाय की दुकान में चली चर्चा में सभी ने कहा कि देश को सशक्त करने वाली मजबूत सरकार बननी चाहिए। विकासखंड पूरा बाजार के गंगौली यशपाल सिंह ने कहा कि सरकार ऐसी होनी चाहिए जो देश का सम्मान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बनाए रखें। अब देश को अंतरराष्ट्रीय पटल पर भी अपनी साख को और मजबूत करना होगा। उनके बगल बैठे गंगौली के निवासी सतीश सिंह ने कहा कि सरकार ऐसी हो जो ग्रामीण क्षेत्र के विकास की सोच रखती हो। जिससे गांव का चहुंमुखी विकास हो। गांव स्वावलंबन के लिए कार्य होना चाहिए। कपिल ने कहा कि सभी साथी पहले मतदान उसके बाद ही जलपान करें। छुट्टा जानवरों से छुटकारा दिलाने वाली सरकार चाहिए। इसके कारण बहुत नुकसान हो रहा है। अंजना निवासी अशोक तिवारी ने कहा कि ऐसी सरकार बनाने के लिए मतदान करना है जो गरीबों के जीवन स्तर को ऊपर बढ़ाते हुए पारदर्शिता के साथ कार्य करे। राजेश पाठक बोले कि ऐसी सरकार के लिए मतदान करना है कि जो मजबूत कानून व्यवस्था के साथ गांव के विकास की भी चिंता करें। इस दौरान सभी ने मतदान का भी संकल्प लिया।

अमृत विचार चुनावी चर्चा

▸▸ **सभी ने लिया मतदान करने का संकल्प**

पूराबाजार के गंगौली चौराहे पर चाय की दुकान पर चर्चा करते लोग। अमृत विचार

परिषदीय विद्यालयों में 40 मिनट की क्लास व 30 का होगा लंच

अयोध्या कार्यालय

▸▸ **सभी 1792 विद्यालयों में लागू हुई नई समय सारिणी**

अमृत विचार : निजी स्कूलों की तरह अब परिषदीय विद्यालयों में भी शिक्षण कार्य कराया जाएगा। परिषदीय विद्यालयों में अब प्रत्येक कक्षा की पढ़ाई 40 मिनट की होगी। साथ ही 30 मिनट का लंच होगा। यह समय सारिणी सभी परिषदीय विद्यालयों में लागू कर दी गई है। विद्यालयों में आठ विषयों की कक्षाएं होंगी। इसके लिए सभी स्कूलों में नियमानुसार पढ़ाई करने के निर्देश दिए हैं।

बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से परिषदीय विद्यालयों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए नए-नए प्रयास किए जा रहे हैं। जिले में 1792 परिषदीय विद्यालय हैं और उनमें दो लाख बच्चे पंजीकृत हैं। अब यहां अध्ययनरत बच्चों के लिए टाइम टेबल बनाया गया है। समय में बांटकर सभी विषयों की रोजाना पढ़ाई होगी। प्रत्येक कक्षा में विषय की पढ़ाई 40 मिनट की होगी।

शुरुआत में जब नौनिहाल विद्यालय पहुंचेंगे तो 15 मिनट में प्रार्थना सभा होगी। प्रधानाध्यापक को पूरे सप्ताह की समय सारिणी बनानी होगी। समय सारिणी विद्यालय के बाहर बोर्ड पर चस्पा की जाएगी। यह समय सारिणी सभी विद्यालयों में तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है।

> शासन स्तर से सभी विद्यालयों के मुख्य अध्यापकों को इस पर अमल करते हुए तत्काल प्रभाव से कार्य शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्देशानुसार सभी खंड शिक्षा अधिकारी इसे लागू करा रहे हैं। **- संतोष कुमार राय, बीएसए।**

सन् राईज ट्रक एवं बस
में कुशल कर्मचारियों की आवश्यकता है
महा प्रबंधक विक्रय – लखनऊ/अयोध्या
प्रबंधक विक्रय – लखनऊ/अयोध्या – वाणिज्यक वाहन विक्रय– भारी वाहन क्षमता
प्रबंधक विक्रय – लखनऊ/अयोध्या – वाणिज्यक वाहन विक्रय– मध्यम वाहन क्षमता
बिक्री कार्यपालक – लखनऊ क्षेत्र – लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, सुल्तानपुर व हरदोई
बिक्री कार्यपालक – अयोध्या क्षेत्र– आजमगढ, गोंडा, बहराईच व अयोध्या
ट्रैक्टर, कंस्ट्रक्शन मशीनरी, कमर्शियल व्हीकल, व्हीकल इन्शुरन्स और कमर्शियल व्हीकल फाइनेंस क्षेत्र के लोगो को वरीयता दी जायेगी!
Corporate office- D 69 Vibhuti Khand, Gomti Nagar Lucknow-226010

SUN RISE TRUCK & BUS
Requires Experience Sales Staff
General Manager Sales – Lucknow / Ayodhya
Sales Manager – Lucknow / Ayodhya Commercial Vehicle HCV
Sales Manager – Lucknow / Ayodhya Commercial Vehicle LCV
DSE – Lucknow Territory-Lucknow, Barabanki, Raibareli, Sultanpur & Hardoi
DSE – Ayodhya Territory – Ayodhya, Azamgarh, Gonda, Bahraich
Preference will be given people from tractor/CV/CE/ commercial vehicle insurance and finance industry.
Share your CV/Resume at accounts.manager@suninfra.org Mob: 9335946003

एक नजर

सर्वाधिक गेहूं खरीद करने वाले प्रभारियों को 2500 का ईनाम

अयोध्या, अमृत विचार : गेहूं की सरकारी खरीद बढ़ाने के लिए सर्वाधिक खरीद करने वाले केंद्र प्रभारियों को अब सरकार स्मृति चिह्न के साथ 2500 रुपये का पुरस्कार भी देगी। जिला खाद्य विपणन अधिकारी अजीत सिंह ने बताया कि सरकार की इस पहल से केंद्र संचालक गेहूं खरीद में रुचि लेंगी। किसानों को प्रोत्साहित कर उनके गेहूं की तौल करायेंगे। जिससे तय लक्ष्य पूरा करने में मिल का पत्थर साबित होगा। गेहूं खरीद के लिए जिले में 62 क्रय केंद्र खोले गए हैं। जिन पर गेहूं की खरीद एक मार्च से चल रही है।

चार व पांच मई को हल्के बादल छाने की संभावना

अयोध्या, अमृत विचार : तपती धूप और भीषण गर्मी से मई के पहले सप्ताह में



राहत मिलने की संभावना है। नरेंद्र देव कृषि विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ. सीताराम मिश्र ने बताया कि एक से तीन मई तक मौसम साफ रहेगा। चार और चार मई को हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार हैं, लेकिन बारिश की संभावना नहीं है।

सपा व बसपा सहित तीन प्रत्याशियों ने किया नामांकन

सादगी से पहुंचे सपा प्रत्याशी ने एक सेट में भरा पर्चा ▶ अब तक कुल 35 लोगों से 44 सेट नामांकन पत्र लिए गए

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में मंगलवार को सपा और बसपा सहित तीन प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र रिटर्निंग अफसर जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी नितीश कुमार के समक्ष दाखिल किए। सपा प्रत्याशी ने सादगी के साथ एक सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया।

सपा के राष्ट्रीय महासचिव व विधायक, इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अवधेश प्रसाद ने सादगी से नामांकन किया। न कोई जूलूस निकाला और न ही रोड शो किया। सहादतगंज स्थित केंद्रीय कार्यालय से नेताओं के साथ वह कचहरी के लिए निकले। उनके साथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व सांसद डॉ.निर्मल खत्री, पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन, सपा जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव, पूर्व विधायक अब्बास अली जैदी रूश्दी मियाँ, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजेंद्र सिंह, हाजी फिरोज खान गब्बर सहित पार्टी के तमाम नेता व कार्यकर्ता थे।

बसपा प्रत्याशी सच्चिदानंद पांडेय मकबरा स्थित पार्टा कार्यालय से प्रत्याशी और समर्थक नाका हनुमानगढ़ी पहुंचे। यहा हनुमंत लला के दर्शन किये। इसके बाद कचहरी पहुंच नामांकन पत्र दाखिल किया। उनके साथ बसपा प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल, पूर्व एमएलसी डॉ. ओपी त्रिपाठी, पूर्व सांसद घनश्याम चंद्र खरवार, अधिवक्ता व पूर्व जिलाध्यक्ष रोशन लाल त्यागी सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल थे। मौलिक अधिकार पार्टी से प्रत्याशी कंचन यादव ने अपने समर्थकों के साथ पहुंचकर रिटर्निंग अपसर के सामने एक सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि मंगलवार को सपा, बसपा और मौलिक अधिकार पार्टी के प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया। सात प्रत्याशियों/ प्रतिनिधियों ने सात सेट नामांकन फार्म लिए। अब तक कुल 35 लोगों से 44 सेट नामांकन पत्र लिए गए हैं। इस दौरान ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट स्वाति शर्मा, एआरओ/उप जिलाधिकारी सदर राजकुमार पांडेय सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

जिला निर्वाचन अधिकारी को नामांकन पत्र देते गठबंधन प्रत्याशी अवधेश प्रसाद, साथ में निर्मल खत्री।

बसपा के प्रत्याशी सच्चिदानंद ने भी दाखिल किया नामांकन, प्रदेश अध्यक्ष मौजूद रहे।

ई-रिक्शा से नामांकन करने पहुंचे अवधेश

सपा विधायक व इंडिया गठबंधन प्रत्याशी अवधेश प्रसाद ई-रिक्शा से नामांकन करने पहुंचे। उनके साथ ई-रिक्शा पर कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. निर्मल खत्री भी थे। प्रत्याशी प्रसाद केंद्रीय कार्यालय से खुली जीप में निकले। जिला पंचायत मोड़ के पास बैरियर पर वाहन रोक दिया गया। वहां दोनों नेता ई-रिक्शा पर सवार हुए। इससे कचहरी के गेट संख्य छह तक पहुंचे। यहां ई-रिक्शा छोड़ दिया। इसके बाद नामांकन कक्ष की ओर चले गए।

भाजपा प्रत्याशी का नामांकन कराने आएंगे सीएम धामी व कटियार

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : नामांकन के बहाने भाजपा बुधवार मेगा शो करने की तैयारी में है। भाजपा प्रत्याशी का नामांकन कराने उतराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और फायर ब्रांड नेता विनय कटियार आएंगे। रोड शो के रूप में सांसद व भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह का नामांकन जुलूस एक मई को सुबह नौ बजे रामकथा पार्क से निकलेगा। जो लता चौक, साकेत महाविद्यालय, रीडगंज, चौक, रिकाबगंज से प्रेस क्लब तिराहे पर पहुंचेगा। इसमें धामी व कटियार मौजूद रहेंगे। जुलूस में दोपहिया वाहनों से हजारों कार्यकर्ताओं को शामिल कराए जाने की तैयारी है। लोकसभा मीडिया प्रभारी दिवाकर सिंह ने बताया कि नामांकन जुलूस को ऐतिहासिक बनाने तैयारी है। लल्लू सिंह बुधवार को दूसरा नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। इससे पहले उन्होंने 26 अप्रैल को अपना पर्चा भरा था।

अवधेश करोड़पति तो सच्चिदानंद भूमिहीन

अयोध्या कार्यालय। लोकसभा चुनाव के मैदान में उतरे सपा व इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अवधेश प्रसाद करोड़पति है। बसपा प्रत्याशी सच्चिदानंद भूमिहीन है। बसपा प्रत्याशी बीएमड्ब्ल्यू की सवारी करते हैं तो सपा प्रत्याशी कार की। यह जानकारी नामांकन के समय प्रत्याशियों से दिए गए शपथपत्र से मिली। सपा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद एक हजार और पत्नी सोना देवी के डेढ़ हजार की नकदी के साथ चुनाव मैदान में आए हैं। साल 2019-20 से साल 2023-24 के बीच अवधेश की आय घट गई। उनकी आयकर विवरणी में यह राशि लगभग 7 .23 लाख रूपये कम हो गई। उनकी पत्नी की आय भी चार सालों में गिर गई। दोनों के अलग-अलग बैंक खाते है। प्रसाद ने 10 लाख रूपये का सिक्योरड लोन ले रखा है। पति-पत्नी सोने-चांदी के जेवर के शौकीन है। कुल लगभग 32 लाख रूपये के जेवर हैं। प्रसाद असलाह के शौकीन है। उनके पास राइफल है। पति-पत्नी लगभग 5 .29 करोड़ की संपति के मालिक है। पति-पत्नी के पास सोहावल के अगेथुआ पूरे लच्छन तिवारी में पैतृक आवास, कृषि योग्य भूमि के साथ विनीत खंड लखनऊ, तोगपुर और पत्नी के पास सांरगापुर व अब्बू सराय में कृषि व अकृषि भूमि और भवन हैं। एमए एलएलबी की योग्यता रखने वाले प्रसाद सिक्योरड लोन के अलावा कर्जदार नहीं है। शेखपुरा कबरुद्दीनपुर जिला आजमगढ़ के रहने वाले बसपा प्रत्याशी सच्चिदानंद ने 13 .40 लाख रूपये की आयकर विवरणी भरी है। स्वयं के 45 हजार और पत्नी 30 हजार रूपये की नकद पूंजी के साथ मैदान में उतरे हैं। माता-पिता के पास भी 35 हजार की नकदी है। बॉब उल्वे महाराष्ट्र और फेडरल बैंक महाराष्ट्र, एसबीआई फैजाबाद में बैंक खाते हैं। आईसीआई लोंबार्ड के म्युचुअल फंड में पैसा लगाया है। वाहन के शौकीन है। बीएमड्ब्ल्यू 320 डी की सवारी करते हैं। डटसन वाहन भी है। पत्नी के नाम पेटीएम बैंक में खाता है। पति व पत्नी के पास सवा नौ लाख रूपये के जेवर हैं लेकिन पति-पत्नी के पास कोई जमीन नहीं है। पिता के पास 1 .57 करोड़ की जमीने हैं। पति-पत्नी के पास कुल 32 .29 लाख की संपत्ति है।

बेटी के साथ आज पहली बार आएंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

राष्ट्रपति के मंदिर जाने वाले 11 नंबर गेट को भव्य तरीके से सजाया गया है।

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : पहली बार अयोध्या आ रही राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का स्वागत और भ्रमण शाही अंदाज में कराए जाने की तैयारी है। वह बुधवार शाम 4:10 बजे बेटी के साथ महर्षि वाल्मीकि इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचेगीं। वहां से वीवीआईपी फ्लीट से अयोध्या धाम के लिए रवाना होंगी। एयरपोर्ट से अयोध्या धाम पहुंचने के मार्ग को जोन व सेक्टरों में बांट मजिस्ट्रेट और पुलिस अफसरों को तैनाती की गई है। एयरपोर्ट पर स्वागत करने वालों की सूची तैयार की गई है। साथ ही वीवीआईपी फ्लीट के साथ ग्रीन रूम और सेफ हाउस तैयार किए जा रहे हैं। खानपान और दूसरी व्यवस्था को अंतिम रूप दिया जा रहा है। दौरे के समय शासन-प्रशासन के अफसर भी ड्रेस कोड में नजर आएंगे।

यह उनकी धार्मिक यात्रा है, लेकिन मिली जानकारी के अनुसार राष्ट्रपति के प्रोटोकॉल के हिसाब से ही उनका स्वागत और भ्रमण कराया जाएगा। स्वागत के लिए राज्यपाल आनंदीबेन पटेल यहां पहुंचेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भी रहने की उम्मीद है। सूत्रों की मानें तो राष्ट्रपति एयरपोर्ट गेट से शांति चौक होते हुए महोबरा अंडर पास से चूड़ामणि चौराहा और इसके बाद यहां से लगड़बीर ओवरब्रिज से क्रासिंग नंबर 11, श्रृंगार हाट तिराहा से हनुमानगढ़ी मंदिर, पंहुचेंगी। हनुमानगढ़ी से फिर वह लता मंगेशकर चौक से होते हुए सरयू आरती स्थल पहुंचेगी। वहां से सरयू अतिथि गृह जा सकती हैं। जिला प्रशासन ने पूरे मार्ग को दो जोन और सात सेक्टरों में बांट जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट और पुलिस के अफसर तैनात कर दिया है। डीएम नितीश कुमार ने एयरपोर्ट से फ्लीट तक और कार्यक्रम स्थलों पर तीन स्टेटिक मजिस्ट्रेटों के साथ कुल 73 मजिस्ट्रेट तैनात किए हैं।

सबसे पहले हनुमानगढ़ी जाएंगी राष्ट्रपति

राष्ट्रपति अयोध्या धाम में लगभग चार घंटे बिताएंगी। वह एयरपोर्ट से सड़क मार्ग से सीधे पौने पांच बजे हनुमानगढ़ी पहुंचेगी। यहां दर्शन और आरती के बाद लगभग सवा पांच बजे नया घाट सरयू आरती स्थल पहुंचेगी। 40 मिनट सरयू पूजन व आरती के बाद लगभग साढ़े छह बजे वह भगवान राम लला के मंदिर पहुंचेंगी। यहां आधे घंटे दर्शन पूजन और आरती में बिताएंगी। इसके 7 :15 कुबेर टीला पहुंचेगी। वहां दर्शन-पूजन के बाद राममंदिर से होते हुए एयरपोर्ट के लिए निकलेंगी। आठ बजकर पांच मिनट पर वह दिल्ली के लिए निकलेंगी।

अयोध्या से पुणे के लिए चलेगी विशेष ट्रेन

अयोध्या, अमृत विचार। यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे ने अयोध्या से पुणे के लिए विशेष ग्रीष्मकालीन ट्रेन के संचालन का निर्णय लिया है। यह ट्रेन तीन से नौ मई के बीच संचालित होगी। अप-डाउन कुल चार फेरे लगाएगी। उत्तर रेलवे की वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रेखा शर्मा ने मंगलवार को बताया कि पुणे जंक्शन से अयोध्या कैंट को आने वाली रेलगाड़ी संख्या 01455 अप तीन और सात मई को शाम 7.30 बजे रवाना होगी। कल्याण जंक्शन, भुसवल, खंडवा, इटारसी, भोपाल, झांसी, उरई, कानपुर और लखनऊ के रास्ते सुबह 8.50 बजे अयोध्या कैंट पहुंचेगी। वहीं अयोध्या कैंट से पुणे को जाने वाली रेलगाड़ी संख्या 01456 डाउन पांच और 9 मई को सुबह 3.55 बजे रवाना होगी और शाम को चार बजे पुणे जंक्शन पहुंचेगी। यात्री कंट्रोल रूम अथवा वेबसाइट से ट्रेन के ठहराव, मार्ग तथा समय सारिणी की जानकारी कर लें।

गुप्तारघाट पर स्नान करते समय महिला की मौत, हार्ट अटैक की आशंका

अयोध्या कार्यालय

▸▸ तीसरे दिन अयोध्या में एक और श्रद्धालु की जान गई

अमृत विचार : कैंट थाना क्षेत्र में गुप्तारघाट पर स्नान के दौरान मंगलवार को एक महिला श्रद्धालु की मौत हो गई। इसके पूर्व दर्शन के दौरान रामनगरी में श्रद्धालुओं की मौत का मामला प्रकाश में आ चुका है।

राजस्थान से एक परिवार दर्शन-पूजन और सरयू स्नान के लिए रामनगरी आया है। परिवार के लोग मंगलवार सुबह सरयू स्नान के लिए कैंट थाना क्षेत्र के गुप्तारघाट पहुंचे। घाट पर तैनात जल पुलिस के जवानों और स्थानीय लोगों ने बताया कि सुबह लगभग आठ बजे करीब परिवार के लोग सरयू में स्नान कर रहे थे। परिवार की एक 55-60 वर्षीय महिला घाट के किनारे लोटे से अपने शरीर पर जल डाल रही थी। इसी दौरान महिला चक्कर खाकर गिरी और बेहोश हो गई। लोगों का कहना है कि परिवार के लोगों ने एंबुलेंस को फोन किया, लेकिन एंबुलेंस काफी विलंब से पहुंची। जिसके बाद महिला को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने उसको मृत घोषित कर दिया। मृतका का नाम-पता चंदादेवी पत्नी ओम प्रकाश निवासी ईदगाह की गली थाना सरदारपुर जिला जोधपुर, राजस्थान बताया गया है। कैंट थाने के प्रभारी निरीक्षक संजय मौर्य ने बताया कि परिवारीजनों के मुताबिक वह पहले से बीमार चल रही थी। पोस्टमार्टम कराए बिना परिवार मृतका का शव लेकर चला गया।

एयरपोर्ट से बाहर निकलते मिजोरम के राज्यपाल।

मिजोरम के राज्यपाल ने किये रामलला के दर्शन

अयोध्या, अमृत विचार : मिजोरम के राज्यपाल डॉ. कंभमपति हरीबाबू ने मंगलवार को रामलला के दर्शन किये। महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर प्रशासनिक अधिकारियों ने प्रोटोकॉल के तहत उनका स्वागत किया। इसके बाद सबसे पहले सरयू घाट पहुंचे। राम की पैड़ी की खूबसूरती को देखा। उसके बाद हनुमान गढ़ी पर दर्शन पूजन करने के बाद रामलला के दरबार पहुंचे। राम मंदिर के पास खड़े होकर फ़ोटो भी खिंचाई। उन्होंने कहा कि यह मेरा पहला दौरा था। यहां का दृश्य बहुत सुंदर है।

रामलला का दर्शन पूजन करते निरहुआ व उनकी पत्नी।

नामांकन करने से पहले निरहुआ ने लिया रामलला का आशीर्वाद

अयोध्या, अमृत विचार : भोजपुरी अभिनेता व आजमगढ़ के सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ और अभिनेत्री आम्रपाली दुबे मंगलवार को अयोध्या पहुंचे। दोनों ने रामलला का दर्शन कर आशीर्वाद लिया। नामांकन करने से पहले रामलला की शरण में पहुंचे आजमगढ़ के सांसद निरहुआ ने कहा कि हम लोगों का है सौभाग्य की हमारे रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हो गई है। बुधवार को नामांकन है। प्रभु के चरणों में शीश झुकाने आया हूं। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने विपक्ष पर भी हमला बोला। कहा, विपक्ष पूर्ण रूप से खत्म है। राम के दुश्मन सब जेल जाएंगे। 400 सीट जीतकर फिर मोदी ही आएंगे।

रामलला का दर्शन करने पहुंचे आकाश अंबानी।

आकाश अंबानी ने किया रामलला का दर्शन -पूजन

अयोध्या, अमृत विचार : प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामलला का दर्शन करने के लिए रिलायंस इंडस्ट्री के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर आकाश अंबानी अयोध्या पहुंचे। लखनऊ वानखेड़े स्टेडियम में आईपीएल मैच देखने के लिए आए आकाश अंबानी ने सबसे पहले रामलला के दर्शन किए। वह अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर चार्टर प्लेन से पहुंचे। प्रोटोकॉल के तहत आकाश अंबानी ने रामलला का दर्शन किया। इसके बाद लखनऊ के लिए रवाना हो गए।

सार-संक्षेप

विश्वविद्यालय स्थित परीक्षा केंद्र में परीक्षा का जायजा लेते कुल सचिव।

955 परीक्षार्थियों ने दी पीएचडी की प्रवेश परीक्षा

अयोध्या, अमृत विचार : अवध विश्वविद्यालय की पीएचडी प्रवेश परीक्षा मंगलवार को पर्यवेक्षकों एवं केन्द्राध्यक्षों की कड़ी निगरानी में सकुशल हुई। मीडिया प्रभारी डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि 28 विषयों की इस परीक्षा में पंजीकृत 1498 परीक्षार्थियों में से 955 की उपस्थिति रही। जबकि 543 परीक्षा में शामिल नहीं हुए। परीक्षा के लिए आवासीय परिसर के अर्थशास्त्र एवं ग्रामीण विकास विभाग, भौतिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग, गणित एवं सांख्यिकी विभाग, प्रचेता भवन व दीक्षा भवन को केन्द्र बनाया गया था।

डॉ. उत्तम अब जिला अस्पताल के सीएमएस

अयोध्या, अमृत विचार : जिला अस्पताल के प्रभारी सीएमएस डॉ. अरुण कुमार मंगलवार को सेवानिवृत्त हो गए। उन्होंने अस्पताल के ही एनेस्थेटिस्ट डॉ. उत्तम कुमार को प्रभारी सीएमएस का चार्ज सौंपा है। विदाई समारोह में डॉ. उत्तम कुमार ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप और मरीजों की भलाई कर ही काम किया जाएगा। मेरा पूरा जोर अस्पताल को सुचारु रूप से चलाने पर होगा। इस दौरान डॉ. आशीष श्रीवास्तव, अधीक्षक डॉ. विपिन कुमार वर्मा, डॉ. एके सिन्हा व डॉ. विजय हरि आर्य आदि मौजूद रहे।

डॉ. उत्तम कुमार को प्रभारी सीएमएस का चार्ज देते डॉ. अरुण कुमार।

कूड़े की चिंगारी से लगी आग, छह बीघा गेहूं जला

सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार : कैंट थाना के औद्योगिक नगर चौकी क्षेत्र अंतर्गत रायपुर गांव निवासी सोहावल के दस्तावेज लेखक कन्हैया बक्स सिंह का खेतों में बांध कर रखाछह बीघे खेत का गेंहू अचानक लगी आग की चपेट में आकर जलकर राख हो गया। ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड की गाड़ी के प्रयास से भी लगी आग नहीं रोकी जा सकी। पीड़ित किसान ने आरोप लगाया कि खेतों के कुछ दूर पर घूर गड्ढे की जमीन है गांव वाले वहां पर कूड़ा नहीं फेंकते और मेरे खेतों में कूड़ा फेंक देते हैं। शायद इसी कूड़े के चिंगारी से निकली आग ने जलाकर फसल राख कर दी। तहसीलदार विनोद चौधरी ने बताया कि क्षति के आकलन के लिए राजस्व कर्मी मौके पर भेजे गए है।

आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपी को जमानत नहीं

अयोध्या, अमृत विचार : बेटी को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के मामले में कोर्ट ने आरोपी मां को जमानत पर रिहा करने से मना कर दिया। यह आदेश फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रदीप कुमार सिंह की अदालत से मंगलवार को हुआ। एडीजीसी ज्ञानेश चंद्र पांडेय ने बताया कि घटना 30 अप्रैल 2017 की है। इनायत नगर थाना क्षेत्र के सरियावा गांव की रहने वाली फहीमा ने रिपोर्ट लिखाई थी की खुशबू उर्फ रूबी व सोनू मोबाइल से आपस में बात कर रहे थे। तभी खुशबू का भाई अमित कुमार, चचेरा भाई कमल सरोज व रूबी की मां संगीता आ गए। मोबाइल के बारे में पूछा। यह बताने पर कि रुखसाना ने दिया है। उन लोगों ने रुखसाना को बुलाया और छेड़खानी करने लगे। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। जिससे वह सदमे में थी और उसने मिट्टी का तेल छिड़क लिया और आग लगा ली। जिला चिकित्सालय में उसकी मौत हो गई। मामले में जमानत पर सुनवाई के बाद कोर्ट ने मृतक्का की मां की जमानत अर्जी खारिज कर दी।

समदा में तैनात किये गये सुरक्षा गार्ड

समदा झील पर सुरक्षा के लिए तैनात सुरक्षा गार्ड।

सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार : पक्षी विहार सौंदर्यीकरण समदा झील परियोजना के पक्षियों व मछलियों के शिकार पर रोक लगाने के लिए चार सुरक्षा कर्मी रात-दिन पहरा देने के लिए तैनात कर दिए गए है। रोपे गए पेड़ पौधों की सिंचाई का काम जिम्मेदारों ने संभाल लिया है। समदा की सुरक्षा को लेकर कुछ दिन पहले ही 'अमृत विचार' ने प्रमुखता से खबर छापते हुए समस्या को उठाया था। उपजिला अधिकारी अशोक कुमार सैनी ने बताया सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना को जल्द ही और विकसित किया जाएगा। प्राधिकरण द्वारा एक निजी कंपनी के चार सुरक्षा कर्मी तैनात किए गए हैं।

शिक्षा सात एकम सात, ईमान का दो साथ, छह एकम छह धैर्य से काम ले

गिनती के साथ जिंदगी के भी पहाड़े पढ़ेंगे छात्र

कमर अब्बास, अयोध्या

अमृत विचार : सात एकम सात ईमान का दो साथ, सात दूनी चौदह, करो सच्चा सौदा, सात तिया इक्कीस, बेइमानी गंदी चीज, सात चौक अट्ठाइस, कम करो ख्वाहिश, सात पंजे पैंतीस मेहनत करो तुम नित, सात छंग बयालिस सोना बनो खालिस।

आप किसी परिषदीय विद्यालय से गुजर रहे हो और बच्चों की यह आवाज सुनाई पड़े तो चौंकिएगा नहीं। बेसिक शिक्षा में बदलाव की बयार के बीच अब पहाड़ों को रटने के दिन छूटने वाले हैं। परिषदीय विद्यालयों के बच्चों को पहाड़े गीतों की तरह लगे इसलिए नई विधा विकसित की गई है। नई पद्धति के तहत जहां विभिन्न विषयों का सरलीकरण किया गया है। वहीं पहाड़ों की धुन और तरीका दोनों बदल गया है। पहाड़ों को याद करने के साथ बच्चे नैतिक शिक्षा और सामाजिक मूल्यों को भी आत्मसात कर सकें, इसके लिए रोचक पहाड़े नामक विधा लागू की गई है। बच्चों को 10 तक के ही नहीं, आगे के पहाड़े बच्चों को ठीक से याद हों इसके लिए संगीत युक्त विधा भी लागू की जा रही है। इन्हें विभिन्न नाम भी दिए गए हैं। जिसके माध्यम से बच्चे सरल ढंग से सामाजिक मूल्यों के प्रति भी आकर्षित हो सके। उन्हें अपने जीवन में उतार सके।

जिले के करीब 1792 परिषदीय विद्यालयों के साथ-साथ 12 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में भी इस व्यवस्था को लागू किया गया है। कक्षा एक से लेकर आठ तक अध्ययनरत बच्चे अब इस नई विधा के जरिए जीवन की आधार शिला और मजबूत करेंगे।

नई विधा के रूप में इस तरह से होगी पढ़ाई। अमृत विचार

ईमानदारी, अनुशासन और स्वच्छता के भी पहाड़े

बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा टीएलएम के तहत लागू की गई इस नई विधा के तहत विभिन्न विषयों पर यह रोचक पहाड़े जारी किए गए हैं। जिनमें नेकी, ईमानदारी, अनुशासन, धैर्य, आत्मविश्वास, स्वच्छता, संचारी रोग, ट्रैफिक नियम, संतोष, सत्यनिष्ठा आदि विषय शामिल हैं। वरिष्ठ शिक्षक आनंद शर्मा ने बताया कि इस नई विधा से बच्चों का समूल विकास होगा। वह न केवल पहाड़े याद कर लेंगे, बल्कि सामाजिक मूल्यों के प्रति भी गंभीर होंगे।

> सभी परिषदीय विद्यालयों में इसे लागू किया जा रहा है। प्रधानाध्यापकों को निर्देशित किया गया है बेहतर माहौल में बच्चों को इसे पढ़ाए। **-संतोष कुमार राय, बीएसए**

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दंपति की मौत

मवई, अयोध्या। अमृत विचार: अयोध्या लखनऊ नेशनल हाईवे पर मंगलवार की देर शाम थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर स्थित रानीमऊ चौराहे पर अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल सवार पति-पत्नी को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोंनो गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सीएचसी मवई भेजवाया, जंहा चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पटरंगा थानाध्यक्ष ओम प्रकाश ने बताया कि मृतकों की पहचान बजरंगबली पुत्र मातादीन उर्फ मन्ना (36) निवासी पुरे धारू सिल्हौर थाना असंद्रा जनपद बाराबंकी व सुनीता देवी (33) के रूप में हुई। बाइक सवार गढ़ी बठोली थाना मवई से बाराबंकी जा रहे थे कि रानीमऊ में हाईवे पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

सार-संक्षेप

डॉ. रामानन्द शुक्ल रचित 'स्तुति कीजै रामलला की' लोकार्पित

साहित्यकार डॉ. रामानंद शुक्ल की कृति का लोकार्पण करते अतिथि।

अयोध्या, अमृत विचार : कालिकुलालय टेढीबाजार के सेवाव्रती वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. रामानन्द शुक्ल की काव्यकृति 'स्तुति कीजै रामलला की' का मंगलवार को लोकार्पण हुआ। दोहरीघाट, मऊनाथ भंजन से पधारे वयोवृद्ध साहित्यकार व्रजभूषण राय और मुम्बई महाराष्ट्र के संस्कृत- विद्वान डॉ. रामानन्द तिवारी, श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र, श्रीरामवल्लभाकुंज के अधिकारी राजकुमार दास व पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने लोकार्पण किया। वक्ताओं ने कहा रामलला के इस वांग्मय विग्रह में छन्दों की विविधता और गेयता है। यह बहुत ही परिवर्धित व परिष्कृत संस्करण है। इस मौके पर संत राजकुमार दास ने सभी अतिथियों को अंगवस्त्र- प्रदान कर सम्मानित किया। अवनीश शुक्ल, संजीव राय, अंशिका राय, सर्वेश कुमार तिवारी आदि मौजूद थे।

शिक्षक अभिभावक संघ की बैठक में मेधावी सम्मानित

एमएलएमएल इंटर कॉलेज में सम्मानित किए गए मेधावी। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : एमएलएमएल इंटर कॉलेज में मंगलवार को अभिभावक शिक्षक संघ की बैठक हुई। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करते हुए इंटरमीडिएट और हाईस्कूल के मेधावियों को सम्मानित भी किया गया। एसोसिएशन के अध्यक्ष धनपत भारती की अध्यक्षता एवं मंत्री प्रभाकर सिंह के संचालन में बैठक हुई। एसोसिएशन के उपाध्यक्ष व प्रधानाचार्य जीतेन्द्र कुमार राव ने छात्रों के शैक्षिक उन्नयन, विद्यालय की साफ-सफाई, स्वच्छता एवं छात्र एवं विद्यालय का गुणात्मक विकास पर प्रकाश डालते हुए अभिभावकों से सहयोग की अपील की। अभिभावकों ने विद्यालय के शैक्षिक परिवेश, पठन-पाठन एवं छात्रों के बहुमुखी विकास पर संतोष व्यक्त करते हुए विद्यालय के उत्तरोत्तर प्रगति के लिए अपना सहयोग दिए जाने की प्रतिबद्धता जाहिर की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने कक्षा 10 व 12 के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया।

मेधावी दीपशिखा व श्रद्धा सम्मानित

सम्मानित की गई इंटरमीडिएट की मेधावी छात्रा। अमृत विचार

मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार : हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के ग्राम घुरेहटा निवासी राकेश कुमार यादव की पुत्री व देवा इंटर कॉलेज उसरू अमौना में इंटर की छात्रा दीपशिखा ने बोर्ड परीक्षा में जिले में दसवां स्थान प्राप्त कर जिले व विद्यालय का नाम रोशन किया। इसी विद्यालय में पढ़ने वाली राकेश कुमार की दूसरी बेटी श्रद्धा ने हाईस्कूल परीक्षा में 94 प्रतिशत अंक हासिल कर परिवार का नाम ऊंचा किया है। देवा इंटर कॉलेज के प्रबंधक सहदेव उपाध्याय, घुरेहटा संकुल के नोडल अधिकारी तुलसीराम, प्राथमिक शिक्षक संघ हैरिंग्टनगंज के ब्लॉक संयोजक वीरेंद्र दूबे, ब्लॉक अध्यक्ष रंजित यादव, उत्तर प्रदेशीय शिक्षक संघ के ब्लॉक महामंत्री रवीन्द्र वर्मा आदि ने मंगलवार को दोनों बेटियों को सम्मानित किया।

अगले पड़ाव के लिए रवाना हुई 84 कोसी परिक्रमा

मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार : विहिप के हनुमान मंडल द्वारा संचालित प्रसिद्ध 84 कोसी परिक्रमा मंगलवार को आस्तीक आश्रम से अगले पड़ाव कहुआ के लिए रवाना हुई। आस्तीक आश्रम पर भाजपा नेता पवन तिवारी के साथ डीह पूरे बीरबल ग्राम प्रधान राजेंद्र प्रसाद, देवनपारा के ग्राम प्रधान राजेंद्र तिवारी आदि ने परिक्रमार्थियों का सेवा सत्कार किया। विहिप के संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह ने कहा कि पीने के पानी के लिए टैंकर न होने से श्रद्धालुओं को दिक्कत हो रही है। कहुआ मंगलवार दोपहर बाद पहुंची परिक्रमा का पूर्व प्रधान जितेंद्र नाथ द्विवेदी, कौशल कुमार मिश्रा, खुशीराम दुबे, एलान पाण्डेय आदि ने स्वागत किया।

सीओ समेत तीन पुलिसकर्मी सेवानिवृत्त, दी विदाई

सेवानिवृत्त हुए सीओ को विदाई समारोह में प्रशंसा पत्र प्रदान करते एसपी देहात।

अयोध्या, अमृत विचार। पुलिस विभाग में तैनात एक डिप्टी एसपी समेत तीन पुलिस कर्मी मंगलवार को अपनी अधिवर्षिता आयु पूरी कर सेवानिवृत हो गए। सभी को पुलिस लाइंस स्थित सभागार में समारोह पूर्वक विदाई दी गई। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अतुल कुमार सोनकर व प्रशिक्षु आईपीएस सीओ सदर अरुण प्रताप सिंह आदि ने सेवानिवृत राम जन्मभूमि परिसर की सुरक्षा में तैनात डिप्टी एसपी सुरेन्द्र प्रताप तिवारी, पुलिस लाइंस में तैनात महिला उपनिरीक्षक सुमन शर्मा और रामजन्मभूमि परिसर शाखा अग्निशमन केंद्र के लीडिंग फायरमैन सुदामा प्रसाद को स्मृति चिन्ह, शॉल आदि भेंटकर सभी के सुखद एवं स्वस्थ्य जीवन की कामना की। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी कार्यालय आशुतोष, प्रतिसार निरीक्षक बृजेंद्र कुमार, मुख्य आरक्षी उमाशंकर आदि मौजूद रहे।

36 लीटर शराब के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : जहरीली शराब की बिक्री व उसके निर्माण को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत जिले के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों से पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। दरियाबाद पुलिस ने रामबरन, व रामफेर के पास से 36 लीटर जबकि सुबेहा पुलिस ने रामगोपाल के पास से 20 लीटर कच्ची शराब बरामद की। तीनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

भू-भौतिकी के क्षेत्र में कॅरिअर की असीम संभावनाएं

अवध विश्वविद्यालय में स्टूडेंट चैप्टर की शुरुआत पद्मश्री एवं प्रख्यात वैज्ञानिक डॉ. बीपी डिमरी ने की

अयोध्या कार्यालय

अवध विश्वविद्यालय में उद्घाटन पर मौजूद अतिथि व छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

अमृत विचार : अवध विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान विभाग में इंडियन जिओ-फिजिक्स यूनियन के स्टूडेंट चैप्टर की शुरूआत मंगलवार को भू-भौतिकी में पद्मश्री एवं प्रख्यात भू-भौतिकी वैज्ञानिक डॉ. बीपी डिमरी ने किया।

इस अवसर पर आईजीयू के सेक्रेटरी डॉ. अभय राम बंसल, ईसी मेम्बर प्रो. राजीव बाटला व डॉ. एएसएसएम प्रसाद ने आईजीयू का प्रतिनिधित्व किया। स्टूडेंट चैप्टर में आईजीयू अन्नी तलवानी मेमोरियल पुरस्कार प्राप्त प्रो. उमा शंकर का व्याख्यान भी हुआ। डॉ. बी पी ने उपस्थित भू-भौतिकी, भूगर्भ एवं पर्यावरण विज्ञान में अध्यनरत छात्रों एवं शोध छात्रों को इस क्षेत्र के नये अवसरों से जागरूक किया। कहा कि इस क्षेत्र में कॅरिअर की असीम संभावनाएं है। इसमें लोगों की रुचि काफी बढ़ी है। इसके लिए अपने ज्ञान के साथ कौशल को विस्तार देना होगा। सचिव डॉ. अभय बंसल ने बताया कि विवि में स्टूडेंट चैप्टर खुल जाने से छात्रों को भू-भौतिकी के क्षेत्र में हो रहे कार्यों आदि में मदद मिलेगी। पर्यावरण विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार ने उपस्थित सदस्यों को पर्यावरण विज्ञान विभाग के द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों से रू-ब-रू कराया। भू-भौतिकी के शिक्षक डॉ. शशिकांत शाह ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। मौके पर विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. राजीव गौड़, प्रो. जसवंत सिंह, प्रो. सिद्धार्थ शुक्ला समेत अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

सड़क हादसों में चार लोग घायल

त्रिवेदीगंज, बाराबंकी : लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे पर मंगलवार को लोनीकटरा थाना क्षेत्र मे हुई अलग अलग सड़क हादसों मे तीन महिलाओं समेत चार लोग घायल हो गए। पहली घटना सुबह करीब दस बजे त्रिवेदीगंज चौराहे पर दो बाइक आपस मे टकरा गई जिसमे बाइक सवार बुढनापुर निवासी रामावती(58) पत्नी रामप्रताप व पुत्री प्रतिमा(20) भतीजे संजय (20) के साथ बाइक से हैदरगढ के गनेशपुर जा रहे थे। जहां त्रिवेदीगंज चौराहे पर अज्ञात बाइक की टक्कर से घायल हो गए। वहीं दूसरी घायल हाइवे पर ही मंगलपुर चौराहे पर कार की टक्कर से पैदल सड़क क्रास कर रही ककरी निवासी मिथलेश कुमारी (60) पत्नी नेकपाल के पैर पर कार चढने से घायल हो गई। पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी त्रिवेदीगंज पहुंचाया।

राम मंदिर ट्रस्ट ने राहुल गांधी पर लगाया भेदभाव का आरोप

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर एक समाचार पत्र में छपे राहुल गांधी के बयान पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ ट्रस्ट ने आपत्ति जताई है। ट्रस्ट ने आरोप लगाया कि राहुल का भाषण भ्रामक, असत्य, निराधार व समाज में भेदभाव पैदा करने वाला है।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को आदिवासी होने के कारण ना बुलाए जाने के आरोप पर आपत्ति जताई है। कहा कि राहुल गांधी को स्मरण कराना चाहता हूं कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू व पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद दोनों को श्री रामजन्म भूमि मन्दिर में रामलला के नूतन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर आमंत्रित किया गया था। प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग समाज से जुड़े हुए संत महापुरुष , गृहस्थजन और भिन्न भिन्न क्षेत्रों में यश प्राप्त करने वाले, भारत का गौरव बढ़ाने वाले सज्जनों को आमंत्रित किया गया था। ऐसा होने के बाद भी राहुल गांधी का उक्त बयान गैर जिम्मेदाराना व निंदनीय है।

गोंडा पहुंची सरयू धारा, पूजन-अर्चन पर प्रभाव

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : रामनगरी की उत्तर दिशा में बहने वाली सरयू की धारा अब अयोध्या छोड़कर गोंडा पहुंच गई है। इस कारण मठ-मंदिरों में होने वाले पूजन पर भी प्रभाव पड़ा है। अयोध्या मुख्य रूप से तीन किलोमीटर की सरयू धारा से जुड़ी है, लेकिन ऋतु परिवर्तन होने के साथ लक्ष्मण घाट से लेकर पश्चिम दिशा की ओर पड़ने वाले प्राचीन पाप मोचन घाट व ऋण मोचन घाट के लगभग दो किलोमीटर के क्षेत्र में सरयू की धारा काफी दूर चली गई है। जिससे क्षेत्र में स्थित मंदिरों में सरयू के जल से भगवान का अभिषेक व भोग राग के लिए संतों को कई किलोमीटर चलना पड़ रहा है। सरयू का जल आचमन और स्नान करके

पावन सरयू नदी अयोध्या के तट से दूर हुई। अमृत विचार

दो किमी दूर जाने से साधु-संतों व लोगों को जाना पड़ रहा पैदल

श्रद्धालु मंदिरों में दर्शन पूजन करने जाते हैं। सभी प्रमुख मंदिरों में मां सरयू के जल से भगवान को स्नान कराया जाता है। पाप मोचन घाट स्थित प्राचीन सद्गुरु सेवा सदन मंदिर के व्यवस्थापक संत अनूप लाल बाबा ने बताया कि इस घाट पर स्नान का बड़ा महत्व है, लेकिन आज इस घाट से सरयू की धारा दूर चली गई है, जिस कारण कई मंदिर में होने वाला पूजन-अर्चन प्रभावित हुआ है। जिलाधिकारी से व्यवस्था कराए जाने की मांग की गई है।

प्रशासन कराए व्यवस्था: सीताराम दास

साकेत भवन के महंत सीताराम दास ने कहा कि सहस्त्र धारा लक्ष्मण घाट सबसे प्राचीन घाट माना गया है। इस बारे में रामचरितमानस में भी बताया गया है कि लक्ष्मण सरयू नदी में इसी स्थान से परलोक गए थे, लेकिन आज यहां पर कई महीनों से पानी की धारा दूर चली गई है। शासन और प्रशासन को चाहिए कि व्यवस्था को जल्द से जल्द बहाल कराएं।

राजस्थान में रामनगरी का गौरव बढ़ाने वाली विश्वविद्यालय की खिलाड़ी। अमृत विचार

गोल्ड और सिल्वर मेडलों से भरी विश्वविद्यालय की झोली

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : राजस्थान के जेजेटी युनिवर्सिटी झुंझुनू में आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी क्वान की डो महिला प्रतियोगिता में अवध विश्वविद्यालय की महिला खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। क्रीड़ा सचिव प्रो. आशीष प्रताप सिंह ने बताया कि खिलाड़ियों ने एक गोल्ड, एक सिल्वर और चार ब्रॉन्ज मेडल पदक प्राप्त कर प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के व्यक्तिगत इवेंट अंडर 59 किलोग्राम भारवर्ग में पूजा यादव ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। अंडर 71 किलोग्राम भारवर्ग में लक्ष्मी पाठक ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। अंडर 45 किलोग्राम भारवर्ग में अनुराधा पाल ने ब्रॉन्ज, अंडर 48 किलोग्राम भारवर्ग में अंजली तिवारी ने ब्रॉन्ज, अंडर 63 किलोग्राम भारवर्ग में सोनाली निषाद ने ब्रॉन्ज, अंडर 75 किलोग्राम भारवर्ग में स्वीटी कुमारी ने ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया। कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने खिलाड़ियों बधाई देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय की महिला खिलाडियों ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल प्रदर्शन से राष्ट्रीय स्तर पर अवध विश्वविद्यालय के सम्मान और गौरव को बढ़ाया है जो सभी के लिए महिला सशक्तिकरण का प्रेरणादायी उदाहरण है।

सरकारी संपत्ति को नष्ट करने पर आठ के खिलाफ केस

सूरतगंज, बाराबंकी

अमृत विचार: सरकारी सम्पत्ति को नष्ट करने के मामले में पुलिस ने प्रधान की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है। और जांच शुरु की है। मोहम्मदपुर खाला पंचायत में एक अन्नपूर्णा स्टोर का निर्माण हो रहा है। सरकारी बेशकीमती भूमि को कुछ लोगों ने अपना बताते हुए फतेहपुर एसडीएम आरजगतसाईं के सामने कुछ दिनों पूर्व कसौंजा निवासी देव नारायण एवं राममंडई निवासी पुत्तू सिंह सहित अन्य लोगों ने अपनी बात रखी थी लेकिन किसी ने कोई साक्ष्य नहीं दिए थे।

इसके बाद उपजिलाधिकारी ने क्षेत्रीय लेखपाल को मौके पर भेज करके जमीन की नाप-जोख करवाते हुए निर्माण किए जाने के आदेश दिया था। और काम भी शुरू हो गया था।

बीते 27 अप्रैल की रात में कुछ लोगों ने खड़े पिलर, दीवार को गिरा दिया था। इस पर बीडीओ देवेंद्र प्रताप सिंह के आदेश पर प्रधान रजनी सिंह ने पुत्तू सिंह और देव नारायण को नामजद करते हुए, दस अन्य लोगों पर सार्वजनिक संपत्ति निवारण अधिनियम की तहत मुकदमा पंजीकृत कराया है। प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

युवक की मौत

अयोध्या। रुदौली कोतवाली क्षेत्र के शुजागंज निवासी संदीप सिंह (28) पुत्र शिव कुमार सिंह को गंभीर हालत में सोमवार देर रात उसका भाई संतोष सिंह लेकर जिला अस्पताल आया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। संतोष का कहना है कि देर शाम घर पर ही बड़े भाई को उल्टी हुई और उनकी हालत बिगड़ गई। इसके बाद उनको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खैरनपुर ले गए तो हालत गंभीर देख चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

नामांकन कराने वाले बच्चों का रोली चंदन के साथ स्वागत

सतरिख, बाराबंकी : अमृत विचार : विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय शरीफाबाद में नामांकन कराने वाले बच्चों का रोली चंदन लगाकर स्वागत किया गया। यह बच्चे 6 वर्ष की उम्र पार करके आंगनबाड़ी केंद्र से प्राथमिक विद्यालय में पहुंचे। कक्षा एक में नामांकन कराया। शरीफाबाद में आंगनबाड़ी केंद्र और प्राथमिक विद्यालय एक ही परिसर में संचालित है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मधुलिमा मिश्रा ने बताया कि मंगलवार को केंद्र पर दीक्षांत समारोह एवं नव प्रवेश कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नए बच्चों का स्वागत किया गया। इसके अलावा केंद्र पर अध्यनरत रहे 14 बच्चे 6 वर्ष की उम्र पार करके आंगनबाड़ी केंद्र से प्राथमिक विद्यालय पहुंचे।

36 आरोपियों के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई

बाराबंकी अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों व अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से पुलिस ने 36 लोगों के विरुद्ध शांति भंग की आशंका को देखते हुए कार्रवाई की। दो वारंटी व 13 वांछितों को गिरफ्तार किया।

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

खुली ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर/डीजल उत्तर रेलवे डीजल शेड आलमबाग, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **इस निविदा के मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किए जायेंग।**

निविदा सं.	DSL/AMV/MCO/WC/228 2nd Round
कार्य का नाम	आरडीएसओ एफआरएस संख्या एम पी-0.08.00.111 (REV.01) मई 2023 के अनुसार आवश्यक इंजीनियरिंग समर्थन के साथ EMD 710G3B इंजन पर US EPA Tier 0+ उत्सर्जन के रेट्रो-फिटमेंट द्वारा मौजूदा एलएचपी डीजल इंजनों के उन्नयन का कार्य।
कार्य की अनुमानित लागत(₹)	₹18,88,00,000/- (रुपये अठारह करोड़ अट्ठासी लाख मात्र)
धरोहर राशि(₹)	₹10,94,000/- (रुपये दस लाख चौरानवे हजार मात्र)
कार्य पूरा करने की अवधि	एक्सेप्टेन्स लेटर जारी होने की तिथि से) अगर कार्य अवधि बढ़ाई या कार्य का समापन न किया गया हो।
बिडिंग शुरू होने की तारीख	30.04.2024
बिडिंग समाप्त होने की तारीख तथा समय	04.06.2024 को 15:00 बजे

विस्तृत विवरण के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें।
निविदा सूचना सं.: DSL/AMV/MCO/WC/228 2nd Round दिनांक: 30.04.2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1290/2024

टीचर मनोदक्षता से करें छात्र व्यवहार प्रबंधन : डॉ. मनदर्शन

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : इमोशनली इंटेलीजेंट टीचर छात्र व्यवहार विकार से हताश न होते हुए अपनी क्षमता का श्रेष्ठ उपयोग व्यवहार परिमार्जन में कर सकता है। यह बातें पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में मंगलवार को आयोजित शिक्षक मनो प्रशिक्षण कार्यशाला में जिला चिकित्सालय के मनो परामर्शदाता डॉ. आलोक मनदर्शन ने कहीं।

कार्यशाला में किशोर मनो विकारों पर भी परिचर्चा हुई। स्टूडेंट्स में बढ़ती इमोशनल हेल्थ संशयों व मुद्दों भी सुझाव दिए गए। मनो परामर्शदाता ने कहा कि टीचर, स्टूडेंट व

केन्द्रीय विद्यालय में हुई शिक्षक मनो प्रशिक्षण कार्यशाला

परिजन एक ही चेन भावनात्मक कड़ी होती है। स्टूडेन्ट के इस चेन की सबसे संवेदनशील कड़ी होने के कारण अन्य दो कड़ियों की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। क्योंकि बचपन व किशोरावस्था में इमोशनल ब्रेन अपरिपक्व होता है। उन्होंने बताया कि बिहेवियर मैनेजमेंट सीखने की उम्र यही होती है। जिससे स्टूडेन्ट तनाव का स्वस्थ प्रबन्धन करते हुए अपना सफल योगदान करता है। अध्यक्षता प्रधानाचार्य आरसी पाण्डेय व संयोजन मोहित भटनागर द्वारा किया गया।

कार्यालय-संभागीय खाद्य नियंत्रक, देवीपाटन सम्भाग, गोण्डा।

पत्रांक 3195/सं0खा0नि0/स्वी0अनु0/सिंगल स्टेज-ई-निविदा/2024-25 गोण्डा, दिनांक: 27/04/2024

-: ई-निविदा सूचना (सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी) :-

आयुक्त, खाद्य तथा रसद विभाग, उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ के कार्यालय पत्रांकः-956/ आ0वि0शा0/ हैण्ड0परि0/सिंगल स्टेज/आर0एफ0पी0/2023 लखनऊ, दिनांक 29 फरवरी, 2024 द्वारा शासनादेश संख्या-मु0स0-34/29-6-2021-85 सा0/2017 लखनऊ दिनांक 09.03.2021 के अनुक्रम में **सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी परिवहन व्यवस्था** हेतु शासनादेश संख्या-380/29-6-2024/ई-6099/2641/2020 दिनांक-26. 02.2024 में निहित प्राविधानों के अनुपालन में सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी व्यवस्था के अन्तर्गत हैण्डलिंग / परिवहन ठेकेदारों की नियुक्ति हेतु अनुमोदित टेण्डर की नयी शर्तो में निर्दिष्ट प्राविधानों के अन्तर्गत प्रथम बार जारी ई-निविदा में निम्न ब्लाकों पर अपेक्षित संख्या में तकनीकी निविदाएं न प्राप्त होने के कारण देवीपाटन सम्भाग के **जनपद-गोण्डा के 02 ब्लाक (झंझरी एवं मुजेहना), जनपद बलरामपुर के 01 ब्लाक (बलरामपुर सदर) एवं जनपद बहराइच के 03 ब्लाक (चित्तौरा, फखरपुर एवं तेजवापुर)** पर सार्वजनिक वितरण प्रणाली का खाद्यान्न के हैण्डलिंग एवं परिवहन कार्य (**भा0खा0नि0 डिपों से उचित दर विक्रेताओं की दुकान तक**), ठेकेदारों की नियुक्ति हेतु इस कार्यालय पत्रांक-3194/सं0खा0नि0/स्वी0 अनु0/ सिंगल स्टेज-ई-निविदा/2023-24 गोण्डा, दिनांक 27.04.2024 द्वारा **http://etender.up.nic.in** पर **द्वितीय बार** ऑनलाइन ई-निविदा आमंत्रित की गयी है। निविदा ई-टेण्डर बेबसाइट **http://etender.up.nic.in** पर दिनांक **07.05.2024 को अपरान्ह 02:00 बजे तक** अपलोड की जा सकती है। प्राप्त तकनीकी निविदा उसी दिन **अपरान्ह 02:00 बजे** ऑनलाइन खोली जायेगी। तदोपरान्त परीक्षणोपरान्त तकनीकी रूप से अर्ह पायी गयी निविदाओं की वित्तीय निविदा खोली जायेगी।

निर्धारित निविदा प्रपत्र मूल्य, धरोहर धनराशि/निविदा की समस्त नियम एवं शर्ते, निविदा खुलने की तिथि एवं अन्य सम्बन्धित जानकारी **http://etender.up.nic.in** से डाउन लोड की जा सकती हैं। समस्त इच्छुक निविदादाता निविदा की किसी भी शर्त में परिवर्तन या बदलाव की जानकारी ई-टेण्डर बेवसाइट **http://etender.up.nic.gov.in** पर उपलब्ध होगी तथा अधोहस्ताक्षरी कार्यालय एवं जिला खाद्य विपणन अधिकारी कार्यालय से भी प्राप्त कर सकते है। अतः समस्त इच्छुक निविदादाता उक्त बेवसाइट को नियमित रूप से देखते रहें।

(सरयू प्रसाद)
सम्भागीय खाद्य नियंत्रक,
देवीपाटन सम्भाग, गोण्डा।

अमृत विचार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम शिवा दर्ज हो गया है जबकि आधार व पैन कार्ड में मेरा नाम शिवा कनौजिया है मुझे शिवा कनौजिया के नाम से जाना व पहचाना जाए। **शिवा कनौजिया पुत्र नरेश कनौजिया ग्राम गोड़वा पट्टी पोस्ट अतरौली जिला हरदोई।**

सूचना

मैं परशुराम अपने एकलौते पुत्र विरेन्द्र (24) के गलत चलो चलन से आहत होकर अपनी सम्पूर्ण चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। विरेन्द्र द्वारा कारित किसी भी कृत्य के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नही होगा। **परशुराम निवासी नौबस्ता, शाहमऊ माल, लखनऊ।**

सूचना

सूच्य हो कि मेरे पति देवी दयाल मौर्या पुत्र राम आधार मौर्य के बीमा पालिसी संख्या 217328763 में मेरा नाम बतौर नामिनी कमला देवी दर्ज है। जबकि अन्य अभिलेखों में मेरा नाम रामपति दर्ज है। कमला देवी और रामपति दोनो नाम मेरे एक ही व्यक्ति के है। **रामपति उर्फ कमला देवी पत्नी देवी दयाल मौर्या निवासिनी - पूरे प्रयागदीन, हरपुर हल्ला जिला - रायबरेली।**

सूचना

सूचित हो कि पूर्व में मेरा नाम समीर अहमद पुत्र श्री अब्दुल अजीज था। वर्तमान में मेरा नाम मोहम्मद शकील पुत्र श्री अब्दुल अजीज है जो कि मेरे आधार कार्ड सं0- 336776133410 में दर्ज है। उपरोक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। अतः मुझे मोहम्मद शकील के नाम से जाना व पहचाना जाये। अगर किसी को आपत्ति हो तो 15 दिनों में अपनी आपत्ति दर्ज कर सकता है **मोहम्मद शकील पुत्र श्री अब्दुल अजीज निवासी- 462/16क/1, रामगंज हुसैनाबाद, लखनऊ।**

सूचना

सूचित हो कि मैं अपने दोनों पुत्रों अभय सिंह और निर्भय सिंह को उनके गलत कृत्यो व अभद्र व्यवहार के कारण आज दिनांक 30.04.2024 से अपनी समस्त प्रॉपर्टी से बेदखल करता हूँ। आज के बाद से उपरोक्त दोनों पुत्र उनके द्वारा किये गये किसी भी अनैतिक तथा फौजदारी कार्य के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे। मुझसे व मेरे परिवार से कोई लेना-देना नहीं होगा। **विद्यासागर सिंह पुत्र स्व0 चन्द्रशेखर सिंह निवासी- आनंद लोक कॉलोनी फेज-2, रहमानपुर, लखनऊ।**

सूचना

सूचित हो कि मेरा सर नेम कंडोला है। मुझे गुरमुख सिंह कंडोला व गुरमुख सिंह दोनों ही नामों से जाना व पहचाना जाता है। आज से मुझे गुरमुख सिंह कंडोला के नाम से जाना व पहचाना जाये। **गुरमुख सिंह कंडोला पुत्र चरन सिंह निवासी ग्राम पतवारा बड़ा, सरखनापूरब, तहसील पलिया, जिला- लखीमपुर खीरी (उ0प्र0)**

सूचना

सर्व साधारण को सूचित हो कि मैं सुशील कुमार सिंह पुत्र राम बहादुर सिंह नि. ग्राम हरिहरपुर पो. कोरारी हीरशाह तह. गौरीगंज जनपद अमेठी का निवासी हूं मेरे पुत्र का सही नाम श्रेयश सिंह पुत्र सुशील कुमार सिंह माता का नाम अमृता सिंह है जबकि कुछ अभिलेखों में मेरे पुत्र का नाम सिद्धार्थ अंकित हो गया है जो गलत है।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-टेंडरिंग निविदा सूचना सं. 25/2024

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मण्डल रेल प्रबन्धक (इंजी.), पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाइन (ई-टेंडरिंग) के माध्यम से "**खुली**" निविदा आमंत्रित करते हैं : **क्र. सं. : 1, कार्य का विवरण : जोन सं. 12** कासगंज (सहित) से मरेहरा (रहित) किमी. 253/0 तक कासगंज सिटी (सहित) से किमी. 417/0 तक जाफरी कालोनी एवं मालगोदाम कालोनी कासगंज, **अनुमानित लागत** : रु. 1,42,14,718.63, **बयाना राशि** : रु. 2,21,100/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य** : शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि** : 30.06.2025 तक। **क्र. सं. : 2, कार्य का विवरण : जोन सं. 13** कासगंज समपार सं. 310 से पटियाली (सहित) किमी. 204/0 तक, **अनुमानित लागत** : रु. 79,62,641.46, **बयाना राशि** : रु. 1,59,300/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य** : शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि** : 30.06.2025 तक। **क्र. सं. : 3, कार्य का विवरण : जोन सं. 14** पटियाली (रहित) से फतेहगढ़ (रहित), **अनुमानित लागत** : रु. 1,24,60,440.50, **बयाना राशि** : रु. 2,12,300/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य** : शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि** : 30.06.2025 तक। **क्र. सं. : 4, कार्य का विवरण : जोन सं. 15** फतेहगढ़ (सहित) से कमालगंज (रहित) किमी. 132/0 तक, **अनुमानित लागत** : रु. 1,40,66,716.38, **बयाना राशि** : रु. 2,20,300/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य** : शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि** : 30.06.2025 तक। **क्र. सं. : 5, कार्य का विवरण : जोन सं. 16** फतेहगढ़ (रहित) किमी. 132/0 से अरौल मकनपुर (रहित), **अनुमानित लागत** : रु. 1,20,45,464.13, **बयाना राशि** : रु. 2,10,200/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य** : शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि** : 30.06.2025 तक। **क्र. सं. : 6, कार्य का विवरण : जोन सं. 17** किमी. 2/2 (कानपुर-अनवरगंज को छोड़कर) से किमी. 65/0 (अरौल-मकनपुर सहित) तथा मंधना बृहमावर्त ब्रान्च लाइन, **अनुमानित लागत** : रु. 1,42,90,716.13, **बयाना राशि** : रु. 2,21,500/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य** : शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि** : 30.06.2025 तक। **क्र. सं. : 7, कार्य का विवरण : जोन सं. 18** मारेहरा (सहित) किमी. 253/0 से मुरसान (रहित), **अनुमानित लागत** : रु. 1,39,26,296.11, **बयाना राशि** : रु. 2,19,600/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य** : शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि** : 30.06.2025 तक। **क्र. सं. : 8, कार्य का विवरण : जोन सं. 19** मुरसान (सहित) से मथुरा समपार सं. 357 (सहित) तक, **अनुमानित लागत** : रु. 1,21,92,321.39, **बयाना राशि** : रु. 2,11,000/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य** : शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि** : 30.06.2025 तक। **क्र. सं. : 9, कार्य का विवरण : जोन सं. 20** मथुरा समपार सं. 357/ रहित से मथुरा आर.ई. कालोनी एवं दिल्ली लाजपत नगर अधिकारी विश्राम गृह, **अनुमानित लागत** : रु. 1,22,35,321.39, **बयाना राशि**: रु. 2,11,200/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य** : शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि** : 30.06.2025 तक।
1. ई-निविदा दिनांक 24.05.2024 को 15.00 बजे तक आनलाइन जमा कर सकेंगे। **2.** ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।
मण्डल रेल प्रबन्धक (इंजी.)
मुजाधि/डब्ल्यू-42 **इज्जतनगर**
ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

एक नजर

नियमित योगासन करने से दूर रहेंगे रोग

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। राजकीय उद्यान पार्क अकबरपुर में योग शिविर का आयोजन किया गया। इसमें साधकों को योग का महत्व बताते हुए उसका अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षकों ने साधकों से आह्वान किया कि वह नियमित तौर पर योगासनों का अभ्यास करें। इससे मानसिक शांति मिलेगी और शारीरिक समस्याएं भी दूर होंगी। प्रशिक्षक आशाराम ने कहा कि योग आज के दौर में नितांत जरूरी है। उन्होंने कपालभाति, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, मंडूक आसन का अभ्यास कराने के साथ ध्यान मुद्रा के बारे में जानकारी दी।

संचारी रोगों के प्रति लोगों को किया जागरूक

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत नगर पालिका कर्मचारियों और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अकबरपुर नगर में घर-घर जाकर लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कर्मचारियों से कहा कि संचारी रोगों की रोकथाम के लिए जागरूकता जरूरी है। यह बीमारियां ज्यादातर गंदगी के कारण होती हैं। घर व आसपास गंदगी और पानी का जमाव होने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ता है। ऐसे में जरूरी है कि घर व आसपास स्वच्छ रखें।

चाकू के साथ शातिर गिरफ्तार

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। थाना अलीगंज क्षेत्र में पुलिस ने चाकू के साथ एक शातिर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। थाना अलीगंज पुलिस टीम ने आरोपी मो. शारिम अंसारी निवासी छज्जापुर थाना कोतवाली टांडा को कश्मिरिया छज्जा रोड आसोपुर से चाकू के साथ गिरफ्तार किया।

सपा से लालजी वर्मा ने दो सेट में दाखिल किया पर्चा

बसपा उम्मीदवार समेत तीन ने खरीदे नामांकन पत्र, छह मई तक चलेगी नामांकन की प्रक्रिया

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

अमृत विचार। सपा उम्मीदवार लालजी वर्मा ने मंगलवार को अंबेडकरनगर लोकसभा सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। उनके साथ विधायक रामअचल राजभर, पूर्व एमएलसी हीरालाल यादव, टांडा विधायक राममूर्ति वर्मा और बुनकर नेता हाजी अशफाक अहमद अंसारी मौजूद रहे।

लोकसभा चुनाव के छठे चरण के तहत 30 अप्रैल को निर्वाचन आयोग द्वारा जारी समय सारणी के अनुसार नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई थी। 55 अंबेडकरनगर लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार लालजी वर्मा ने मंगलवार को रिटर्निंग अफसर अविनाश सिंह के समक्ष दो सेट में अपना नामांकन पत्र जमा किया है।

पत्रकारों से वार्ता करते हुए सपा उम्मीदवार ने कहा कि नामांकन पत्र दाखिल कर दिया है। सरकार द्वारा आम जनता के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है, जो भाजपा का कुशासन है। भाजपा नफरत की राजनीति करती है और साथ ही साथ बाबा साहब के संविधान को बदलने का प्रयास कर रही है। सपा कार्यकर्ता लोगों को इसके लिए जागरूक करेंगे। भाजपा को सत्ता से बेदखल करने का काम लोकसभा चुनाव में जनता करेगी।

नामांकन पत्र दाखिल करते सपा के उम्मीदवार लालजी वर्मा। अमृत विचार

सात मई को की जाएगी नामांकन पत्रों की जांच

मंगलवार को 11 से 3 बजे के बीच कुल तीन नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। इसमें बीएसपी सहित अन्य निर्दल प्रत्याशियों ने पर्चा खरीदा है। नामांकन की प्रक्रिया छह मई तक चलेगी। इसके बाद नामांकन पत्रों की जांच सात मई को संपन्न होगी। नौ मई को नाम वापसी की तिथि निर्धारित की गई है।

24 को पोलिंग पार्टियां होंगी रवाना

24 मई को राजकीय हवाई पट्टी अकबरपुर से पोलिंग पार्टियों की रवानगी होगी। 25 मई को मतदान और चार जून को राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज अकबरपुर में मतगणना होगी नामांकन को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में बैरीकेडिंग और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

सपा उम्मीदवार की चल संपत्ति बढ़ी

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। दो वर्ष पहले हुए विधानसभा चुनाव के बाद से पूर्व मंत्री लालजी वर्मा के पास नकदी घट गई तो वहीं उनकी पत्नी शोभावती के पास नकदी दोगुनी हो गई। पूर्व मंत्री की चल संपत्ति दोगुना बढ़ी है तो अचल संपत्ति करीब दो करोड़ घट गई है। उनकी पत्नी चल व अचल संपत्ति बढ़ी है। शोभावती पूर्व में जिपं अध्यक्ष रह चुकी हैं। सपा उम्मीदवार लालजी वर्मा के खिलाफ दो मुकदमें दर्ज हैं। लाल जी वर्मा के पास 2 करोड़ 10 लाख 32 हजार 235 रुपए 73 पैसे की कुल चल और अचल संपत्ति है। वहीं उनकी पत्नी के नाम 1 करोड़ 25 लाख 91 हजार 505 रुपए 98 पैसे की कुल चल और अचल संपत्ति है।

पत्नी के हत्यारे को आजीवन कारावास

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। करीब डेढ़ वर्ष पहले देईपुर गांव में पत्नी की हत्या करने वाले पति को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। उस पर 20 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया गया है। इब्राहिमपुर थाना क्षेत्र के करीमपट्टी निवासी रामउजागिर वर्मा ने डेढ़ वर्ष पहले थाने में अपनी पुत्री चित्रा वर्मा (40) की हत्या का केस दर्ज कराया था। बताया कि उसने अपनी पुत्री का विवाह करीब 20 वर्ष पहले देईपुर निवासी अमृतलाल के साथ किया था। उसके तीन बच्चे हैं। 30 सितंबर 2022 को शाम करीब सात बजे अमृतलाल ने विवाद में कुल्हाड़ी से हमलाकर उसकी पुत्री की हत्या कर दी। देईपुर निवासी मयाराम ने इसकी जानकारी उसे दी।

मजबूत राष्ट्र के निर्माण को करें मतदान

जलालपुर, अंबेडकरनगर

अमृत विचार। सभी मतदाताओं को स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान करने का अधिकार है। लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए, जिससे मजबूत राष्ट्र का निर्माण हो सके। ये बातें उपजिलाधिकारी सुभाष सिंह ने भियांव ब्लांक में आयोजित जागरूकता मतदाता पाठशाला कहीं।

लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान कराने की कवायद में प्रशासन जुटा हुआ है। इसके तहत मंगलवार को ब्लाक भियांव के ग्राम पंचायत बंदीपुर में चुनाव पाठशाला का आयोजन किया गया। पाठशाला में बड़ी संख्या में गांव के महिला और पुरुष मतदाता शामिल हुए। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी सुभाष सिंह व तहसीलदार संतोष कुमार, भियांव वीडीओ अंजली भारती ने युवा मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया। वहीं उपजिलाधिकारी ने वयोवृद्ध मतदाताओं को माला पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान उपजिलाधिकारी ने कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए अधिक से अधिक मतदान करना आवश्यक है।

मतदान के लिए वृद्ध को आमंत्रण पत्र देते उपजिलाधिकारी सुभाष सिंह।

शत-प्रतिशत करें मतदान

तहसीलदार संतोष कुमार ने मतदाताओं से बिना भय, लालच और वर्ग-जाति से ऊपर उठकर मतदान का आह्वान किया। लोगों को आमंत्रण पत्र बांटकर मतदान करने के लिए आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर जलालपुर तहसील व ब्लॉक भियांव के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

युवक ने फंदे से लटककर दी जान

जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्यासपुर गांव में एक युवक ने पेड़ पर फंदे से लटककर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ग्यासपुर गांव निवासी निरहू लेना (24) वर्ष बीते दिवस गांव के निकट अमरूद के पेड़ पर फंदे से लटककर जान दे दी। युवक का शव पेड़ से लटकता देख गांव में हलचल मच गई। सूचना पर पहुंची जलालपुर पुलिस ने शव को पेड़ से उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जलालपुर कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि युवक की शरीर पर कहीं चोट के निशान नहीं हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

ठेले से टकरायी बाइक, युवक की मौत

जलालपुर, अंबेडकरनगर

अमृत विचार। अनियंत्रित बाइक एक ठेले से टकरा गयी। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गयी जबकि पीछे बैठा दूसरा व्यक्ति घायल हो गया। दुर्घटना जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के भगवानपुर गांव के निकट मंगलवार को जलालपुर बसखारी रोड में हुई।

कोतवाली क्षेत्र के पठानपुर उफरौली गांव निवासी दिलीप कुमार और मोहम्मद करीम एक बाइक से तीव्र गति से जलालपुर से घर जा रहे थे। तभी कोतवाली क्षेत्र के मंगुराडिला गांव निवासी चंदन अपनी ठेला पर लोहे की खिडक़ी लादकर ले जा रहा था, जिसमें बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर में दिलीप कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि पीछे बैठे मोहम्मद करीम को हल्की-फुल्की चोटे आई हैं। परिजनों द्वारा घायल दिलीप को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में ले जाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। लोगों की मानें तो बाइक चालक नशे में धुत था। सूचना पर पहुंची जलालपुर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर, हादसे की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

वाहन की टक्कर से बाइक सवार अधेड़ की गयी जान

जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। चार पहिया वाहन की टक्कर से बाइक सवार अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए घायल को नगपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामला जैतपुर थाना क्षेत्र के नेवादा रामगढ़ रोड भुजगी गांव के पास का है। जैतपुर थाना क्षेत्र के लख्मीपुर गांव निवासी रामगोपाल शुक्ला (55) मंगलवार को अपनी बाइक से अचल नगर से भुजुगी जा रहे थे, तभी एक अज्ञात चार पहिया वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में राम गोपाल शुक्ला गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगपुर अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची जलालपुर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर, हादसे के बाद चालक मय वाहन भाग निकला।

विपक्ष के पास नहीं है कोई मुद्दा

जलालपुर, अंबेडकरनगर

अमृत विचार। सरकार ने जो कार्य किए हैं उसे देखकर जनता भाजपा के पक्ष में चुनाव लड़ रही है। इस बार भाजपा जीतकर रिकॉर्ड बनाएगी। ये बातें विधानसभा संयोजक अनंत राम मिश्रा ने प्रेस वार्ता में कहीं। उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव में भाजपा प्रत्याशी ने दमदारी के साथ चुनाव लड़ा था, लेकिन इस बार मतदाताओं का रुझान भाजपा के पक्ष में है, जबकि विपक्षियों के पास कोई मुद्दा नहीं है।

सरकार ने गरीब, असहायों व महिलाओं के लिए विशेष रूप से कार्य किया है। इस बार देश की जनता ही चुनाव लड़ रही है। भाजपा ने जो कहा है वह करके दिखाया है। जब समाज के अंतिम व्यक्ति का विकास होगा तभी देश आगे बढ़ेगा। मोदी की जुबान ही गारंटी है। जनता ने भाजपा की जीत के लिए मन बना लिया है। जो आज बेरोजगारी का हल्ला कर रहे हैं, जो व्यक्ति क्षमतावान हैं, सरकार ने उसे नौकरी देने का कार्य किया है। यही नहीं कटका थाना क्षेत्र में औद्योगिक क्षेत्र घोषित किया है। इसमें हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा। सांसद प्रतिनिधि आशुतोष उपाध्याय रिंकू ने कहा कि भाजपा सरकार का विकास कार्य दिखाई पड़ रहा है और जनता इस बार पुनः मोदी की सरकार बनाने का फैसला कर चुकी है। इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी राजेश सिंह बबलू, नगर अध्यक्ष देवेश मिश्रा, मीडिया संयोजक विकास निषाद समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

बैठक में मौजूद विधानसभा प्रभारी राजेश सिंह बबलू व साथ में अन्य पदाधिकारी।

भाजपा उम्मीदवार के नामांकन में शामिल हो सकते हैं डिप्टी सीएम

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। तीन मई को भाजपा उम्मीदवार के नामांकन में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य को बुलाने की तैयारी है। अंबेडकरनगर संसदीय सीट सामान्य होने के बाद से हुए तीन चुनाव में से बीजेपी को सिर्फ एक बार 2014 में ही जीत हासिल हुई थी। वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव में बसपा की ओर से राकेश पांडेय सांसद निर्वाचित हुए तो 2019 में उनके पुत्र रितेश पांडेय ने भी बसपा के टिकट पर सांसद बनने में सफलता पाई थी। रितेश अब भाजपा से चुनाव लड़ रहे हैं। नामांकन कार्यक्रम को बड़ा स्वरूप देने के लिए डिप्टी सीएम के यहां पहुंचने का कार्यक्रम लगभग तय माना जा रहा है।

विद्यालय से चोरों ने पार किया हजारों का सामान

▸▸ शास्त्री नगर स्थित सावित्री देवी सरस्वती शिशु मंदिर का ताला तोड़कर वारदात को दिया अंजाम

जलालपुर, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। विद्यालय का ताला तोड़कर सोमवार की रात चोर हजारों रुपए का सामान उठा ले गए। प्रधानाचार्य ने पुलिस को तहरीर दी है। मामला जलालपुर थाना क्षेत्र की सावित्री देवी सरस्वती शिशु मंदिर शास्त्री नगर रुकुनपुर कासिमपुर का है।

प्रधानाचार्य अनिल कुमार पांडे ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि बीते सोमवार को विद्यालय बंद करके दोपहर बाद घर चला गया। जब मंगलवार को सुबह विद्यालय पहुंचकर गेट खोला तो देखा ऑफिस का ताला टूटा पड़ा था। बगल में देखा तो हैंडपंप भी चोरी हो गया और अंदर ऑफिस से सोसाइटी रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र, बायलाज की कॉपी, दो स्टील बाल्टी, परीक्षाफल पंजिका, विज्ञान प्रयोगशाला के उपकरण, खेल किट और करीब लगभग 5 हजार रुपए पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। विद्यालय में रखी दोनों अलमारी टूटी हुई थी और सामान फर्श पर बिखरा हुआ था। प्रधानाचार्य ने जलालपुर कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए कार्रवाई करने की मांग की है।

सार-संक्षेप

पुलिस ने वांछित को गिरफ्तार कर भेजा जेल

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। थाना महरुआ क्षेत्र में पुलिस ने वांछित अपराधी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एसपी डॉ. कौस्तुभ के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना महरुआ पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर स्थानीय थाने पर पंजीकृत विभिन्न मुकदमों में वांछित चल रहे तिलकराम पुत्र संतराम निवासी करनाईपुर थाना तारुन, अयोध्या को ग्राम करनाईपुर स्थित उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

विवाद सुलझाकर साथ रहने के लिए राजी हुआ जोड़ा

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला थानाध्यक्ष प्रियंका पाण्डेय व महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त हेल्प डेस्क कर्मी द्वारा पति-पत्नी के के बीच चल रहे पारस्परिक परिवारिक विवाद को सुलझाकर उन्हें राजी-ख़ुशी विदा किया गया। महिला थानाध्यक्ष प्रियंका पाण्डेय व महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त हेल्प डेस्क कर्मी के प्रयास से पति-पत्नी के बीच चल रहे पारिवारिक विवाद से संबंधित समस्याओं को सुना गया और उनकी समस्याओं को सुलझाते हुए उन्हें एक साथ रहने के लिए समझाया गया। ठसके बाद पति-पत्नी एक साथ रहने के लिए राजी हो गए।

बाइक ने टेंपों में मारी टक्कर, आधा दर्जन लोग घायल

जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। उड़नदस्ता टीम द्वारा चलाए जा रहे जांच अभियान को बाइक सवार सामान्य अभियान समझकर भागने की फिराक में सामने से आ रहे टेंपो से टकरा गया। हादसे में टेंपो पलट गया। उसमें बैठे सभी यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं बाइक चालक भी गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर हालत को देखते हुए उसे स्थानीय चिकित्सालय लाया गया जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। हादसा कटका थाना क्षेत्र के अमोला गांव के पास मंगलवार दोपहर के बाद हुआ। बसखारी थाना क्षेत्र के इन्दईपुर गांव निवासी अरविंद कुमार रफीगंज की तरफ से बाइक से जा रहा था। जब यह अमोला के पास पहुंचा तो वहां उड़नदस्ता टीम द्वारा चेकिंग की जा रही थी। अरविंद कुमार ने इसे सामान्य जांच अभियान समझा और बचने के लिए भागने के प्रयास में सामने से आ रहे टेंपो से उसकी बाइक टकरा गयी। टक्कर से टेंपो पलट गया और टेंपो में बैठे थाना क्षेत्र के अमड़ी चंदनपुर निवासी भोलेंद्र निषाद के परिजन गंभीर रूप से घायल हो गए। बाइक चालक को उड़नदस्ता टीम के वाहन से सीएचसी सेमरा भिजवाया गया। जहां गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वही टेंपो सवार घायलों को निजी अस्पताल अतरौलिया ले जाया गया। टेंपो में बैठे लोग मुंडेरा से चहकारी से होकर लौट रहे थे। टेंपो में लगभग आधा दर्जन लोग सवार थे।

नाबालिग को भगाने के मामले का आरोपी गिरफ्तार

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। थाना आलापुर पुलिस टीम ने नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले के वांछित को गिरफ्तार किया है। बता दें कि पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निर्देश पर अपराधियों के ऊपर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना आलापुर पुलिस टीम द्वारा मंगलवार को थाना स्थानीय पर पंजीकृत विभिन्न मुकदमों में वांछित एक बाल अपचारी को न्यौरी बाईपास से गिरफ्तार किया है। आरोपी को गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक आनन्द प्रकाश श्रीवास्तव, कांस्टेबल पवन रस्तोगी, कांस्टेबल उपेन्द्र मोहन यादव शामिल रहे।

सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों के साथ मौजूद पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ।

सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को दी गई भावभीनी विदाई

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने सेवानिवृत्त उप निरीक्षक वीरेन्द्र पाल और उप निरीक्षक अजय पल सिंह को समारोह का आयोजन कर विदाई दी। मंगलवार को उप निरीक्षक वीरेन्द्र पाल और उप निरीक्षक अजय पाल सिंह पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ द्वारा पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इसके तहत सेवानिवृत्त दोनों पुलिसकर्मियों को माला पहनाकर सम्मानित किया गया और उपहार भेंट कर सेवानिवृत्त होने के पश्चात उनके सुखमय जीवन व उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इसके बाद सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को सम्मानपूर्वक विदा किया गया। इस दौरान प्रशिक्षु क्षेत्राधिकारी ऐश्वर्या उपाध्याय व प्रतिसार निरीक्षक समेत अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौके पर मौजूद रहे।

पंचायत सहायक ने प्रधान के खिलाफ दी तहरीर

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। अनुपस्थित चल रहे पंचायत सहायक से ग्राम प्रधान और सचिव द्वारा स्पष्टीकरण मांगे जाने के बाद पंचायत सहायक ने ग्राम प्रधान पर विभिन्न आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायती पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

मामला कटेहरी ब्लॉक के नकटहा गांव का है। ग्राम प्रधान महेंद्र सिंह और ग्राम सचिव मिथिलेश यादव ने कई दिनों से ग्राम पंचायत भवन पर लटक रहे ताले को देखकर तैनात पंचायत सहायक से स्पष्टीकरण मांगा। इस खबर को अमृत विचार ने प्रकाशित किया था। इसके पश्चात तैनात पंचायत सहायक ने अहिरौली थाना अध्यक्ष को तहरीर देते हुए बताया कि ग्राम प्रधान उसे फोन करते हैं और कमरे मे बैठने के लिए कहते हैं, इनकार करने पर शिकायत करते हैं। बीते 29 अप्रैल को ग्राम प्रधान के शिकायत का स्पष्टीकरण देने के लिए गई थी, जहां ग्राम प्रधान व उसके भाई दीपक सिंह व आशु आए और उसे गाली देते हुए मारपीट पर उतारू हो गए।

विपक्षियों ने धमकी दी कि यदि कहीं शिकायत करोगी तो अच्छा नहीं होगा। इस संबंध में अहिरौली थाना अध्यक्ष विवेक वर्मा ने बताया कि शिकायती पत्र प्राप्त हुआ है। मामले की जांच के उपरांत उचित कार्रवाई की जाएगी।

एड्स के मरीजों का करें बेहतर उपचार

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। जिला अस्पताल में एड्स मरीजों के उपचार के लिए स्थापित संपूर्ण सुरक्षा केंद्र के निरीक्षण के लिए केंद्रीय जांच टीम अस्पताल पहुंची। यहां पर होने वाली मरीजों की जांच और उपचार के बारे में जानकारी ली। स्थानीय टीम को जागरूकता अभियान चलाने और बेहतर इलाज सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। संपूर्ण सुरक्षा केंद्र के प्रभारी डॉ. केपी मौर्य ने बताया कि नेशनल एड्स कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन यानी नाकी की तरफ से दिल्ली और लखनऊ से टीम आई थी। इसमें डॉ. सरिता, डॉ. सलीम, डॉ. पीटर, लखनऊ से दीपाली मौर्या व सौरभ शुक्ल शामिल थे। टीम ने यहां उपलब्ध संसाधनों व दवाओं के स्टॉक के बारे में जानकारी ली।

भभौरा-अतरौलिया मार्ग गड्ढों में तब्दील

देवरिया बाजार, अंबेडकरनगर

अमृत विचार। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की उदासीनता का खामियाजा राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है। बता दें कि भभौरा-अतरौलिया मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढे हैं। भभौरा-अतरौलिया मार्ग की दूरी 9 किमी है।

इसमें भभौरा से भवनाथपुर तक 4 किमी का मार्ग जनपद में पड़ता है। इस मार्ग पर अभी दो माह पहले मरम्मत का कार्य चल रहा था। इसमें पचरी स्कूल से 300 मीटर मरम्मत का कार्य शुरू हुआ, लेकिन रोड पर मरम्मत का कार्य ठीक ढंग से नहीं किया गया। इसके कारण गिट्टी डालने के बाद वह उखड़ने लगी थी। इस पर ग्रामीणों ने कार्य रुकवा दिया था। अलाउद्दीनपुर से पचरी तक डेढ़ किमी मार्ग की मरम्मत आज तक नहीं हो पाई है। बाकी ढाई किलोमीटर मार्ग की मरम्मत कर दी गई। बसपा नेता राम सिंगार, पूर्व जिला पंचायत सदस्य महेंद्र, जगदीशपुर कादीपुर के ग्राम प्रधान अमरजीत यादव, ग्राम प्रधान भभौरा सीमा देवी, हरीराम मौर्य आदि ने शासन से बचे हुए मार्ग की मरम्मत कराने की मांग की है।

जिम्मेदार बोले

डेढ़ किमी मार्ग की मरम्मत न होने के संबंध में जब लोक निर्माण विभाग के जेई से संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि बदमाशी ठेकेदार की है और अभी हम लोग चुनाव में व्यस्त हैं।

बदहाल पड़ा भभौरा-अतरौलिया मार्ग।

मिशन शक्ति अभियान जनपद के सभी थानों पर पुलिस की पाठशाला लगाकर किया गया जागरूक, हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी

महिलाओं और बालिकाओं को आत्मरक्षा के बताये तरीके

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

अमृत विचार। मिशन शक्ति अभियान के तहत थानों की एंटीरोमियो टीम द्वारा महिलाओं और बालिकाओं को चौपाल लगाकर नारी सुरक्षा, नारी स्वावलंबन और नारी सम्मान के लिए जागरूक किया गया।

पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के नेतृत्व में व अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी विशाल पाण्डेय और अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्याम देव के पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जनपद में मंगलवार को सभी थानों पर पुलिस की पाठशाला चौपाल लगाकर महिलाओं, बालिकाओं और छात्राओं को नारी सुरक्षा, नारी स्वाबलंबन और नारी सम्मान की दिशा में जनपद की एंटी रोमियो टीम द्वारा जागरूक किया गया। थाना क्षेत्र के बस अड्डे, सार्वजनिक स्थानों, प्रमुख चौराहों, कस्बों, प्रमुख बाजारों, मन्दिर, शापिंग मॉल, चाय स्टाल, पान की दुकान, बीट क्षेत्र, ग्राम पंचायत, वार्ड, मोहल्लों, स्कूल, कालेज आदि के आसपास गश्त, चेकिंग करते हुए महिलाओं और बालिकाओं को आत्मरक्षा के लिए जागरूक किया गया। सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों और साइबर क्राइम के विषय में और महिला सुरक्षा संबंधी विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा के बारे में जानकारी दी। थाना कोतवाली टांडा से महिला उप निरीक्षक रीना यादव, महिला आरक्षी कल्पना कोचिंग सेंटर में जाकर जागरूक किया गया। थाना बेवाना से एन्टीरोमियो टीम उप निरीक्षक यूटी कमला प्रसाद, महिला आरक्षी कविता यादव द्वारा बेवाना बाजार में मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को जागरूक किया। थाना मालीपुर से उपनिरीक्षक रुचि मिश्रा, महिला कांस्टेबल रोली द्वारा महिलाओं को जागरुक किया गया। थाना कोतवाली अकबरपुर से उप निरीक्षक ब्यूटी वर्षा यादव, महिला कांस्टेबल रचना देवी द्वारा प्राथमिक विद्यालय अफजलपुर में बच्चों को गुड टच, बैड टच में बारे में बताकर जागरूक किया गया व हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जागरूक किया गया। थाना अलीगंज से उप निरीक्षक श्याम बहादुर सिंह, महिला कांस्टेबल आशा कुमारी व प्रीति यादव द्वारा अलीगंज प्राथमिक विद्यालय में महिलाओं, बालिकाओं को जागरूक किया गया।

छात्राओं और महिलाओं को जागरूक करतीं पुलिसकर्मी।

अमृत विचार

एक नजर

गायत्री नगर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगा

मनकापुर, अमृत विचार : मंगलवार को उतरौला रोड स्थित मोहल्ला गायत्री नगर में संचालित महर्षि शांडिल्य स्वास्थ्य एवं शिक्षण संस्थान के संचालक द्वारा नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। नि :शुल्क शिविर में क्षेत्र के दर्जनों मरीजों ने पहुंच कर लाभ उठाया। नि :शुल्क कैंप में डॉक्टर रियाजुद्दीन, डॉक्टर मुस्कान गुप्ता, डॉक्टर सौरभ पांडे तथा अन्य डॉक्टरों ने मरीजों को सेवाएं दी। इस अवसर पर आर के नारद ने गीतों के माध्यम से बधाई दिया। आकाश, रामचंद्र, अमर दीप, राजदीप, अर्जुन सिंह, अर्चना, सुभासनी, संजना, पूजा, सोनी मिश्रा, शिवा, विंदू आदि मौजूद रहे।

आग से किसान का एक बीघा गेहूं जलकर राख

परसपुर, अमृत विचार : अज्ञात कारणों से लगी आग से गेहूं की फसल जल कर राख हो गयी। परसपुर थाना क्षेत्र के ग्राम धनी लोधनपुरवा पसका में सोमवार को दोपहर दो बजे अज्ञात कारणों से लगी आग से जवाहर सिंह का लगभग एक बीघा गेहूं की खड़ी फसल सहित पांच बीघा रैपर से कटी गेहूं की फसल जलकर राख हो गयी। ग्रामीणों ने आग की चपेट में आये गेहूं के खेत के चारों तरफ ट्रैक्टर से जुताई करके व पम्पिंग सेट से पानी निकाल कर काफी मसक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया जिससे भारी नुकसान होने से बच गया। हल्का लेखपाल आत्माराम ने बताया कि मौके पहुंच कर नुकसान का आंकलन कर उच्च अधिकारियों को प्रेषित किया गया।

पक्षियों के पीने के पानी का पात्र किया वितरित

इटियाथोक, अमृत विचार : नया सोच सेवा समिति के सदस्यों ने बढ़ती हुई गर्मी को देखते हुए पक्षियों पीने वाले पात्र का वितरण किया। बाल विद्या मंदिर इंटर कालेज व मॉडर्न कान्वेंट पब्लिक स्कूल में बच्चों को नया सोच सेवा समिति परिवार के सदस्यों ने पक्षियों को पानी पीने वाला बर्तन दिया। संस्था के संरक्षक रवि कुमार शुक्ला ने आपने हाथों से बच्चों को किए वितरण साथ संस्था के संस्थापक प्रवेश प्रताप शर्मा, संजय कुमार पांडेय प्रधानाध्यापक बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, मुस्ताक चौधरी व समिति समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे क्षेत्र के लोगों ने इस कार्य के लिए समिति को बधाई दी।

बंटाई का हिस्सा अनाज मांगा तो की मारपीट

इटियाथोक, अमृत विचार : ग्राम इटियाथोक की गीता देवी ने आरोप लगाया है कि गांव के ही गुड़िया रानू लल्ला ने बटाई के हिस्से का ज्यादा अनाज मांगते हुए मारपीट की। मंगलवार को गीता देवी ने आरोप लगाया है कि उक्त आरोपियों ने उनके नये मकान में लगे ताले को तोड़कर सामान चोरी कर लिया।

मतदाता जागरूकता गीत 'मेरा गोंडा, मेरी शान' किया गया लांच

मंडलायुक्त, जिलाधिकारी, सीडीओ व एसपी की उपस्थिति में हुआ कार्यक्रम, कलाकार शेनदत्त सिंह और उनकी टीम ने तैयार किया गीत

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: जिले में लोकसभा निर्वाचन में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए निरंतर जागरूकता कार्यक्रम किया जा रहा है। पहले व दूसरे चरण में हुए मतदान में भी वोट प्रतिशत कम रहा। इसलिए गोंडा में 70 प्रतिशत तक मतदान ले जाने के लिए भरसक प्रयास हो रहा है।

इसी क्रम में आयुक्त योगेश्वर राम मिश्र, डीएम नेहा शर्मा, एसपी विनीत जायसवाल व सीडीओ एम अरुन्मौली की उपस्थिति में जागरूकता थीम सांग को लांच किया गया। जिले के लोक गायक शेनदत्त सिंह व उनकी टीम ने गीत को तैयार किया है। अवध रत्न से सम्मानित लोकगायक शेनदत्त सिंह ने अपनी आवाज दी है। गीत कबीर का है और प्रकाश सोनी ने संगीत दिया है।

थीम सांग लांच करते कमिश्नर, डीएम, सीडीओ व एसपी। अमृत विचार

जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने बताया कि लोकगायक शेनदत्त सिंह जनपद गोण्डा के छपिया ब्लॉक के निवासी है। स्थानीय कलाकार के गीत के माध्यम से जनपद वासियों को जोड़कर मतदान के लिए प्रेरित करने का प्रयास किया गया है।

उन्होंने बताया कि मतदाता जागरूकता के लिए जनपद में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवार एक मई से जनपद में ग्राम पंचायतों में ई-रिक्शा के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम का संचालन किया जाएगा। इन ई-रिक्शाओं में मेरा गोण्डा मेरी शान... गीत बजाकर मतदाताओं को आगामी 20 मई को मतदान अवश्य करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त जनपद के नगरीय निकायों और रोडवेज के वाहनों में भी इस गीत के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का काम किया जाएगा।

मंडलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र ने इस अवसर पर जनपद के मतदाताओं से 20 मई को आगे आने और अपना मताधिकार का इस्तेमाल करने की अपील की। उन्होंने कहा कि मतदान दिवस को अवकाश न मानें। मजबूत लोकतंत्र के निर्माण में हर एक वोट की अहमियत होता। अपने वोट की ताकत को समझें और मतदान अवश्य करें।

श्रमिक दिवस पर होगा संवाद

स्वीप प्रभारी मुख्य राजस्व अधिकारी महेश प्रकाश ने बताया कि श्रमिक दिवस पर बुधवार को विखं, तहसील व जिले स्तर पर श्रमिकों के साथ संवाद होगा। तीन मई को प्रेस फ्रीडम डे पर प्रशासन एकादश एवं मीडिया एकादश के मध्य मैत्री क्रिकेट मैच होगा। चार को अंतरराष्ट्रीय फायर फायटर्स डे पर जिला अग्निशमन अधिकारी स्तर पर पांच को विश्व हास्य दिवस पर क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी के स्तर पर, सात को विश्व एथलेटिक्स दिवस पर जिला युवा कल्याण अधिकारी स्तर पर कार्यक्रम होंगे। आठ को रेडक्रॉस डे, 11 को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस, 12 को नर्सेज डे और 15 मई को विश्व परिवार दिवस पर विशेष संवाद कार्यक्रम आयोजित होंगे। 15 मई को समारोह में किसानों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

11 मई को होगा दीपोत्सव का आयोजन

जनपद की मातृ शक्ति को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम से जोड़ने के उद्देश्य से दीपोत्सव का आयोजन करने का फैसला लिया गया है। 12 मई को मदर्स डे के अवसर पर करनैलगंज क्षेत्र में सरयू घाट पर दीपोत्सव आयोजित किया जाएगा। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने बताया कि आगामी 12 मई को सरयू घाट पर दीपोत्सव गोधूलि बेला में प्रारंभ होगा। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से 1100 दीपों की व्यवस्था कराई जाएगी। इस कार्यक्रम में समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति के अतिरिक्त विकासखंड करनैलगंज, हलधरमऊ, कटरा बाजार के निकटवर्ती ग्रामों की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, युवक मंगल दल के सदस्यों, स्वयंसेवी संगठनों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

गेहूं खरीद: खाद्य निगम टॉप पर, मंडी समिति फिसड्डी

जिले को मिला है 130700 मीट्रिक टन गेहूं खरीदने का लक्ष्य

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: गेहूं खरीद 116 क्रय केंद्रों पर की जा रही है। अब तक 1008 किसानों ने ही अपनी उपज सरकारी क्रय केंद्र पर बेची है। कुल 5620.23 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हो पाई है। खरीद न होने से गेहूं खरीद से जुड़े अफसरों में हड़कंप मचा हुआ है। खरीद के आंकड़ों पर गौर करें तो अब तक सबसे ज्यादा गेहूं खरीद भारतीय खाद्य निगम ने किया है। जबकि मंडी समिति गेहूं खरीद में सबसे फिसडी साबित हो रही है। अफसर व कर्मचारी किसानों के घर पहुंच रहे हैं।

गांव में जाकर किसानों से संपर्क करने का फायदा खरीद से जुड़े कर्मचारियों को मिलने लगा है। गेहूं खरीदने के लिए छह एजेंसियों को जिम्मेदारी मिली है। सबसे अधिक गेहूं खरीदने का लक्ष्य पीसीयू को मिला है। इस एजेंसी को 42000 मीट्रिक टन गेहूं के खरीद करनी है। इस बार गेहूं खरीद सत्र का शुभारंभ एक मार्च से हो गया था। जनपद में इस बार छ एजेंसी को गेहूं खरीदने की जिम्मेदारी सौंप गई है। जिसमें खाद्य विभाग 20000 मीट्रिक टन, पीसीएफ को 33000 मीट्रिक टन, पीसीयू को 42000 मीट्रिक टन, यूपीएसएस को 20000 मीट्रिक टन, भारतीय खाद्य निगम को 11700 मीट्रिक टन तथा कृषि उत्पादन मंडी समिति को 4000 मीट्रिक टन का लक्ष्य दिया गया है। जनपद को जो इस बार लक्ष्य दिया गया है वह विगत कई वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ रहा है। इस बार 130700 मीट्रिक टन गेहूं खरीदने की जिम्मेदारी मिली है। खाद्य निगम केंद्र पर अब तक 785.71 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हुई है। इसके उलट मंडी समिति पर सबसे कम खरीद हुई है अभी तक मात्र 75.60 मीट्रिक टन की खरीद हो पाई है, जबकि मंडी में किसान अक्सर आते जाते रहते हैं। खुले बाजार में रेट अधिक होने से सरकारी केंद्र पर किसान नहीं आ रहे।

मंडी स्थित गेहूं क्रय केंद्र। अमृत विचार

केंद्र प्रभारी किसानों का इंतजार कर रहे हैं। गेहूं खरीद न होते देख शासन ने किसानों के घर जाकर खरीद की शुरुआत की है। मोबाइल खरीद शुरू होने से थोड़ा बहुत सरकारी खरीद हो पा रही है। किसानों का भुगतान भी समय से हो रहा है उसके बावजूद भी सरकारी क्रय केंद्र सुने पड़े हुए हैं। किसानों की सुगमता के लिए सरकार द्वारा कई केंद्र की संख्या में इजाफा किया गया है लेकिन उसका लाभ एजेंसियों को मिलता नहीं दिख रहा है। किसान अपनी उपज लेकर आ ही नहीं रहे हैं। गांव में गेहूं खरीद से जुड़े अफसर व केंद्र प्रभारी जाकर गेहूं खोज रहे हैं। जिला खाद्य विपणन अधिकारी प्रज्ञा मिश्रा ने बताया कि जिले में छ एजेंसियां गेहूं खरीद कर रही हैं। शासन की ओर से सभी एजेंसियों को गेहूं खरीद करने का लक्ष्य आवंटित किया गया है। अब तक सबसे ज्यादा खरीद भारतीय खाद्य निगम की ओर से किया गया है जबकि मंडी समिति ने सबसे कम गेहूं खरीदा है। सभी एजेंसी के प्रभारी को गेहूं खरीद में तेजी लाने का निर्देश दिया जा रहा है। जिले में अब 116 केंद्रों पर खरीद की जा रही है। केंद्र प्रभारियों को गांव में जाकर किसानों से संपर्क करने को भी कहा गया है ताकि किसान अपनी उपज को लेकर सरकारी केंद्र पर आए।

22 दिन बीते, चोरी का खुलासा नहीं

बेलसर, अमृत विचार: दवा कराने गए युवक की जिला महिला अस्पताल से चोरी गई बाइक का बाइस दिन बाद नहीं पता लगा सकी नगर कोतवाली पुलिस, भुक्तभोगी परेशान।

थाना तरबगंज क्षेत्र के हिलालपुर निवासी धूम सिंह अपने पत्नी की बीते आठ अप्रैल को दवा कराने जिला महिला अस्पताल गए हुए थे। करीब एक बजे दिन में जब दवा लेकर बाहर निकले तो बाइक गायब थी। धूम सिंह ने मामले की सूचना 112 को दिया। पुलिस ने मौके पर जांच किया तो सीसीटीवी फुटेज में दोपहर एक बजे चोर बाइक चुराते दिखाई पड़ रहे हैं। मामले की तहरीर नगर कोतवाली में दी गई।

महिलाओं ने मतदान करने के लिए लोगों को किया जागरूक

करनैलगंज, अमृत विचार : समाज व पर्यावरण सुधार का वीणा उठाए नमो-नमो क्रांति फाउंडेशन की महिला सदस्यों व पदाधिकारियों ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदाताओं को जागृत करते हुए वोट का महत्व बताया। हाथ में मतदाता जागरूकता के स्लोगनों की तख्ती लेकर महिलाओं ने गज्जू पुरवा, अहिरन पुरवा, पिपरी सहित कटरा घाट पुल तक के दुकानदारों व राहगीरों को भी वोट डालने के लिये प्रेरित किया। कहा मतदान आपका अधिकार ही नहीं नैतिक जिम्मेदारी भी है। मतदान कर जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य निभाएं।

मतदान के प्रति स्लोगन के साथ जागरूक करतीं महिलाएं। अमृत विचार

संगठन के पदाधिकारी दीपक तिवारी व सविता मिश्रा की अगुवाई में संगठन की महिलाएं सुनीता, विटटा, पुष्पा, रिंकी, रजनी, गुड़िया व मालती आदि ने मिलकर लोगों से अधिक से अधिक मतदान करने की बात कही। संगठन की पदाधिकारी सविता मिश्रा ने बताया कि उनका संगठन पूरे भारत वर्ष में फैला हुआ है। सभी जगहों पर संगठन द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने का काम चल रहा है।

बरामद हो रहे हैं असलहे, आते कहां से पता नहीं

लोकसभा चुनाव को लेकर बदमाशों के खिलाफ पुलिस चला रही अभियान

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: लोस चुनाव को लेकर पुलिस की कार्रवाई जारी है। अब तक कई अवैध तमंचे बरामद हो चुके हैं। अवैध तमंचे तो मिल रहे हैं लेकिन कौन इसे सप्लाई कर रहा इस सवाल का जवाब किसी के पास नहीं है।

जिले में 20 मई को लोस चुनाव होना है। प्रतिदिन जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से तमंचे बरामद हो रहे हैं। कौड़िया पुलिस ने नौ अप्रैल को बछैलबिहारी उर्फ ढोगई उर्फ शिवकुमार को तमंचे के साथ गिरफ्तार किया। नवाबगंज पुलिस ने नवाबगंज गिर्द निवासी सूरज निषाद को गिरफ्तार किया। आरोपी से 12 बोर तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद किया गया। इससे पहले आठ अप्रैल को नवाबगंज पुलिस ने ही सेमरा शेखपुर के शीतल पांडेय पुरवा निवासी जोगिंदर चौहान उर्फ जितेंद्र से तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद किया था। पांच अप्रैल को कर्नलगंज पुलिस व एसओजी टीम ने सराफा व्यापारी से लूट के चार आरोपी को गिरफ्तार किया था। 30 मार्च को इटियाथोक थाने के उप निरीक्षक विवेक कुमार मौर्य ने मौहरिया तिराहे से संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ उससे तमंचा बरामद किया गया। पुलिस तमंचा बरामद कर आरोपियों को जेल भेज देती है। खेप कहां से आ रही है। तमंचों की बरामदगी हो रही है। तमंचों की खरीद व बिक्री करने वाले लोग चुनाव में मुसीबत खड़ी कर सकते हैं। इससे इनकार नहीं किया जा सकता। पुलिस का दावा है कि अवैध असलहे को लेकर अभियान भी चलाया जाता है। पूर्व में कई फैक्ट्रियों को भी पकड़ा गया था जिस पर कार्रवाई की गई है। पुलिस चाहे जो भी दवा करें लेकिन अवैध तमंचा तो हर बार पुलिस को मिल जाता है। लेकिन बनाने वाले व पहुंचने वाले पुलिस के हाथ से काफी दूर हैं। अवध तमंचे के साथ अब तक चाहिए अपराधी पुलिस के कब्जे में आ चुके हैं यही लोग हैं जो चुनाव को भी प्रभावित करने का प्रयास करते हैं फिलहाल पुलिस के मुताबिक लगातार ऐसे लोगों को चिन्हित कर कार्रवाई की जा रही है जो अराजकता फैला सकते हैं। अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय ने बताया कि तमंचे के साथ पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर इसे बनाने वालों को चिह्नित किया जा रहा है। पूर्व में परसपुर के शाहपुर में तमंचा बनाने की फैक्ट्री पकड़ी गई थी। प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्षों को प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रयास किया जा रहा है कि अवैध तमंचों की तस्करी करने वालों पर भी शिकंजा कसा जा सके।

लोकसभा गोंडा से दो निर्दल प्रत्याशियों ने किया नामांकन

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार: लोस चुनाव को लेकर जिले में 26 अप्रैल से दो लोस सीटों पर नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हुई है। इसके अंतर्गत लोस क्षेत्र गोंडा से कुल दो लोगों ने नामांकन फार्म लिया है। लोस क्षेत्र कैसरगंज से भी दो लोगों ने फार्म लिया हैं।

गोंडा लोकसभा से धर्मवीर सिंह निवासी महीपत सिंह पुरवा ने एक सेट पर्चा लिया है। यह निर्दलीय उम्मीदवार हैं। कैसरगंज लोकसभा से जयचंद सिंह निवासी गद्दोपुर ने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में एक सेट पर्चा लिया है। सैयद कासिम राजा निवासी पटेल नगर ने भी गोंडा लोकसभा से एक सेट पर्चा लिया है। जयचंद सिंह निवासी करनैलगंज ने कैसरगंज लोकसभा से एक सेट पर्चा लिया है। इसके अलावा कैसरगंज लोकसभा से ही बहराइच के रहने वाले भगत राम मिश्रा ने भी दो सेट में पर्चा लिया है। नामांकन प्रक्रिया के पांचवें दिन दो लोगों ने नामांकन किया है। लोस क्षेत्र गोंडा से दो प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। जिसमें अरुणिमा पाण्डेय निवासी मकान नंबर 4/105 गोमती नगर लखनऊ ने लोकसभा गोण्डा से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन किया है। दूसरे उम्मीदवार विनोद कुमार सिंह निवासी ग्राम बछईपुर रुद्र गढ़नौसी मुजेहना गोण्डा ने लोस गोंडा से भारतीय उदय निर्माण पार्टी से नामांकन किया है।

स्वीप चौपाल में वोटरों को किया जागरूक

मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन लगातार आमजन को कर रहा प्रेरित

संवाददाता, बभनजोत

अमृत विचार: आगामी 20 मई को मतदान होना है मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन के द्वारा लगातार आम लोगों को जागरूक करने का काम किया जा रहा है।

इसी क्रम में मंगलवार को विकासखंड बभनजोत के ग्राम पंचायत पिपरा महिमा आंगनबाड़ी केंद्र में स्वीप चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें एडीओ पंचायत हुकुम सिंह ने मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करते हुए आगामी 20 मई को जनपद में होने वाले सामान लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए शत प्रतिशत मतदान करने व आसपास के लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने की अपील की।

उन्होंने लोगों से बिना किसी प्रलोभन के मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि आप अपने मत की कीमत समझिए। आपके मत से सरकार का निर्णय होता है। आप सरकार निर्माता के साथ ही राष्ट्र निर्माता भी हैं। वहीं ग्राम विकास अधिकारी संतोष कुमार गुप्ता ने उपस्थित लोगों को लोकतंत्र में पूर्ण आस्था रखते हुए देश के लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर ग्राम प्रधान आसमा खातून, बीएमएम आकाश वर्मा, बीएमएम रोहित हसन समेत गांव के लोग उपस्थित रहे।

बीईओ ने लोगों को दिलाई मतदान करने की शपथ

परसपुर, अमृत विचार : उप्रावि त्यौरासी में मंगलवार को सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक मतदाता (स्वीप) अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। बतौर नोडल अधिकारी खंड शिक्षाधिकारी परसपुर सुशील कुमार सिंह ने मतदान के प्रति लोगों को प्रेरित किया। बीईओ ने उपस्थित लोगों को लोकतंत्र में पूर्ण आस्था रखते हुए देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाये रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर आशीष कुमार सिंह, आलोक सिंह, नंद कुमार सिंह, बृजेश कुमार पांडेय, अर्जुन कुमार सिंह, सत्येन्द्र सिंह, मनोज कुमार यादव आदि उपस्थित रहे।

हमारे फर्स्ट वोटर

पहली बार करूंगी अपने मताधिकार का प्रयोग

पहली बार मतदाता सूची में मेरा नाम आया है। मैं अपने मताधिकार का प्रयोग करके जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य निभाऊंगी। 20 मई को सबसे पहले वोट डालूंगी उसके बाद कोई दूसरा काम करूंगी साथ ही अन्य लोगों को भी वोट डालने के लिए प्रेरित करूंगी। मेरा पहला वोट विकास और राष्ट्र के उत्थान के नाम पर जाएगा।

– **रश्मि ओझा**, बीकॉम छात्रा, सकरौरा ग्रामीण, करनैलगंज गोंडा

लोकसभा चुनाव में पहली मतदान करने को उत्साहित हूं

लोकसभा चुनाव में पहली बार अपने मताधिकार का उपयोग करने को लेकर मैं बहुत उत्साहित हूं। मेरा पहला वोट स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार के मुद्दे पर जाएगा। 20 मई को वोट डालकर जिम्मेदार नागरिक होने का कर्तव्य निभाऊंगा। पहली बार मताधिकार का प्रयोग करने बाद काफी खुशी होगी।

– **सौरभ गुप्ता**, स्नातक छात्र, मेहंदीहाता, करनैलगंज गोंडा

रंगोली, मेहंदी और रैली निकाल मतदाताओं को किया जागरूक

खरगूपुर, अमृत विचार: मतदाता जागरूकता अभियान के तहत छात्र-छात्राओं ने रैली निकाल मतदान के लिए शपथ दिलाई। श्री गुरुकुल मदन मोहन इंटर कॉलेज द्वारा रैली निकाली गई।

विद्यालय में स्लोगन, शपथ ग्रहण, मेहंदी, पोस्टर, हस्ताक्षर व रंगोली स्पर्धा हुई। छात्र-छात्राओं से कहा गया कि वह अपने माता-पिता के साथ ही पास पड़ोस के लोगों को भी अधिक से अधिक संख्या में मतदान में भाग लेने के लिए प्रेरित करें। विद्यालय के प्रबंधक भूपेंद्र तिवारी, प्रधानाचार्य दर्शन सोनकर व श्री गांधी आदर्श इंटर कालेज खरगूपुर के सहायक अध्यापक विद्या प्रसाद ने संयुक्त रूप से विद्यालय की छात्र छात्राओं को शपथ दिलाते हुए ज्यादा से ज्यादा लोगों को मतदान में भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही। कार्यक्रम में पूनम मिश्रा, रमन शुक्ला, जगदम्बा प्रसाद मिश्रा, ओपी भारती, अनिल तिवारी, राजेश मौर्य, अशोक मिश्रा, सरिता, ममता, नीलू व स्वाति आदि शिक्षक के अतिरिक्त छात्र-छात्राएं रहीं।

मेहंदी रचना के जरिए जागरूकता फैलातीं बेटियां। अमृत विचार

गर्मी: हीट वेव से बचाव के इंतजाम हैं नाकाफी

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: तपन ने लोगों की हालत खराब कर दी है। तेज धूप व गर्मी से आमजन बेहाल हो रहे हैं। वेब हीट से जो बचाव के प्रबंध अस्पतालों में किए गए हैं वह कम पड़ रहे हैं। तेज धूप व गर्म हवा ने परेशानी बढ़ा दी है। लू से बुखार, उल्टी-दस्त सहित कई अन्य बीमारियों ने पांव पसार रखा है। जिले में हीट वेब से बचाव का इंतजाम नाकाफी है। मेडिकल कालेज व जिला महिला अस्पताल में हीट वेब वार्ड में सुविधा कम पड़ रही है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर लू से पीड़ित मरीजों को भर्ती किए जाने को लेकर इंतजाम सही नहीं है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर जरूरी दवाओं की उपलब्धता नहीं हो पा रही है। जिम्मेदारों पत्र भेज कर दायित्व से इतिश्री कर रहे हैं।

गर्मी का प्रकोप दिन ब दिन बढ़ता जा रहा है। कड़ाके की धूप होती है। दोपहर में तो घर से निकलना मुश्किल रहता है। शरीर में पानी की कमी से कई तरह की समस्या हो रही है। गर्मी के कारण मेडिकल कालेज सहित दूसरे अस्पतालों में रोगियों की संख्या बढ़ रही है। मेडिकल कालेज का पीडियाट्रिक वार्ड फुल हो गया है।

गांव की दीवार बनेगी पाठशाला

मनकापुर, अमृत विचार: तमन्ना कुछ करने की तो राह संवरते जाते हैं की तर्ज पर शिक्षा क्षेत्र मनकापुर के कंपोजिट विद्यालय सोनबरसा बक्सरा आज्ञाराम आए दिन सुर्खियों में रहता है। इसका कारण वहां के शिक्षकों का वह प्रयास और नवाचार है जो नित नए आयाम गढ़कर नौनिहालों को पढ़ने के लिए आतुर करते हैं। अभी कुछ ही दिन पहले इस स्कूल में प्रधानाध्यापक आलोक कुमार भारती द्वारा मन की बात बोलती पेटिका का उद्घाटन किया गया था।

इसी क्रम में स्कूल के शिक्षक बलजीत सिंह कनौजिया ने एक अभिनव प्रयोग किया है। इसके अंतर्गत शिक्षक विभिन्न गांव से पढ़ने के लिए आने वाले बच्चों के मजरा मजरा जाकर गांव के लोगों से बातचीत करके और उनकी सहमति लेकर खाली दीवारों, खम्भों आदि पर नई इबारत लिखने का प्रयास किया है। जिस पर तमाम शैक्षिक सामग्री लिखी गई हैं। इस तरह शिक्षक ने गांव को पाठशाला का रूप देने का प्रयास किया है। ठीक उसी तरह से जब विद्यालय बंद हो जाएंगे वह रविवार का दिन हो या ग्रीष्म अवकाश या शरद अवकाश ऐसे समय में बच्चे अपने को स्कूल से अलग महसूस नहीं करेंगे। जब वह गांव की दीवारों को देखेंगे तो वह दीवारें उन्हें प्रेरित करेंगे कि हमें पढ़ना है कुछ बनना है और वह झोला खोलेंगे कुछ लिखेंगे पढ़ेंगे और कुछ दीवारों से भी सीखेंगे।

दीवारों पर पढ़ने के लिए लिखी गईं कुछ इबारतें। अमृत विचार

एक नजर

पति, सास और देवर ने महिला को पीटा

इटियाथोक, अमृत विचार : ग्राम शुकुल पुरवा बेलवा करमडीह की रेनू तिवारी ने आरोप लगाया है कि मंगलवार को पति मेवालाल, सास कुसमा देवी व देवर शिवा ने लाठी डंडे से मारा पीटा। रेनू तिवारी ने बताया कि उनकी बुआ का घर उसके घर के बगल में है। जब वह बुआ के यहां जाने लगी तो पति, सास व देवर ने वहां जाने से मना कर लाठी डंडे से मारा पीटा। घटना की सूचना थाने पर दी गई है।

घर से निकला अधेड़ लापता, गुमशुदगी दर्ज

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार : घर से निकाला अधेड़ वापस नहीं आया। पत्नी ने परसपुर थाने में गुमशुदगी का दर्ज कराया है। परसपुर थाना क्षेत्र का लोहंगपुर के रहने वाले समयलाल अपने घर से किसी काम से निकले थे जो वापस नहीं आए। परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। उनकी पत्नी सावित्री देवी ने परसपुर थाने में तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कराई है।

अनियंत्रित एंबुलेंस पलटने से चालक हुआ घायल

परसपुर, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के मरचौर में हुए मारपीट मामले की कॉलर की सूचना पर सोमवार की देर रात में जा रही एम्बुलेंस गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। जिससे एम्बुलेंस वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। एम्बुलेंस में तैनात बतौर चालक विवेक पाण्डेय व एमटी चंद्रशेखर नामक दो लोग चोटिल हो गये। जिन्हें उपचार के लिये सीएचसी परसपुर लाया गया। बताया जा रहा है कि कॉलर की सूचना पर मरचौर जा रही एम्बुलेंस मधईपुर कुर्मी के पसका मार्ग मोड़ के समीप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। चालक के मुताबिक गाड़ी में अचानक तकनीकी खराबी ब्रेक फेल होने से हादसा हुआ।

जिसे बनाया पालना घर वहां मिला टीनशेड, मान्यता रद की कार्रवाई

बीएसए के निरीक्षण में मिली भारी गड़बड़ी, दूसरे स्थान पर बनेगा पालना घर

संवाददाता, मनकापुर

अमृत विचार: बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रेम चंद यादव ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर तहसील मुख्यालय पर प्रस्तावित विद्यालय में पालना घर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में अनियमितता मिलने पर विद्यालय की मान्यता रद करने की कार्यवाही करते हुए पालना घर दूसरे विद्यालय में बनाये जाने के लिए जिलाधिकारी को पत्र लिखा है।

जनपद में बीस मई को लोकसभा का चुनाव होना है जिसमें जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने लोकसभा चुनाव में लगे कर्मियों के पाल्य जो काफी छोटे है उनके लिए तहसील मुख्यालयों पर पालना घर बनाये जाने के निर्देश दिए हैं। जिनमें कर्मी जब तक चुनाव कार्य में रहेंगे उनके बच्चों को वहां रोककर उनकी देखभाल की जाएगी।

इसी स्कूल के कक्ष में बनाया गया था पालनाघर, जिसमें मिली टूटी बेंच व टीन की छत।

इसी क्रम में मनकापुर नगर स्थित मॉडर्न पब्लिक स्कूल को पालना घर बनाये जाने के लिए प्रस्तावित किया गया था। सोमवार को विद्यालय में व्यवस्थाओं का जायजा लेने पहुंचे बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रेम चंद यादव ने विद्यालय में बिना पक्के बिल्डिंग के संचालित होना पाया, जिसको लेकर उन्होंने काफी नाराजगी जाहिर करते हुए विद्यालय की मान्यता को रद्द करने की बात कही। साथ ही पालना घर के लिए फातिमा इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया, जिसमें उन्हें सभी व्यवस्था मानक अनुरूप मिली। फातिमा स्कूल को पालना घर बनाये जाने के लिए जिलाधिकारी को पत्र भेजा है। बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रेमचंद ने बताया कि पालना घर की व्यवस्थाओं को देखने के लिए मॉडर्न स्कूल का सोमवार को निरीक्षण किया गया, जिसमें विद्यालय टीन शेड में चलता हुआ पाया गया जबकि मान्यता तभी मिलती है जब विद्यालय में पक्के कमरे बने होना चाहिए और भी अन्य सुविधाएं जो विद्यालय में होनी चाहिए वह अनुरूप नहीं था। विद्यालय की मान्यता रद्द के लिए कार्यवाही करते हुए। पालना घर को फातिमा स्कूल में बनाया जाएगा जिसके लिए जिलाधिकारी को पत्र भेज दिया गया है। वही विद्यालय प्रधानाचार्य नीलम प्रकाश पाठक ने अपना पक्ष बताते हुए कहा कि विद्यालय किराये के भवन में संचालित किया जाता है इसलिए पक्के कमरे नहीं बनाये जा सके। अगर अधिकारियों द्वारा कुछ समय दिया जायेगा तो मकान मालिक से वार्ता कर निर्माण करा दिया जाएगा।

आवास दिलाने के नाम पर ऐंठ लिए 14 हजार रुपये, अब दे रहे धमकी

उमरी बेगमगंज, अमृत विचार: तुम्हारी कॉलोनी आ गई है पैसे दो नहीं तो कट जाएगी। प्रधान पति ने आवास का झांसा देकर 14 हजार ऐंठ लिए, कॉलोनी भी नहीं मिली और पीड़ित द्वारा पैसा वापस मांगने पर उसे धमकाया जा रहा है।

मामला ग्राम पंचायत बरौली का है। मामले का ऑडियो और वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। आवास के नाम पर वसूली का यह दूसरा मामला है, जिसमें प्रधान पति पर आरोप लगाया गया है। अपेक्षित कार्रवाई न होने से प्रधान पति के हौसले बुलंद हैं। अमृत विचार प्रतिनिधि ने वायरल ऑडियो और वीडियो की हकीकत परखी तो सच सामने आया। पीड़ित ने फोन पर सच्चाई बताई। विखं बेलसर की ग्राम पंचायत बरौली निवासी राकेश यादव और प्रधान पति रामानंद के बीच बातचीत का ऑडियो वायरल हो रहा है, जिसमें प्रधान पति पैसा मिलने पर वापस देने की बात कह रहे हैं। दूसरी तरफ पीड़ित ने अपना बयान देते हुए एक वीडियो जारी किया है, जिसमें उसने बताया कि करीब डेढ़ वर्ष पहले आवास दिलाने के नाम पर प्रधान पति ने 14 हजार रुपए लिए थे। सूची में नाम होने के बावजूद आवास नहीं मिल पाया और प्रधान पति द्वारा पैसा भी वापस नहीं किया जा रहा है। पीड़ित ने बताया कि पैसा वापस मांगने पर धमकी दी जा रही है। पीड़ित के अनुसार उसने पैसा ब्याज पर लिए था जो बढ़कर 24 हजार हो गया है।

दूसरी बार मामला आया सामने

पीएम आवास के नाम पर वसूली करने का बरौली प्रधान पति पर दूसरी बार आरोप लगा है। इसके पहले आवास के नाम पर गोडियन पुरवा बरौली निवासी संवारे से 5 हजार की मांग करने का ऑडियो वायरल हुआ था लेकिन शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई थी। खंड विकास अधिकारी विजयकांत मिश्र ने कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से ऑडियो वीडियो मिला है। छानबीन की जा रही है।

सामाजिक कार्य करना ही जीवन का मूल उद्देश्य : गीता

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार : गीता चैरिटेबल फाउंडेशन की डायरेक्टर गीता पांडे द्वारा फिर से समाज में एक सराहनीय कार्य किया गया। उनके प्रयास से गुड़गांव से निशुल्क सेवा में बस बुक कराके 50 महिलाओं व 30 पुरुषों को राम लला का दर्शन करने के लिए अयोध्या लाया गया। वहां से आए हुए सभी श्रद्धालुओं ने गीता पांडे का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इन्हीं के सहयोग से हम लोग भगवान राम का दर्शन कर पाए हैं। उसके बाद श्रद्धालुओं को गोंडा लाया गया। यहां पर भी उन्हें कुछ मंदिरों का दर्शन कराया गया। तत्पश्चात गोंडा में गीता चैरिटेबल फाउंडेशन के नाम से जो संस्था बनाई जा रही है उसको भी दिखाया गया और उसके बारे में सभी को जानकारी दी गई। इस मौके पर रामप्रताप मिश्रा, जगन्नाथ प्रसाद, देव प्रकाश ओझा, संदीप कुमार तिवारी, नीरज तिवारी, संतोष कुमार ओझा, देवांग मिश्रा, राजा मिश्रा, निक्की मिश्रा रहे।

कर्मचारियों को सम्मानित करते एसओसी। अमृत विचार

चकबंदी के दो कर्मियों को दी भावभीनी विदाई

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार : चकबंदी विभाग में कार्यरत दो कर्मचारियों की अधिवर्षता आयु पूर्ण होने पर मंगलवार को वे सेवानिवृत्त हो गए। विभाग द्वारा उनकी विदाई दी गई। बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी देवेंद्र सिंह ने सेवानिवृत चकबंदी लेखपाल संघ के अध्यक्ष राम नरेश वर्मा व चकबंदी कानूनगो इनायतुल्ला को धार्मिक पुस्तक, अंग वस्त्र देते हुए कहा कि सेवनिवृति एक प्रक्रिया है। कर्मचारी अपने परिवार में खुशहाल रहे। यही शुभकामनाएं हैं। एसओसी ने कर्मचारियों के कार्य की तारीफ की। इस अवसर पर चकबंदी अधिकारियों राजकुमार, लवलेश मिश्र, सुधीर राय, श्रीकांत गौड़, जितेंद्र कुमार वर्मा, अखिलेश पाण्डेय, प्रीतम वर्मा, राकेश वर्मा के अलावा हरगोविंद वर्मा, संदीप रावत, सर्वेश कुमार शुक्ला, बंशीलाल, ओंकार शुक्ला, तेजनारायण, संसारमणि कौशल, सुभाष, सुदामा सिंह, अरुण शर्मा, अमरेंद्र पांडे, अनिल जयसवाल आदि ने अपने विचार रखते हुए सेवानिवृत कर्मचारियों को नई पारी की शुरुआत करने के लिए बधाई दी।

लाल मिर्च झोंक 40 हजार लेकर फरार उचक्कों का अब तक पता नहीं

नवाबगंज, अमृत विचार: सर्राफा व्यवसायी की आंख में लाल मिर्च पाउडर झोंककर हुई लूट के मामले में 24 घंटे बाद भी पुलिस को सफलता नहीं मिली। पुलिस ने व्यापारी की तहरीर पर दो अज्ञात बाइक सवारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कस्बा संचरही मोहल्ला निवासी अमित कुमार सोनी ने तहरीर में बताया उसकी कोल्हमपुर बाजार में ज्वैलरी और बर्तन की दुकान है। सोमवार को वह दुकान बंद कर झोले में चालीस हजार नगद बाइक की डिग्गी में रख कर अपने परिचित दुकानदार सतीश पाठक के साथ घर की तरफ आ रहा था। मनकापुर -नवाबगंज मार्ग पर पेट्रोल पंप के पास एक बाइक पर दो लोग पीछे से पहुंचे और मनकापुर जाने का रास्ता पूछा। रास्ता बताने के लिए जैसे ही हमने बाइक रोकी लोगों ने हम दोनों की आंख में लाल मिर्च का पाउडर झोंक दिया और बाइक सवार एक युवक डंडा लेकर बाइक में लगी डिग्गी का लाक तोड़ने लगा और दूसरे ने तमंचा निकाल धमकाते हुए बाइक की चाबी निकाल डिग्गी का लाक खोल बैग निकाल लिया जिसमें रखा चालीस हजार रुपए नगद और लाकर की चाभी तथा दूकान का कागजात लेकर मनकापुर की तरफ भाग गए। घटना की सूचना मिलते ही रात में सीओ तरबगंज, वजीरगंज तथा नवाबगंज की पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर जांच पड़ताल में जुटी रही। पुलिस ने रात में ही सर्राफा व्यापारी के दुकान में लगी सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ लूट का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। शीघ्र ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

जांच-पड़ताल के बाद मनरेगा से हटाए गए छह हजार मजदूर

संवाददाता बेलसर

अमृत विचार: जांच के बाद विकासखंड बेलसर के 48 ग्राम पंचायतों से छह हजार मनरेगा मजदूरों के नाम हटा दिए गए हैं। विकास खंड बेलसर में 54 ग्राम पंचायतें थीं।

नवसृजित नगर पंचायत बेलसर के गठन के बाद छ ग्राम पंचायत बेलसर, परसदा, मुजेड़, देवरदा, चांदपुर, बरसड़ा, नगर पंचायत में शामिल हो गईं। जिससे काफी संख्या में मजदूरों के जॉब कार्ड निष्प्रयोजय हो गए। उधर लॉकडाउन खत्म होने के बाद ग्राम पंचायतों में काम करने वाले मनरेगा मजदूरों का फिर शहर की तरफ पलायन हो गया। कुछ लोगों की आयु सीमा अधिक हो गई, जिससे करीब छह हजार जॉब कार्ड धारकों की संख्या ब्लॉक मुख्यालय से हटा दी गई है।

एपीओ पूनम शुक्ल ने बताया कि सचिवों की जांच के बाद मृतक, अधिक आयु सीमा, बाहर नौकरी करने वाले जॉब कार्ड धारकों की संख्या हटाई गई है। जो मनरेगा मजदूर हैं उन्हें कार्य दिया जा रहा है। प्रयास किया जा रहा है कि सभी जॉब कार्ड धारकों को अपने ग्राम पंचायत में काम मिलता रहे।

फैक्ट फाइल

ग्राम पंचायतों की संख्या 48

जॉब कार्ड धारकों की संख्या 12400 लगभग

वर्तमान में कार्य में लगे मनरेगा मजदूरों की संख्या 1400

नगर पंचायत गठन से पूर्व ग्राम पंचायतों की संख्या 54

जॉब कार्ड धारकों की संख्या 18000 (लगभग)

नगर पंचायत में ग्राम पंचायत की संख्या छह

बेलसर, परसदा, मुजेड़, देवरदा, चांदपुर, बरसड़ा,

आग लगने से दो मवेशी झुलसे

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार: नवाबगंज थाना क्षेत्र के लौव्वाबीरपुर गांव में अज्ञात कारणों से लगी में दो मवेशी झुलस गये साथ झोपड़ी में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। लौव्वाबीरपुर गांव के सिंगराय पुरवा में मंगलवार की सुबह करीब 10 बजे रामकली पत्नी स्व रामगत की झोपड़ी में अज्ञात कारणों से अचानक आग लग गई। जब तक कोई कुछ समझ पाता तब तक झोपड़ी जलकर राख हो गई। जिसके साथ ही झोपड़ी में रखा अनाज, आलू, चारपाई, कपड़े, बिस्तर, भूसा और लगभग 06 हजार रुपये की पाइप जलकर राख हो गई। आग लगने से झोपड़ी के बाहर बंधी एक गाय और बछड़ा भी झुलस गए।

बाइक सवार ने बच्चे को मारी ठोकर, गंभीर

संवाददाता, खरगूपुर

अमृत विचार: विद्यालय जा रहे छात्र को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे गोंडा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत अमडोहवा के मजरा खुट पिपरा गांव निवासी कक्षा एक का पांच वर्षीय छात्र करण कुमार अपने गांव से दादी अर्चना देवी के साथ गोकरननाथ शिवाला स्थित एक विद्यालय में पढ़ने जा रहा था। खरगूपुर आर्य नगर मार्ग पर खुट पिपरा गांव के निकट खरगूपुर से आर्य नगर की ओर जा रहे बाइक सवार चालक ने टक्कर मार दी। जिससे छात्र करण कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद बाइक चालक बाइक समेत भाग निकला। घायल छात्र के चाचा राहुल कुमार तिवारी ने स्थानीय थाने में घटना के बाबत प्रार्थना पत्र दी है। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि दुर्घटना के बाद राहगीरों ने बाइक का नंबर नोट कर लिया था। उसी के आधार पर बाइक चालक के विरुद्ध लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर दुर्घटना करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। घायल बालक को गंभीर स्थिति में मेडिकल कॉलेज गोंडा में भर्ती कराया गया है।

अज्ञात वाहन चालक पर विभिन्न धाराओं में केस दर्ज

करनैलगंज, अमृत विचार : बारात से वापस लौट रहे बाइक सवार युवक की सड़क दुर्घटना में मौत मामले में मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। क्षेत्र के ग्राम देवी तिलमहा पंडापुरवा निवासी माधवराज नें कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि गत 27 अप्रैल की रात उनका बेटा टिंकू शुक्ला बारात करने परसपुर गया था। वापस लौटते समय मेहंदी हाता नचनी के पास अज्ञात वाहन चालक ने विपरीत दिशा में तेज गति व लापरवाही से वाहन चलाकर उसका एक्सीडेंट करके फरार हो गया था। जिससे उनके बेटे की मौके पर ही मौत हो गई थी। तहरीर के आधार पर पुलिस नें अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 279, 304 ए व मोटर व्हीकल्स एक्ट 184 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है। कोतवाल निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि मामले में केस दर्ज कर लिया गया अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

टेंपो की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार : वजीरगंज थाना क्षेत्र के अनुभुला गांव में टेंपो की ठोकर लगने से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को नवाबगंज सीएचसी में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। बस्ती जनपद के सिकंदरपुर चौरी के छेदिया पारा गांव निवासी छबीले सिंह पुत्र संतोष सिंह बाइक से अपनी बहन के यहां निमंत्रण में शामिल होने गया था वहां से वापस घर लौटते समय रास्ते में अनुभुला गांव में अयोध्या-गोंडा राजमार्ग पर पीछे से आ रहे टेंपो ने उसकी बाइक में ठोकर मार दी और फरार हो गया।जिससे बाइक पर सवार छबीले सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।

बैंक की सुरक्षा को लेकर पुलिस ने चलाया अभियान

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार : मंगलवार को पूरे जिले में बैंक की प्रतिष्ठानों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अभियान चलाया गया। सभी क्षेत्राधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्र में पुलिस कर्मियों के साथ एटीएम, बैंक आदि वित्तीय संस्थानों पर जाकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए लोगों को जागरूक किया। सभी थाना अध्यक्षों व चौकी इंचार्ज ने बैंक पर पहुंचकर सुरक्षा में लगे पुलिसकर्मियों से बातचीत की तथा बैंक में मौजूद रहे ग्राहकों से भी वार्ता कर सुरक्षा के बारे में जानकारी प्राप्त की। अपने-अपने क्षेत्रों में चेकिंग के दौरान बैंक, एटीएम ग्राहक सेवा केन्द्रों व अन्य वित्तीय संस्थानों के आस-पास संदिग्ध अनावश्यक खड़े व्यक्ति की चेकिंग की गयी। पुलिस कर्मियों ने सुरक्षा को लेकर बैंक प्रबंधकों से भी बातचीत की। उनसे कहा कि यदि कोई अनावश्यक रूप से बैंक परिसर के आसपास घूम रहा हो तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें।

इंडिया गठबंधन को करें मजबूत

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: इंडिया गठबंधन से जुड़ी सभी पार्टियों की बैठक आयोजित की गई। इसमें कांग्रेस के जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार मिश्रा व सपा के जिलाध्यक्ष अरशद हुसैन मौजूद रहे। इंडिया गठबंधन सपा की गोंडा लोकसभा प्रत्याशी श्रेया वर्मा को लेकर रणनीति बनाई गई।

बैठक में आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष उत्तम चंद्र नागेश, कम्युनिस्ट पार्टी लेनिन वादी के जमाल अहमद एवं रविंद्र कुमार श्रीवास्तव एडवोकेट ने समर्थन पत्र सौंपते हुए गठबंधन की प्रत्याशी को अपना सहयोग देने की बात कही। सभी पार्टियों के जिला अध्यक्ष ने किसान, गरीब, नौजवान एवं महंगाई भ्रष्टाचार को समाप्त करने का संकल्प लेते हुए केंद्र में इंडिया गठबंधन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

कांग्रेस भवन में बैठक करते इंडिया गठबंधन के पदाधिकारी। अमृत विचार

सभी ने एक स्वर में कहा कि लोकतंत्र बचाने के लिए अब मुखर होने की आवश्यकता है। देश में तोड़ने वालों को जगह नहीं मिलेगी। देश जोड़ने वालों से चलेगा। देश में सभी लोग मिलकर रहते हैं आवश्यकता के अनुसार इंडिया गठबंधन को मजबूत किया जा रहा है।

बैठक का संचालन कांग्रेस जिला प्रवक्ता शिव कुमार दुबे ने किया तथा उपस्थित सभी गठबंधन साथियों का आभार समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता जावेद खान ने किया।

मेडिकल कंपनी ने आयोजित की कार्यशाला

परसपुर, अमृत विचार : नपं के महर्षि दयानंद वैदिक इंटर कॉलेज में मंगलवार को ब्लू क्रास लेबोरेटरी मुम्बई के तत्वावधान व नई शिक्षा नीति के संदर्भ में विद्यालय के गृह विज्ञान विभाग की शिक्षिका निधि सिंह एवं निधि चतुर्वेदी के निर्देशन में डिसमेनोरिया (मासिक धर्म में दर्द) विषय पर कार्यशाला आयोजित की गयी। ब्लू क्रास लेबोरेटरी मुम्बई के रीजनल मैनेजर आशुतोष पाठक ने विद्यालय की कक्षा 9 से 12 तक के बालिकाओं को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए किशोरावस्था में हार्मोनल चेंज से शरीर में होने वाले बदलाव के बारे में जानकारी देते हुए मासिक धर्म के समय होने वाली परेशानियों, मासिक धर्म से जुड़ी भ्रांतियों के प्रति जागरूक करते हुए आवश्यक जानकारी दी गयी। वहीं एलईडी प्रोजेक्टर के माध्यम से बालिकाओं को प्रशिक्षित करते हुए निशुल्क अवश्य किट भी उपलब्ध कराई गयी।

चौपाल में ग्रामीण हुए जागरूक

संवाददाता, कटरा बाजार

अमृत विचार: थाना क्षेत्र के मथुरा गांव में प्रभारी निरीक्षक थाना कटरा बाजार व चौकी इंचार्ज माधोपुर ने चौपाल लगाकर ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक किया।

प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार गुप्ता ने कहा कि मतदान लोकतंत्र का महापर्व है। यह मतदान हमारा अधिकार व कर्तव्य दोनों हैं, बिना लालच व दबाव के स्वतंत्र रूप से आप सभी मतदान करें, यदि कोई व्यक्ति डरा-धमकाकर वोट लेने का प्रयास करता है तो तत्काल इसकी सूचना निर्वाचन आयोग के नंबर पर दर्ज कराएं या स्थानीय पुलिस को तत्काल सूचित करें। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि प्रशासन पूरी तरह निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए कटिबद्ध है।

गांव में चौपाल लगाकर ग्रामीणों को जागरूक करते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

चौकी इंचार्ज माधवपुर प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि सभी लोग आदर्श आचार संहिता का पालन करें, अवांछनीय तत्वों पर प्रशासन की नजर लगी हुई है आप सभी निर्भीक होकर मतदान करें। इस मौके पर प्रभावित निरीक्षक कटरा बाजार संजय कुमार गुप्ता, चौकी इंचार्ज पुलिस चौकी माधोपुर प्रमोद कुमार सिंह, कांस्टेबल अभिषेक प्रजापति, कांस्टेबल नंदलाल कुमार गौड़, कांस्टेबल अभिषेक पांडेय, चालक जय प्रताप सिंह, पूर्व प्रधान राजकुमार सिंह, रामनारायन गौतम, अमरनाथ सिंह, प्रताप नारायण सिंह, रूद्रपाल सिंह, राधेश्याम राव आदि मौजूद रहे।

स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 का एक्शन प्लान हो तैयार: डीएम

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार: कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम नेहा शर्मा की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 के दृष्टिगत समीक्षा बैठक हुई। इसमें डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन, कूड़ा पृथक्करण, प्रोसेसिंग प्लाण्ट (एमआरएफ कम्पोस्ट यूनिट, सीएण्डडी वेस्ट यूनिट), आरआरआर सेंटर, सिटी ब्यूटिफिकेशन, जीवीपी प्वाइंट्स, ट्यूलिप इंटर्स, होम कम्पोस्टिंग, आत्मनिर्भर वार्ड आदि को लेकर विस्तृत चर्चा की गयी। बैठक में समस्त नगर निकाय के अधिशासी अधिकारियों को अपने-अपने निकायों का स्वच्छ सर्वेक्षण- 2024 का एक्शन प्लान तैयार करने के लिए निर्देशित किया गया।

स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 को लेकर बैठक करतीं डीएम नेहा शर्मा। अमृत विचार

इस मौके पर नगर मजिस्ट्रेट विजय शर्मा, सभी अधिशासी अधिकारी, एलबीसी अनिल सिंह, मंडल कार्यक्रम प्रबंधक प्रियंका यादव, जिला कार्यक्रम प्रबंधक नितेश राठौर, आलोक श्रीवास्तव व संबंधित निकायों के स्वच्छ भारत मिशन प्रभारी व कम्प्यूटर ऑपरेटर मौजूद रहे।

दो पक्षों की मारपीट में तीन महिलाओं समेत छह घायल

परसपुर, अमृत विचार : खिड़की के बगल ईंट रखने के विवाद को लेकर दो पक्ष आमने सामने आ गये। दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडा चला जिससे तीन महिला सहित छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों से आठ लोगों के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है। परसपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सरदार पुरवा डेहरास निवासी प्रवीन पत्नी मुबारक ने पुलिस को सूचना दी कि उनके पड़ोसी बरकत अली, जाकिर, अमीन तथा बरकत अली की पत्नी नाम अज्ञात खिड़की से सटाकर लकड़ी व ईंट रखने के विवाद को लेकर उपरोक्त लोग सोमवार को रात में उनके घर चढ़ आए और मारने पीटने लगे। बचाने आये सत्तार अली व शहबाज को भी पीटा। दूसरे पक्ष के बरकत अली ने बताया कि फिरोज, सैफ अली, शहबाज उनके घर चढ़कर आये और अनायास गाली गलौज देते हुए लाठी डंडे से मारने लगे मारपीट में जैबुल निशा पत्नी बरकत अली को भी चोटें आयी हैं।

सीएमएस ने लिया अस्पताल का जायजा

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार : महिला अस्पताल में अव्यवस्था कम होने का नाम नहीं ले रही है। भीषण गर्मी में लोग परेशान हैं। शिकायत होने पर अस्पताल के सीएमएस ने निरीक्षण कर दिशा-निर्देश दिए।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. देवेंद्र सिंह ने जिला महिला अस्पताल का निरीक्षण किया। अस्पताल आई गर्भवती व भर्ती प्रसूताओं से सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। आयुष्मान वार्ड, प्री डिलीवरी वार्ड सहित अन्य वार्डों का भ्रमण किया। प्रसव कराने में विलंब न करें। उन्होंने कहा कि गर्मी पड़ रही है। मरीज को अनावश्यक दौड़ाया ना जाए। जिसको जो समस्या है उसी हिसाब से इलाज किया जाए। पर्ची काउंटर पर भीड़ देखकर उन्होंने मरीज को क्रमवार खड़ा होकर पर्चा काटने का निर्देश दिया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने साफ सफाई व्यवस्था को और मजबूत करने को कहा उन्होंने कहा कि तीमारदार अनावश्यक रूप से वार्ड में ना रहे ।वह लोग वेटिंग रूम में बैठकर इंतजार करें। बहुत आवश्यक हो तो संबंधित मरीज के चिकित्सक से मिलकर अपनी समस्या को रखें। उन्होंने कहा कि आशा बहुएं अपने दायित्व का निर्वहन करें अनाज से किधर-उधर ना पहले सीएमएस ने चिकित्सा को बाहर से दवा ना लिखने को कहा। साथ ही निर्देशित किया कि यदि आवश्यक हो तो जांच लिखें । इस दौरान मुख्य फार्मासिस्ट शालिकराम त्रिपाठी उपस्थित रहे।

अस्पताल का निरीक्षण करते सीएमएस डॉ. देवेंद्र सिंह। अमृत विचार

अब ब्लॉक कर्मचारियों को मिलेगा ठंडा पानी

बेलसर, अमृत विचार : ब्लॉक कर्मियों को अब ठंडा पानी मिलेगा। दो सौ लीटर का वाटर कूलर लगाया गया है। विकास खंड मुख्यालय पर खंड विकास अधिकारी कार्यालय परिसर में दो सौ लीटर का वाटर कूलर सोमवार को लगा दिया गया है। अब ब्लॉक कर्मियों को ठंडा पानी मिलेगा। वहीं विकास कार्यों के लिए ब्लॉक मुख्यालय आने वाले ग्राम पंचायत के लोगो को भी ठंडा पानी मिल सकेगा। बीते एक साल से ब्लॉक मुख्यालय का वाटर कूलर खराब था जिससे ब्लॉक कर्मियों सहित क्षेत्रीय जनता व प्रतिनिधियों को ब्लॉक मुख्यालय आने पर पानी के लिए दिक्कत हो रही थी।

एक नजर

बिजली की लाइन से निकली चिंगारी, 5 बीघा फसल जली

श्रावस्ती, अमृत विचार। सिरसिया थाना क्षेत्र के बालापुर में ग्यारह हजार लाइन से निकली चिंगारी से शिव सहाय का पांच बीघे गेंहू की फसल जल गई। शिव सहाय के बगल स्थिति सिरसिया निवासी तीरथ पाल के खेत में लगे अरहर को भी आग ने अपने आगोश में ले लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से आग पर कड़ी मशक्कत से काबू पा लिया जिससे अरहर के फसल को ज्यादा नुकसान नहीं हुआ।

चार डाक्टर समेत 10 स्वास्थ्य कर्मियों का रोका वेतन

बलरामपुर, अमृत विचार। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पचपेड़वा मे निरीक्षण के दौरान डॉ. सोहिला, डॉ. कृष्ण कुमार यादव, डॉ. महताब आलम व डॉ. सुल्ताना अनुपस्थित मिली। साथ ही स्टाफ नर्स नीतू, एसटीएस महेंद्र सिंह रावत, बीसीपीएम राममनि गौतम, आप्टोमेट्रिस्ट राजकुमार सैनी, टेली मेडिसिन कर्मी कंचन सोनी व पवन कुमार चौधरी भी बिना सूचना के गायब मिले। सीएमओ ने बताया कि अनुपस्थित मिले सभी चिकित्सक व कर्मियों का वेतन रोक दिया गया है। जांच के दौरान यह भी पाया गया कि अस्पताल में तैनात डॉक्टर संगीता पांडेय काफी दिनों से अनुपस्थित चल रही हैं। सीएमओ ने उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया। अस्पताल कर्मियों को ड्यूटी के प्रति सख्त हिदायत दी गई। सीएमओ ने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने व प्रसूताओं को 48 घंटे तक अस्पताल में रोके जाने का निर्देश अधीक्षक को दिया है।

नेपाल सीमा पर लगा निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर

श्रावस्ती, अमृत विचार। सोमवार को रबीन्द्र कुमार राजेश्वरी, कमान्डेंट 62वीं वाहिनी भिनगा के दिशा निर्देशन में 'ऍफ़' समवाय ककरदरी के कार्यक्षेत्र ककरदरी गाँव एवं 'सी' समवाय तरुस्मा के कार्यक्षेत्र असनहरिया गाँव में निःशुल्क पशु चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान डॉ. ए. के. सिन्हा, कमान्डेंट (पशु चिकित्साधिकारी) सीमान्त मुख्यालय लखनऊ के द्वारा ककरदरी और असनहरिया गाँव के 30 ग्रामीणों के 55 पशुओं को निः शुल्क परामर्श के साथ दवाओं का वितरण किया गया और पशुओं को धूप और लू से बचाव के लिए अधिक से अधिक पानी पिलाने एवं हरे चारे खिलाने के लिये बताया गया। इस मौके पर समवाय तरुस्मा प्रभारी निरीक्षक चंद्रसेन एवं अन्य जवान और 'ऍफ़' समवाय ककरदरी से उप निरीक्षक विशन दत्त कश्यप, आरक्षी (पशु चिकित्सक) प्रदीप कुमार और अन्य जवान व ग्रामीण मौजूद रहे।

347 माइक्रो आब्जर्वर का हुआ रेंडमाइजेशन

बलरामपुर, अमृत विचार। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष, सकुशल, शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराए जाने एवं भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी के दिशानिर्देशों के क्रम में डीएम/ जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद सिंह की अध्यक्षता में 347 माइक्रो आब्जर्वर का प्रथम रेंडमाइजेशन एनआईसी सभागार में संपन्न हुआ। डीएम/ जिला निर्वाचन अधिकारी ने रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया को गहनता से देखा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चुनाव को निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं सकुशल रूप से संपन्न कराए जाने हेतु समस्त संवेदनशील एवं अति संवेदनशील बूथों पर माइक्रो आब्जर्वर लगाए जाएंगे। माइक्रो आब्जर्वर की निगरानी में सभी संवेदनशील अति संवेदनशील मतदान बूथों की वीडियोग्राफी कराई जाएगी। माइक्रो आब्जर्वर सीधे जिला निर्वाचन अधिकारी एवं प्रेक्षक को रिपोर्ट करेंगे। प्रथम रेंडमाइजेशन में सभी माइक्रो आब्जर्वर को कोड का आवंटन कर दिया गया है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य, जिला विकास अधिकारी गिरीश चंद्र पाठक, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अमित कुमार गौतम व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

माफिया के खिलाफ अब इनकम टैक्स व ईडी करेंगे कार्रवाई

बलरामपुर। पुलिस अधीक्षक बलरामपुर केशव कुमार द्वारा प्रदेश स्तर पर चिन्हित माफिया पूर्व सांसद रिजवान जहीर व जनपद स्तर पर चिन्हित माफिया पूर्व विधायक आरिफ अनवर हाशमी द्वारा अपराध से अर्जित सम्पत्ति के संबंध में बेनामी सम्पत्ति लेन-देन निषेध अधिनियम 1988 की धारा 20 व 21 के अन्तर्गत कार्रवाई किये जाने के लिए आयकर विभाग लखनऊ व प्रवर्तन निदेशालय लखनऊ को पत्राचार किया गया है। इन दोनों माफियाओं द्वारा अपराध से अर्जित चल/ अचल संपत्ति जिन्हें गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत जब्त/ कुर्क किया गया है, की सूचना भेजी गई है। माफिया रिजवान जहीर की तुलसीपुर/ लखनऊ की संपत्ति/ गाड़ियां व माफिया आरिफ अनवर हाशमी की सादुल्लानगर/ गोण्डा/ लखनऊ की संपत्ति आदि संपूर्ण विवरण कार्यवाही के लिए भेजा गया है। आगामी दिनों में इन दोनों लोगों की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं।

दूसरे दिन सपा प्रत्याशी का नामांकन दाखिल

▸▸ आठ उम्मीदवारों ने लिया नामांकन पत्र

कलेक्ट्रेट सभागार में नामांकन प्रक्रिया संपन्न करते डीएम अरविंद सिंह। अमृत विचार

बलरामपुर, अमृत विचार। श्रावस्ती लोकसभा तथा गैंसड़ी विधानसभा के उपचुनाव में हो रहे नामांकन के दूसरे दिन श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र से सपा प्रत्याशी के प्रस्तावक ने एक सेट नामांकन पत्र दाखिल किया। दूसरे दिन कुल 8 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र लिया है। गुरुवार से नामांकन प्रक्रिया में तेजी आने की संभावना जताई जा रही है।

मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारी/ डीएम अरविंद सिंह की मौजूदगी में सपा प्रत्याशी राम शिरोमणि वर्मा के प्रस्तावक परशुराम ने एक सेट नामांकन पत्र दाखिल किया है। इसके अलावा शांति देवी निर्दलीय, मोइनुद्दीन बसपा, हनुमान प्रसाद किसान संघर्ष मजदूर पार्टी ,कुमारी गीता गौतम राष्ट्रीय जनता पार्टी, कृष्ण कुमार निर्दलीय, रामदीन कांग्रेस, धीरेंद्र प्रताप सिंह निर्दलीय, युगल किशोर आम जनता पार्टी तथा अहमद दिया खान ने पीस पार्टी उम्मीदवार के रूप में नामांकन पत्र लिया है। सपा सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रत्याशी राम शिरोमणि वर्मा 3 मई को खुद एक सेट नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। गुरुवार से नामांकन प्रक्रिया में तेजी आने की संभावना है। दूसरे दिन भी नामांकन प्रक्रिया पूरी तरह शांतिपूर्ण रही। चुनाव आचार संहिता का पूर्ण रूप से पालन कराया गया।

परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी की तरह काम कर रहा है पीडीए : ब्रजेश पाठक

उप मुख्यमंत्री ने जमकर साधा निशाना, कहा डिरेल हो चुकी हैं विपक्षी पार्टियां

उतरौला/बलरामपुर, अमृत विचार। देश में इंडी तथा प्रदेश में पीडीए के रूप में चुनाव लड़ रहा सपा-कांग्रेस गठबंधन परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी की तरह काम कर रहा है। लोगों को लोकतंत्र और संविधान का खतरा बताकर डराया जा रहा है। विपक्षी पार्टियां पूरी तरह से डिरेल हो चुकी हैं। इनके पास कोई मुद्दा नहीं है। यह लोग भाजपा के बढ़ते जनाधार से घबराए हुए हैं और अनाप-शनाप बयान दे रहे हैं।

बलरामपुर के शिवपुर में कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

यह बातें मंगलवार को सूबे के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने उतरौला के शालीमार मैरिज हाल तथा शिवपुरा के रामलाल मोहनलाल इंटर कॉलेज के मैदान में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के दिन रात मेहनत का परिणाम है कि आज प्रदेश व केंद्र में भाजपा की सरकार है। केंद्र वह प्रदेश सरकार की चलाई जा रही योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्तियों को मिल रहा है। कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ है और कार्यकर्ता के दम पर ही आज भारतीय जनता पार्टी की सरकार देश व प्रदेश में है।

उन्होंने कहा कि पूरे देश में बीजेपी और उसके सहयोगी दलों की लहर चल रही है। प्रथम व द्वितीय चरण के चुनाव में प्रदेश की 16 सीटों पर भाजपा गठबंधन अपना परचम लहरा रही है। पश्चिम से लेकर पूर्वांचल तक भाजपा गठबंधनों की सुनामी चल रही है। यह चुनाव भारत के झंडे को आकाश की बुलंदी तरफ ले जाने ले जाने वाले मोदी व अपनी बचकाना हरकतों से देश को नीचा दिखाने वाले राहुल गांधी के बीच है। किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान योजना सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ देश व प्रदेश की जनता को मिल रहा है। आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख तक का इलाज मुफ्त हो रहा है। लोगों को आवासीय मकान आवासीय पक्का मकान उपलब्ध कराया जा रहा है। किसानों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली दी जा रही है पहले प्रदेश की सरकारी कुछ जिलों को ही 24 घंटे विद्युत आपूर्ति देती थी लेकिन प्रदेश के 75 जिलों में बिना किसी भेदभाव के विद्युत आपूर्ति की जा रही है। गोंडा तथा श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र में 5 हजार करोड़ की लागत से रेल लाइन की मंजूरी भी मिल गई है।

सांसद गोण्डा कीर्तिवर्धन सिंह ने तीसरी बार मोदी को प्रधामंत्री बनाये जाने की अपील की। विधायक राम प्रताप वर्मा ने कहा कि विपक्ष मुद्दाविहीन है इसलिये वह लोगों को धर्म व जाति के नाम पर बांटने का प्रयास कर रहा है। इनसे होशियार रहने की आवश्यकता है। श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र प्रत्याशी साकेत मिश्रा ने लोगों से देश में एक बार फिर भाजपा सरकार बनाने के लिए समर्थन मांगा। तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला तथा बलरामपुर सदर विधायक पलटूराम ने भी भाजपा लोकसभा प्रत्याशी के पक्ष में लोगों से समर्थन मांगा।

इस अवसर पर बीजेपी जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह, लोकसभा प्रभारी अवधेश श्रीवास्तव, लोकसभा संयोजक शंकर दयाल पांडे, जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी, विधानसभा प्रभारी बृजेन्द्र तिवारी, अनूप गुप्त, देवानन्द गुप्त, राकेश तिवारी, महिपाल चौधरी, पंकज सिंह ब्लाक प्रमुख, सुधीर श्रीवास्तव, केके गुप्त, अतुल यादव, फणीन्द्र गुप्त व महेंद्र सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

कहीं कच्ची शराब तो कहीं चालान कर लगाया समन शुल्क

कार्यालय संवाददाता, श्रावस्ती

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव को लेकर श्रावस्ती जिले की पुलिस अपराधियों के प्रति काफी कड़े रुख अपना रही है। कहीं अवैध कच्ची शराब तो कहीं वाहन चेकिंग के नाम पर अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया के निर्देश पर जिले की सोनवा थाना की पुलिस में गुरु प्रसाद पुत्र बंसीलाल निवासी सोनवा तथा प्रदीप पुत्र गोमती निवासी दुर्गापुर सोनवा को 28 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर साथ आबकारी अधिनियम के अंतर्गत जेल रवाना किया गया।

वहीं सिरसिया पुलिस ने नासिर पुत्र नजीर निवासी विशंभरपुर रामेश्वर वर्मा पुत्र शालिग्राम वर्मा निवासी पंडित पुरवा तथा सहज राम पुत्र रामबरन निवासी धर्मांतापुर को 48 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। वही सोनवा पुलिस ने एक व्यक्ति को नाजायज चाकू के साथ गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर जेल रवाना किया गया। वहीं विभिन्न स्थानों की पुलिस ने सात व्यक्तियों के विरुद्ध पाबंदी लगाई 109 वाहनों का मोटर अधिनियम के अंतर्गत चालान करके 150000 रुपए समन किया गया। चुनाव के मद्देनजर जिले में सतर्कता बढ़ा दी गई है।

सार-संक्षेप

सदर विधायक ने अग्नि पीड़ितों को दी आर्थिक सहायता

सोनपुर गांव मे अग्नि पीड़ितों का हालचाल लेते सदर विधायक पलटूराम।

बलरामपुर। बलरामपुर सदर के अंतर्गत ग्राम सभा सोनपुर में सोमवार को अचानक लगी आग से तीन घरों के गृहस्थी जलकर राख हो गई थी। मंगलवार को सदर विधायक पलटू राम ने पीड़ितों से मिलकर आर्थिक सहायता देते हुए सरकार से सभी लाभ दिलाने का भरोसा दिलाया। मंगलवार को ग्राम सभा सोनपुर में पहुंचे सदर विधायक पलटूराम ने बताया कि सोमवार को तेज हवा एवं अज्ञात कारणों से लगी आग में छोटकउ मौर्य, सुरेश कुमार मौर्य व ननकाने मौर्य का गेहूं ,ज्वार ,नगदी, डनलप व चारपाई सहित गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया है। मौके पर पहुंचकर पीड़ितों की व्यक्तिगत आर्थिक सहायता की गई है। इसी के साथ ही राजस्व प्रभारी निरीक्षक श्री राम मिश्रा को अभिलंब सरकारी अनुमय सहायता प्रदान करने के लिए निर्देशित किया गया है। ग्रामीणों को सरकार की ओर से पूरी तरीके से सहायता दिलाने का आश्वासन दिया गया है। कहाकि इस समय जिले भर में भीषण अग्निकांड हो रहे हैं। लोगों की जागरूकता से इस पर काबू पाया जा सकता है। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख सदर गोविंद सोनकर भाजपा नेता मुक्ता प्रसाद तिवारी प्रधान प्रतिनिधि मोइनुद्दीन बृजेश यादव शोभाराम तिवारी दिनेश तिवारी वी साधु राम मौर्य सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

पचपेड़वा में 51 हज यात्रियों का हुआ टीकाकरण

बलरामपुर। मंगलवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी के निर्देश पर अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पचपेड़वा डॉक्टर विजय कुमार के मार्गदर्शन में मदरसा जामिया अरबिया मदरूल बिशनपुर टनटनवा पचपेड़वा में मंगलवार को कुल 51 हज यात्रियों का टीकाकरण किया गया। हज पर जाने वाले हज यात्रियों के लिए मदरसा जामिया अरबिया मदरूल में विशेष टीकाकरण शिविर लगाया गया, जिसमें हज यात्रियों को पोलियो के साथ-साथ फ्लू से बचने के लिए मेनिनजाइटिस व इन्फ्लुएंजा का अनिवार्य टीका दिया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने बताया कि हज यात्रा पर जाने से पहले सभी लोगों को पोलियो, मेनिनजाइटिस और इनफ्लुएंजा का टीका लेना अनिवार्य है। इसके प्रमाण पत्र के बिना हज यात्री सऊदी अरब में प्रवेश नहीं कर पायेंगे। हज यात्रा के दौरान किसी भी व्यक्ति को फ्लू का संक्रमण हो जाये, तो वह व्यक्ति अन्य व्यक्तियों को भी संक्रमित कर सकता है। हज पर आये दुनिया भर के जायरीन को ग्रसित कर सकता है। ऐसे में सभी व्यक्तियों को यह टीका लगाना अनिवार्य होता है, ताकि स्थान परिवर्तन के बाद होने वाले फ्लू का असर ना हो पाये। साथ ही बड़ों को पोलियो को भी खुराक दी जाती है, जिसका मुख्य कारण लोगों में जागरूकता लाना है। बड़ों को पोलियो टीका के माध्यम से यह संदेश देना है कि एक बड़े धार्मिक स्थल पर बिना पोलियो का टीका लगाये नहीं जा सकते हैं। इसलिए अपने बच्चों को भी संपूर्ण टीकाकरण अवश्य करवाएं। उन्होंने बताया कि यदि टीका लेने के बाद बुखार की समस्या आये, तो ऐसे में पारासिटामोल का एक टैबलेट खा सकते हैं, क्योंकि टीकाकरण के बाद बुखार आने की संभावना रहती है। अगला हज यात्रियों के लिए टीकाकरण का विशेष शिविर का आयोजन 1 मई 2024 को मदरसा अल जामे अतुल गौसिया अरबी कॉलेज उतरौला में किया जाएगा। इस विशेष टीकाकरण शिविर में डॉ श्याम जी श्रीवास्तव, हिमांशु वर्मा,अमरेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

विधायक ने अग्निपीड़ितों को बांटी राहत सामग्री

लंगडी जोत गांव में अग्नि पीड़ितों को राहत सामग्री देते विधायक। अमृत विचार

बलरामपुर। गत सोमवार को अचानक हुए अग्निकांड में ग्राम लंगडीजोत ग्राम पंचायत लालपुर बिशनपुर के लगभग तीन दर्जन घर जलकर खाक हो गए थे। मंगलवार को विधायक कैलाश नाथ शुक्ला ने मौके पर जाकर घटना स्थल का निरीक्षण किया। पीड़ित परिवारों को अपने स्तर से कुछ सहायता करते हुए प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश किया कि पीड़ित परिवारों को प्रशासन द्वारा अनुमन्य सहायता उपलब्ध कराएं। इस अवसर पर जिला मंत्री अवधेश तिवारी, मंडल अध्यक्ष ओम प्रकाश शुक्ला, वरिष्ठ कार्यकर्ता रामानुज प्रजापति एवं पवन कुमार शुक्ला, अजय तिवारी, डब्बू व रजनीश तिवारी आदि उपस्थित रहे।

झोलाछाप का क्लीनिक सील

सिसवा मेला में एसीएमओ द्वारा सील किया गया अवैध क्लीनिक। अमृत विचार

बलरामपुर, अमृत विचार। ग्रामीण क्षेत्र में चल रहे झोलाछाप डॉक्टर का क्लीनिक अपर सीएमओ ने सील कर दिया है। झोलाछाप डॉक्टर के खिलाफ मेडिकल एक्ट के तहत केस दर्ज कराया गया है।

यह कार्रवाई डीएम व सीडीओ के निर्देश पर की गई है। सीएमओ डॉक्टर मुकेश कुमार रस्तोगी के निर्देशन में गत सोमवार को अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संतोष कुमार श्रीवास्तव द्वारा सिसवा मेला पचपेड़वा में संचालित एक झोला छाप की क्लीनिक को सील किया गया। क्लीनिक संचालक मौके पर कोई वैध कागजात नहीं दिखा सका। पूछताछ में साबित हुआ कि यह क्लीनिक फर्जी ढंग से संचालित किया जा रहा था। एसीएमओ ने क्लीनिक के संचालक दिनेश कुमार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। मौके पर अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पचपेड़वा डॉ विजय कुमार मौजूद थे।

ननिहाल के लोगों ने किया टॉपर बिटिया का सम्मान

उतरौला/बलरामपुर, अमृत विचार। ननिहाल के ग्रामीणों ने सम्मान समारोह आयोजित कर यूपी बोर्ड के हाईस्कूल में जिला टॉप करने वाली छात्रा तबस्सुम बानो का हौसला बढ़ाया। शिक्षक शफीउल्लाह, ग्राम विकास अधिकारी असदुल्लाह, मास्टर फैजानुल्लाह, अहसानुल्लाह, इरफान उल्लाह, डॉक्टर रिजवान, नुरुल्लाह, डॉक्टर कलीमुल्लाह, तन्नू, अजमतउल्लाह द्वारा मेधावी तबस्सुम बानो को फूलमाला पहनाकर मिठाई खिलाया और जिला टॉप करने पर बधाई दिया। साथ ही मेडल, शिक्षण सामग्री व अन्य उपहार भी दिया। मेधावी ने मेहनत से अपने लक्ष्य को पाने का संकल्प दोहराया।

मास्टर शफीउल्लाह ने कहा कि मेहनत से मेधावी तबस्सुम बानो ने अपनी अलग पहचान बनाई है। ऐसे मेधावी के लिए दुनिया में कुछ भी नामुमकिन नहीं है। कहाकि अखबार व किताबों में प्रमाणिकता के आधार पर बातें लिखी रहती है इनको जरूर पढें। ग्राम विकास अधिकारी मोहम्मद असदुल्लाह ने कहा कि लक्ष्य बनाकर कार्य करें। माता-पिता के सपनों को साकार करें। मेहनत व कठिन परिश्रम से अपना मुकाम हासिल करें।

उपलब्धि

▸▸ परिजनों ने कहा - बेटी ने बढ़ाया हमारा मान

उतरौला में टॉपर छात्रा का सम्मान करते ग्रामीण व परिजन। अमृत विचार

मास्टर रहमतुल्लाह ने कहा कि छात्र-छात्राओं की सफलता में शिक्षक व अभिभावकों की बड़ी जिम्मेदारी होती है। मेधावी तबस्सुम बानो समय का सदुपयोग करें। इससे दोगुनी मेहनत के साथ आगे की पढ़ाई पूरी करें। सम्मानित हुई हाई स्कूल जिला टॉपर मेधावी छात्रा ने तबस्सुम बानो ने खुशी जताते हुए कहा कि, नियमित पढ़ाई करना जरूरी है। हर विषय मन लगाकर पढ़ना चाहिए। शिक्षकों व अभिभावकों से जानकारी लेते रहना चाहिए। पढ़ाई में स्वास्थ्य और शरीर का विशेष ध्यान रखें। आज का काम कल पर न टाले, टाइम टेबल बनाकर पढें। तबस्सुम बानो ने डॉक्टर बनकर गरीबों की सेवा करने की इच्छा जताई। बता दें कि हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा में जिला टॉप करने वाली तबस्सुम बानो उतरौला के ग्राम मधपुर चांद औलिया की निवासी हैं और एच आर ए इंटर कॉलेज की छात्रा हैं। इन्होंने 96.1% अंक हासिल कर जिले में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है।

इस मौके पर प्रवक्ता मोहम्मद सैफ, मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद कैफ, डॉक्टर मोहम्मद अहमद, मौलाना जुनेद आलम, मोहम्मद जावेद अहमद, परवेज आलम, महताब आलम, आशिक अली, डॉक्टर अब्दुल आदि मौजूद रहे।

सक्रियता मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से की समीक्षा

स्वीप गतिविधियों के जरिए मतदाताओं को करें जागरूक

कार्यालय संवाददाता, श्रावस्ती

अमृत विचार। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल रूप से संपन्न करने के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उप्र नवदीप रिणवा ने लखनऊ से प्रदेश के जिला निर्वाचन अधिकारियों व अन्य अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वार्ता कर उन्हें निर्वाचन को सकुशल रूप से संपन्न करने के निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने जनपद में चलायी जा रही स्वीप गतिविधियों की समीक्षा किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। वीडियो कान्फ्रेसिंग में जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी कृतिका शर्मा एवं अन्य जनपद स्तरीय अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी कृतिका शर्मा व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित किया कि जनपद स्तरीय नामित आइकन के माध्यम से मतदाताओं के लिए मैसेज प्रसारित कराया जाए। स्कूल व कालेजों व अन्य शैक्षणिक संस्थाओं में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगितायें आयोजित कर विजेताओं को सम्मानित किया जाये। उन्होंने कहा कि स्वीप गतिविधियों से संबंधित फोटो प्रदर्शनी, सेल्फी प्वाइंट लगायी जाये एवं साथ ही क्यूआर कोड का प्रदर्शन किया जाये। इसके अलावा जनपद स्तर पर बैनर व होंडिंग, पोस्टर पम्पलेट आदि के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए।

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने अवगत कराया कि जनपद के मुख्य स्थलों पर विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे रंगोली, मेहंदी, पोस्टर, चित्रकला प्रतियोगिता आदि आयोजित करने के साथ ही विशेष रूप से दिव्यांगजनों को जागरूक किया जा रहा है। इसके साथ ही 'मैं हूं ना' का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी/नोडल अधिकारी स्वीप अनुभव सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमिता सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक मिथलेश कुमार, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी छोटेलाल सहित समस्त नोडल/ सहायक नोडल अधिकारीगण उपस्थित रहे।

मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व से बंद रहेंगी समस्त आबकारी की दुकानें

श्रावस्ती, अमृत विचार। जिलाधिकारी कृतिका शर्मा ने बताया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 तथा विधानसभा उप निर्वाचन 2024 के लिए संबंधित जनपदों में मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व से लेकर मतदान समाप्ति तक तथा मतगणना दिवस 4 जून 2024 को शुष्क दिवस घोषित करने का निर्देश दिया गया है।

श्रावस्ती एवं उसके सीमा क्षेत्रों में होने वाले लोकसभा/विधानसभा निर्वाचन प्रक्रिया के अनुसार 13 मई को अन्य जिलों के साथ श्रावस्ती में आबकारी आयुक्त उप्र की अधिसूचना के अनुसार यदि किसी प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र में सामान्य या उप निर्वाचन हो तो उस निर्वाचन क्षेत्र तथा उसके चारों ओर 08 किमी क्षेत्र में स्थित आबकारी की समस्त लाइसेंस प्राप्त दुकानें और उनकी बिक्री के लिए स्वीकृत अन्य लाइसेंस, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की धारा 135 (ग) की खण्ड 01 में यथा उपबन्धित मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय से 48 घंटे पूर्व की अवधि के दौरान बन्द रहेगे। उक्त के अतिरिक्त मादक वस्तुओं को कब्जे में रखे जाने की सीमा नियंत्रित रखे जाने का भी प्रावधान हैं। जिलाधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट कृतिका शर्मा ने लोक शान्ति बनाये रखने, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक मतदान कराये जाने के उद्देश्य से यह आदेशित किया है कि 25 मई को श्रावस्ती की सीमा में संचालित समस्त मादक पदार्थों की अनुज्ञापित दुकानें तथा पड़ोसी जनपदों में विभिन्न तिथियों में होने वाले लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों की उनकी जनपदीय सीमा से श्रावस्ती की सीमा में 08 किमी के क्षेत्र में संचालित मादक पदार्थों की समस्त अनुज्ञापित दुकानें उक्त तिथियों में मतदान समाप्ति के लिए नियत समय से 48 घंण्टे पूर्व से मतदान समाप्ति तक बन्द रहेंगी तथा यह बन्दी मतगणना दिवस 4 जून को सम्पूर्ण दिवस सुनिश्चित की जायेगी।

शिक्षकों ने बाइक रैली निकाल किया जागरूक

संवाददाता, बहराइच

मतदान के लिए शपथ दिलातीं सीडीओ और बीएसए। अमृत विचार

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप अभियान के तहत बाइक रैली मंगलवार को निकाली गई।

तेजवापुर ब्लाक संसाधन केंद्र की ओर से शिक्षक - शिक्षिकाओं ने बाइक रैली निकाली। मतदाता जागरूकता अभियान की रैली का शुभारंभ टिकोरा मोड़ से हुआ। रैली को सीडीओ राम्या आर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली टिकोरा मोड़ से मानपुरवा, मोगलहा, चेतरा, बेडनापुर होते हुए बेडनापुर बीआरसी पर आकर समाप्त हुई। रैली में शामिल शिक्षकों ने मतदान की अपील वाले स्लोगन लिखी तख्तियां के माध्यम से लोगों को आगामी लोकसभा चुनाव में वोटिंग के दिन मतदान केंद्र पर पहुंचकर सबसे पहले मतदान करने का जागरूकता सन्देश दिया। सीडीओ राम्या आर व महसी एसडीएम अखिलेश कुमार सिंह ने 13 मई को मतदान के लिए शिक्षक - शिक्षिकाओं को प्रेरित किया कि मतदाताओं को ज्यादा से ज्यादा जागरूक करके शत् प्रतिशत मतदान कराने कि अपील की। बीएसए अव्यक्तराम तिवारी ने शिक्षक - शिक्षिकाओं को मतदान की शपथ दिलाई। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी अनुष्का श्रीवास्तव, बीईओ अखिलेश कुमार वर्मा, शिक्षक आनंद पाठक, विजय उपाध्याय, भुवनेश्वर पाठक, प्रदुम्न पांडेय, नफीस अहमद, कौशल शुक्ल, शिवम मिश्र, मृत्यंजय शुक्ल, सुनील मिश्र, सचिव पाटेश्वर प्रताप सिंह, रोहित मौर्य, मनीष अवस्थी, अविनाश शर्मा, राजकमल, पवन वर्मा, अखिलेश यादव समेत सैकड़ों शिक्षक - शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

डीएम ने इंटीग्रेटेड कन्ट्रोल रूम का किया निरीक्षण

बहराइच। कलेक्ट्रेट में ई-डिस्ट्रिक कार्यालय में स्थापित निर्वाचन नियंत्रण कक्ष एवं शिकायत सेल तथा व्यय नियंत्रण कक्ष (इंटीग्रेटेड कन्ट्रोल रूम) का जिलाधिकारी मोनिका रानी ने निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। आयोग द्वारा विकसित राष्ट्रीय शिकायत सेवा पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण का जायजा लिया। प्राप्त शिकायतों का समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इलेक्ट्रानिक व सोशल मीडिया निगरानी सेल के निरीक्षण के दौरान निर्देश दिया कि प्रतिदिन देखे जा रहे सोशल मीडिया प्लेटफार्म व चैनलों का विवरण भी रजिस्टर में अंकित किया जाय। शिकायतें दर्ज करा सकते है अथवा जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

श्रमिकों के घर पर आज जलेंगे पांच-पांच दीप

बहराइच

जिलाधिकारी मोनिका रानी।

अमृत विचार। जिले के श्रमिक वर्ग को जागरूक करने के उद्देश्य से मतदाता शिक्षा एवं सहभागिता कार्यक्रम के तहत अन्तर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर 01 मई को नगर निकायों एवं विकास खण्डों में एक से तीन स्थानों पर दीपोत्सव का आयोजन होगा। इसके बाद नगर निकायों तथा मनरेगा योजना अन्तर्गत क्रियाशील कार्डधारक श्रमिकों के आवासों पर पांच-पांच चराग जलाया जाएगा। इस अनूठी पहल के पीछे चराग इस बात का प्रतीक होगा कि जनपद में 13 व 20 मई को होने वाले मतदान में पिछले चुनावों में कम मतदान प्रतिशत का अंधेरा कुछ कम हो सकेगा।

जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि विकास खण्ड विशेश्वरगंज में बीआरसी पर 2100, रिसिया में ब्लाक मुख्यालय पर 1000, शिवपुर के प्रावि कोटवा के निकट खेल मैदान में 1100, जरवल कें ब्लाक परिसर में 1500, फखरपुर के चौधरी सिया राम इण्टर कालेज में 8000, करिया बाबा आश्रम निकट थाना बौण्डी में 1200 व हुल्सीमाता मन्दिर भिलौराबासु में 1000, मिहींपुरवा के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मृति पार्क ग्राम पंचायत मधवापुर में 2100, पयागपुर के पांयत भवन सुमेरपुर में 1000, चित्तौरा के अशोका उद्यान में 2100, तेजवापुर के प्रा.वि. बेहटा भया में 3500, कैसरगंज ब्लाक मुख्यालय पर 2100, नवाबगंज ब्लाक मुख्यालय के सामने स्थित अमृत सरोवर ग्राम जमुनहा बाबागंज में 2100, हुजूरपुर के अमृत सरोवर बड़ागांव में 2100, महसी के उच्च प्राथमिक विद्यालय बैकुन्ठा में 3000 तथा बलहा अन्तर्गत सआदत इण्टर कालेज नानपारा में 2100 दीप प्रज्ज्वलित किया जाएगा। बताया कि 01 मई अन्तर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में प्रातःकाल में कार्यस्थल पर श्रमिकों द्वारा ग्राम प्रधान तथा ग्राम रोजगार सेवक के साथ मतदाता शपथ ली जाएगी तथा सांयकाल सात बजे सभी श्रमिक अपने-अपने घरों में पांच-पांच दीप जलाकर दीपोत्सव मनाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रत्येक विकास खण्ड में एक से तीन स्थानों पर बड़े कार्यक्रम आयोजित दीपोत्सव मनाया जाएगा।

एक नजर

गल्ला मण्डी का प्रेक्षक ने किया निरीक्षण

बहराइच। लोकसभा सामान्य निर्वाचन के बाद लिए निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-56 बहराइच (अजा) के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक अनिल राज राय व पुलिस प्रेक्षक ने केएसएसवी सुब्बारेड्डी ने नवीन कृषि उत्पादन मण्डी समिति सलारपुर बहराइच का निरीक्षण कर इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन को सुरक्षित रखने के लिए चिन्हित स्ट्रांग रूम का जायज़ा लिया तथा मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, सामान्य प्रेक्षक के लाईज़न आफिसर सहायक श्रमायुक्त सिद्धार्थ मोदियानी व पुलिस प्रेक्षक के लाइजन आफिसर सहायक अभियन्ता, लघु उद्योग निगम, चन्द्र प्रकाश त्रिवेदी व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

अवैध मिट्टी खनन से लग रहा राजस्व विभाग को चूना

बौंडी, बहराइच। बौंडी थाना क्षेत्र के ग्राम सांगवा, समदा, अलीपुर, बबुरी, घुरदेवी, सिपहिया हुलास, कोदही, सेमगाढ़ा, आदि स्थानों पर रातों दिन पूरी तरह अवैध रूप से मिट्टी खनन का कार्य हो रहा कई बार अधिकारियों के सूचना के बावजूद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई जिससे राजस्व विभाग को लाखो का चूना लग रहा है।

ग्रामीण ने जहर खाकर दी जान

बहराइच। कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिदरखी निवासी फूलचंद्र पुत्र झुर्रा ने सुबह जहरीला पदार्थ खा लिया। परिवार के लोग फूलचंद्र को कैसरगंज सीएचसी लाए। यहां पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मालूम हो कि मृतक दिल्ली में जूस की दुकान का संचालन करता था। कुछ दिन पूर्व ही वह आया था। उसकी बेटी का विवाह भी जुलाई माह में है।

चूल्हे की चिंगारी से तीन घर जले, बालिका झुलसी

अग्निकांड में चार बकरियों की जलकर हुई मौत

बौंडी, बहराइच

आग से जलता मकान। अमृत विचार

अमृत विचार। जनपद के नंदवल गांव में मंगलवार को खाना बनाते समय चूल्हे की चिंगारी से आग लग गई। जिसमें समान निकालते समय एक बालिका झुलस कर घायल हो गई। चार बकरियों की जिंदा जलकर मौत हो गई। गांव में कोहराम मच गया है।

विकास खंड फखरपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत नंदवल में मंगलवार शाम को गांव की महिलाएं चाय बना रही थी। तभी एक महिला के यहां से चूल्हे की भड़की चिंगारी से आग लग गई। गांव निवासी मोगरे, टीकाराम और हरिद्वार प्रसाद का मकान जलकर राख हो गया। सामान निकालते समय हरिद्वार की बालिका झुलस गई।

उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हरिद्वार प्रसाद वर्मा का रखा लाखों की संपत्ति का नुकसान हुआ है। आग लगने के चलते घर मे बंधी चार बकरियों की जलकर मौत हो गई है। एसडीएम ने बताया कि राजस्व टीम द्वारा क्षति रिपोर्ट दी गई है। जल्द ही पीड़ितों के खाते में आर्थिक सहायता राशि भेजी जाएगी।

हाईटेंशन तार की चिंगारी से लगी आग, भूसा जलकर राख

आग बुझाते दमकल कर्मी।

मोतीपुर, बहराइच। मिहींपुरवा नगर पंचायत के वार्ड नंबर 12 बोटनपुरवा में तेज हवा के चलते हाई टेंशन के दो तार आपस में चिपक गए थे। जिससे निकली चिंगारी से वार्ड वासियों के खेतों में पड़ा भूसा जलकर राख हो गया। घटना की सूचना पाकर पहुंचे वार्ड के सभासद प्रतिनिधि राजू रावत द्वारा घटना की सूचना दमकल कर्मियों को दी गई। कुछ ही देर बाद घटनास्थल पर पहुंचे दमकल कर्मियों एवं वार्ड वासियों की मदद से आग पर काबू पाया गया। इस अग्निकांड में कुड़वा निवासी मिथिलेश कुमार पुत्र पटवारी का 5 बीघा भूसा एवं सुशील कुमार पुत्र संतराम का 3 बीघा भूसा जलकर राख हो गया है।

दो किसानों की गेहूं की फसल जली

नानपारा। नानपारा तहसील के ग्राम पकरियादीवन में मंगलवार को किसानों के खेत में अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिसमें गांव निवासी बंशीधर पुत्र रामहर्ष और लल्लूराम पुत्र रामहर्ष की गेहूं की खड़ी फसल जल गई है। जानकारी मिलने पर दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंच कर आग बुझाया। राजस्व टीम ने क्षति रिपोर्ट एसडीएम को भेज दी है।

चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार

बहराइच, अमृत विचार। कोतवाली नानपारा के प्रभारी निरीक्षक आरके सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक नितिन उपाध्याय, आरक्षी ओमप्रकाश शाह और धर्मनाथ साहनी की टीम ने मंगलवार को चंदनपुर गांव निवासी आजाद उर्फ जुगनू पुत्र लड्डू खान को गिरफ्तार किया गया। उसके विरुद्ध केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। कोतवाल ने बताया कि अभियुक्त के पास से चोरी की बाइक और मोबाइल फोन बरामद हुई है जिस सीज कर दिया गया है।

पुलवामा की चर्चा करने वाले नहीं पहुंचे आंसू पोंछने: कांता

बहराइच

भाजपा के महिला सम्मेलन में मौजूद मुख्य अतिथि। अमृत विचार

अमृत विचार। भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष राज्यसभा सदस्य कांता कर्दम ने मंगलवार को यहां कहा कि कांग्रेस और सपा कभी भी शहीदों के घर उनके आंसू पोंछने नहीं पहुंचे और आज मंगल सूत्र पर चर्चा कर रहे हैं।

वे बहराइच-लखनऊ मार्ग स्थित हरियाली रिसोर्ट में भाजपा महिला मोर्चा के जिला सम्मेलन को संबोधित कर रही थीं। भाजपा सरकार ने महिलाओं को सशक्त एवं समृद्धि शाली बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व पिछली सरकारों में महिलाएं अपने आप को असुरक्षित महसूस करती थी जिसका नतीजा था कि महिलाओं का साक्षरता दर काफी हद तक कम थी। आज महिलाएं एंव बच्चियों की साक्षरता दर काफी बढी है।इसके साथ ही घरों से बहन बेटियां बेहिचक बाहर सड़कों पर भी निकल रही हैं। मुख्य अतिथि ने लोकसभा प्रत्याशी आनंद गौड़ को अपना अमूल्य मत देकर विजय बनाने की अपील किया।उन्होंने कहा कि भाजपा की जीत से ही महिलाओं की सुरक्षा व सम्मान सुरक्षित रहेगा।

सम्मेलन की विशिष्ट अतिथि महिला मोर्चा अवध क्षेत्र की क्षेत्रीय महामंत्री मिथिलेश ओझा रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष भाजपा बृजेश पांडे ने की। मंच संचालन संयुक्त रूप से महिला मोर्चा महामंत्री ज्योति सिंह और जिला महामंत्री राघवेंद्र प्रताप सिंह ने की।सम्मेलन का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया।सम्मेलन को संबोधित करते हुए राज्यसभा सदस्य कांता कर्दम ने कहा कि सम्मेलन को विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, बलहा विधायक सरोज सोनकर, एमएलसी प्रज्ञा त्रिपाठी, लोकसभा प्रत्याशी आनंद गौड़, सदर विधायक अनुपमा जायसवाल ने भी संबोधित किया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष बृजेश पांडेय, जिला संयोजक महिला मोर्चा रंजीता श्रीवास्तव 'सोनी', जिला महामंत्री ज्योति सिंह, हेमा निगम उर्मिला शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष डॉ अभिलाष वर्मा, शिखा त्रिपाठी मीडिया प्रभारी ममता जायसवाल रेखा पांडे बन्दना मिश्रा सुषमा चौधरी राजकुमारी चौबे, जिला उपाध्यक्ष सरिता जौहरी , मोहिनी सोनी, संतोष पांडे , मीणा त्रिवेदी , प्रियंका रावत, अभिलाषा दुबे समेत महिला मोर्चा की महिलाएं मौजूद रही।

सड़क हादसों में महिला समेत दो की मौत, एक घायल

बहराइच

अमृत विचार। जिले के कोतवाली देहात और सुजौली थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसों में महिला समेत दो की मौत हो गई। जबकि महिला का चचेरा घायल हुआ है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

शहर के बंदरिया बाग घोसियाना निवासी खुशनुमा (23) पत्नी इकबाल अपने चचेरे देवर सोनू पुत्र उस्मान के साथ बाइक से मंगलवार को जरवल जा रही थी। कोतवाली देहात के लखनऊ बहराइच मार्ग पर गोलवाघाट पुल के पास बाइक में ट्रक ने ठोकर मार दी। जिससे महिला की मौत हो गई। जबकि देवर घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

सुजौली थाना क्षेत्र के मोटे बाबा स्थान पर सोमवार शाम को बाइक और चार पहिया वाहन में टक्कर हो गई थी। जिसमें पांच लोग घायल हुए थे। घायल झगरु प्रसाद की जिला अस्पताल में रात को इलाज के दौरान मौत हो गई। जबकि घनश्याम और प्रेमा देवी समेत अन्य का इलाज चल रहा है।

सार-संक्षेप

आम लोगों की मदद कर बनें नेक इंसान

सम्राट पृथ्वी राज चौहान की जयंती पर अतिथि का स्वागत करते पदाधिकारी।

बिछिया, बहराइच, अमृत विचार। विकास खंड मिहीपुरवा के ग्राम पंचायत चहलवा के मंगलपुरवा ने सम्राट पृथ्वी राज चौहान का जन्म दिवस धूम धाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश परिषद सदस्य प्रमोद कुमार आर्य ने केक काटा तथा सम्राट पृथ्वी राज चौहान के इतिहास के बारे में बताते हुए जयकारों को घोष किया। कहा कि सम्राट पृथ्वी राज चौहान ने समाज के सभी वर्ग के लोगों की मदद कर नेक इंसान होने का उदाहरण दिया। इस दौरान मंडल उपाध्यक्ष संतोष कुमार मौर्य, मंच संचालक निर्मल सिंह , सत्रोहन सिंह, मुन्ना सिंह उर्फ जितेंद्र सिंह, अमित चौहान , सुनील सिंह, अंगद सिंह चौहान के अलावा क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।

विकास पर बल देती है भाजपा : आनंद

दीवानी न्यायालय में वकीलों से मिलते डॉक्टर आनंद।

बहराइच, अमृत विचार। जिले के दीवानी और माल कचहरी में मंगलवार को भाजपा प्रत्याशी आनंद गौड़ ने जिलाध्यक्ष के साथ जन संपर्क किया। कहा कि भारतीय जनता पार्टी किसी के साथ भेदभाव करने के बजाए सबके विकास पर बल देती है। दीवानी न्यायालय के जिला संयोजक विधि प्रकोष्ठ अरविंद सिंह सेंगर के नेतृत्व में जिला बार एसोसिएशन दीवानी कचहरी व कलेक्ट्रेट परिसर में वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ताओं से संपर्क किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे, भाजपा के वरिष्ठ नेता श्रीनाथ शुक्ल, जिला मीडिया प्रभारी देवेंन्द्र कुमार मिश्र, आलोक श्रीवास्तव, कल्याण सिंह, संतोष सिंह, प्रमोद पांडे व काफी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

पुस्तकें पाकर नौनिहाल हुए खुश

बच्चों को किताबें वितरित करते शिक्षक। अमृत विचार

पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार। पयागपुर विकास खंड के भूपगंज स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय भूपगंज में सोमवार को विद्यालय के प्रधान शिक्षक प्रदीप पाण्डेय द्वारा कक्षा तीन से आठ तक के बच्चों को विभाग द्वारा आपूर्ति की गई पुस्तकें वितरित की गईं। श्री पाण्डेय ने बताया कि कक्षा एक व दो के बच्चों की पाठ्य पुस्तक व कार्य पुस्तिका अभी उपलब्ध न हो पायी है, जिससे उनका वितरण नहीं किया जा सका। विभाग द्वारा पुस्तकें मिलते ही उन बच्चों को भी पुस्तकें उपलब्ध करवा दी जाएंगी।पुस्तकें पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे।

जानलेवा बीमारियों से बच्चों को बचाता है नियमित टीकाकरण

एएनएम प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते अधिकारी। अमृत विचार

कैसरगंज, बहराइच, अमृत विचार। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैसरगंज में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का किया गया जिसमें एएनएम को नियमित टीकाकरण के लिए प्रशिक्षित किया गया। एसएमओ विपिन लेखारे व डीआईओ डा.एसके सिंह ने नियमित टीकाकरण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। डीआईओ डा.एसके सिंह ने बताया कि नियमित टीकाकरण के सफल संचालन के लिए एएनएम का प्रशिक्षित होना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य नियमित टीकाकरण के फायदे से अवगत कराना इसके रखरखाव के तरीके व किस वक्त कौन सा टीका लगाया जाए इस संबंध में कर्मियों को जानकारी दिया जाना है। एसएमओ विपिन लेखारे ने बताया कि वैक्सीन से शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता का विकास होता है। टीका वाली जगह पर रूई से हल्का दबाना चाहिए उसे स्थान को रगड़ने से बचना चाहिए। डब्लूएचओ की मानीटर नीतू ने बताया कि बुधवार और शनिवार को नियमित टीकाकरण करें। प्रतिरक्षण अधिकारी संगीता श्रीवास्तव ने वैक्सीन की देखभाल, उपलब्धता, तापमान व रखरखाव आदि के बारे में भी जानकारी दी।

थ्रेसर मशीन से अलग हुआ बालक का हाथ

इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया बालक। अमृत विचार

बहराइच, अमृत विचार। जिले के खसहा मोहम्मदपुर गांव निवासी एक ग्रामीण के यहां गेहूं दवाई होने के बाद थ्रेसर मशीन बंद हो रही थी। इसी दौरान बालक का हाथ मशीन में चला गया। जिससे उसका हाथ कटकर अलग हो गया। उसे गंभीर हालत में लखनऊ रेफर कर दिया गया है।

राम गांव थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत खसहा मोहम्मदपुर गांव निवासी राम नरेश के मकान के बगल में सोमवार को गेहूं दवई का काम थ्रेसर मशीन से चल रहा था। गेहूं दवांई होने के बाद मशीन बंद होने लगी। इसी दौरान राम नरेश का बेटा अमित (10) आया। उसने थ्रेसर मशीन में अपना दायां हाथ डाल दिया। जिससे उसका हाथ मशीन में कटकर अलग हो गया। परिवार के लोग अलग हुए हाथ और बालक को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। रात 11 बजे डॉक्टर शहीर खान ने इलाज शुरू किया। लेकिन इलाज के दौरान हालत में सुधार न होने पर बालक को लखनऊ रेफर कर दिया।

महिला दरोगा ने पति समेत तीन पर दर्ज कराया केस

बहराइच, अमृत विचार। जिले के बौंडी थाने में तैनात महिला उपनिरीक्षक ने अपने पति, जेठ व पति के मामा पर मारपीट कर उत्पीड़न, दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत केस दर्ज कराया है। अमेठी जिले के खौपर गुरूदत्त गढ़ सवानगी निवासी ज्योत्सना पुत्री यदुनाथ यादव बौंडी थाने में उपनिरीक्षक पद पर तैनात है। उनकी शादी 2011 में खौपर गुरुदत्त गढ़ सवानगी निवासी दुर्गा प्रसाद यादव पुत्र राम अभिलाष से हुई थी। उनके आठ वर्ष का बेटा आयुष है। उप निरीक्षक ने थाने में तहरीर देकर कहा है कि उसके पति व जेठ कृष्ण कुमार यादव, उनका मामा रमाकांत शादी के बाद से ही मारपीट कर उत्पीड़न कर रहा है। कम दहेज का ताना दिया गया। उत्तर प्रदेश उपनिरीक्षक भर्ती निकलने पर पति व ससुरालवालो ने भाग न लेने को काफी दवाब बनाया। सलेक्शन होने पर वह मुरादाबाद ट्रेनिंग पर चली गई। तब उनके पति व ससुरालवालो ने गलत शिकायतें कर बाधा पहुंचाई।

हाईस्कूल व इंटर के मेधावियों का हुआ सम्मान

जरवलरोड, बहराइच

विद्यालय में सम्मानित हुए यूपी बोर्ड के मेधावी छात्र। अमृत विचार

अमृत विचार। जिले के जरवल रोड में स्थित गायत्री विद्यालय में मंगलवार को हाईस्कूल व इंटर कॉलेज के मेधावियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि बीआरसी जरवल के एआरपी कल्पना मिश्रा और विशिष्ट अतिथि समाजसेवी कृष्ण कुमार गुप्ता, सुरेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने अच्छे अंक लाने वाले मेधावियों को अंग वस्त्र व माला पहना कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता रामराज सिंह ने की। मुख्य अतिथि कल्पना मिश्रा ने कहा कि मेधावी छात्र-छात्राएं बोर्ड की परीक्षा में अच्छे अंक से उत्तीर्ण कर माता-पिता और शिक्षकों व विद्यालय परिवार का मान बढ़ाया है। विद्यालय के समन्वयक पंकज तिवारी ने विद्यालय के शिक्षक दीप शिखा मिश्रा, नीता गांधी, सरोज राव, रंजना सिंह, सुरभि पाठक, ज्योति गुप्ता आदि अध्यापकों का बच्चों को पढ़ाई कराने में प्रयासों की सराहना की। बताया कि हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा में शुभम वर्मा 95%, निराली सिंह 94.9%, महक गुप्ता 93.8%, इज्मा सायरा 89.1% ,इंटर की परीक्षा में स्मिता गुप्ता 91.4%, प्रथा सिंह 91.2% ,समा बानो 90.8%, अनस खान 85.9%, आदि छात्राओं को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य सुधीर सिंह ने आभार प्रकट किया। अंग वस्त्र देकर कर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी ओमप्रकाश अवस्थी, आरपीएस इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रवीण श्रीवास्तव, विनीत सिंह, मनोज मिश्रा, गिरीश यादव ,बालिकानंद तिवारी आदि शामिल रहे।

आमने-सामने से टकरायीं बाइकें

बहराइच, अमृत विचार। शहर के दरगाह थाना क्षेत्र के बहराइच नानपारा मार्ग के काजीकटरा मोहल्ले के पास आमने सामने दो बाइको की भिड़ंत हो गयी। भिड़ंत का लाइव वीडियो सामने आया हैं। भिड़ंत इतनी तेज थी कि दोनों बाइकों के परख्च्चे उड़ गए। मौके पर मौजूद लोगों ने बाइक सवारों को शहर के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। जहाँ उनका इलाज चल रहा है। रामगांव थाना क्षेत्र के कालेपुरवा चौपाल सागर निवासी रामू ने बताया कि वह बहराइच के छावनी बाजार अपने घर से मंगलवार को आ रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही बाइक से भिड़ंत हो गयी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। दरगाह थाने के प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र मिश्रा ने बताया कि अगर कोई शिकायती पत्र मिलता है तो जांच कराकर कार्यवाही की जाएगी।

बैठक तटबंधों के रैटहोल, रेनकट की समय से कराएं मरम्मत, बाढ़ से पूर्व कर लिया जाय क्षतिग्रस्त होने वाली फसलों का सर्वे

बाढ़ से निपटने के लिए तैयार करें कार्ययोजना : डीएम

संवाददाता, बहराइच

बाढ़ की तैयारी को लेकर बैठक करतीं जिलाधिकारी। अमृत विचार

अमृत विचार। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने मंगलवार को बैठक कर सम्भावित बाढ़ के दौरान बचाव एवं राहत कार्य के संचालन के लिए कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। कहा कि ऐसी प्रभावी कार्ययोजना तैयार करें कि आपदा के समय जन-धन का नुकसान कम से कम हो। तटबंधो की सुरक्षा एवं कटान के प्रभावी नियंत्रण के लिए समय से आवश्यक सामग्री की आवश्यकता सुनिश्चित करा ली जाय।

डीएम ने सरजू ड्रेनेज खण्ड के अधिकारियों को निर्देश दिया कि तटबंधो की सुरक्षा हेतु संचालित कार्यो को बाढ़ से पूर्व प्रत्येक दशा में पूर्ण करा लिया जाय। बाढ़ के दौरान बाढ़ क्षेत्र का सघन भ्रमण कर तटबंधो के रैटहोल, रेनकट इत्यादि कटान सम्भावित स्थानों को चिन्हित कर आवश्यक मरम्मत कार्य समय से करा लिए जाय। कृषि विभाग के अधिकारियों से कहा कि कि बाढ़ के दौरान क्षतिग्रस्त होने वाली फसलों के सर्वे का कार्य बाढ़ से पूर्व कर लिया जाए। डीएम ने यह भी निर्देश दिया कि बाढ़ के दौरान वितरित किये जाने वाले खाद्यान्न, पशुओं के लिए भूसे आदि की व्यवस्था के लिए समय पूर्व ही टेण्डर इत्यादि की कार्यवाही पूर्ण कर ली जाए। जिससे पूर्व के अनुभवों का लाभ लेते हुए तथा राहत एवं बचाव कार्य संचालित किये जा सकें। ग्राम पंचायतों में उपलब्ध नावों का सत्यापन कर उसकी आवश्यक मरम्मत व रंग-रोगन करा दिया जाए। नावों के संचालन के लिए नाविकों की सूची तथा उनके मोबाइल नम्बर संकलित कर सूची तैयार कर ली जाय। क्षेत्रों में मौजूद आपदा मित्रों को भी एक्शन मोड पर रखा जाए। उनको भी बचाव व राहत कार्यों के मोटीवेट किया जाए। पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने बताया कि सम्भावित बाढ़ के दौरान असामाजिक तत्वों से निपटने के लिए पेट्रोलिंग, एनडीआरएफ तथा फ्लड पीएससी की माकूल व्यवस्था की जायेगी।

बैठक का संचालन अधिशाषी अभियन्ता सरयू ड्रेनेज खण्ड जेपी वर्मा ने किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, एसडीएम नानपारा अश्वनी पाण्डेय, कैसरगंज पंकज दीक्षित, महसी अखिलेश कुमार सिंह, डीपीआरओ राघवेन्द्र द्विवेदी, डीएसओ नरेन्द्र तिवारी, जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार पाण्डेय, अधिशाषी अभियन्ता विद्युत बहराइच शैलेन्द्र कुमार, नानपारा रंजीत कुमार, अधिशाषी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग अमर सिंह व प्रदीप कुमार सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

आत्मज्ञानं समारम्भ : तितिक्षा धर्मनित्यता।
यमर्थान्नापकर्षन्ति स वै पण्डित उच्यते ॥

जो अपनी योग्यता से भली-भांति परिचित हो और उसी के अनुसार कल्याणकारी कार्य करता हो, जिसमें दु:ख सहने की शक्ति हो, जो विपरीत स्थिति में भी धर्म-पथ से विमुख नहीं होता, ऐसा व्यक्ति ही सच्चा ज्ञानी कहलाता है ।

संपादकीय

कारोबार के लिए

दुनिया के तीसरे सबसे अमीर आदमी टेस्ला के सीईओ एलन मस्क के साथ अचानक ऐसा क्या हुआ कि वो भारत के बदले चीन पहुंच गए। मस्क का चीन जाने का निर्णय टेस्ला को पटरी पर वापस लाने की तात्कालिकता की भावना को रेखांकित करता है। फिर भी मस्क का अचानक चीन जाना बहुतों को हैरान कर सकता है। मस्क ने भारत आने से एक दिन पहले अपनी यात्रा रद कर दी, क्योंकि भारत में चुनाव चल रहे थे। इसलिए मस्क की चीन यात्रा को भारत की अवमानना के रुप में नहीं देखा जा सकता। मस्क की स्थगित हुई भारत यात्रा रणनीति में बदलाव को दर्शा सकती है। सीईओ ने पिछले हफ्ते घोषणा की थी कि टेस्ला नए मॉडलों में तेजी ला रही है, जिन्हें कंपनी अपने मौजूदा लाइनअप के समान विनिर्माण लाइनों पर तैयार करेगी। विश्लेषकों ने अनुमान लगाया है कि इसका मतलब यह हो सकता है कि कार निर्माता मैक्सिको में एक कारखाने में और देरी करेगा और भारत में किसी भी संयंत्र को रोक देगा। जब मस्क के टॉप अधिकारियों के भारत का दौरा करने के बाद रेड कारपेट पूरी तरह से सज चुका था, ऐसे में चीन ने ऐसा क्या किया कि मस्क को एक झटके में सब छोड़ के चीन जाना पड़ा। दरअसल टेस्ला का मार्केट पहले ही डाउन हो रहा था। इसलिए मस्क ने आपाधापी में चीन का दौरा कर टेस्ला को चीन में नया जीवनदान दिया है। गौरतलब है कि मस्क की चीन यात्रा ऐसे समय हुई है जब चीन और अमेरिका के रिश्ते अच्छे नहीं चल रहे। यूक्रेन-रूस युद्ध समेत तमाम बड़े मसलों पर दोनों देश विपरीत खेमों में खड़े नजर आ रहे हैं।

बीते दिनों ही अमेरिका ने टिकटॉक की चीनी पैरेंट कंपनी को जो चेतावनी दी है, उससे उस पर प्रतिबंध का खतरा मंडराने लगा है। हिंदुस्तान में उन्हें एक बड़ा बाजार नजर आ रहा है, जहां इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए अपार संभावनाएं हैं। टेस्ला अरसे से कोशिश में है कि भारत में उसकी एंट्री हो जाए, लेकिन चीन की तुलना में भारतीय इलेक्ट्रिक वाहनों का बाजार छोटा है। इसलिए भले ही अभी मस्क चीन में अपने कारोबार को संभालने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन उनकी चीन यात्रा ने टेस्ला के भारतीय कारोबार के भविष्य पर सवाल खड़े किए हैं। चीन की तरह ही भारत एलन मस्क के लिए एक बड़ा मार्केट हैं ऐसे में मस्क की पूरी कोशिश रहेगी कि वो जल्द से जल्द भारत का रुख करेंगे।

देवगौड़ा से बड़ी उम्मीदें लगाए हुए थे लालू

राज खन्ना
वरिष्ठ पत्रकार

संयुक्त मोर्चा सरकार की अगुवाई को लेकर इसमें शामिल दलों में जबरदस्त खींचतान थी। पहली पसंद विश्वनाथ प्रताप सिंह ने सरकार का नेतृत्व करने से इंकार कर दिया था। ज्यादा दबाव पड़ने पर निर्णायक बैठक के दिन वे भूमिगत हो गए। ज्योति बसु को उनकी पार्टी सीपीएम के पॉलिट ब्यूरो ने इजाजत नहीं दी। चंद्र बाबू नायडू आंध्र प्रदेश छोड़ने को तैयार नहीं थे।

1996 में बहुमत साबित करने में असफल अटल बिहारी बाजपेई की सरकार सिर्फ तेरह दिन में गिर चुकी थी। 545 सदस्यीय सदन में भाजपा और उसके सहयोगियों की संख्या 186 थी। संयुक्त मोर्चा के 215 और कांग्रेस के 139 सदस्य थे। कांग्रेस के समर्थन से बनी अल्पजीवी चरण सिंह और चंद्रशेखर की सरकारों के कटु अनुभव संयुक्त मोर्चा के नेताओं को बखूबी याद थे। लेकिन तुरंत कोई चुनाव नहीं चाहता था। जाहिर है कि भाजपा की नाकामी के बाद संयुक्त मोर्चा की सरकार कांग्रेस के ही समर्थन से मुमकिन थी। पिछले मौकों की तरह एक बार फिर कांग्रेस ने गैर कांग्रेसी सेक्युलर दलों को बाहर से समर्थन देने का फैसला किया।

संयुक्त मोर्चा सरकार की अगुवाई को लेकर इसमें शामिल दलों में जबरदस्त खींचतान थी। पहली पसंद विश्वनाथ प्रताप सिंह ने सरकार का नेतृत्व करने से इंकार कर दिया था। ज्यादा दबाव पड़ने पर निर्णायक बैठक के दिन वे भूमिगत हो गए। ज्योति बसु को उनकी पार्टी सीपीएम के पॉलिट ब्यूरो ने इजाजत नहीं दी। चंद्र बाबू नायडू आंध्र प्रदेश छोड़ने को तैयार नहीं थे। तामिलनाडु के मुख्यमंत्री के.करुणानिधि ने भी इंकार कर दिया। लालू और मुलायम सिंह दोनों ही एक - दूसरे के नाम पर तैयार नहीं थे। कर्नाटक के मुख्यमंत्री एचडी देवगौड़ा शुरुआती दौड़ में भले शामिल न रहे हों लेकिन वे अकेले थे, जिनके नाम पर सर्व सहमति बनी।

देवगौड़ा के पिता दूध वितरण का काम करते थे। माली हालत ऐसी कमजोर थी कि वे अपनी चार संतानों में किसी एक की ही पढ़ाई का खर्च उठा सकते थे। ये सौभाग्य एचडी देवगौड़ा के हिस्से में आया। वे सिविल इंजीनियर बने। उनके जिले हासन के लोग काफी दिनों तक उन पुलियों का जिक्र करते थे, जो देवगौड़ा की देख-रेख में बनीं। प्रधानमंत्री की कुर्सी संभालने के पहले उन्हें कर्नाटक के मुख्यमंत्री के तौर पर काम करने का अनुभव था। लेकिन केंद्र में उन्हें ऐसी सरकार की अगुवाई करनी थी, जिन्हें संयुक्त मोर्चा के दलों को संजोने के साथ ही बात-बात में तिरछी होती कांग्रेस की नजरों का भी ख्याल रखना था।

देवगौड़ा ने कर्नाटक कैडर के आईपीएस सरदार जोगिंदर सिंह को सीबीआई का डायरेक्टर बनाया था। ज्वाइंट डायरेक्टर यू.एन विश्वास जांच टीम की अगुवाई कर रहे थे। लालू की गिरफ्तारी बहुत दूर नहीं थी। पटना से लालू के प्रधानमंत्री देवगौड़ा के फोन निरर्थक साबित हो रहे थे। सुप्रीम अदालत के निर्देश पर हो रही जांच और हाईकोर्ट की उस पर निगरानी के कारण देवेगौड़ा हाथ खड़े कर चुके थे। पर लालू मानने को तैयार नहीं थे। उन्हें लगता था कि देवगौड़ा के इशारे पर सीबीआई उन्हें घेर रही है। बेहद नाराजगी के साथ उन्होंने पटना से फोन पर देवगौड़ा से कहा, "यह सब अच्छा नहीं हो रहा है। जो आप करवा रहे हैं, इसका अंजाम बहुत बुरा होगा।

देवगौड़ा को लगभग ग्यारह महीने सरकार चलाने का मौका मिला। विपरीत परिस्थितियों में भी उन्होंने जम्मू कश्मीर में छह साल से चले आ रहे राष्ट्रपति शासन को समाप्त कर चुनाव कराए। इंद्र कुमार गुजराल उनकी सरकार में विदेश मंत्री थे। उनकी सलाह पर बांग्ला देश से गंगा जल के बंटवारे का विवाद समाप्त कर समझौता हुआ। जबरदस्त दबाव के बाद भी इस सरकार ने व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि (सीटीबीटी) पर हस्ताक्षर नहीं किए। इसी का नतीजा था कि 1998 में अटल सरकार पोखरण में परमाणु परीक्षण कर सकी। विद्रोही नगा नेताओं से शांति समझौता भी इस सरकार की एक उपलब्धि थी।

एक छोटा सा कार्यकाल। अलग दिशाओं में भागते सहयोगी। सबकी कुछ न कुछ चाहत। कांग्रेस का हर वक्त दबाव। इन हालात में प्रधानमंत्री के तौर पर कोई बड़ी छाप छोड़ जाने की देवगौड़ा से उम्मीद नहीं की जा सकती थी। लेकिन चारा घोटाले मामले में फंसे लालू की बेजा मदद से साफ इंकार करके देवगौड़ा ने एक बड़ी लकीर खींची। जनता दल की अंदरूनी खींचतान में लालू-देवगौड़ा साथ थे। प्रधानमंत्री के लिए देवगौड़ा के नाम पर मोहर लगाने वालों में लालू भी शामिल थे। संयोग से लालू पर चारा घोटाले का शिकंजा उन्हीं दिनों कसा जब प्रधानमंत्री की कुर्सी पर देवगौड़ा आसीन थे। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर सीबीआई चारा घोटाले की जांच कर रही थी। पटना हाईकोर्ट इस जांच की निगरानी कर रहा था। केंद्र सरकार के हाथ बंधे हुए थे लेकिन देवगौड़ा को अपना आदमी समझते हुए लालू उनसे बड़ी उम्मीदें लगाए हुए थे।

देवगौड़ा ने कर्नाटक कैडर के आईपीएस सरदार जोगिंदर सिंह को सीबीआई का डायरेक्टर बनाया था। ज्वाइंट डायरेक्टर यू.एन विश्वास जांच टीम की अगुवाई कर रहे थे। लालू की गिरफ्तारी बहुत दूर नहीं थी। पटना से लालू के प्रधानमंत्री देवगौड़ा के फोन निरर्थक साबित हो रहे थे। सुप्रीम अदालत के निर्देश पर हो रही जांच और हाईकोर्ट की उस पर निगरानी के कारण देवेगौड़ा हाथ खड़े कर चुके थे। पर लालू मानने को तैयार नहीं थे। उन्हें लगता था कि देवगौड़ा के इशारे पर सीबीआई उन्हें घेर रही है। बेहद नाराजगी के साथ उन्होंने पटना से फोन पर देवगौड़ा से कहा, "यह सब अच्छा नहीं हो रहा है। जो आप करवा रहे हैं, इसका अंजाम बहुत बुरा होगा। कांस्पीरेसी करनी हो तो भाजपा के खिलाफ करो। हमारे क्यों पीछे पड़े हो।"

चारा घोटाले की जांच लालू- देवगौड़ा के रिश्तों को काफी खराब कर चुकी थी। लालू का धैर्य जवाब दे चुका था। "का जी देवगौड़ा, इसीलिए तुमको पीएम बनाया था कि तुम हमारे खिलाफ केस तैयार करो? बहुत गलती किया तुमको पीएम बनाके।" चारा घोटाले में बुरी तरह फंसे ये लालू यादव थे जो 7 रेस कोर्स के मीटिंग हॉल में जनता दल की संचालन समिति की बैठक में प्रवेश करते समय देवगौड़ा से तल्ख लहजे में मुखातिब थे। देवेगौड़ा का जवाब दो टूक था, "भारत सरकार और सीबीआई कोई जनता दल तो है नहीं कि उसे भैंस की तरह हांक दिया। आप पार्टी को भैंस की तरह चलाते हैं लेकिन मैं भारत सरकार चलाता हूं।" लालू की नाराजगी की देवगौड़ा को खास फिक्र नहीं थी लेकिन उनकी असली चिंता कांग्रेस को लेकर थी, जिसके समर्थन बिना सरकार का टिके रहना मुमकिन नहीं था।

कांग्रेस ने 1979 में चरण सिंह की सरकार बनवाई थी। जनता पार्टी के बिखराव के साथ कांग्रेस का मकसद पूरा हो चुका था। फिर कांग्रेस ने चरण सिंह को संसद का सामना करने तक की मोहलत नहीं दी थी। कांग्रेस को बेदखल करके 1989 में सत्ता में आए विश्वनाथ प्रताप सिंह की सरकार भले भाजपा के समर्थन वापसी के कारण गिरी हो लेकिन चंद्रशेखर को समर्थन देकर कांग्रेस ने जनता दल में बड़े बिखराव का रास्ता साफ किया था। चंद्रशेखर सरकार को कांग्रेस का समर्थन सिर्फ चार महीने के लिए मिला। देवगौड़ा ने 1 जून 1996 को शपथ ली। मार्च तक उनकी सरकार ने नौ महीने का सफर तय कर लिया था। सरकार कुछ टिकती नजर आ रही थी। कांग्रेस चिंतित होने लगी। अटकलें लगाई गईं कि कांग्रेस अध्यक्ष सीताराम केसरी की प्रधानमंत्री पद पर नजर थी और उनकी महत्वाकांक्षा देवगौड़ा साकार के पतन का कारण बनी। लेकिन प्रणव मुखर्जी अपनी किताब 'द कोलिएशन ईयर्स' में इस धारणा को खारिज करते हैं। उनके मुताबिक सरकार में शामिल दल और नेता लगातार कांग्रेस के खिलाफ़ बयानबाजी कर रहे हैं। बोफोर्स जांच भी तेज कर दी गई। सीबीआई डायरेक्टर जोगिंदर सिंह ने रही-सही कसर पूरी कर दी। 22 जनवरी 1997 को वे जेनेवा से एक बॉक्स के साथ आए और नाटकीय दावा किया कि इसमें बोफोर्स में कमीशनखोरी के सबूत भरे हुए हैं। मुखर्जी के मुताबिक असलियत में ऐसा कुछ नहीं था। कांग्रेस समर्थन वापसी के लिए बहाने की तलाश में थी। इसके लिए गांधी परिवार के सम्मान की हिफाजत से माकूल वजह और क्या हो सकती थी? बजट सत्र के दौरान ही 30 मार्च 1997 को कांग्रेस ने सरकार से समर्थन वापस ले लिया। देवगौड़ा 21 अप्रैल 1997 तक प्रधानमंत्री की कुर्सी पर रहे।

प्रसंगवश

समाजवादी वैचारिकी के पर्याय

पचास के दशक में जब डॉ. राम मनोहर लोहिया ने नेहरू और कांग्रेस की जन विरोधी नीतियों का विरोध करने का संकल्प लिया। उस समय उनके अनन्य वैचारिक सहयोगी के रूप में मधु लिमये का नाम तेजी से उभरकर सामने आया। जिनके सिद्धांतवादी एवं जनप्रतिबद्ध राजनीति के लोहिया भी कायल थे। उसी दौरान प्रजा सोशलिस्ट पार्टी की स्थापना के समय लोहिया जनरल सेक्रेटरी जबकि मधु लिमये, अशोक मेहता और सादिक अली के साथ जॉइंट सेक्रेटरी बनाए गए। मधु को लेकर लोहिया के मन में विशेष सम्मान था, जिसका उदाहरण गाजीपुर में आयोजित प्रजा समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी में मधु लिमये को आमंत्रित करने के निर्णय से मिलता है। जबकि 1955 में मद्रास के अवाड़ी अधिवेशन में कांग्रेस के प्रस्ताव पर प्रजा समाजवादी पार्टी के बम्बई अध्यक्ष अशोक मेहता के समर्थन का कड़ा विरोध करने की वजह से मधु लिमये को पार्टी से निलंबित कर दिया गया था। इस आमंत्रण के बाद प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के अध्यक्ष की हैसियत से आचार्य नरेंद्र देव ने गाजीपुर के प्रादेशिक सम्मेलन पर रोक लगा दी। बावजूद इसके सम्मेलन आयोजित हुआ और इसमें लोहिया के निर्देश पर केंद्रीय नेतृत्व की निंदा की गई। जिसके फलस्वरूप लोहिया को भी निलंबित कर दिया गया। इस घटनाक्रम से समाजवादी आंदोलन में मधु लिमये के महत्व को बखूबी समझा जा सकता है।

मणेन्द्र मिश्रा 'मशाल'
पूर्व अतिथि प्रवक्ता
इलाहाबाद विश्वविद्यालय

मधु लिमये का जन्म 1 मई 1922 को पूना में हुआ था। इनके पिता श्री राम चन्द्र महादेव लिमये थे। प्रो चंपा लिमये इनकी जीवनसंगिनी बनी। जिन्होंने सौहार्द के नाम से अपने पति के लेखों का महत्वपूर्ण संग्रह प्रकाशित करवाया। फर्गुसन कॉलेज में पढ़ाई छोड़कर छात्र जीवन में ही मधु लिमये स्वतंत्रता आंदोलन में कूद पड़े और अठ्ठारह वर्ष की अवस्था मे 1940-41 में उन्हें कारावास की पहली सजा हुई।' भारत छोड़ो आंदोलन में भूमिगत रहते हुए महाराष्ट्र में उन्होंने आंदोलन का नेतृत्व किया, बाद में पकड़े गए और लंबे समय तक जेल रहे। इस पहचान ने उन्हें समूचे देश में ख्याति दिलाई। आजादी के बाद गोवा मुक्ति आंदोलन का उन्होंने लोहिया के साथ सफलतापूर्वक संचालन किया जिसकी वजह से उन्हें बारह साल की सजा हुई। जो उनके संघर्षशील व्यक्तित्व की बानगी है। मधु लिमये चार बार लोकसभा के सदस्य रहे और अत्यंत प्रखर सांसद के रूप में विख्यात हुए। संसद में उनके प्रवेश के साथ ही सत्ता दल के मंत्रियों के माथे पर बल आ जाता था। संसदीय नियमों के मर्मज्ञ मधु लिमये लोकसभा में गरीबों-मजलूमों के आवाज थे। उनके सांसद रहते प्रायः सभी महत्वपूर्ण बिल बिना बहस के पास नही हो पाता था। उनका हमेशा प्रयास रहता था कि कैसे संसद की छवि आम जनमानस में जनता की बुनियादी समस्याओं के समाधान केंद्र के रूप में मजबूत किया जा सके। इसीलिए मधु लिमये आजीवन जनप्रतिनिधि होने की मर्यादा, राजनैतिक सुचिता और ईमानदारी के पर्याय बने रहे। उनका मानना था कि जनता ने जिस भरोसे और विश्वास से आपको चुना है, उस पर खरे उतरने के लिए नैतिक चरित्र बेदाग होना चाहिए। तभी नेताओं की कही गई बातों का असर जनता पर पड़ेगा। प्रारंभ से अंत तक वे समाजवाद के प्रति समर्पित रहे और गैरबराबरी एवं राजनीतिक तिकड़मों के खिलाफ आवाज उठाते रहे। 1982 में खराब स्वास्थ्य की वजह और मूल्य आधारित राजनीति की गिरावट के कारण राजनीति को अलविदा करने के बाद पूरा समय लेखन में लगाते रहे। जिसके परिणामस्वरूप जीवन के अंतिम दशक में तीस से अधिक और कुल मिलाकर लगभग साठ पुस्तकों का लेखन करने का काम किया। जो राजनीति सहित समाज के अंतर्संबंधों को समझने की दिशा में कारगर साहित्य हैं। जेपी आंदोलन के विस्तार और संपूर्ण विपक्ष की एकता स्थापित करने में मधु लिमये की भूमिका काफी महत्वपूर्ण रही। उन्होंने जनता पार्टी की सरकार में शामिल विभिन्न दलों के प्रतिनिधियों की दोहरी पार्टी सदस्यता का कड़ा विरोध किया एवं इसके स्थान पर इकहरी सदस्यता की वकालत की।

आपातकाल के दौरान मीसा के अंतर्गत जुलाई 1975 से फरवरी 1977 तक वे मध्यप्रदेश की विभिन्न जेलों में रहे। इसके विरोध में उन्होंने पांचवें लोकसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। मधु लिमये ने विचार की राजनीति करने वाले नौजवानों की एक लंबी फेहरिश्त तैयार की । वो नौजवानों को हमेशा सिद्धांत आधारित राजनीति के लिए प्रेरित करते रहते थे।

वैक्सीन पर स्वीकारोक्ति के मायने

संजय सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

यह सब हुए कई साल बीत गए हैं। बीच-बीच में कोरोना की छोटी-मोटी लहर की चर्चा को छोड़कर कोई बड़ी लहर नहीं आई है। इससे लगता है कि वैक्सीन का असर हुआ है।

कोरोना की कोविशील्ड वैक्सीन बनाने वाली ब्रिटिश कंपनी एस्ट्राजेनेका ने अदालत में कुबूल किया है कि इस वैक्सीन से कुछ लोगों को हार्ट अटैक और ब्रेन स्ट्रोक होने का कुछ खतरा है। यह वही वैक्सीन है जिसका भारत में सीरम इंस्टीट्यूट के जरिये बड़े पैमाने पर उत्पादन कराया गया। एक प्राइवेट इंस्टीट्यूट द्वारा उत्पादित वैक्सीन का सरकार की ओर से न सिर्फ प्रचार किया गया, बल्कि उसे आईसीएमआर की ओर से प्रमाणित कराकर सुरक्षित घोषित किया गया। जबकि सभी को पता है कि वैक्सीन के ट्रायल जल्दबाजी में किए गए थे। क्लिनिकल एवं अन्य परीक्षणों की लंबी और सालों तक चलने वाली प्रक्रिया को कुछ महीनों और हफ़्तों में यह कहकर संक्षेप में निपटा दिया गया कि यह वक्त की जरूरत है। प्रधानमंत्री ने स्वयं सीरम इंस्टीट्यूट का दौरा किया और उसके एमडी अदार पूनावाला के साथ मिलकर देश को वैक्सीन उत्पादन बढ़ाने का भरोसा दिया। उन्होंने स्वयं वैक्सीन लगवाकर दिखाई और देशवासियों से वैक्सीन लगवाने की अपील भी की। इसके बाद कोवैक्सीन, कोर्बेवैक्स जैसी कई दूसरी वैक्सीन भी आईं और लगाई गईं। सरकार ने इसे बड़े पैमाने पर खरीदा और जनता को मुफ्त लगाया। देश भर में वैक्सिनेशन कैंप लगाए गए। लोगों को लंबी लाइनों में लगकर वैक्सीन लगवानी पड़ी। वैक्सीन सर्टिफिकेट बांटे गए और अनेक सरकारी सेवाओं के लिए इस सर्टिफिकेट को अनिवार्य कर दिया गया। हम सबके मोबाइल या दराज में यह सर्टिफिकेट अब भी मौजूद है।

यह सब हुए कई साल बीत गए हैं। बीच-बीच में कोरोना की छोटी-मोटी लहर की चर्चा को छोड़कर कोई बड़ी लहर नहीं आई है। इससे लगता है कि वैक्सीन का असर हुआ है। कोरोना के नए वैरिएंट आते हैं और बिना कोई खास असर दिखाई वापस चले जाते हैं। वैक्सीन से पुराना वैरिएंट खत्म हो गया है और इम्युनिटी बढ़ने के कारण नए वैरिएंट को अपनी ताकत दिखाने, बढ़ाने का मौका नहीं मिलता। लेकिन दूसरी तरफ अचानक हार्ट अटैक, हार्ट अरेस्ट और ब्रेन स्ट्रोक के मामले बढ़ते दिखाई दे रहे हैं। आए दिन इस तरह की खबरें पढ़ने और वीडियो देखने, सुनने को मिलते हैं। अकेले भारत में ही नहीं, दूसरे देशों में भी, जिनमें ब्रिटेन भी शामिल है, जहां कोविशील्ड का आविष्कार हुआ था। जहां की कंपनी एस्ट्राजेनेका ने इसे सबसे पहले बनाया था और जिससे लाइसेंस या सहयोग लेकर बाकी देश और उनकी वैक्सीन कंपनियां इसका उत्पादन कर रही हैं। भारत का सीरम इंस्टीट्यूट इनमें सबसे बड़ा उत्पादक है और इसकी बनाई वैक्सीन की दुनिया भर में सप्लाई होती है। लेकिन अब एस्ट्राजेनेका मुश्किल में है और उसकी मुश्किलों की छाया सीरम इंस्टीट्यूट से लेकर भारत सरकार तक पर पड़ती दिखाई दे रही है। चूंकि भारत में इन दिनों लोकसभा चुनाव चल रहे हैं, इसलिए कर्नाटक के सेक्स स्कैंडल को लेकर पहले से विपक्ष के निशाने पर चल रहे सत्तारूढ़ दल के लिए एक नई चुनौती खड़ी हो गई है। कोविशील्ड पर एस्ट्राजेनेका के कुबूलनामे ने विपक्ष को सरकार के विरुद्ध एक नया हथियार दे दिया है। कोविशील्ड के बारे में खतरनाक तथ्य सामने आने से उन विपक्षी दलों को भी नई शक्ति मिलेगी जिनके नेताओं ने शुरू में वैक्सीन का मजाक उड़ाया था और इसे भाजपाई वैक्सीन बताते हुए लगवाने से इनकार कर दिया था। हालांकि बाद में जनता के दबाव में उन्होंने वैक्सीन लगवा ली थी, लेकिन अनेक आम लोगों की तरह वैक्सीन को लेकर उनके मन का संदेह पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ था। इनमें समाजवादी पार्टी के मुखिया और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का नाम प्रमुख है। उनका दल इस चुनाव में इंडिया गठबंधन का हिस्सा है।

जबसे एस्ट्राजेनेका के अदालत में वैक्सीन की खामियों को स्वीकार करने की बात मीडिया में उजागर हुई है, सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म कोरोना और कोविशील्ड की चर्चाओं से भर गए हैं। सबको जैसे भड़ास निकालने का मौका मिल गया है। कोई इसके लिए एस्ट्राजेनेका और अदार पूणावाला को दोषी ठहरा रहा है तो कोई इसे इलेक्टोरल बांड के चंदे से तो विदेशों में कारपोरेट जगत के लालच से जोड़ कर देख रहा है। यहां तक कि कोरोना महामारी को लेकर भी अब लोग संदेह करने लगे हैं। वे प्रश्न कर रहे हैं कि कहीं यह पश्चिमी धनकुबेरों और सत्ताधीशों की कोई सुनियोजित साजिश तो नहीं थी? जिसके तहत जनसंख्या घटाने के साथ फार्मेसी, हॉस्पिटल, इंश्योरेंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग जैसे व्यवसायों को बढ़ावा देने के लिए विश्व के करोड़ों लोगों को गिनी पिग बना दिया गया और उनके जीवन और स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया गया और इसका ठीकरा चीन पर फोड़ने की कोशिश की गई।

सोशल फोरम

सूरत के बाद इंदौर : कैसा दौर

जैसा सूरत में कांग्रेस के साथ हुआ, बिल्कुल वैसा ही इंदौर में भी हुआ। सूरत में कांग्रेस प्रत्याशी ने अपना नामांकन वापिस ले लिया था और यही नहीं बसपा व निर्दलीय प्रत्याशियों के नामांकन भी वापिस हो जाने पर भाजपा प्रत्याशी की निर्विरोध जीत हो गई और इसे 'ऑपरेशन निर्विरोध' के तौर पर प्रचारित करने के साथ-साथ भाजपा की लोकप्रियता के रूप में खूब प्रचारित किया गया। अब यही 'ऑपरेशन निर्विरोध' मध्य प्रदेश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में दोहराने की कोशिश की गई। यहां भी कांग्रेस प्रत्याशी अक्षय बम ने अपना नामांकन वापिस लेकर एक ऐसा बम फेंका कि कांग्रेस हाईकमान हक्का बक्का ही रह गई। यही नहीं नामांकन वापिस लेने के बाद अक्षय बम ने दूसरा बम फेंकते हुए भाजपा ही ज्वाइन कर ली। यह सबसे बड़ा झटका कहा जा सकता है कांग्रेस के लिए। यहां भी निर्दलीय प्रत्याशियों के नामांकन वापिस करवा कर 'ऑपरेशन निर्विरोध' चलाने की कोशिश रही भाजपा की, कुल तेइस निर्दलियों में से नौ प्रत्याशियों ने नामांकन वापिस ले भी लिए लेकिन अभी चौदह प्रत्याशी बच रहे हैं। आप और सपा ने इंडिया गठबंधन के चलते कांग्रेस के समर्थन में अपने प्रत्याशी ही नहीं उतारे हैं। कांग्रेस या इंडिया गठबंधन का कोई प्रत्याशी मैदान में नहीं बचा। बहुत मज़ेदार टिप्पणी कांग्रेस के जीतू पटवारी ने की है कि अभी तक बूथ केप्चरिंग का सुना था, यहां तो कांग्रेस प्रत्याशी का अपहरण ही कर लिया गया है। यानी अब प्रत्याशियों का अपहरण होने लगा।

कमलेश भारतीय
वरिष्ठ लेखक

कहते हैं कि अक्षय बम के खिलाफ सत्रह साल पुराने केस की याद दिला कर उन्हें आत्मसमर्पण के लिए भाजपा नेताओं ने तैयार कर लिया। इस तरह कांग्रेस व इंडिया गठबंधन बिना लड़े ही इंदौर लोकसभा क्षेत्र से चुनाव से बाहर हो गए, जैसे मुक्केबाज रिंग से बाहर हो जाते हैं। अब देखिए बाकी बचे निर्दलीय प्रत्याशियों की विकेट कब आउट होती हैं। आईपीएल के किसी भी रोमांचक मैच की तरह यह 'ऑपरेशन निर्विरोध' भी बहुत रोमांचक होगा। यह ऐसा ऑपरेशन निर्विरोध है, जिसके चलते बाद में कोई, किसी प्रकार की परेशानी ही न आए । क्या नई सूरत है यह राजनीति की। कैसा दौर है यह राजनीति का ?

-फेसबुक वॉल से

जनपदीयता नहीं मनुष्यता

एक मित्र ने सोशल साइट पर पहले अपने जनपद और जनपदीय-भाषा की जय का उद्घोष किया और फ़िर सवाल किया है कि जैसा काव्य इस जनपदीय-भाषा में रचा गया है, क्या वैसा काव्य किसी अन्य जनपदीय भाषा में है? स्पष्ट ही यह विभाजित, खंडित और संकीर्ण दृष्टि है। सवाल यह है कि क्या वे काव्य जनपदीय काव्य हैं और क्या उनको किसी एक जनपद की थाती कहा जा सकता है? क्या उन रचनाओं के कवि जनपदीय थे? क्या वे महाकवि इसी संकीर्ण जनपदीय दृष्टि से प्रेरित थे? उन महाकवियों के काव्य में जनपदीयता की जय का उद्घोष है अथवा मनुष्य की संवेदना और मनुष्यता का जयजयकार है? निश्चित ही अवधी, भोजपुरी, मैथिली, अंगिका, बज्जिका, मगही, बुंदेली, ब्रज, मालवी, निमाड़ी, गढ़वाली, कुमाउनी, कौरवी, छतीसगढ़ी, हरयाणवी, राजस्थानी , मेवाती, अहीरवाटी, बांगरू, हिमाचली, कांगड़ी, किन्नरी, डोगरी, मारवाड़ी आदि लोकभाषाएं हिन्दी की प्राण रसधाराएं हैं। राहुलजी ने तो पंजाबी को भी हिंदी की लोकभाषाओं में शामिल किया था। हिंदी की शक्ति इनकी अविच्छिन्नता और समग्रता में है। जनपदीय-भाषाएं हिंदी की कामधेनु हैं। जनपदीय-भाषाओं का साहित्य हिंदी का साहित्य है, हिंदी से अविच्छिन्न है। हिंदी के प्रवाह की निरंतरता से जुड़ा है। ये सभी लोकभाषाएं हिंदी ही हैं।

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

जनपद और वहां की बोलियों को लेकर उस जमाने के साहित्य-मनीषियों में लंबी बहस छिड़ गई थी। जिन तीन मनीषियों ने हिंदी में "जनपद-आंदोलन" की टेर लगाई थी, वे तीनों ही अंतर-राष्ट्रीयतावादी थे। आचार्य वासुदेवशरण अग्रवाल विश्वविख्यात कलाविद थे। राहुल सांकृत्यायन तो विश्व-नागरिक ही थे, रूस में रहे, श्रीलंका में भी रहे। उनका साहित्य विश्वमानव का साहित्य है। पं. बनारसी दास चतुर्वेदी "विशाल भारत" के संपादक थे, उन्होंने रवींद्रनाथ टैगोर और महात्मा गांधी के साथ रहने का सौभाग्य पाया था। वे रामानंद चट्टोपाध्याय के विश्वस्त थे। उन्होंने फरवरी 1940 के विशाल भारत में अग्रलेख लिखा-साहित्य का विकेन्द्रीकरण। राहुलजी ने हिंदी के जनपदों की पहचान पर लेख लिखा मातृभाषाओं का प्रश्न और, बोलियों का सवाल उठाया। राहुलजी ने बोलियों के आधार पर जनपदों का रेखांकन किया था। राहुलजी ने हिंदी साहित्य के वृहद इतिहास के सोलहवें भाग में जनपदीय भाषाओं के साहित्य को सम्मिलित किया है। जनपदीय-जन की प्रतिष्ठा के लिए वासुदेवशरण जी ने स्वस्तिवाचन किया। लेख लिखा-जनपदीय-साहित्य। इन तीन लेखों पर व्यापक प्रतिक्रिया हुई। जनपद-आंदोलन का विचार था, जो टूंडेखंगार खेत में काम कर रहा है, उसी की बोली में सहित्य का अमृत-संदेश उस तक पंहुच सके, उसकी बोली में पंहुचे।

रामविलास शर्मा जी कुंडेश्वर तक गए। उन्होंने हिंदी-जाति का स्वर बुलंद किया था। पंडित बनारसीदासचतुर्वेदी ने स्पष्ट किया कि जनपद-आन्दोलन सांस्कृतिक-स्वराज्य की अवधारणा है। यह टेर इतनी व्यापक थी कि प्रगतिशील-आंदोलन का ध्यान गया और शिवदान सिंह चौहान की अध्यक्षता में एक साहित्य मनीषियों की टीम बनी, जिसकी रिपोर्ट उनकी पुस्तक, प्रगतिशील साहित्य के मानदण्ड, के परिशिष्ट के रूप में सम्मिलित है। मधुकर पत्रिका का जनपदीय-अंक निकला। वासुदेवशरण अग्रवाल के संपादन में काशी से जनपद नाम की पत्रिका प्रकाशित हुई। प्रत्येक जनपद में साहित्यमंडल उठ कर खड़े हो गए। आकाशवाणी के रीजनल केन्द्र बने। प्रत्येक जनपद से पत्रिका का प्रकाशन होने लगा। यह अभियान हिंदी जगत के इतिहास में जनपद-आंदोलन के नाम से जाना जाता है। "भाषा-साहित्य-संस्कृति" के "लोकतंत्र" की वह टेर, पुराने साहित्य-मनीषियों के मन के किसी कोने में अवश्य गूंज रही होगी, जो आगे चल कर "जनपद-आंदोलन" के रूप में प्रकट हुई। जनपद-आन्दोलन का संबंध देश के लोकतंत्र से था, लोकजीवन से था , लोकभाषा और लोकसंस्कृति से था।

मई दिवस का आयोजन

अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस की शुरुआत 4 मई 1886 को अमेरिका के शिकागो शहर से की गई। काम के घंटे तय करने के लिए मजदूर यूनियन ने पहली हड़ताल की थी। इस दौरान शिकागो शहर के मार्केट में हुए बम धमाके में 4 मजदूर मारे गए और कुछ घायल भी हुए थे, इसी के बाद काम के घंटे 8, सामाजिक सरोकार के 8 और विश्राम के घंटे 8 को अंतिम रूप दिया गया। भारत में मजदूर दिवस 1 मई 1923 को लेबर किसान पार्टी ऑफ हिंदुस्तान द्वारा चेन्नई में मनाया गया। आज भी देश के मजदूर, किसान और कर्मचारी बड़े उत्साह के साथ मई दिवस मनाते हैं। देश के कुछ राज्यों में मजदूर दिवस को मनाने के लिए अवकाश भी घोषित है।

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

बरेली में मजदूर दिवस का आयोजन लंबे समय से होता आ रहा है। एक समय था, जब शहर में फैक्ट्रियों, कारखानों और रेलवे, बैंक आदि के श्रमिक और कर्मचारी एकजुट हो कर मोती पार्क में मई दिवस का आयोजन बड़े उत्साह और जोश के साथ करते थे, लेकिन जैसे-जैसे फैक्ट्रियां और कारखाने, मिलें बंद होते गए मजदूरों और कर्मचारियों की भागीदारी भी कम होती देखी गई। विगत 25 वर्षो से मजदूर दिवस का आयोजन स्थानीय आंबेडकर पार्क में हो रहा है। पहले मई दिवस आयोजन समिति और फिर 2004 से बरेली ट्रेड यूनियंस फेडरेशन इस आयोजन को करती आ रही है। अबकी बार भी बरेली ट्रेड यूनियंस फेडरेशन ने जोरदार ढंग से मई दिवस आयोजित करने का निर्णय किया है। शहर के तमाम संगठन लोकसभा चुनावों में व्यस्त होने के बाबजूद तैयारी में जुटे हैं।

गुणवत्ता के साथ पूरी करें बंधों की मरम्मत:एडीएम

स्टेयरिंग कमेटी की बैठक में की बाढ़ नियंत्रण तैयारियों की समीक्षा, पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश

सम्भावित बाढ़ से बचाव की तैयारी बैठक करते एडीएम जय प्रकाश। अमृत विचार

संतकबीरनगर

अमृत विचार। अपर जिलाधिकारी जय प्रकाश की अध्यक्षता में आगामी बरसात के मौसम में सम्भावित बाढ़ और बंधों के कटान आदि से बचाव व सुरक्षा को लेकर बाढ़ स्टीयरिंग कमेटी की बैठक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में बंधों की मरम्मत पूरी गुणवत्ता के साथ अविलम्ब पूर्ण कर लिये जाने का निर्देश दिया।

बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी ने तीनों तहसीलों के उप जिलाधिकारियों को अपनी-अपनी तहसील क्षेत्र में बाढ़ से बचाव के दृष्टिगत किए जा रहे प्रबन्धों और जरुरी व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण करते रहने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बाढ़ सम्भावित क्षेत्रों का भ्रमण कर स्थानीय लोगों से किसी भी सम्भावित समस्या के बारे में पहले से ही जानकारी प्राप्त कर उसका निस्तारण सुनिश्चित करा लिया जाए। जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि शत् प्रतिशत हैण्ड पम्पों को क्रियाशील रखते हुए स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित रखी जाय। उन्होंने बाढ़ के दौरान किसी भी संक्रामक बीमारी को फैलने से रोकने के लिए आवश्यक और जीवन रक्षक दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित रखने का निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिया।

राहत कैम्पों की स्थापना और संचालन के विषय में उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों से कहा कि बाढ़ एक आकस्मिक आपदा है। इसलिए इसके दुष्प्रभाव से बचने के लिए पहले से ही सभी बिन्दुओं पर सतर्क दृष्टि बनाए रखने की आवश्यकता है। राहत शिविरों में स्वच्छ पेयजल, विद्युत आपूर्ति, चिकित्सा की व्यवस्था, क्लोरीन की गोली की उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए।

नागरिकों को हीट वेव से बचाने का ठोस प्रबन्ध करें अधिकारी

बैठक में इस वर्ष लू के प्रकोप (हीट वेव) से बचाव और राहत के लिए कार्य योजना बनाए जाने और लू के प्रकोप से बचाव के लिए 'क्या करें-क्या न करें' से सम्बंधित जानकारियों का प्रचार-प्रसार करने सहित स्वास्थ्य विभाग, नगर निकाय, श्रम विभाग, पशुपालन, पंचायती राज, वन विभाग, अग्निशमन सहित अन्य सम्बंधित विभागों द्वारा तैयार की गई कार्य योजना पर विस्तृत चर्चा करते हुए अपर जिलाधिकारी ने सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

समय रहते जल निकासी ब्यवस्था सुदृढ़ कराए पालिका

अपर जिलाधिकारी जय प्रकाश ने नगर पालिका खलीलाबाद और सभी नगर पंचायत क्षेत्रों में बरसात के मौसम में सम्भावित जल जमाव से निपटने के लिए पहले से ही जल निकासी की व्यवस्था और नालों की साफ-सफाई दुरूस्त सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

अपर पुलिस अधीक्षक ने मंगलवार ली परेड की सलामी

संतकबीरनगर। अपर पुलिस अधीक्षक शशि शेखर सिंह ने मंगलवार को रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर परेड का विधिवत निरीक्षण किया। परेड में शामिल पुलिस कर्मियों के टर्नआउट को चेक करते हुए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने और जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने के लिए निर्देशित किया। निरीक्षण के बाद कर्मियों को शारीरिक रुप से फिट रहने के लिए सामूहिक दौड़ लगवाई गई। परेड के दौरान अनुशासन और एकरुपता के लिए टोलीवार ड्रिल भी कराई गई। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन परिसर की बेहतर साफ-सफाई के लिए प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया। इस मौके पर उन्होंने पुलिस लाइन के आदेश कक्ष मे सभी गार्द रजिस्टरों को चेक करते हुए गार्द की सुरक्षा के संबंध मे सभी गार्द कमांडरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

एक निरीक्षक और दो उप निरीक्षकों को दी गई विदाई

सेवानिवृत पुलिस कर्मियों का माल्यार्पण कर स्वागत करते पुलिस अधीक्षक।

संतकबीरनगर, अमृत विचार। मंगलवार को जनपद में तैनात निरीक्षक प्रमोद कुमार त्रिपाठी, उपनिरीक्षक लक्ष्मण यादव और उपनिरीक्षक रामजी सोनकर अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हो गए। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने सभी सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों को अंग वस्त्र देकर व माल्यार्पण कर सम्मानित किया। उन्हें प्रशस्ति पत्र उपहार और धार्मिक पुस्तकें भेंट कर उनके सुखमय जीवन और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दिया।

भाजपा में शामिल पूर्व विधायक का हुआ सम्मान

पूर्व विधायक जय चौबे, मंत्री डॉ संजय निषाद का स्वागत करते डॉ.उदय प्रताप चतुर्वेदी। अमृत विचार

संवाददाता, संतकबीरनगर

अमृतविचार। मंगलवार को खलीलाबाद स्थिर सूर्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल पर पूर्व विधायक जय चौबे और जिला पंचायत अध्यक्ष बलिराम यादव के लिए स्वागत समारोह का भव्य आयोजन किया गया। सूर्या समूह के चेयरमैन डॉ उदय प्रताप चतुर्वेदी और नाथनगर के पूर्व ब्लाक प्रमुख राकेश चतुर्वेदी ने माल्यार्पण और और अंगवस्त्र भेंटकर भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में सम्मान पाकर कैबिनेट मंत्री डॉ संजय निषाद और सांसद प्रवीण निषाद ने सूर्या ग्रुप के प्रति आभार व्यक्त किया।

सपा से बागी हुए पूर्व विधायक जय चौबे ने अपने सैकड़ो समर्थक सपा नेताओं के साथ रविवार को अपने पुराने घर भाजपा में वापसी कर लिया था। मंगलवार को सूर्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल खलीलाबाद में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे कैबिनेट मंत्री डॉ संजय निषाद, सांसद प्रवीण निषाद, जय चौबे और जिला पंचायत अध्यक्ष बलिराम यादव का जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान डॉक्टर उदय प्रताप चतुर्वेदी और पूर्व ब्लॉक प्रमुख राकेश चतुर्वेदी ने सभी को अंग वस्त्र भेंट कर और माल्यार्पण कर हुए सम्मानित किया। इस दौरान वरिष्ट भाजपा नेता संजीव राय, दयाराम कनौजिया, प्रधान केसी पाण्डेय, धीरज पाण्डेय, युवा समाजसेवी दानिश खान, रितेश सिंह, गोलू वर्मा, सौरभ सिंह, निहाल पाण्डेय, आलोक उपाध्याय, रत्नेश मिश्र, कृष्णकांत शर्मा, सभासद मुन्ना पांडेय, मतीन खान, अंकित पाल, अंशुमान सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

एक नजर

सड़क हादसे में युवक घायल

बहराइच। खैरीघाट थाने के बेहड़ा निवासी सूरज पुत्र देवकी नंदन बाइक से रविवार शाम राजी चौराहे जा रहे थे। किसी तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से वह घायल हो गए। घायल को बेहड़ा सीएचसी लाए जाने पर चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है।

बंदर के हमले में घायल

बहराइच। पयागपुर थाना क्षेत्र के ग्राम चंदवा निवासी बाबूराम (20) पुत्र ननके राव इलाहबाद में आईएएस की तैयारी करते हैं। इस समय वह घर आए हैं। इनकम टैक्स विभाग में वह काम से आए। इसके बाद सिविल लाइन के हुजूरपुर तिराहे पर रोडवेज बस का इंतजार करने लगे। तभी एक बंदर ने हमला कर दिया। उन्हें आसपास के लोगों की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

लाखों के जेवरात और अन्य सामान चोरी

बहराइच। कोतवाली देहात के मोहल्ला सरस्वती नगर निवासी मनोज कुमार सिंह का मकान ओझा आरा मशीन के पास है उनके मकान में देर रात को चोर घुस गए चोरों ने अलमारी का ताला तोड़कर चांदी के सिक्के, नकदी और सोने के जेवरात की चोरी की। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

अज्ञात का नाले के निकट पड़ा मिला शव

बहराइच। दरगाह थाना क्षेत्र के मंसूरगंज मोहल्ले में नाले के निकट मंगलवार शाम को अज्ञात के पड़े होने की सूचना मिली। प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र मिश्रा ने बताया कि सभासद विशाल की सूचना पर उप निरीक्षक राम जी यादव की टीम को मौके पर भेजा गया। टीम ने व्यक्ति को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। लेकिन डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। काफी प्रयास के बाद भी मृतक की पहचान नहीं हो सकी है।

पागल कुत्ते के हमले में ग्रामीण घायल

बहराइच। दरगाह थाना क्षेत्र के चैतूपुरवा गांव निवासी 60 वर्षीय शंकर पुत्र लच्छू सोमवार को शाम लगभग सात बजे खेत में गेहूं की फसल की दंबाई में देखरेख को गए थे। अचानक एक पागल कुत्ते ने उन पर हमला कर दिया। वह हमला होते ही गिर पड़े। कुत्ते के हमले से बचाव को। हाथ चलाया तो कुत्ते ने हाथ व नाक में काट लिया। उन्हे गंभीर हालत में मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है।

नामांकन के दूसरे दिन 9 दावेदारों ने खरीदे 16 सेट नामांकन पत्र

संवाददाता संतकबीरनगर

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव के छठवें चरण में संतकबीरनगर लोकसभा क्षेत्र में निर्वाचन के लिए नामांकन की प्रक्रिया सोमवार से शुरू करा दी गई है। नामांकन के दूसरे दिन भी किसी प्रत्याशी ने नामांकन दाखिल नहीं किया। अलबत्ता लोकसभा सामान्य 9 दावेदारों ने 16 सेट नामांकन पत्र प्राप्त किया। नामांकन के दूसरे दिन भी रिटर्निंग आफिसर व जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर ने मौजूद रहकर ब्यवस्थाओं का लगातार जायजा लिया। रिटर्निंग आफिसर महेंद्र सिंह तंवर की उपस्थिति में 9 लोगों ने कुल 16 सेट में नामांकन पत्र प्राप्त किया। नामांकन पत्र प्राप्त करने वालों में निर्दलीय रमाकान्त पुत्र राममूरत, बिपिन मणि त्रिपाठी पुत्र शूम्भ मणि त्रिपाठी, कृष्णमुरारी दूबे पुत्र श्रीराम दूबे, अरूण कुमार यादव पुत्र मिठाई लाल यादव, हेमवन्ती निषाद के लिए आनन्द पुत्र सतई प्रसाद ने नामांकन पत्र प्राप्त किया। बहुजन मुक्ति पार्टी से आनन्द कुमार गौतम पुत्र राममिलन, पीस पार्टी (गिरीवर सिंह के लिए) से मारूफ अहमद पुत्र मजहर अली, सबका दल यूनाइटेड (विजय चौहान के लिए) से वीरेन्द्र कुमार पुत्र भागीरथी और भारतीय लोकमत राष्ट्रवादी पार्टी से सुभाष चन्द्र पलकधारी तिवारी पुत्र पलकधारी तिवारी शामिल थे।

नामांकन के दूसरे दिन भी किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया। बताते चलें कि नामांकन पत्र प्राप्त करने और नामांकन पत्रों को दाखिल किये जाने की अंतिम तिथि 6 मई शाम 3 बजे तक निर्धारित है। चप्पे-चप्पे पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने किसी भी अनधिकृत व्यक्ति को कलेक्ट्रेट परिसर में प्रवेश नहीं करने दिया

कोटेदार पर खाद्यान्न न देने का आरोप

रिसिया, बहराइच। विकास खंड रिसिया अंतर्गत ग्राम पंचायत बहबोलिया महादा का कोटा शबनम के नाम से है जिसका संचालन उनके पति फरीद करते है। वहां के ग्रामवासी फिरोज अहमद, जहीर, जलालुद्दीन, हनीफ, कनछेद, सानिया, शबनम, वंशी लाल, विमला देवी, मारूफ, आशा राम, लल्लू सहित दर्जनो ग्रामीणो ने जिलाधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी व खाद्य व रसद विभाग को आनलाइन शिकायती पत्र प्रेषित करते हुए कहा की जब वे लोग राशन लेने जाते है तो पहले तो कोटेदार राशन कम तौल कर देता है और जब वे लोग उसका विरोध करते है तो वह गाली गलौच करने पर उतारू हो जाता है। इतना ही नही कोटेदार का पति फरीद महिलाओं व बच्चो के साथ भी अभद्रता करता है।

प्लग लगाते समय करंट लगने से हुई मौत

बहराइच। राम गांव थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रेहुआ मंसूर गांव निवासी बृजेंद्र नाथ मिश्रा (55) पुत्र चंद्र कांत मिश्रा मंगलवार शाम को घर के बोर्ड में पंखे का प्लग लगा रहे थे। तभी वह करंट की चपेट में आ गए। मूर्छित होकर वह जमीन पर गिर गए। परिवार के लोग अधेड़ को अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इस पर पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। बड़े पुत्र धर्मेंद्र मिश्रा ने बताया कि घर में ही पिता जी को करंट लगी है। प्रभारी निरीक्षक शशि कुमार राणा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

फैजी समाजवादी पार्टी के विधानसभा क्षेत्र उपाध्यक्ष

मगहर, संतकबीरनगर, अमृत विचार। समाजवादी पार्टी के विधान सभा क्षेत्र खलीलाबाद अध्यक्ष रमेश चंद यादव ने मगहर निवासी ख़ुर्शीद खान उर्फ फैजी को विधानसभा क्षेत्र ख़लीलाबाद का उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। सपा के जिला उपाध्यक्ष सेराज खान ने कहा कि फैजी भाई के विधानसभा ख़लीलाबाद उपाध्यक्ष बनने से पार्टी को मजबूती मिलेगी।

सपा के नव नियुक्त विधानसभा उपाध्यक्ष का स्वागत करते लोग।

पुण्यतिथि पर पूर्व सांसद को दी गई श्रद्धांजलि

संवाददाता संतकबीरनगर

अमृत विचार। समाजवादी पार्टी कार्यालय पर मंगलवार को पूर्व सांसद स्व. सुरेन्द्र यादव की पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने स्व. सुरेन्द्र यादव के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। श्रद्धांजलि सभा को सम्बोधित करते हुए सपा जिलाध्यक्ष अब्दुल कलाम ने कहा कि सुरेंद्र यादव ने उस दौर में सपा का झंडा बुलंद किया था कि जब लोग खुलकर सपा के पक्ष में बोलने से भी कतराते थे। उन्होंने समाजवाद का झंडा कभी झुकने नहीं दिया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि आज लोकसभा चुनावों का समय है। एक तरफ भाजपा देश में हिंदू मुस्लिम के बीच खाई पैदा कर देश को अराजकता की आगोश में झोंकने की फिराक में है। चारों तरफ महंगाई, भ्रष्टाचार, हत्या, लूट, बेरोजगारी का बोलबाला है। भाजपा साम्प्रदायिक उन्माद पैदा कर देश में तीसरी बार सरकार बनाने को आतुर है। वहीं दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन और समाजवादी पार्टी देश के संविधान की रक्षा के लिए और देश के तरक्की और खुशहाली के लिए संघर्षरत हैं। उन्होंने कहा कि पूरे देश में इंडिया गठबंधन की लहर चल रही है। पार्टी द्वारा घोषित प्रत्याशी पप्पू निषाद को चुनाव जिताना ही पूर्व सांसद सुरेंद्र यादव के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। अपने सम्बोधन में जिला महासचिव विनोद यादव ने कहा कि स्व. सुरेन्द्र यादव ने आजीवन दबे, कुचले, कमजोर और बेसहारा लोगों के लिए संघर्ष किया। कार्यक्रम को वरिष्ठ नेता के.डी. यादव, लोकसभा प्रत्याशी लक्ष्मीकांत उर्फ पप्पू निषाद, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी आलोक यादव सोनू, राहुल यादव बादल, रामबृक्ष यादव, रमेश यादव समेत तमाम लोगों ने सम्बोधित किया।

परीक्षा में सर्वोत्तम अंक प्राप्त करने वाले छात्र हुए सम्मानित

मेंहदावल, संतकबीरनगर। मंगलवार को विकास खंड क्षेत्र के मिश्रवलिया मिश्र ग्राम में स्थित उमापति इंटर कॉलेज में शिक्षक- अभिभावक के संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि शैलेन्द्र यादव ने कहा कि बच्चों की शिक्षा में अभिभावक व शिक्षक का महत्वपूर्ण भूमिका होती है। एक दूसरे के सहयोग से विद्यालय को बल मिलता है। प्रबंधक विनोद तिवारी ने कहा कि बच्चों की शिक्षा को हाइटेक बनाने का प्रयास किया जा रहा है। जिसमें सभी के सहयोग की आवश्यकता है। अभिभावकों द्वारा लगातार सुझाव लेने का प्रयास किया जा रहा है, क्योंकि शिक्षा के साथ साथ संस्कार भी बेहद जरुरी है। लेकिन यह तभी संभव है जब शिक्षक और अभिभावक दोनों का तालमेल बना रहे। इसके बाद हाईस्कूल इंटर मीडिएट की परिक्षा में सर्वोत्तम अंक पाने वाले छात्रों को विद्यालय परिवार की तरफ शुभकामनाएं देते हुए सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य अंजू त्रिपाठी, निदेशक कृपाशंकर त्रिपाठी, अनुपम मिश्र, अमरनाथ चौबे, जनार्दन पांडेय, फूलचंद यादव, राममिलन सिंह, किशोर कुमार, सुरेन्द्र यादव, रामसूरत यादव, अशोक, रामरेखा, शैलेन्द्र सिंह, रामनिवास समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

वर्ग पहेली-56

बाएं से दाएं

1.1. बंधन, बंधन की अवस्था 2. कारावास 3. प्रतिबंध, शर्त।
3. कागज़-पत्रों को दबाने के लिए रखी जाने वाली कांच की वस्तु
6. तिरस्कृत, अपमानित।
8.1. डटकर मुकाबला करना, संघर्ष करना 2. लड़ना, लड़ते हुए मरना 3. विषम परिस्थितियों का सामना करना 4. तकरार करना 5. ताकत लगाकर कुछ करने की कोशिश करना।
9.1. रोकने

ऊपर से नीचे

1. कदंब की प्रजाति का एक वृक्ष जिसकी लकड़ी हलके पीले रंग की और बहुत मज़बूत होती है तथा इमारतों में लगती है, करमा।
2. पानी या कोई और तरल पदार्थ धीरे-धीरे गले के नीचे उतारना, पीना।
4.1. सूर्य 2. अग्नि।
5.1. अंत: प्रेरणा या अपनी इच्छा से की जाने वाली अवैतनिक सेवा 2. अपना काम ख़ुद करना।
7. दे. मंझला।



वर्ग पहेली -55 का हल

1 घ	■	■	2 मो	ची	■	3 जे
मं	■	4 बा	■	■	■	ठी
5 का	6 ति	ब	■	7 मु	नी	म
■	8 प	र	का	ला	■	धु
■	हि	■	■	ज़ि	■	■
■	या	■	9 द	म	घों	टू

सुडोकू -135

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	1			3			8	
4						6		
5		2			1		3	
		1					6	
		3				7		
	6		2	7		1		
	4	5	8					
		9						6
	2	7					1	

सुडोकू -134 का हल

3	2	5	4	8	1	9	6	7
1	7	4	9	3	6	2	5	8
6	9	8	5	2	7	4	1	3
2	3	7	8	6	5	1	9	4
4	8	1	2	7	9	6	3	5
5	6	9	1	4	3	8	7	2
7	4	3	6	9	2	5	8	1
9	5	2	3	1	8	7	4	6
8	1	6	7	5	4	3	2	9

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 1 मई बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-सप्तमी 05.45 तक तत्पश्चात अष्टमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-श्रवण 2 मई 03.11 तक तत्पश्चात घनिष्ठा।

मेष — आज व्यापार में नकदी की समस्या दूर होगी। अपनी क्षमताओं का भरपूर प्रयोग करेंगे। जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करें। घर का माहौल सकारात्मक रहेगा। किसी आनन्दोत्सव में आप सम्मिलित हो सकते हैं। जल्दबाजी में कोई कार्य आगे न बढ़ायें।

वृष — आज परिवार में उत्सव का वातावरण रहेगा। पुराने लोन को आज चुका सकते हैं। आपको किसी विशेष कार्य के लिए सम्मानित किया जा सकता है। नकारात्मक लोगों के कारण आप थोड़ा उदास हो सकते हैं। अधिकारी वर्ग से अपने संबंध खराब न करें।

मिथुन — आज अजनबियों पर ज्यादा भरोसा न करें। गैरकानूनी कार्यों से आपको बचना चाहिए। रियल एस्टेट कारोबारियों को परेशानी उठानी पड़ सकती है। अल्प लाभ के लिए अपने संबंधों को दांव पर न लगायें। मन में अजीबोगरीब कुण्ठा जन्म ले सकती है।

कर्क — आज कार्यक्षेत्र में लोग आपको काफी महत्व देंगे। ज्यादा चिन्ता के कारण आपका स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है। संतान के करियर को लेकर कुछ चिन्ता रहेगी। प्रेम संबंधों में भावनात्मक दूरियां पनप सकती हैं। अधिकतर काम आप फोन के माध्यम से करेंगे।

सिंह — आज सभी काम योजना बनाकर करें तो आपको लाभ मिलेगा। जो काम हाथ में लेंगे उसे समय पर पूरा कर लेंगे। व्यापार में रुका हुआ धन आपको वापस मिलेगा। कोर्ट-कचहरी के मामलों में आपको विजय प्राप्त होगी।

कन्या — आज पारिवारिक विवाद हल होने के योग बन रहे हैं। सरकारी नौकरी वाले लोगों के स्थानान्तरण की चर्चा चल सकती है। दुश्मन आपके सामने मित्रता का हाथ बढ़ा सकते हैं। अपने इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाये रखें। आपकी प्रतिभा और योग्यता की सराहना होगी।

तुला — आज विवाहेतर संबंधों से आपको दूरी बनाकर रखनी चाहिए। रिश्तेदारों पर आपको ज्यादा विश्वास नहीं करना चाहिए। सेहत को लेकर आप थोड़ा सतर्क रहें। किसी मित्र के व्यवहार से आपका मन व्यथित हो सकता है।

वृश्चिक — आज कार्यक्षेत्र का वातावरण अनुकूल रहेगा। बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान रखें। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता रहेगी। मित्रों के साथ अच्छा समय व्यतीत करेंगे। अधिकारियों के साथ वैचारिक मतभेद दूर होगा। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें

धनु — आज व्यवसाय में अचानक बड़े ऑर्डर मिल सकते हैं। पढ़ाई में बच्चों का शानदार प्रदर्शन रहेगा। रोजगार में बदलाव करने से बचें। विचारों में सकारात्मकता बनाये रखें। कार्यक्षेत्र में राजनीति का शिकार हो सकते हैं।

मकर — आज का दिन बेहद व्यस्त रहने वाला है। प्रेम संबंधों को लेकर परेशानी दूर होगी। घर के बुजुर्गों के विचारों का सम्मान करें। क्रोध और आवेश से आपको बचना चाहिए। लवमेट्स के साथ आप घूमने जा सकते हैं।

कुंभ — आज सोचे हुए कार्य देरी से पूर्ण होंगे। सड़क पर चलते समय आपको सावधानी रखनी चाहिए। जो भी काम करें वह सोच-समझकर करें। अपने क्रोध पर नियंत्रण रखें। पुराने कर्जों को चुकाने का दबाव रहेगा। एकान्त के आपको समय नहीं बिताना चाहिए।

मीन — आज नौकरीपेशा लोगों की पदोन्नति हो सकती है। नया व्यवसाय शुरू करने का विचार बनायेंगे। आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। जीवनसाथी का सहयोग आपके मनोबल को बढ़ायेगा। व्यापार में आपके नए सहयोगी बन सकते हैं।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
अल्ला रक्खा — सुबह : 11.00
हम आपके है कौन — रात : 08.00
डबल धमाल — सुबह : 08.16
शर्मा जी नमकीन — रात : 08.00

&pictures

SONY PIX
द डार्क नाईट — दोपहर : 12.21
वंडर वुमन — रात : 08.29

ZEE CINEMA
चमकू — सुबह : 09.00
एच 10 — रात : 09.00

colors CINEPLEX
प्रिंस — सुबह : 09.30
दिलवाले — शाम : 05.58

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 09.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पति- शादी के समय सात फेरे लेते वक्ततुमने वचन दिया था और स्वीकार किया थाकि मेरी इज्जत करोगी, मेरी सब बात मानोगी.
पत्नी- तो क्या इतने लोगों के सामने तुमसे बहस करती
पत्नी की बात सुनकर पति हैरान रह गया।

टीचर- कल मैं सूरज पर लेक्चर दूंगी, कोई भी क्लास मिस मत करना।
चुन्नू- लेकिन मैं नहीं आ पाऊंगा मैम।
टीचर- क्यों?
चुन्नू- मेरी मम्मी इतनी दूर जाने नहीं देगी।

एक नजर

धर्मेंद्र बने आयुष्मान भारत अभियान के सह प्रभारी

सुलतानपुर, अमृत विचार : पूर्व जिला पंचायत सदस्य धर्मेंद्र सिंह को भाजपा ने आयुष्मान भारत अभियान का लोकसभा का सह प्रभारी बनाया है। अभियान को गति देने के लिए 26 मण्डलों में अभियान के मण्डल प्रभारी नियुक्त कर दिए गए है। जो इस अभियान को गति प्रदान करेंगे। धर्मेन्द्र सिंह को लोकसभा सह प्रभारी बनाये जाने पर शुभ चिंतकों में हर्ष की लहर है।

कादीपुर में 181 को मिलेगी घर से मतदान की सुविधा

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : निर्वाचन आयोग ने अपने पिछले आदेश में कुछ परिवर्तन करते हुए इस बार लोकसभा चुनाव में 85 वर्ष की उम्र पूरी कर चुके लोगों तथा दिव्यांगों को घर बैठे ही मतदान करने की सुविधा देने का निर्देश दिया है। 2022 के विधानसभा चुनाव में 80 वर्ष के ऊपर के लोगों को दी गई थी। कादीपुर विधानसभा क्षेत्र में कुल 407 बूथ हैं। जिनमें से 91 बूथों के 181 लोगों को अपने निवास स्थान पर ही मतदान करने की सुविधा मिलेगी। इसमें दिव्यांग भी शामिल हैं। इन मतदाताओं के मतदान के लिए मतदान कर्मी ही घर जायेंगे। संबंधित परिवार के लोगों को परेशान होने की जरूरत नहीं होगी।

प्रावि कैथाना के पांच बच्चे छात्रवृत्ति के लिए चयनित

मोतिगरपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : मंगलवार को बीईओ बलदेव प्रसाद यादव उच्च प्राथमिक विद्यालय कैथाना पहुंचकर राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में उत्तीर्ण कक्षा आठ के छात्र दीपेश वर्मा, सत्यम यादव, अभय, अंकुश, कोमल को पुरस्कृत करते हुए कापी व कलम देकर उत्साहवर्धन किया। वहीं शिक्षकों का उत्साह बढ़ाने के लिए उन्हें भी सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया।

भटपुरा में आग से सात घर व पशुशाला राख

महिला व दो पशु भी झुलसे, अग्निशमन दल के देर से पहुंचने पर ग्रामीण आक्रोशित, पुलिस ने शांत कराया

संवाददाता, सुलतानपुर

कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में लगी आग को बुझाते फायर बिग्रेड कर्मी और ग्रामीण। अमृत विचार

अमृत विचारः गोमती नदी किनारे स्थित करोमी भटपुरा गांव में मंगलवार की दोपहर बाद अज्ञात कारणों से एक घर में आग लग गयी। जिसकी चपेट में आकर सात घर व पशुशाला जलकर राख हो गयी। आग की चपेट में आकर पशुओं को बचाने में एक महिला व दो पशु भी गंभीर रूप से झुलस गये है। ग्रामीणों व फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया जा सका है।

देहात कोतवाली के गोमती किनारे स्थित भटपुरा करोमी गांव में मंगलवार की दोपहर बाद दो बजे अचानक रईस अहमद के आवासीय छप्पर में आग लग गयी । तेज हवा के चलते आग तुरंत ही विकराल रूप धारण कर लिया तथा मंगरू अहमद, मुनव्वर, अकील अहमद , सलमा पत्नी मजीद तथा मुल्लाइन के घर तथा इनके घर के सामने स्थित पशुशालाओं तक पहुंच गयी और छप्पर धू-धू कर जलने लगा। आग से सात घरों के बर्तन, भोजन व अन्य सामान जलकर राख हो गये। आग लगते ही हल्ला गुहार लगी तो पूरा गांव व आस पास के गांव के लोग दौड़कर आग बुझाने मौके पर पहुंचे। सूचना पर आधे घंटे बाद अग्निशमन दल की टीम भी मौके पर पहुंची, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश रहा। फायर ब्रिगेड के पहुंचने तक पांच आवासीय छप्पर का घर व पशुशाला जलकर राख हो चुकी थी। पशुशाला में बंधी भैंस को बचाने के चक्कर में अकील अहमद की पत्नी अख्तरुल निशा भी गंभीर रूप से आग की चपेट में आकर झुलस गयी। आग की चपेट में आकर अख्तरुल निशा की एक भैंस व एक पंडवा गंभीर रूप से झुलस गयी, जबकि आठ पशुओं को ग्रामीण मौके पर पहुंचकर बचा लिए। फायर ब्रिगेड व ग्रामीणों के प्रयास से एक घंटे मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका है। मौके पर पहुंचे पूर्व प्रधान शान आलम ने इसकी सूचना तहसील प्रशासन व राजस्व कर्मियों को देकर अग्निकांड के नुकसान को प्रशासन को जानकारी दी है। मौके पर देहात कोतवाल सतेन्द्र कुमार सिंह की मौजूदगी में पुलिस ने भी बीच बचाव किया तथा फायर ब्रिगेड पर आक्रोशित लोगों को शांत कराया।

आग से कई घरों की गृहस्थी का सामान जला

बल्दीराय में आग लगने से जला हुआ घर। अमृत विचार

बल्दीराय, सुलतानपुर : बल्दीराय तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत भवानीपुर मजरे ऊंचवा गांव में मंगलवार की दोपहर विद्युत शार्ट सर्किट होने से आग लग गई। जब तक लोगों को पता चलता तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। गांव वालों के सहयोग से डायल 112 व फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। सूचना के लगभग 1 घंटे बाद फायर ब्रिगेड पहुंची, तब तक कई घरों की गृहस्थी पूरी तरीके से जलकर राख हो चुकी थी। आग की चपेट में सावित्री सोनकर, चंद्रा सोनकर, गयाराज सोनकर, विश्वनाथ यादव व पूरन चंद यादव की गृह स्वामियों का घर शामिल है। सावित्री व चंद्रा का घर पूरी तरह से जलकर राख हो गया है। घर गृहस्थी से लेकर नकदी, जेवरात समेत लगभग दोनों लोगों का पांच लाख का नुकसान हो गया है। आग से गैस सिलिंडर फटने से अफरा-तफरी मच गयी। लगभग दो घंटे तक फायर ब्रिगेड की टीम, डायल 112, पारा चौकी पुलिस व ग्रामीणों के सहयोग से पूरी तरह से आग पर काबू पाया गया।

चुनाव को लेकर जमा कराए गए 75 प्रतिशत लाइसेंसी असलहे

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः सीओ सर्किल के चारों थाना क्षेत्र के लगभग 75 प्रतिशत लाइसेंसी असलहा लोक सभा चुनाव को देखते हुए जमा करा लिए गए हैं। यह जानकारी सीओ विनय गौतम ने देते हुए बताया कि जो व्यक्ति व्यापार से संबंधित या संभ्रांत वर्ग के हैं। उन्हें लाइसेंसी असलहा जमा करने में समस्याएं आ रही हो, वह तत्काल प्रार्थना पत्र देकर असलहे को अपने पास रखने की अनुमति प्राप्त कर ले।

सीओ सर्किल में कुल 294 पोलिंग सेंटर बनाए गए हैं। जिसमें से 254 पोलिंग सेंटर कादीपुर विधानसभा एवं 40 सदर विधानसभा के हैं। सीओ सर्किल में चुनाव को देखते हुए लगभग छह हजार लोगों को शांति भंग अंदेशा में पाबंद किया गया है। 11 लोगों पर गुंडा एक्ट एवं जिला बदर की कार्यवाही की गई है। 47 लोगों को एनबीडब्ल्यू के चलते जेल भेजा गया है। आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एवं आबकारी अधिनियम के अंतर्गत कई दर्जन लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। चुनाव को प्रभावित करने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई प्रस्तावित है। श्री गौतम ने बताया कि लापता हिस्ट्रीशीटरों एवं मौजूदा हिस्ट्रीशीटरों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। पूरे विधानसभा क्षेत्र में 37 क्रिटिकल बूथ है। जिस पर विशेष नजर रखी जाएगी।

अधिवक्ता के चेंबर को जलाया, केस दर्ज

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः कस्बे के राणा नगर मोहल्ले के निवासी अजय कुमार दुबे तहसील में अधिवक्ता है। आरोप है कि बीते 26 अप्रैल को रात करीबी 10:30 बजे उनके चैंबर की जाली को तोड़कर अंदर पेट्रोल डालकर आग लगा दी गई। जिससे चैंबर में रखा सामान जल गया। अधिवक्ता का कहना है कि इससे उनका लगभग 60 हजार का नुकसान हुआ है। अधिवक्ता का आरोप है कि कस्बे के तुलसी नगर मोहल्ले के दिनेश मोदनवाल उसी दिन चेंबर के पास बीड़ी पीकर फेंकने पर डांटा था। जिससे घटना में उनके शामिल होने का पूरा अनुमान है। अधिवक्ता की तहरीर पर सोमवार को पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

डॉ. हत्याकांड में डिस्चार्ज अर्जी खारिज, आरोप तय

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

अदालत से

▸▸ बचाव पक्ष ने दो आरोपियों को डिस्चार्ज करने की दी थी अर्जी

अमृत विचारः कोतवाली नगर थाना क्षेत्र के शास्त्री नगर मोहल्ले में चिकित्सक घनश्याम तिवारी हत्याकांड में मंगलवार को आरोपियों पर सेशन कोर्ट में आरोप तय हुए। वहीं, बचाव पक्ष के उन्मोचन अर्जी को जिला जज जय प्रकाश पांडेय ने खारिज कर दिया।

मामले में बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने मुख्य आरोपी अजय नारायण सिंह व उसके पिता जगदीश नारायण सिंह को केस से डिस्चार्ज करने के लिए अर्जी दी थी। उन्मोचन अर्जी पर वादी निशा तिवारी के वकील संतोष पांडेय ने विरोध जताया। उन्मोचन अर्जी पर सुनवाई करते हुए जिला जज ने उन्मोचन अर्जी खारिज कर दी। कोर्ट में विजय नारायण सिंह की हत्या की रिपोर्ट पुलिस ने अदालत में नहीं भेजी। कोर्ट में अजय नारायण, दीपक सिंह को जेल से कोर्ट लाया गया, जबकि जगदीश नारायण स्वयं कोर्ट में हाजिर अदालत आये। जिला जज ने आरोपी अजय नारायण सिंह, जगदीश नारायण सिंह, दीपक सिंह के विरूद्ध सामान्य आशय से हत्या, षड़यंत्र व धारा सात क्रिमिनल ला अमेंडमेंट एक्ट के अंतर्गत आरोप तय कर अभियोजन साक्ष्य के लिए 13 मई की तारीख नियत की है। बीते 23 सितंबर को हुए हत्याकांड में मुख्य आरोपी अजय नारायण सिंह, उसके पिता जगदीश नारायण सिंह, चचेरे भाई विजय नारायण सिंह एवं धनपतगंज थाना क्षेत्र के मायंग निवासी अजय के ड्राइवर दीपक सिंह को आरोपी मानते हुए आरोप पत्र दाखिल किया था। इसी मामले में आरोपी रहे विजय नारायण सिंह की प्रॉपर्टी के विवाद में बीते दिनो दरियापुर तिराहे पर हत्या कर दी गई थी।

पुलिस टीम पर हमले के आरोपी की जमानत खारिज

सुलतानपुर : थाना क्षेत्र मोतिगरपुर में बीते माह पुलिस टीम पर हमला करने व अवैध हथियार बरामदगी के मामले में आरोपी अखंड प्रताप सिंह की जमानत न्यायाधीश संतोष कुमार ने मामले को गंभीर पाते हुए खारिज कर दी है। अभियोजन के मुताबिक पीपरपुर थाना क्षेत्र के इस्माईलपुर बड़ा निवासी आरोपी अखंड प्रताप सिंह ने साथियों के साथ मिलकर बीते 27 मार्च को थानाध्यक्ष ज्ञानचंद शुक्ला व अन्य पुलिस कर्मियों पर हमला किया था। कोर्ट ने आरोपी को गंभीर मानते हुए जमानत अर्जी खारिज कर दी है।

दो मंत्रियों की मौजूदगी में आज मेनका करेंगी नामांकन

- शास्त्री नगर से निकालेंगीं नामांकन जुलूस

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

गुरु अर्जुन देव के जन्मोत्सव पर गुरुद्वारा पहुंचीं सांसद मेनका गांधी। अमृत विचार

अमृत विचारः सुलतानपुर से भाजपा प्रत्याशी मेनका संजय गांधी बुधवार को लाव-लश्कर के साथ अपना नामांकन दाखिल करेंगी। उनके नामांकन जुलूस को ऐतिहासिक बनाने के लिए भाजपा पदाधिकारियों ने बैठक कर रणनीति बनाई।

सांसद के मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि पार्टी के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को बुधवार सुबह नौ बजे सांसद के आवास शास्त्रीनगर पर बुलाया गया है। जहां पर सभी लोग एकत्रित होकर जुलूस की शक्ल में नामांकन स्थल तक जाएंगे। उन्होंने बताया कि शुभ मुहूर्त में नामांकन स्थल के लिए जुलूस निकलेगा जिसका नेतृत्व भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ आरए वर्मा, जिले के प्रभारी मंत्री आशीष पटेल व निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय निषाद करेंगे। नामांकन जुलूस डाकखाना, गन्दा नाला रोड, अस्पताल तिराहा, बस स्टेशन होते हुए नगर के केश कुमारी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के पीछे प्रांगण में पहुंचेगा। जहां पर नामांकन सभा का आयोजन किया गया है, जिसमें जिले के वरिष्ठ नेताओं और अतिथियों द्वारा आगामी चुनाव को लेकर चर्चा की जाएगी। नामांकन जुलूस की तैयारी बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ आरए वर्मा, लोकसभा संयोजक जगजीत सिंह छंगू, सांसद प्रतिनिधि रणजीत कुमार आदि मौजूद रहे।

सांसद ने गुरु अर्जुन देव के जन्मोत्सव पर गुरुद्वारा में टेका मत्था

सुलतानपुर : चुनावी कैंपेन के 26 वें दिन पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद मेनका संजय गांधी ने सदर जयसिंहपुर विस में चिलचिलाती धूप में डेढ़ दर्जन नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया। सांसद ने प्रात : गुरु अर्जुन देव के जन्मदिवस पर गुरुद्वारा पहुंची। वह कीर्तन में शामिल होने के साथ मत्था टेका। उन्होंने गुरु अर्जुन देव का अपना गुरु बताया। विपक्ष के आरक्षण खत्म होने के आरोप पर मेनका गांधी ने मीडिया के लोगों से बात करते हुए कहा ओबीसी और अनुसूचित जाति का आरक्षण यूं ही जारी रहेगा। वरुण गांधी के राजनीतिक भविष्य पर मेनका गांधी ने कहा लोकसभा चुनाव खत्म होने के बाद इस दिशा में देखा जाएगा। इसके बाद उन्होंने सदर विधानसभा में नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए कहा मैं वादा नही काम करने पर विश्वास करती हूं। सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव सबकों मिल रहा है। सरकार ने गरीबी दूर करने की प्रभावी पहल की है। मेरा कार्यकर्ता मेनका गांधी बनकर हर बूथ पर 65 प्रतिशत वोटिंग कराना सुनिश्चित करें।

प्रबंधक की पुण्यतिथि पर मेधावी सम्मानित

सुलतानपुर, अमृत विचारः मंगलवार को पूर्व प्रबंधक स्व. देवतादीन वर्मा की पुण्यतिथि पर डी. हालमार्क वर्ल्ड साइंस इंटर कॉलेज बगिया चौराहा में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। वार्षिकोत्सव में कालेज की छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, भाव गीत व नृत्य प्रस्तुत कर मौजूद लोगों का मन मोह लिया। वहीं कॉलेज के टॉपर प्रवेश चौहान, निखिल प्रजापति, सृष्टि यादव को साइकिल सहित अन्य शिक्षण सामग्री देते हुए सम्मानित किया। साथ ही कालेज के तीन बेस्ट शिक्षक रोहित कुमार, कुलदीप शुक्ला, राधेश्याम वर्मा को अंग वस्त्र व शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

सार-संक्षेप

सीएचसी जयसिंहपुर का निरीक्षण करती स्टेट टीम। अमृत विचार

स्टेट टीम ने कायाकल्प योजना का किया निरीक्षण

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार : जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जयसिंहपुर में मंगलवार को स्टेट लेवल एवं जनपद स्तरीय कायाकल्प टीम में निरीक्षण किया। निरीक्षण के लिए पहुंचे एआरजी फाउंडेशन मैनेजर डॉ. जितेंद्र कुमार पांडेय, डॉ.हसनैन अहमद, डॉ. वैभव आनंद का सीएचसी अधीक्षक डॉ. सुरेंद्र पटेल ने बुके देकर स्वागत किया। टीम ने सीएचसी पर साफ-सफाई, सामानों के रख-रखाव, पोस्टर, बैनर, महिला वार्ड, प्रसव कक्ष, ऑक्सीजन, ऑपरेशन थिएटर का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों को कायाकल्प योजना के विषय में प्रशिक्षित भी किया। निरीक्षण में नोडल ऑफिसर चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिग्विजय सिंह ने टीम का सहयोग किया। इस मौके पर डॉ. सभाराम पाल, देवी प्रसाद तिवारी, डॉ. गिरीश चंद्र, सत्य प्रकाश, रामसरन, स्टाफ नर्स ममता, साधना, नम्रता, प्रमिला आदि लोग मौजूद रहे।

... तो इस बार नहीं उफनाएंगे शहर के नाले

▸▸ शहर के नालों की तल्लीझार सफाई कार्य की पालिकाध्यक्ष ने की शुरुआत

जिला संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार : इस बार शहर के नाले बरसात में नहीं उफनाएंगे। नगर पालिका चेयरमैन प्रवीन कुमार अग्रवाल ने झारखंड से बुलाए गए 30 कुशल श्रमिकों के गैंग को लगाकर रोस्टर के अनुसार मंगलवार को पलटन बाजार के धोबियाना में नाला सफाई का शुभारम्भ कराया। चेयरमैन प्रवीन कुमार अग्रवाल ने कहाकि वर्षा ऋतु को देखते हुए बरसात से करीब ढाई महीने पहले नाला सफाई गैंग लगाकर तल्लीझार सफाई कराई जा रही है। इस योजना में शहर के 25 वार्डों के कुल 30 छोटे बड़े नालों को शामिल किया गया है। नाले के अंदर से निकाले गए सिल्ट को अलग को अलग से निस्तारण कराने का निर्देश पालिका के अधिकारियों को दिया गया है। नागरिकों से नाली-नालियों के अतिक्रमण को तत्काल हटाने की अपील किया है। नहीं हटाने पर ध्वस्तीकरण कराने की चेतावनी दी है। इस बार गैंग के साथ पालिका की जेसीबी भी रहेगी। जहां पर अतिक्रमण दिखेगा तत्काल उसे तोड़वा दिया जाएगा। इस मौके पर प्रभारी सफाई निरीक्षक हनुमान सिंह, स्वच्छभारत मिशन डीपीएम विपिन मिश्रा, सफाई नायक धर्मेन्द्र उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

नाला सफाई का निरीक्षण करते पालिकाध्यक्ष।

सरस्वती विद्या मंदिर झारखंड कादीपुर में मेधावियों का किया गया सम्मान।

बोर्ड परीक्षा के मेधावियों को किया गया सम्मानित

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज झारखंड कादीपुर में यूपी बोर्ड परीक्षा हाईस्कूल 2024 में वरीयता सूची में स्थान प्राप्त मेधावी भैया बहनों का सम्मान समारोह संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक श्री प्रकाश रहे। वरिष्ठ आचार्य सतेन्द्र कुमार सिंह ने मुख्य अतिथि को अंग वस्त्र एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि श्री प्रकाश ने कहा कि भैयाओं को लवकुश, ध्रुव एवं प्रहलाद बनना है तथा बहनों को सीता, सावित्री दुर्गा मां बनकर मानवता के त्रास को दूर करने वाला बनना है। हमें पढ़ लिखकर भारत को सिरमौर बनाना है। मुख्य अतिथि ने बहन वैष्णवी सिंह जो हाईस्कूल में 96 .17 प्रतिशत अंक प्राप्त करके जिले में पांचवा स्थान बनाया था को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस कड़ी में वरीयता सूची में हाई स्कूल में सौम्य मिश्रा, संचित कुमार यादव, खुशी त्रिपाठी, उत्कर्ष यादव, शैलजा, अंशुमान मिश्र, अनुश्री दुबे, अभय त्रिपाठी, अश्वनी पान्डेय, आर्यन पान्डेय, श्रेया वर्मा, आस्था उपाध्याय, रिचा यादव, रौनक शंखघर, कार्तिक श्रीवास्तव, अनूप सिंह, सौम्या वर्मा, शगुन यादव, साक्षी इन सभी भैया बहनों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

छात्रवृत्ति से आगे की पढ़ाई होगी सुगमः प्रधानाध्यापक

मोतिगरपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय काछा भिटौरा की पांच छात्रों ने राष्ट्रीय आय आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा 2024 में सफलता आयोजित की है। जिला स्तर पर विद्यालय के छात्र कुलदीप निषाद ने 25वीं रैंक, खुशी पाल और अमन ने 31वीं रैंक, अभिषेक में 32वीं रैंक और अंश गुप्ता ने 34 वीं रैंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

विद्यालय के संकुल शिक्षक हरप्रीत कौर ने बताया कि इन छात्रों को इंटरमीडिएट तक की पढ़ाई के लिए 12000 प्रतिवर्ष छात्रवृत्ति प्राप्त होगी। छात्रवृत्ति परीक्षा की तैयारी कराने में विद्यालय की सहायक अध्यापिका आभा गुप्ता का विशेष योगदान रहा। विद्यालय प्रधानाध्यापक दिलशाद अहमद एवं सेवानिवृत्ति शिक्षक खेताऊ यादव द्वारा पांचों बच्चों को सम्मानित किया गया। हेडमास्टर दिलशाद अहमद ने कहा कि छात्रवृत्ति मिलने से कमजोर आयवर्ग के बच्चों को आगे की पढ़ाई सुगम होगी। इस अवसर पर ग्राम प्रधान नीलम, प्रधान प्रतिनिधि हरिवंश निषाद के अलावा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं के माता-पिता एवं अभिभावक उपस्थित रहे। सभी ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

व्यापार मंडल की बैठक में सदस्यता बढ़ाने पर जोर

सुलतानपुर, अमृत विचारः मंगलवार को भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की पीढ़ी बाजार में जिला प्रभारी रमेश अग्रहरि के नेतृत्व में बाजार अध्यक्ष हीरालाल मोदनवाल की अध्यक्षता में एक बैठक संपन्न हुई। बैठक में संगठन की सदस्यता बढ़ाने संगठन का पुनर्गठन करने साथ ही 25 मई को शत प्रतिशत मतदान को लेकर चर्चा हुई। बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बैठक में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री रवींद्र त्रिपाठी ने बैठक को संबोधित किया। बैठक में पवन यादव, आलोक सोनी, पंचम सोनी, देवेन्द्र जायसवाल, महत्तम सिंह और उत्तम सिंह सहित कई व्यापारी मौजूद रहे।

रुपये न लौटाना प्रेमिका को पड़ा भारी

बल्दीराय, सुलतानपुर

खुलासा

▸▸ शराब के नशें में गला दबाकर मार डाला, पकड़े गए आरोपी ने कबूला जुर्म

अमृत विचारः सुनीता हत्याकांड में पांचवें दिन उसके प्रेमी डब्लू पासी को हलियापुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अभिरक्षा में आरोपी डब्लू पासी ने बताया कि मैंने सुनीता को अपने कुछ रुपए रखने को दिया था। वापस मांगने पर वह झगड़े पर आमादा हो गई। तब हमने गला दबाकर हत्या कर दी थी। घटना की चश्मदीद गवाह मृतका की बड़ी बेटी लक्ष्मी है।

हलियापुर के जरईकला में 25 अप्रैल की रात सुनीता पासी पत्नी दिनेश पासी की गला दबाकर हत्या की गई थी। सुबह गांव वालों को इसकी सूचना मिली थी। पति दिनेश घर पर नहीं था। वह अयोध्या अपने मामा के घर गया हुआ था। मृतका की बेटी लक्ष्मी ने पूरे घटनाक्रम को अपनी आंखों से देखा था। उसने पुलिस व पिता को आंखों देखी बताया भी था। जिसके आधार पर दिनेश की तहरीर पर गांव के डब्लू पासी के विरुद्ध हत्या का केस दर्ज किया गया था। पुलिस तभी से डब्लू को तलाश कर रही थी। मंगलवार को उसे हलियापुर थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ आम घाट पुल के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी डब्लू पासी ने पुलिस को बताया कि मैंने सुनीता को कुछ रुपए अपने दे रखा था। उससे मेरा प्रेम प्रसंग भी चल रहा था। कई बार मांगने पर भी वह पैसे नहीं लौटा रही थी। 25 अप्रैल की रात मैंने शराब पी और उसके घर पहुंच गया और पैसे मांगे। जब वह आनाकानी करने लगी तो हम दोनों के मध्य हाथापाई भी हुई। इस दौरान गुस्से में आने पर मैंने उसका गला दबाया, जब वह मर गई तो मैं मौके से भाग निकला। लेकिन उसकी पुत्री ने मुझे ये सब करते देख लिया था। उल्लेखनीय है कि दिनेश और सरिता की 14 वर्ष पूर्व लव मैरिज हुई थी। उसके तीन बच्चे हैं। बड़ी लड़की लक्ष्मी (12), पुत्र दुर्गा प्रसाद (7) व आयुषमान (6) अब बिन मां के हो गए हैं।

लोकसभा चुनाव दूसरे दिन बीजेपी प्रत्याशी मेनका समेत कुल 10 प्रत्याशियों ने खरीदे नामांकन पत्र, सरदार पटेल सिद्धान्त पार्टी से जय प्रकाश ने किया नामांकन

सपा की अंतर्कलह आई सामने, चार प्रत्याशियों ने खरीदे पर्चे

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

कलेक्ट्रेट में प्रत्याशी का नामांकन भरवातीं डीएम कृत्तिका ज्योत्स्ना। अमृत विचार

अमृत विचारः समाजवादी पार्टी की अंतर्कलह खुलकर सामने आई है। टिकट कटने के बाद जहां भीम निषाद पार्टी प्रत्याशी राम भुआल निषाद पर हमलावर है, वहीं मंगलवार को पर्चा खरीदकर पार्टी की अंतर्कलह और बढ़ा दी है। अब तक समाजवादी पार्टी से चार प्रत्याशी पर्चा खरीद चुके हैं। वहीं, मंगलवार को सांसद व भाजपा प्रत्याशी मेनका संजय गांधी समेत 22 सेटों में नामांकन पत्र क्रय किए गए।

सुलतानपुर लोकसभा सीट से पहले अंबेडकरनगर के भीम निषाद को समाजवादी पार्टी ने प्रत्याशी बनाया था। इसके बाद जिले से लेकर लखनऊ तक चली लंबी पंचायत के बाद उनका टिकट गया और गोरखपुर के राम भुआल निषाद को पार्टी प्रत्याशी बनाकर भेजा गया। इसके बाद भी पार्टी दो खेमों बंटी रही और भीम निषाद व उनकी टीम लगातार जिले में रहकर खुद को सपा का दावेदार बता रहे हैं। सोमवार को जहां सपा कैंडिडेट राम भुआल निषाद ने पर्चा खरीदा था वहीं मंगलवार को भीम निषाद भी दो सेट में पर्चा खरीदकर पार्टी अंतर्कलह को फिर से सतह पर ला दिया। उन्होंने दावा कि वे ही सपा के प्रत्याशी के रूप में नामांकन करेंगे। इससे पार्टी में खलबली मची है। सपा जिलाध्यक्ष रघुवीर यादव ने बताया कि पार्टी ने राम भुआल को प्रत्याशी बनाया है। वे प्रचार में है। कितने लोग सपा से पर्चा खरीदे हैं, उन्हें नहीं है। दो दिन में स्थिति साफ हो जाएगी।

जिला सूचना अधिकारी डा. धीरेंद्र कुमार ने बताया कि मंगलवार को नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिये सरदार पटेल सिद्धान्त पार्टी से जय प्रकाश पुत्र हरीराम द्वारा नामांकन कक्ष जिलाधिकारी न्यायालय पहुंचकर अपना नामांकन पत्र रिटर्निंग आफिसर/जिला निर्वाचन अधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना के समक्ष दाखिल किया गया। मंगलवार को कुल 10 प्रत्याशियों द्वारा कुल-22 सेटों में नामांकन पत्र क्रय किये गये। जिसमें भारतीय जनता पार्टी से मेनका संजय गांधी पत्नी स्व संजय गांधी द्वारा 04 सेट, मौलिक अधिकार पार्टी से रामजी विश्वकर्मा सुत राम कुबेर विश्वकर्मा द्वारा 01 सेट, समाजवादी पार्टी से सुशील कुमार सुत भीम प्रसाद द्वारा 01 सेट, समाजवादी पार्टी से भीम प्रसाद निषाद सुत राजबली निषाद द्वारा 02 सेट, समाजवादी पार्टी से संतोष कुमार सुत राम प्रताप द्वारा 03 सेट, आदर्शवादी कांग्रेस पार्टी से कु0 उर्मिला तिवारी पुत्री पं0 श्री प्रसाद तिवारी द्वारा 02 सेट, निर्दलीय प्रत्याशियों में रमेश कुमार सुत स्व राम सजीवन द्वारा 02 सेट, अशोक कुमार उपाध्याय सुत स्व जगदम्बा प्रसाद उपाध्याय द्वारा 01 सेट, शंकरदीन क्रान्तिकारी सुत रामफेर द्वारा 04 सेट, विश्वनाथ सुत सुरेन्द्र बहादुर द्वारा 02 सेट में नामांकन पत्र क्रय किये गये। इस प्रकार नामांकन के प्रथम व दूसरे दिन को मिलाकर कुल 23 राजनीतिक व गैर राजनीतिक दलों द्वारा कुल 44 नामांकन पत्र क्रय किये गये।

एक नजर

सपा प्रत्याशी ने किया सघन जनसंपर्क

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। डुमरियागंज लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के सहयोगी सपा के प्रत्याशी भीष्म शंकर तिवारी उर्फ कुशल तिवारी सघन जनसंपर्क में जुट गए हैं। मंगलवार को कुशल तिवारी ने विधानसभा क्षेत्र बांसी के ग्राम सभा डढ़वार शुक्ल, कपिया शुक्ल, चैनपुर, मरवटिया, सरैनिया, नेउसा, खोरिया, रघुवीर सिंह आदि क्षेत्रों का भ्रमण कर लोगों से चुनाव में वोट मांगा। इस अवसर पर मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के जिला सचिव पंडित गिरजेश शुक्ला, अनिल कुमार गौतम, रियाजुद्दीन (रियाज खान), मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय सचिव खालिद खान मौजूद रहे।

दुकानों का सामान जला

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। थाना क्षेत्र खेसरहा के चोरई ताल पुल में डंठल में लगी आग ने आधा दर्जनों दुकानों को अपनी जद में ले लिया। वहीं हार्डवेयर, मेडिकल दुकान समेत पान की दुकान भी आग की चपेट में आकर धू-धू कर दुकान जल गया। जानकारी के अनुसार डंठल जलाने से आग बेकाबू हुई और दुकान में रखा समान जलकर राख हो गया।

अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का किया गया आयोजन

सिद्धार्थनगर। आईक्यूएसी और एनएएसी सेल, राजीव गांधी राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा प्रबंधन संस्थान के सहयोग से सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु में अनुसंधान और विकास सेल के साथ मंगलवार को सुबह 10.45 बजे बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। सत्र की शुरुआत डॉ आशीष श्रीवास्तव और प्रोफेसर एसके श्रीवास्तव के स्वागत भाषण से हुआ। प्रोफेसर एसके श्रीवास्तव ने सिद्धार्थ विश्वविद्यालय की महत्वपूर्ण उपलब्धियों पर प्रकाश डाली। संसाधन व्यक्ति, डॉ. भरत एन सूर्यवंशी, सहायक भारत सरकार, पेटेंट दाखिल करने की जटिलताओं और विभिन्न प्रकार के नवाचार और पेटेंट योग्य विचारों पर प्रकाश डाला। वह पेटेंट के डिज़ाइन प्रोटोटाइप को विकसित करने में शोधकर्ताओं और शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका को भी रेखांकित की। कार्यशाला का समापन डॉ. रक्षा के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुई।

भीषण गर्मी से लोग बेहाल, पारा 43 के पार

सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। भीषण गर्मी से आमजन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। सुबह 10 बजे के बाद से शाम 5 बजे तक घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। इसी बीच इक्का दुक्का लोग ही सड़क पर निकलते दिखाई पड़ते हैं। वहीं दूसरी तरफ गर्मी से अस्पतालों में मरीजों की भीड़ बढ़ रही है। जिला अस्पताल की ओपीडी में हर दिन उल्टी, दस्त और बुखार, डायरिया, पेट दर्द के मरीज पहुंच रहे हैं।

सोमवार को इस सीजन का सर्वाधिक गर्म दिन बीता। अप्रैल में ही गर्मी का रिकॉर्ड टूट रहा है। महीने के आखिरी सोमवार को पारा 43 डिग्री के पार पहुंच गया। सोमवार को अधिकतम तापमान 43.2 डिग्री व न्यूनतम तापमान 28.9 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि जल रहे डंठल व पेड़ पौधों की कमी से गर्म हवाओं के प्रभाव से तापमान में इतनी बढ़ोतरी हुई है। हालांकि, इस साल अल नीनों प्रभाव की वजह से भी गर्मी रिकॉर्ड तोड़ रही है। गर्मी अभी और बढ़ सकती है। माना जा रहा है कि इस साल गर्मी पिछले कई वर्षों का रिकार्ड तोड़ सकती है।

अभी और बढ़ेगी गर्मी

गर्मी ज्यादा पड़ने की वजह से सड़कें दोपहर में सूनी नजर आईं। पूरे दिन बाजारों में भी सन्नाटा छाया रहा। जिस बाजार में पूरे दिन गुलजार रहता था, वहा पर भी दोपहर में दुकानें बंद थी। कपड़े वाली गली के दुकानदार संजय कसौधन ने बताया कि सुबह शाम में ही ग्राहक आ रहे है। दोपहर में सन्नाटा छा जा रहा है। इससे कई दुकानदार भी दोपहर में दुकान बंद कर दे रहे हैं। मौसम विभाग से जुड़े लोगों का कहना है कि आने वाले दिनों में गर्मी और बढ़ेगी। लोगों का कहना है कि जब अप्रैल में इस तरह की गर्मी पड़ी तो मई और जून में तो गर्मी सारे रिकार्ड तोड़ देगी। उधर मई जून में चुनावी माहौल और गर्म होगा। 25 मई को जिले में मतदान होना है। गर्मी के चलते मतदान प्रतिशत घटने का अनुमान लगाया जा रहा है।

मेधावी छात्राओं को किया गया सम्मानित

गोरखपुर, अमृत विचार। एन.ई. रेलवे गर्ल्स इंटर कालेज, गोरखपुर में यूपी बोर्ड परीक्षा में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं के लिए मंगलवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस वर्ष इंटरमीडिएट में श्वेता कन्नौजिया 89.60 प्रतिशत के साथ प्रथम, रागिनी गोस्वामी 80.40 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं मुस्कान शर्मा 78.20 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। इसी प्रकार, हाई स्कूल में सुमैया नजम 81.50 प्रतिशत के साथ प्रथम, आलिया खातून 77.17 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं अमृता राय 71.77 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। विद्यालय के प्रधानाचार्य सूरज सिंह रावत द्वारा यूपी बोर्ड परीक्षा-2024 में सर्वोच्च अंक प्राप्त छात्राओं को सम्मानित किया गया।

व्हीलचेयर पर पिता को लेकर जूझता रहा 10 साल का बेटा, नहीं मिली मदद

माधव प्रसाद मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल, तस्वीर वायरल

सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य सेवाओं का हाल क्या है, इसकी समय-समय पर पोल खुद यहां के स्वास्थ्यकर्मी और डॉक्टर खोलते रहते हैं। डॉक्टरों को जहां धरती के भगवान का दर्जा दिया जाता है वहीं इस पेशे से जुड़े सभी लोगों से मरीजों के प्रति मानवता और संवेदनशीलता का दृष्टिकोण रखने की अपेक्षा की जाती है। लेकिन मेडिकल कॉलेज की ताजा घटना से ऐसा नहीं लगता कि यहां के स्वास्थ्यकर्मी या चिकित्सक इन चीजों पर भरोसा करते होंगे।

माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज में एक मरीज की तस्वीर वायरल हो गई जिसमें लगभग 10 वर्षीय एक लड़का अस्थमा से पीड़ित अपने पिता को इमरजेंसी से मेडिसिन वार्ड तक व्हीलचेयर पर लेकर पहुंचा। इस दौरान कोई स्वास्थ्यकर्मी उस बच्चे की मदद को आगे नहीं आया। बच्चे ने खुद ही पिता का ऑक्सीजन मास्क भी पकड़ रखा था। जानकारी के अनुसार सदर थाना क्षेत्र के कोल्हुआ ढ़ाला निवासी तेजू अस्थमा का मरीज है। सोमवार को उसकी हालत काफी बिगड़ गई। दस साल का बेटा अपने पिता को लेकर मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी पहुंचा। पिता की सांसें तेजी से फूल रही थी। इमरजेंसी में देखने के बाद चिकित्सकों ने उसे मेडिसिन वार्ड में भर्ती करने की सलाह देते हुए भेज दिया। बालक किसी तरह पिता की व्हीलचेयर अकेले ही खींचते हुए मेडिसिल वार्ड पहुंचा।

बच्चे की परेशानी देखने के बाद भी कोई स्वास्थ्यकर्मी उसकी मदद को आगे नहीं आया। बच्चे ने किसी तरह से पाइप लाइन वाले ऑक्सीजन मास्क को उतारा और काफी मशक्कत के बाद पिता को लगाया। इस संबंध में मेडिसिन विभाग के प्रभारी डॉ. गौरव दुबे ने बताया कि वह मेडिकल कॉलेज में नहीं हैं। बाहर आए हुए हैं। पता करते हैं कि क्यों ऐसा किया गया।

व्हीलचेयर पर बैठे पिता का ऑक्सीजन मास्क पकड़े खड़ा बेटा। अमृत विचार

2024 का चुनाव 2019 की तुलना में ज्यादा महत्वपूर्ण

सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। जिला मुख्यालय स्थित भाजपा के केंद्रीय चुनाव कार्यालय पर भाजपा युवा मोर्चा के कपिलवस्तु विधानसभा की बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा युवा मोर्चा गोरखपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री व लोकसभा डुमरियागंज के प्रवासी अखिल देव त्रिपाठी रहे। अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष विकास पाण्डेय ने किया। बैठक में लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत भाजपा युवा मोर्चा के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा हुई।

श्री त्रिपाठी ने कहा कि, भाजपा को हराने के लिए सभी भारत विरोधी ताकते पूरा जोर लगाएंगी। 2024 के चुनाव को 2014 और 2019 की तुलना में ज्यादा महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इस चुनाव में 'करो या मरो' की स्थिति होगी। हमें अपनी तैयारी इसी तर्ज पर करनी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपने बूथ को सबसे मजबूत बनाने के लक्ष्य को लेकर 01 बूथ 10 यूथ के श्रृंखला को खड़ा करने का आह्वान किया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिला उपाध्यक्ष विकास पाण्डेय ने कहा कि भाजपा जैसी कार्यकर्ताओं की फौज किसी दल के पास नहीं है। युवा वर्ग इसका नेतृत्व कर रहा है। इन्हीं कार्यकर्ताओं की मेहनत और मोदी, योगी जैसे विराट नेतृत्व के बूते पार्टी निरंतर सफलता की सीढ़ियां चढ़ रही है। आज हम अपनी विचारधारा के बल पर सरकार बनाने में हर जगह सफल हो रहे हैं। बैठक में नगर अध्यक्ष भाजपा महेश चंद्र वर्मा, जिला उपाध्यक्ष राहुल गुप्ता, जिला सोशल मीडिया प्रभारी सुनील पाण्डेय, मंडल प्रवासी विकास रस्तोगी विक्की, मंडल अध्यक्ष रामस्वरूप अग्रहरि, अनिल गुप्ता, हेमंत सिंह सोनू, लक्ष्मन गुप्ता, अरुण उपाध्याय, दीपक पाण्डेय, रजनीश पासवान सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

चुनावी हलचल

▸▸ भाजपा युवा मोर्चा ने बैठक कर कार्यकर्ताओं में भरा जोश

कम उम्र के लड़के हो रहे नशे की लत के शिकार

शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। जिले में नशा मुक्ति को लेकर समय-समय पर जिला प्रशासन की ओर से जागरूकता अभियान चलाया जाता हैं। लेकिन इसके बावजूद शहर से लेकर गांव तक कम उम्र के लड़के डेंडराइट, सुलेशन, गांजा, हेरोइन, तंबाकू, गुटखा, बीड़ी, सिगरेट, भांग जैसे नशे की लत के शिकार हो रहे हैं। इस तरह का नशापान करने वालों में गरीब तबके से लेकर अमीर वर्ग के बच्चे भी शामिल हैं। इनमें कई आदतन तो कई गलत संगत में आकर इसके अभ्यस्त हो रहे हैं। यह सभ्य समाज के लिए एक बुरा संकेत है। इस तरह के नशे के आदि से लोगों में कैंसर जैसे बीमारी का खतरा बढ़ रहा हैं। नशा के लिए गांजा की बिक्री शहरी क्षेत्र से लेकर गांव तक में धड़ल्ले से हो रही है। नगर पंचायत के विभिन्न वार्डो में गांजा की बिक्री की जाती है। इस तरह के विक्रेताओं द्वारा 100 से लेकर 500 रुपये तक का पुड़िया बनाकर खुलेआम बेचा जाता हैं। कई बार इसके कारोबारी पुलिस की गिरफ्त में भी आते रहे हैं।

चुप्पी तोड़ -हल्ला बोल यौन शोषण से बचाव विषय पर कार्यशाला का किया आयोजन

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। फैकेल्टी आफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज, महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर, में बी फार्मा और डी फार्मा के छात्रों के बीच समाधान अभियान की निदेशक शीलम बाजपेई द्वारा चुप्पी तोड़ -हल्ला बोल यौन शोषण से बचाव विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की मुख्य अतिथि और समाधान अभियान की निदेशक शीलम बाजपेई ने बच्चों को यौन शोषण से बचने के लिए समाज में जागरूकता बढ़ाने, बच्चों को अपने शरीर के साथ संवेदनशीलता और असुरक्षित स्थितियों में सुरक्षित रहने पर विस्तार से जानकारी को साझा किया। साथ ही शिक्षकों, अभिभावकों और समाज के सभी सदस्यों को इस मुद्दे पर जागरूक करना और बच्चों के लिए सुरक्षित माहौल सुनिश्चित करना कार्यशाला का महत्वपूर्ण उद्देश्य था। शीलम बाजपेई द्वारा विद्यार्थियों को इन सभी बातों को आत्मसात करने की शपथ दिलाई गई। कार्यशाला का कुशल संचालन डॉक्टर शशिकांत सिंह ने और धन्यवाद ज्ञापन गौरीश नारायण सिंह ने दिया।

सड़क पर कूड़ा फेंकने पर लगाया जाएगा जुर्माना

गोरखपुर

अमृत विचार। नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल ने सीएनडी वेस्ट कलेक्शन के के संबंध में मंगलवार को बैठक की। बैठक में अपर नगर आयुक्त, जोनल अधिकारी, सफाई निरीक्षक व अन्य उपस्थित रहे। महानगर को ओपन बर्निंग वेस्ट फ्री बनाने के लिए अभियान चलाए जाने के बारे में चर्चा हुई। जिसके अंतर्गत महानगर में अब खुले में कूड़ा नहीं चलाया जाएगा।

बैठक करते नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल। अमृत विचार

महेसरा में बना रहे सीएनडी वेस्ट प्लांट की भी चर्चा की गई। इसकी जानकारी समस्त जोनल अधिकारियों को दी गई। बैठक में कहा गया कि महानगर में पुराने घरों को ध्वस्त करने से पहले नागरिकों को नगर निगम को सूचना देनी होगी। सीएनडी वेस्ट को सड़क पर फेंकने पर जुर्माना भी लगाया जाएगा। नगर आयुक्त द्वारा सीएमडी कलेक्शन हेतु रेट व में बायलाज तैयार करने हेतु भी संबंध को निर्देश दिए गए। समस्त जोन में सीएनडी वेस्ट कलेक्शन सेंटर बनाए जाएंगे उसके बाद वहां से सभी वेस्ट को महेश्वरा भेजा जाएगा जहां सीएनडी वेस्ट की सर्टिंग की जाएगी।

सार-संक्षेप

विधायक ने पुलिस व प्रशासन पर लगाया आरोप

सिद्धार्थ नगर, अमृत विचार। शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत गड़रखा में ग्राम प्रधान खनन करा रहे थे। रात में उसी बीच ट्रैक्टर-ट्राली पलटी और भयावह आग लग गई। जिसके बाद सूचना के मुताबिक चालक मायाराम की मौत हो गई और गाड़ी जलकर राख हो गई। यह बातें शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही हैं। कहा कि इसी तरह के गैरकानूनी कार्य की सूचना हमें एक सप्ताह पूर्व भी क्षेत्रवासियों ने की थी। लेकिन एसडीएम शोहरतगढ़ और थाना प्रभारी ढ़ेबरुआ जैसे अधिकारियों की असंवेदनशीलता और गैर जिम्मेदारी के कारण यह हादसा घटित हुआ। कहा कि इसकी सूचना को संज्ञान में लेकर सीधे आईजी आरके भारद्वाज से बात कर सारी बातें बताई। जिसके बाद उन्होंने इसके लिए विशेष जांच टीम गठित करने का आश्वासन दिया है। साथ ही जिलाधिकारी को भी पूरे प्रकरण को लेकर मैसेज से सूचित किया गया है। विधायक ने कहा कि पूर्व में हमारे द्वारा कही गई बातों को संज्ञान में लिया जाता तो यह घटना घटित नहीं होती। विधायक ने संलिप्त अधिकारियों व प्रशासन की भी निष्पक्ष जांच करने की मांग की है।

सीएचसी पर मरीजों से बाहर से मंगाए जा रहे सिरिंज

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। उसका बाजार कस्बा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उसका बाजार पर रैबीज का इंजेक्शन लगाने के लिए सिरिंज नहीं हैं। डॉक्टर संबंधित पीड़ितों को बाहर से सिरिंज लाने को भेज रहे हैं। यह आरोप कस्बा के आद्या प्रसाद नगर वार्ड के निवासी धर्मेंद्र चौरसिया ने लगाया है। बताया कि रविवार की शाम बंदर ने काट लिया। वह सोमवार को सुबह 10 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उसका बाजार पर रेबीज का इंजेक्शन लगवाने गए। वहा संबंधित की ओर से बाहर से सिरिंज लाने को कहा गया। पूछने पर बताया गया कि अस्पताल में सिरिंज नहीं है। इसके बाद पीड़ित बाहर से सिरिंज लेकर आया तब रैबीज का इजेक्शन लग सका। पीड़ित ने इसकी शिकायत स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों से करने की बात कही है। सीएचसी उसका के अधीक्षक डा. एसके पटेल ने कहा है कि अस्पताल पर रैबीज इंजेक्शन लगाने की सिरिंज उपलब्ध है। इस मामले की जांच करके संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

मतदान के लिए लोगों को जागरूक करते युवक। अमृत विचार

मतदाता जागरूकता अभियान चलाया

शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से मंगलवार को नगर पंचायत बढ़नी में बस स्टाप तिराहे पर सिद्धार्थ वेलफेयर सोसाइटी संस्था के तत्वधान में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। संस्था कार्यकारिणी सदस्य सलीम अहमद के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं एवं नगर वासियों ने मतदान करने एवं मतदान करने के लिए लोगों को जागरूक करने की शपथ ली। नगरवासियों व व्यापारियों को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यकारिणी सदस्य सलीम अहमद ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व पर सभी मतदाताओं को अपने मताधिकार का इस्तेमाल करना चाहिए। यह स्वतंत्र भारत के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। इस अवसर पर सलीम अहमद, मो. सलमान, वकार खान, मो. अरबाज, सलमान अहमद, शिव कुमार, आशीष मौर्या, सुनील, राजा पाण्डेय, सचिन पाठक आदि मौजूद रहे।

एसएसबी ने साफ-सफाई के लिए किया जागरूक

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल द्वारा नेपाल एपीएफ व नेपाल प्रहरी के साथ सीमा क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जवानों ने राजपाल सहायक कमांडेंट के नेतृत्व में सीमाई क्षेत्र के ग्रामीणों को साफ-सफाई के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया। गंदगी से होने वाली घातक बीमारियों के बारे में भी बताया। लोगों से अपील की कि समाज को स्वच्छ रखने के लिए स्वच्छता कार्यक्रम को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करें। अपने देश, गांव तथा आसपास साफ़-सफाई रखने में अपना योगदान दें। अभियान में एसएसबी के साथ नेपाल एपीएफ की तरफ से एसआई मान बहादुर चौधरी व अन्य जवान शामिल रहे। इसके अलावा सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, की सीमा चौकी खूनवा ने नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। सरस्वती शिशु मंदिर खुनवा में आयोजित कार्यक्र में छात्र, छात्राओं को नशे की लत के दुष्प्रभाव के बारे में बताया गया। बताया गया कि विश्व में रोजाना सैकड़ों लोग नशे की लत के कारण अपनी जान गवां रहे है। युवाओं में नशे की लत हमारे समाज को खोखला कर रही।

सेवानिवृत्त कर्मचारियों को किया गया सम्मानित

गोरखपुर

अमृत विचार। मुख्य कार्मिक अधिकारी प्रशासन, पूर्वोत्तर रेलवे अवधेश कुमार ने मंगलवार को कार्मिक विभाग के सभा कक्ष में आयोजित समारोह में सेवानिवृत्त होने वाले सात अराजपत्रित रेलकर्मियों को गोल्ड प्लेटेड मेडल, समापक राशि का प्रपत्र एवं सेवा प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सेवा निवृत्त रेल कर्मियों को सम्बोधित करते हुए मुख्य कार्मिक अधिकारी/प्रशासन अवधेश कुमार ने कहा कि आप सभी ने अपने जीवन का एक लम्बा समय रेलवे को दिया है। आपके अनुभव से हम आगे भी लाभ उठाते रहेंगे। जब भी समस्या हो आप मिल सकते हैं। आपकी समस्याओं का समाधान किया जायेगा। मंगलवार को सेवानिवृत्त हुए बसन्त कुमार, मुख्य प्रोटोकाल निरीक्षक, महाप्रबन्धक कार्यालय, चन्द्र शेखर आर्या, मुख्य कार्यालय अधीक्षक, रेलवे भर्ती बोर्ड, अखिलेश्वर सिंह, मुख्य कार्यालय अधीक्षक, प्रमुख मुख्य इंजीनियर कार्यालय, आशुतोष नारायण द्विवेदी, मुख्य टंकक, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी कार्यालय, गोरखपुर, श्याम बिहारी, निजी सचिव-।।, प्रमुख मुख्य इंजीनियर कार्यालय, असगर अली, सफाईवाला, उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/कालोनी, प्रमोद सिंह, उपनिरीक्षक, सहायक सुरक्षा आयुक्त,रेलवे सुरक्षा बल कार्यालय को सम्मानित किया। इस अवसर पर उप मुख्य कार्मिक अधिकारी, मुख्यालय बीके द्विवेदी, सहायक कार्मिक अधिकारी/समापक प्रमोद कुमार भारती, कार्मिक एवं लेखा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी, यूनियन के पदाधिकारी उपस्थित थे।

इसके अतिरिक्त लेखा विभाग के आईटी सेन्टर में सेवानिवृत्त लेखा कर्मियों का विदाई समारोह का आयोजित किया गया। प्रधान वित्त सलाहकार संजीव जैन ने लेखा विभाग के सहायक वित्त सलाहकार रमेश रंजन एवं शमीम अख्तर, वरिष्ठ अनुवाग अधिकारी, तुफैल अहमद, लेखा सहायक, स्थापना/राज.अनुभाग, दुर्गेश कुमार श्रीवास्तव, लेखा सहायक, भंडार अनुभाग एवं कुमारी सरोज तिवारी, लेखा सहायक, यात्री अनुभाग, गोरखपुर को सम्मानित किया गया।

सेवानिवृत्त कर्मचारी को सम्मानित करते रेलवे के अधिकारी। अमृत विचार

ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ियों का बढ़ाया गया संचालन

गोरखपुर

अमृत विचार। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए पूर्व से 30 अप्रैल तक चलाई जा रही 03215/03216 पटना-थावे-पटना दैनिक विशेष गाड़ी का संचालन 31 जुलाई तक 92 फेरों के लिये बढ़ाया जा रहा है। इस गाड़ी का मार्ग, ठहराव एवं समय यथावत रहेगा।

इसके अलावा 08795/08796 गोंडिया-छपरा-गोंडिया ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचालन गोंडिया से 06, 13 एवं 20 मई (प्रत्येक सोमवार) को तथा छपरा से 07, 14 एवं 21 मई (प्रत्येक मंगलवार) को तीन फेरों के लिये किया जाएगा। 04411 सहरसा-नई दिल्ली ग्रीष्मकालीन अनारक्षित विशेष गाड़ी का संचालन सहरसा से 2 मई को एकल यात्रा के लिए करने का निर्णय लिया है। 09619/09620 उदयपुर सिटी-कोलकाता-उदयपुर सिटी ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचलन उदयपुर सिटी से 5 मई से 30 जून तक प्रत्येक रविवार को तथा कोलकाता से 7 मई से 2 जुलाई तक प्रत्येक मंगलवार को 09 फेरों के लिये किया जायेगा। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

रेलवे संरक्षा में शार्टकट्स अपनाने से बचा जाए : महाप्रबंधक

गोरखपुर

अमृत विचार। महाप्रबन्धक सभाकक्ष में 30 अप्रैल को सिगनल एवं दूरसंचार विभाग की सेफ्टी, रिलायबिलिटी एण्ड मेंटेनेंस प्रैक्टिसेज आफ सिगनल एण्ड टेलीकाम डिपार्टमेंट विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया। जिसमें इज्जतनगर, लखनऊ एवं वाराणसी के वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर तथा सिगनल एवं दूरसंचार विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

इस अवसर पर महाप्रबन्धक सौम्या माथुर, अपर महाप्रबन्धक दिनेश कुमार सिंह, प्रमुख विभागाध्यक्ष एवं वरिष्ठ रेल अधिकारी उपस्थित थे। सेमिनार को सम्बोधित करते हुए महाप्रबन्धक ने सिगनल एवं दूरसंचार विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना की। संरक्षा पर जोर देते हुए किसी भी प्रकार के शार्टकट्स से बचने की सलाह दी। सिगनल विभाग के अधिकारियों को अपने कर्मचारियों से निरन्तर मिलते रहने एवं उनका फीडबैक लेने की सलाह दी। सिगनल विफलता के रूट काज एनलिसिस पर बल दिया। प्रमुख मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर राजेश कुमार पाण्डेय ने महाप्रबन्धक को सिगनल एवं दूरसंचार विभाग की वर्ष 2023-24 की उपलब्धियों, सिगनल विभाग द्वारा संरक्षा रिलायबिलिटी एवं मोबिलिटी को बढ़ाने हेतु उठाये जा रहे प्रयासों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023-24 में सिगनल एवं दूरसंचार विभाग में विगत वर्ष की तुलना में 8.55 प्रतिशत विफलतायें कम हुई हैं, जिसके कारण गाड़ियों का सुचारू रूप से संचलन करने में मदद मिली है। वर्ष 2023-24 में सिगनल एवं दूरसंचार विभाग द्वारा अभी तक सर्वाधिक स्टेशनों पर इलेक्ट्रानिक इन्टरलॉकिंग का प्रावधान किया गया है। साथ ही पूर्वोत्तर रेलवे में पहली बार एक वर्ष में 04 स्टेशनों पर 200 रूट से ज्यादा इलेक्ट्रानिक इन्टरलॉकिंग की कमीशनिंग की गई है। साथ ही इस वर्ष छपरा जं. पर पूर्वोत्तर रेलवे के सर्वाधिक 407 रूट वाले स्टेशन की कमीशनिंग की गई तथा पूर्वोत्तर रेलवे पर 295 स्टेशनों, 330 समपार फाटक/सीमित ऊँचाई के सब-वे पर इन्डोर/आउटडोर टर्मिनल के राइटिंग, पेटिंग एवं वेरिफिकेशन का कार्य पूर्ण किया गया। श्री पाण्डेय ने कहा कि इस वर्ष कुल 22 समपारों की इंटरलॉकिंग की गई एवं 63 समपारों पर पैदल उपरिगामी पुल का प्रावधान किया गया, साथ ही पीलीभीत-शाहगढ़ सेक्शन पर 24 रूट किमी. ओ.एफ.सी.एवं पीलीभीत-माला सेक्शन पर 13 रूट किमी. क्वाड की कमीशनिंग की गई तथा 26 नये स्टेशनों पर फायर अलार्म का प्रावधान किया गया। इस अवसर पर अपर महाप्रबन्धक, वरिष्ठ उप महाप्रबन्धक, प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक, प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबन्धक, प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर, प्रधान वित्त सलाहकार, प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक, प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी एवं मुख्य ट्रैक इंजीनियर ने भी बहुमूल्य सुझाव दिये।

समीक्षा बैठक में मौजूद महाप्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे सौम्या माथुर। अमृत विचार

विशेष गाड़ी के संचालन का मार्ग तय किया गया

गोरखपुर, अमृत विचार। 05062/05061 टनकपुर-मथुरा जं.-टनकपुर विशेष गाड़ी का अवधि विस्तार 31 दिसम्बर 2024 तक किया गया था। विस्तारित अवधि में इस गाड़ी का शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन निम्नवत रहेगा। 05062 टनकपुर-मथुरा जं. विशेष गाड़ी 31 दिसम्बर, 2024 तक मथुरा कैंट स्टेशन पर यात्रा समाप्त करेगी। 05061 मथुरा जं.-टनकपुर विशेष गाड़ी 31 दिसम्बर तक मथुरा कैंट स्टेशन से चलाई जायेगी।

संचालन निरस्त

गोरखपुर, अमृत विचार। रेलवे प्रशासन द्वारा अपरिहार्य कारणों से 08 मई से 26 जून तक वीरांगना लक्ष्मीबाई जं. से चलने वाली 01925 वीरांगना लक्ष्मीबाई जं.-छपरा तथा 9 मई से 27 जून तक छपरा से चलने वाली 01926 छपरा-वीरांगना लक्ष्मीबाई जं. ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचालन निरस्त रहेगा।

गोवा में मैच फिर टाई होने का डर

भाजपा राज्य में दोबारा दोहराना चाहती 2014 वाला परिणाम, पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा-कांग्रेस का स्कोर 1-1 था

मनोज त्रिपाठी

गोवा में लोकसभा की दो सीटें गोवा उत्तर और दक्षिण हैं। राज्य में एक ही चरण में सात मई को दोनों सीटों के लिए मतदान होगा। इन दोनों ही सीटों के चुनावी समीकरण अलग-अलग हैं। एक सीट भाजपा का गढ़ है तो दूसरी पर कांग्रेस का वर्चस्व नजर आता है। गोवा उत्तरी लोकसभा सीट पर अब तक 14 बार चुनाव हुए हैं, जिनमें से पांच बार भाजपा, पांच बार कांग्रेस और चार बार गोमांतक पार्टी ने जीत हासिल की है। लेकिन दक्षिण गोवा लोकसभा सीट भाजपा 1962 के बाद से केवल दो बार जीत पाई है। भाजपा ने दक्षिण गोवा सीट पर 1999 और 2014 में जीत हासिल की थी। पिछले लोकसभा चुनाव में गोवा में कांग्रेस और भाजपा के बीच कड़ा मुकाबला हुआ था। अभी गोवा में प्रमोद सावंत के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। राज्य में 40 विधानसभा सीटें, दो लोकसभा सीटें और एक राज्य सभा की सीट है। 2019 के लोकसभा चुनाव में गोवा उत्तर सीट से भाजपा के श्रीपद नाईक और गोवा दक्षिण सीट से कांग्रेस के फ्रासिस्को सार्डिन्हा ने विजय पताका फहराई थी। इस बार भी राज्य की दोनों सीटों पर भाजपा और कांग्रेस में सीधा मुकाबला है, जिसमें कांग्रेस आम आदमी पार्टी और शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट का साथ मिलने से जीत की राह तलाश रही है।

वोट शेयर 2014 चुनाव



वोट शेयर 2019 चुनाव



2019 का चुनाव परिणाम

पार्टी	सीट	वोट
कांग्रेस	01	3,66,158
भाजपा	01	4,36,650
अन्य	00	50,395

2014 में कितनी सीटें, कितने वोट

पार्टी	सीट	वोट
भाजपा	02	4,36,679
कांग्रेस	00	2,98,750
अन्य	00	81,571

दिग्गज श्रीपद नईक को स्थानीय मुद्दों से विरोधी मतों के उभरने का खतरा



गोवा उत्तर लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के श्रीपद येसो नाईक चार बार से सांसद चुने जा रहे हैं। वह 2004 से लेकर 2019 तक लगातार इस सीट पर जीत हासिल कर चुके हैं। हालांकि इससे पहले जब इस सीट को पणजी लोकसभा के नाम से माना जाता था, तब भी 1999 में वह जीते थे। उनके ही कारण उत्तरी गोवा में भाजपा का दबदबा साफ नजर आता है। इसी के चलते केंद्र की मोदी सरकार ने उन्हें आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) का पद दिया है। इससे पहले वह रक्षा राज्य मंत्री भी रह चुके हैं। साल 2019 में श्रीपद नाईक को कुल 2,44,844 वोट मिले थे। उनके मुकाबले में मैदान में उतरे कांग्रेस उम्मीदवार गिरीश राय चंदोणकर को 1,64,597 वोट हासिल हुए थे। इस सीट पर मतदाताओं की संख्या करीब छह लाख है। भाजपा ने एक बार फिर श्रीपद नाईक पर भरोसा जताते हुए उन्हें चुनाव मैदान में उतारा है। उनके मुकाबले के लिए कांग्रेस ने इस बार गोवा उत्तर से पूर्व कानून मंत्री रमाकांत खलप को मौका दिया है, जबकि रिवोल्यूशनरी गोवन्स पार्टी से मनोज परब किस्मत आजमा रही है। इस लोकसभा क्षेत्र में हिंदू आबादी ज्यादा है और श्रीपद नाईक ओबीसी वर्ग के सबसे बड़े नेता गिने जाते हैं। वह गोवा के विकास के लिए नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए वोट मांग रहे हैं और केंद्र की कल्याणकारी योजनाएं गिना रहे हैं। इसके विपरीत कांग्रेस के रमाकांत खलप चुनाव को स्थानीय मुद्दों पर केंद्रित करते हुए रोजगार, महादेयी नदी के पानी के बंटवारे जैसी बातों को चर्चा में ला रहे हैं। जानकार यहां एक बार फिर श्रीपद नाईक की जीत की संभावनाएं प्रबल बताते हैं, लेकिन लगातार क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने के कारण उनके विरुद्ध लोगों के एक वर्ग में नाराजगी के मद्धम स्वर भी हैं।

भाजपा की धमाकेदार प्रत्याशी पल्लवी को ईसाई नहीं होना पड़ सकता है भारी

भाजपा ने 1962 के बाद से केवल दो बार दक्षिण गोवा लोकसभा सीटी जीती है। इस सीट पर भाजपा को 1999 और 2014 के चुनाव में सफलता मिली थी। इस बार पार्टी ने यहां से उद्यमी पल्लवी डेम्पो को उतार कर चौंका दिया है। वह डेम्पो ग्रुप के अध्यक्ष श्रीनिवास की पत्नी हैं। पहली बार चुनाव लड़ रही हैं। यही वजह रही कि बीते दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली में उन्होंने लिखा हुआ भाषण पढ़ा था। पल्लवी 1400 करोड़ की संपत्ति की मालकिन हैं। लेकिन उनका नकरात्म पहलू यह है कि वह ईसाई नहीं है, जबकि इस लोकसभा क्षेत्र में ईसाई मतदाता ज्यादा हैं। हालांकि पल्ली को जिताने के लिए भाजपा ने पूरी ताक झोंक रखी है। मोदी जहां तीन माह में दो बार सभा कर चुके हैं, वहीं भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी रैली कर चुके हैं। गोवा दक्षिण सीट से कांग्रेस के फ्रांसिस्को सरदिन्हा वर्तमान में सांसद हैं। लेकिन कांग्रेस ने उनके स्थान पर विरयातो फर्नांडिस को मैदान में उतारा है। वह नेवी में कैप्टन रह चुके हैं। पर्यावरण प्रेमी हैं और सरकार के खिलाफ आंदोलनों में आगे रहते आए हैं। हालांकि 2002 में विधानसबा चुनाव हार गए थे। विरयातो इस चुनाव को मनी और पॉवर के साथ संघर्ष बता रहे हैं। रिवोल्यूशनरी गोवन्स पार्टी ने यहां रुबर्ट परेरा को उम्मीदवार बनाया है। पार्टी गोवा, गोवा के लोगों के लिए मुद्दा उठाकर क्षेत्रीयता का ज्वार तेज करने में जुटी है। 2019 के लोकसभा चुनाव में फ्रांसिस्को 2,01,561 वोट हासिल करके विजयी हुए थे। उनके मुकाबले में उतरे भाजपा के नरेंद्र सवाईकर को 1,91,806 वोट मिले थे। हालांकि 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के नरेंद्र सवाईकर ने दक्षिण गोवा लोकसभा सीट जीती थी, तब उन्होंने कांग्रेस के एलेक्सो रेना को हराया था। यहां 6,22,403 मतदाताओं हैं, जिनमें महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों से करीब 20 हजार ज्यादा है। गोवा दक्षिण लोकसभा सीट के अंतर्गत आने वाली 20 विधान सभा सीटों में 12 भाजपा के पास हैं।

पर्यटन से चलती यहां की अर्थव्यवस्था, प्रति व्यक्ति आय में देश भर में अव्वल

गोवा क्षेत्रफल के लिहाज से भारत का सबसे छोटा राज्य है, लेकिन सबसे प्रसिद्ध पर्यटन स्थल है। जनसंख्या के हिसाब से यह चौथा सबसे छोटा राज्य है। हालांकि गोवा में प्रति व्यक्ति आय देश में सबसे ज़्यादा है। राज्य में लगभग 60 फीसदी आबादी हिंदू और 28 फीसदी ईसाई है। यह राज्य अपनी बांस शिल्पकला के लिए मशहूर है। गोवा का एक तिहाई से ज़्यादा हिस्सा जंगलों से घिरा है। यहां प्राकृतिक दृश्यों, आकर्षक समुद्र तट, हरे-भरे सौंदर्य की भरमार है। दुनिया भर से पर्यटक यहां समुद्र तटीय सुंदरता और प्राकृतिक आकर्षण का आनंद लेने के लिए यहां आते हैं। राज्य की अर्थव्यवस्था पर्यटन से ही चलती है। यहां दुनिया भर के प्रसिद्ध कैसीनो हैं और करीब 7,000 बार संचालित होते हैं।

खंडवा में लहर भगवा जीत तलाश रही कांग्रेस

चुनाव डेस्क

ज्ञानेश्वर पाटिल।

अमृत विचार। मध्य प्रदेश की खंडवा लोकसभा सीट कभी कांग्रेस का गढ़ थी, लेकिन इस गढ़ पर 1996 में भाजपा ने कब्जा कर जमाया तो 2004 तक इस सीट पर भगवा ध्वज लहराता रहा। 2008 में परिसमीन के बाद 2009 में जब चुनाव हुआ तो यह सीट कांग्रेस के खाते में चली गई पर 2014 की मोदी लहर में कांग्रेस का झंडा यहां से उखड़ गया फिर लहरा नहीं पाया। कांग्रेस ने 2019 में भी कांग्रेस ने खूब प्रयास किए पर सफल नहीं हुई। जब 2021 में उप चुनाव हुआ तो कांग्रेस को उम्मीद थी कि वह फिर इस सीट पर जीत दर्ज कर लेगी लेकिन पार्टी की आंतरिक कलह का परिणाम रहा कि पार्टी को यहां फिर हार का सामना करना पड़ा। इस बार 13 मई को इस सीट पर चुनाव होना है। भाजपा ने फिर चक्रव्यूह रच दिया है। अब देखना यह है कि कांग्रेस के रणनीतिकार इसे तोड़ पाते हैं या नहीं।

सीधे मुकाबले में रहती कांग्रेस: कांग्रेस और भाजपा के बीच ही इस सीट पर मुकाबला होता है, लेकिन इस बार कांग्रेस के लिए लड़ाई आसान नहीं दिख रही है। विधानसभा चुनाव में भाजपा ने आठ में से सात सीटों पर कब्जा किया था। ऐसे में भाजपा को यह उम्मीद है कि मतदाता इस चुनाव में भी उसके साथ रहेंगे। यही वजह है कि मोदी की गारंटी का खूब प्रचार किया जा रहा है। कांग्रेस उम्मीदवार बेरोजगारी, गरीबी का मुद्दा उठा रहे हैं बताने में लगे हैं कि भाजपा पुनः सत्ता में आई तो संविधान बदलकर आरक्षण खत्म कर देगी।

ज्ञानेश्वर पाटिल पर भाजपा ने जताया विश्वास

- 2021 के उप चुनाव में इस सीट से जीते ज्ञानेश्वर पाटिल पर को भाजपा ने दोबारा मौका दिया है। जबकि कांग्रेस ने गुर्जर समाज के नरेंद्र पटेल पर विश्वास जताया है। नरेंद्र पटेल कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद अरुण यादव के खास हैं। अरुण यादव को पार्टीइस सीट पर मौका देना चाहती थी लेकिन उन्होंने ही नरेंद्र पटेल का नाम आगे बढ़ाया। नरेंद्र के काका ताराचंद पटेल सांसद और विधायक रह चुके हैं।

1996 से लगातार जीत रही भाजपा को 2009 में लगा था झटका

2014, 2019 और 2021 के उप चुनाव में भी लहराया भगवा

राम लहर में पहली बार खिला था कमल

- इस सीट पर पहली बार 1952 में लोकसभा चुनाव हुआ था तब कांग्रेस यहां से जीती थी। पार्टी लगातार पांच चुनावों में यहां से जीती लेकिन 1977 यहां के मतदाताओं ने हाथ का साथ छोड़ दिया था और जनता पार्टी को अपना लिया था। 1979 में जब इस सीट पर उप चुनाव हुआ तो कांग्रेस ने इसे जीतने के लिए जबरदत प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हुई। जनता पार्टी ने कुशाभाऊ ठाकरे को मैदान में उतारकर कांग्रेस की रणनीति को फेल कर दिया था। हालांकि जब 1980 में चुनाव हुआ तो कांग्रेस ने इस सीट पर फिर से कब्जा कर लिया। 1984 में भी कांग्रेस यहां से जीती लेकिन 1989 की राम मंदिर लहर में भाजपा की बयार में यहां के मतदाता बह गए और उन्होंने पार्टी के उम्मीदवार को सिर माथे पर बैठा लिया, लेकिन यह लहर बहुत दिन तक नहीं रही। जब 1991 में चुनाव हुआ तो कांग्रेस ने इस सीट को जीत लिया और भाजपा की रणनीति धरी की धरी रह गई। 1996 में भाजपा को नंद कुमार सिंह चौहान जैसा मजबूत सिपहसालार मिला जिसने इस सीट को न सिर्फ भाजपा की झोली में डाला बल्कि अपने काम के दम पर वे लगातार यहां से चार बार जीते। 2009 में आंतरिक कलह के कारण भाजपा यह सीट हारी पर 2014 और 2019 में नंद कुमार सिंह फिर सांसद बने। उनके निधन पर उप चुनाव हुआ तो भाजपा ने आसानी से सीट जीत लिया।

जीत की कामना

नई दिल्ली से भाजपा उम्मीदवार बांसुरी स्वराज जीत सुनिश्चित करने के लिए लगातार जनसंपर्क कर रहीं हैं। मंगलवार को उन्होंने हवन- पूजन किया।

अब तक के चुनाव में देश मोदी सरकार के साथ: योगी

बहरामपुर/सूरी/आसनसोल

पश्चिम बंगाल के बीरभूम में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जोश भरते यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को यहां दावा किया कि अब तक 191 लोकसभा सीटों पर हुए मतदान से साफ संकेत हैं कि नरेन्द्र मोदी सरकार को भारी बहुमत से तीसरा कार्यकाल मिलने जा रहा है। भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को 400 सीटें मिलेंगी। इसमें यूपी अपने हिस्से की सभी 80 सीटों का उपहार भेंट करेगा।

बहरामपुर लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी निर्मल कुमार साहा के समर्थन में रैली को संबोधित करते हुए योगी ने कहा, 'अब तक 191 सीटों पर हुए मतदान से राजग को 400 सीटों के साथ मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का स्पष्ट संकेत सामने आया है।'

पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए आदित्यनाथ ने यह आश्वासन भी दिया कि संदेशखालि में हुए अपराध और रामनवमी उत्सव के दौरान हुई झड़पों के जिम्मेदार लोगों को भाजपा कानून के दायरे में लाएगी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा, अगर ऐसी घटनाएं उनके प्रदेश में होतीं, तो अपराधियों को ऐसा सबक सिखाता कि उनकी अगली सात पीढ़ियां ऐसा कुछ करने के बारे में सोचने की हिम्मत भी नहीं कर पातीं। उन्होंने कहा कि रामनवमी के मौके पर अयोध्या में बिना किसी घटना के सैकड़ों रैलियां निकाली गईं। आज पश्चिम बंगाल को उत्तर प्रदेश जैसे मॉडल की जरूरत है। उन्होंने दावा किया कि पश्चिम बंगाल अब पहले जैसा 'सोनार बांग्ला' (समृद्ध राज्य) नहीं रहा और राज्य विकास से दूर जा रहा है। आदित्यनाथ ने कहा कि उन्हें दुख होता है कि जिस पश्चिम बंगाल में कई राष्ट्रवादी नेताओं और महान हस्तियों का जन्म हुआ, उसे कांग्रेस, कम्युनिस्टों और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने बर्बाद कर दिया। उन्होंने दावा किया कि अगर राज्य के लोग संकट में हों तो न तो राहुल गांधी और न ही कांग्रेस या टीएमसी का कोई अन्य नेता उनकी मदद के लिए आएगा। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि दीदी का स्नेह उन माफिया के प्रति है जो बंगाल को लूट रहे हैं।

डेलकर परिवार के सहारे दादरा नगर में अब भाजपा

चुनाव डेस्क

अमृत विचार। केंद्र शासित प्रदेश दादरा और नगर हवेली की लोकसभा सीट पर चुनाव के लिए सात मई को वोट पड़ेंगे। दादरा और नगर हवेली लोकसभा सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। इस सीट से मौजूदा सांसद और भाजपा उम्मीदवार कलाबेन डेलकर के खिलाफ कांग्रेस से अजीत रामजीभाई महला मुकाबले में आगे आने की जी तोड़ कोशिश कर रहे हैं, जबकि सुश्री डेलकर के पुत्र अभिनव अपनी मां को एक बार फिर संसद में पहुंचाने के लिए प्रचार में दिन-रात एक किए हैं। दादरा नगर हवेली में भाजपा को अभी तक डेलकर परिवार से ही चुनौती मिलती रही है। सुश्री डेलकर ने पति और सीट से सात बार के सांसद मोहन डेलकर के निधन के बाद 2021 के उपचुनाव में शिवसेना (उद्धव ठाकरे) के टिकट पर यहां से 51,269 मतों के भारी अंतर से जीत हासिल की थी। भाजपा प्रत्याशी महेश गावित को हराया था। कलाबेन डेलकर पिछले दिनों भाजपा में शामिल हो गई थीं। 2019 के लोकसभा चुनाव में दादरा नगर हवेली सीट पर स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में मोहनभाई सांजीभाई डेलकर ने 90,421 वोट हासिल करके भाजपा के नटूभाई गोमनभाई पटेल को शिकस्त दी थी। भाजपा के नटूभाई गोमनभाई पटेल को 81,420 और कांग्रेस के प्रभु रत्नभाई टोकिया को 8,608 वोट मिले थे।

2014 के चुनाव में इस सीट पर भाजपा और कांग्रेस के बीच ही मुख्य टक्कर देखी गई थी। भाजपा से चुनाव लड़े नटूभाई पटेल को 80,790 वोट मिले थे, जबकि कांग्रेस के मोहनभाई डेलकर 74,576 वोट पाकर हार गए थे।

राजस्थान के रण में भाजपा कर रही क्लीन स्वीप का दावा

चुनाव डेस्क

- भाजपा नेताओं का दावा पार्टी क्लीन स्वीप जीत की हैट्रिक लगाएगी पूरा होगा 400 पार का लक्ष्य
- जिन सीटों पर भाजपा मान रही थोड़ी टक्कर, कांग्रेस नेताओं को वहां दिख रहा जीत का अवसर
- अटकलों का बाजार, विश्लेषकों का आकलन करीब पांच फीसदी कम मतदान से घटेगा जीत का अंतर

अमृत विचार। राजस्थान में दो चरणों में लोकसभा की सभी 25 सीटों पर वोट डाले जाने के बाद अब भाजपा और कांग्रेस के चुनावी रणनीतिकार और संगठन के बड़े नेता जीत-हार का हिसाब-किताब लगाने में व्यस्त हैं। इसके लिए प्रत्याशियों के साथ बूथ स्तर तक के आंकड़ों का फीड बैक लिया गया है। हालांकि मतदान के बाद भाजपा राज्य में एक बार फिर क्लीन स्वीप करते हुए सभी 25 सीटें जीतने का दावा कर रही है, वहीं कांग्रेस नेता एक दर्जन सीटों पर टक्कर देने के साथ चार से पांच सीटें हाथ में आने की बात कह रहे हैं। लेकिन राजनीतिक जानकारों के अनुसार अंदरखाने भाजपा को अधिकतम दो सीटों का नुकसान होने का आकलन लगाया जा रहा है, वहीं कांग्रेस के लिए तीन से चार सीटों पर जीत का अवसर है। ऐसे में परिणाम के लिए चार जून तक का इंतजार बहुत लंबा और बेचैनी बढ़ाने वाला नजर आ रहा है। राजस्थान में दूसरे और अंतिम चरण में रविवार को 13 लोकसभा सीटों पर मतदान हुआ था। इससे पहले 12 सीटों पर वोट डाले गए थे। 2019 के मुकाबले राज्य में इस बार 4.55 फीसदी कम वोट पड़े हैं। लेकिन इसमें भी तथ्य यह है कि केवल 22 सीटों पर मतदान प्रतिशत घटा है। तीन सीटों पर मतदान प्रतिशत में इजाफा दर्ज किया गया है। बारमेड़, बांसवारा और कोटा लोकसभा सीट पर इस बार मतदान प्रतिशत बढ़ा है। हालांकि इसकी वजह इन सीटों पर खड़े भाजपा-कांग्रेस के उम्मीदवार माने जा रहे हैं, जिनमें कड़ी प्रतिद्वंदिता देखने में आयी है।

माना जा रहा है कि पिछले दो चुनाव में जिस तरह एकतरफा हवा बह रही थी, वैसा माहौल इस बार अनेक सीटों पर नहीं दिखा। 5 से 7 सीटों पर मुकाबला कड़ा नजर आया है। इसके चलते इस बार भाजपा का कम से कम आधा दर्जन सीटों पर जीत का अंतर घटने की संभावना जताई जा रही है। पिछले दो लोकसभा चुनाव में राज्य की 25 में से 21 सीटों पर भाजपा का जीत का अंतर काफी रहा था। भाजपा की जिन डेढ़ दर्जन सीटों पर जीत तय मानी जा रही हैं, उनमें जयपुर, जोधपुर, अजमेर, पाली, जालोर, राजसमंद, चित्तौड़गढ़, उदयपुर, कोटा, झालावाड़, बीकानेर, गंगानगर, अलवर, भरतपुर, जयपुर ग्रामीण शामिल है. वहीं,कांग्रेस की झोली चूरू, झुंझुनू,सीकर,करोली, दौसा, नागौर सीट को गिना जा रहा है। उधर, कांग्रेस दौसा, सवाई माधोपुर, झुंझुनू, कोटा, भरतपुर, सीकर, जयपुर ग्रामीण सीटों पर अपनी बढ़त मानते हुए दावा कर रही है कि इनमें से कम से कम चार-पांच सीटें वह जीत सकती है। इसके मुकाबले भाजपा नेता तर्क देते हुए कह रहे हैं कि कांग्रेस कार्यकर्ता उदासीन रहे और वोट डलवाने नहीं निकले, भाजपा कार्यकर्ताओं ने वोट डलवाए हैं। राज्य की बाड़मेर -जैसलमेर लोकसभा सीट पर कांग्रेस के उम्मेदाराम व निर्दलीय रविंद्र सिंह में टक्कर बताई जा रही है। यहां तमाम लोग भाजपा के कैलाश चौधरी को त्रिकोणीय संघर्ष में पिछड़ता मान रहे हैं। इसी तरह टोंक-सवाई माधोपुर सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी हरीश मीणा और दो बार से सांसद भाजपा प्रत्याशी सुखबीर सिंह जौनापुरिया के बीच कांटे की टक्कर बताई जा रही है। पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट टोंक विधानसभा सीट से ही विधायक हैं, जिसका फायदा कांग्रेस को मिला है। ऐसे ही पिछले दो चुनावों में दौसा, करौली-धौलपुर तथा टोंक-सवाई माधोपुर में भाजपा की जीत का अंतर ज्यादा नहीं था। दो सीटों पर एक लाख से भी कम था। इस बार भी यहां के मतदाता ने चुनाव को लेकर कोई उत्सुकता नहीं दिखाई है। मीणा और दलित बाहुल्य करौली-धौलपुर सीट पर दोनों समाजों ने खास रुचि नहीं दिखाई। दौसा में कांग्रेस ने दौसा से विधायक मुरारीलाल मीणा को उतारा था। प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री किरोड़ी मीणा ने भाजपा प्रत्याशी बस्सी से पूर्व विधायक कन्हैया लाल मीणा के लिए प्रचार किया।

इलेक्शन बायस्कोप

समाजवादी पार्टी की सांसद और मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी डिम्पल यादव इन दिनों अपने संसदीय क्षेत्र मैनपुरी के मतदाताओं से एक-एक वोट पार्टी को देने की अपील कर रहीं हैं। इस दौरान क्षेत्र की जनता खासकर महिलाएं और बच्चे उनसे काफी हिल-मिल गए हैं। मंगलवार को कुछ ऐसी ही आत्मीयता कैमरे में कैद हुई। -अमृत विचार

प्यादा बढ़ाने से पहले शह-मात पर मंथन

- कैसरगंज, रायबरेली व अमेठी में 5वें चरण में होना है चुनाव
- तीन दिनों में कराना है नामांकन 19 दिन बचे मतदान को
- कैसरगंज से ब्रजभूषण तो रायबरेली - अमेठी से प्रियंका, राहुल को लेकर संशय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : तीन दिन नामांकन खत्म होने को और मात्र 19 दिन मतदान को बचे हैं, बावजूद इसके उत्तर प्रदेश की तीन हॉट सीटों कैसरगंज, रायबरेली और अमेठी से उम्मीदवार कौन होंगे, अटकलबाजी तक ही सीमित है। ऐसा लगता है कि मौजूदा राजनीतिक बिसात पर भाजपा और कांग्रेस प्यादा बढ़ाने से पहले इन सीटों के लिए शह-मात पर मंथन कर रहे हैं।

दरअसल, लोकसभा चुनाव के लिए दो चरणों का मतदान हो चुका है। अब सात मई को होने वाले तीसरे चरण के चुनाव के लिए राजनीतिक पारा चढ़ा हुआ है। उप्र. की अधिकांश सीटों पर एनडीए, इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों की घोषणा हो चुकी है। लेकिन अब भी कुछ सीटों को लेकर रहस्य बरकरार है। इनमें कैसरगंज, अमेठी और रायबरेली सीट है।

कांग्रेस ने जहां रायबरेली, अमेठी से अब तक अपना उम्मीदवार घोषित नहीं किया वहीं, कैसरगंज सीट के लिए भाजपा ने अब तक उम्मीवार की सूरत उजागर नहीं की। इन सभी सीटों पर पांचवें चरण में 20 मई को मतदान होने वाला है। 26 अप्रैल से नामांकन जारी है। तीन मई नामांकन की अंतिम तारीख है। कांग्रेस से अमेठी सीट से राहुल गांधी के उतरने की बात अभी चर्चा तक ही सीमित है। ठीक ऐसा ही रायबरेली से प्रियंका होने बात के साथ है। पहले, कहा जा रहा था कि वायनाड में मतदान तक अमेठी से राहुल की उम्मीदवारी का ऐलान रुका है। राहुल गांधी केरल की वायनाड सीट से प्रत्याशी हैं।

- **अधिकांश सीटों पर एनडीए, इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों की घोषणा हो चुकी है**

इस सीट पर दूसरे चरण में 26 अप्रैल को वोटिंग हो चुकी है लेकिन अब तक अमेठी से उनका नाम घोषित नहीं हुआ है। हालांकि, स्थानीय कांग्रेसी भी चाहते हैं कि अमेठी सीट से राहुल गांधी लड़ें ताकि राजनीतिक गलियारों में इन चर्चाओं पर विराम लगे कि गांधी परिवार ने उप्र. छोड़ दिया है। अमेठी के अलावा पड़ोस की रायबरेली सीट पर भी कांग्रेस का रहस्य बना हुआ है।

रायबरेली भी गांधी परिवार की परम्परागत सीट रही है। यहां से सांसद रहीं सोनिया गांधी के राज्यसभा में चले जाने से रायबरेली से उम्मीदवारी को लेकर तरह-तरह की अटकलें चल रही हैं। इस इंतजार में भाजपा भी रुकी हुई है। इस सीट से कभी प्रियंका गांधी का नाम चल रहा है तो कभी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे का नाम।

पिछले दिनों खड़गे ने यह कहकर चर्चाओं को और तेज कर दिया था कि कांग्रेस, अमेठी और रायबरेली में चौंकाने वाला नाम देगी। फिलहाल स्थानीय कांग्रेसी ही नही भाजपाई भी इस चौंकाने वाले नामों का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

क्या होगा कैसरगंज में बृजभूषण का?

उधर, भाजपा का असमंजस भी कैसरगंज सीट को लेकर खत्म नहीं हुआ है। इस सीट से वर्तमान सांसद बृजभूषण शरण सिंह के टिकट को लेकर पिछले कई दिनों से अटकलों का बाजार गर्म है। महिला पहलवानों के यौन शोषण के आरोपों से घिरे बृजभूषण को अदालत से राहत नहीं मिली है। ऐसे में कहा जा रहा है कि भाजपा उनके परिवार के किसी शख्स या किसी करीबी को टिकट दे सकती है। हाल ही में खुद बृजभूषण ने कहा कि पार्टी ऐसा नाम घोषित करेगी जिससे सभी खुश हो जाएंगे? अब इसके बाद विपक्ष की उत्सुकता बढ़ी नजर आ रही है। बहरहाल, तीनों सीटों के चेहरे जो भी हों, नामांकन की अंतिम तारीख तीन मई ही है इसलिए अब माना जा रहा है कि आज या कल तक पार्टियों को अपना उम्मीदवार तय कर ही लेना होगा।

पूर्व मंत्री लालजी वर्मा समेत छह प्रत्याशियों ने किया नामांकन

अमृत विचार, लखनऊ : छठे चरण की 14 लोकसभा सीटों के लिए मंगलवार को छह प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इनमे सपा प्रत्याशी पूर्व मंत्री लालजी वर्मा समेत अन्य प्रत्याशी शामिल हैं। इस चरण में छह मई नामांकन की अंतिम तारीख है। 25 मई को मतदान होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा सीटों सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, अम्बेडकरनगर, श्रावस्ती, आजमगढ़ व जौनपुर में एक-एक प्रत्याशी ने नामांकन किया। अम्बेडकरनगर लोकसभा सीट के लिए सपा से पूर्व मंत्री लालजी वर्मा ने नामांकन किया। श्रावस्ती सीट के लिए सपा से राम शिरोमणि वर्मा ने नामांकन किया।

अपनी ढपली अपना राग

ज्यादातर सीटों पर इंडी अलायंस के उम्मीदवार जमानत भी न बचा पायेंगे। जनता ने इनकी उम्मीदों पर ताला लगा दिया है। - ब्रजेश पाठक

चंद पैसों के लिए जनता के जान को जोखिम में डालने वालों को कांग्रेस की सरकार बनते ही उनकी असली जगह पहुंचाया जाएगा। - अजय राय

हम दायरे में रहकर सही बात कह रहे हैं तो कार्रवाई की जा रही है। कभी दिन तो कभी की रात बड़ी होती है। वक्त बदलेगा तो भूलेंगे नहीं। - जियाउर्रहमान बर्क

भाजपा का लखनऊ में 5 लाख वोटों से जीतने का दावा हवा हवाई है। दावा कुछ भी किया जा सकता है। मगर इस बार लखनऊ में बीएसपी की लहर है। - सरवर मालिक

श्रावस्ती में हो सकता है त्रिकोणीय मुकाबला

- इस बार ईवीएम में नहीं दिखेगा हाथ का पंजा
- इंडी गठबंधन के तहत सपा के खाते में आई है सीट
- भाजपा, सपा व बसपा के बीच कड़ी टक्कर की संभावना

लालजी सिंह, बलरामपुर

अमृत विचार: श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र में चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस बार के रण में ईवीएम से कांग्रेस का चुनाव निशान हाथ का पंजा गायब रहेगा। भाजपा, सपा तथा बसपा के बीच त्रिकोणीय मुकाबला हो सकता है। अंतिम समय में बसपा से भिनगा के हाजी दद्दन खां ने संभावित बसपा प्रत्याशी के रूप में पर्चा खरीद कर हाथी का महावत बनने का संकेत तो दे दिया है लेकिन अभी पार्टी ने उनके नाम की आधिकारिक घोषणा नहीं की है।

बताते चलें कि वर्ष 2008 के परिसीमन में श्रावस्ती लोकसभा अस्तित्व में आई इस लोकसभा में श्रावस्ती जनपद की दो तथा बलरामपुर जनपद की तीन विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। 2009 से लेकर 2019 तक के चुनाव में यहां पर बसपा ने मजबूत दस्तक दी और 2019 में सपा के साथ गठबंधन कर इस सीट पर जीत का परचम भी लहराया। वर्तमान समय में सपा के निवर्तमान सांसद राम शिरोमणि वर्मा हाथी से उतरकर साइकिल पर सवार हो चुके हैं। बसपा ने उन्हें पहले ही पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने का आरोप लगाकर बाहर कर दिया था।

इस बार भाजपा ने श्रावस्ती लोकसभा सीट पर नए चेहरे साकेत मिश्रा को चुनाव मैदान में उतारा है। वर्ष 2019 में मामूली मतों से चुनाव हारने वाले भाजपा प्रत्याशी दद्दन मिश्रा भी टिकट की रेस में शामिल थे। साकेत मिश्रा को टिकट मिलने के कारण वह इस समय अमेठी में जाकर स्मृति ईरानी का प्रचार कर रहे हैं। उनके समर्थक पहले तो साकेत मिश्रा के खिलाफ मुखर हुए लेकिन धीरे-धीरे चुप्पी साध ली। कांग्रेस और सपा गठबंधन के तहत यह सीट सपा के पास है। यादव तथा मुस्लिम मतदाताओं के साथ-साथ कुर्मी वोटों को साधने के लिए सपा ने नया दांव खेला है।

साकेत मिश्रा

राम शिरोमणि वर्मा

सपा ने बसपा के निवर्तमान सांसद राम शिरोमणि वर्मा को ही सपा के टिकट पर चुनाव मैदान में उतार दिया है। पुराने सपाई धीरे-धीरे राम शिरोमणि वर्मा के साथ चुनाव में उतर चुके हैं। राम शिरोमणि वर्मा को इस बार जेल में बंद पूर्व सांसद रिजवान जहीर तथा जिले में सपा के संस्थापक रहे स्वर्गीय डॉक्टर एसपी यादव की कमी जरूर खलेगी।

पिछले चुनाव में मामूली अंतर से सीट गंवा चुकी भाजपा इस बार पूरे दमखम के साथ मैदान में उतर चुकी है। पार्टी के नेता व पदाधिकारी लगातार कार्यकर्ता सम्मेलन व नुक्कड़ सभा कर लोगों से समर्थन मांग रहे हैं। पिछले चुनाव में श्रावस्ती सीट से जीत का स्वाद चख चुकी बसपा अभी तक असमंजस में है। पार्टी ने अभी तक आधिकारिक रूप से इस सीट पर अपना उम्मीदवार घोषित नहीं किया है। हां यह जरूर है कि भिनगा से वर्ष 2022 में बसपा के टिकट से विधानसभा चुनाव लड़ चुके हाजी दद्दन खां ने बसपा के संभावित उम्मीदवार के रूप में नामांकन पत्र खरीदा है। अब देखना यह है कि वर्ष 2009 ,2014 और 2019 में लगातार बेहतर प्रदर्शन करने वाली बसपा को इस बार क्या हासिल होगा। पार्टी के पदाधिकारी भी कुछ बोलने को तैयार नहीं है। बसपा ने यदि इस बार मजबूत उम्मीदवार उतारा तो श्रावस्ती सीट का मुकाबला दिलचस्प हो सकता है। सभी की निगाहें बसपा के अगले कदम पर टिकी हुई है।

वर्ष 2009 और 2014 में बसपा ने बिगाड़ा था सपा का खेल

श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र में वर्ष 2009 तथा वर्ष 2014 में बसपा ने सपा का खेल बिगाड़ दिया था। वर्ष 2009 में बसपा से लोकसभा चुनाव लड़ चुके पूर्व सांसद के रिजवान जहीर ने 1,59,527 वोट लेकर तीसरे स्थान पर रहते हुए सपा का खेल बिगाड़ दिया था। इसी तरह वर्ष 2014 के चुनाव में सपा उम्मीदवार माफिया अतीक अहमद का खेल बसपा प्रत्याशी लाल जी वर्मा ने बिगाड़ दिया था। लाल जी वर्मा को इस चुनाव में 1,94,827 वोट मिले थे और वह भी तीसरे स्थान पर रहे थे। वर्ष 2019 में इस सीट पर बसपा ने सपा से गठबंधन कर जीत हासिल की थी। बसपा उम्मीदवार राम शिरोमणि वर्मा को 4,41,505 वोट मिले थे और उन्होंने भाजपा के दद्दन मिश्रा को मात्र 5320 मतों से हराया था।

चुनावी चक्कर

- कुछ प्रत्याशी ऐसे भी होते हैं...

कभी-कभी चुनाव में प्रत्याशी ही ऐसा होता है कि वह जीते या हारे लेकिन लोगों के लिए प्रेरणा और आकर्षण का केन्द्र अवश्य बन जाता है। कुछ ऐसे ही एक प्रत्याशी फतेहपुर सीकरी लोकसभा से रामनाथ सिकरवार हैं। साइकिल पर सवार होकर नामांकन दाखिल करने वाले रामनाथ सिकरवार पूर्व फौजी हैं और लोग उन्हें फौजी बाबा के नाम से जानते हैं। दिलचस्प यह है कि सिकरवार अपने साथ जहां कहीं कहीं भी चुनाव प्रचार को जाते हैं, अपने खाने का जुगाड़ साथ लेकर चलते हैं और भूख लगने पर खुद खाना भी बना लेते हैं। रामनाथ सिकरवार वर्ष 2004 में सेना से रिटायर होने के बाद से समाजसेवा में जुट गए। उन्होंने लक्ष्मण सेना नामक संगठन बनाकर किसान, मजदूरों की समस्याओं के लिए संघर्ष किया। वह जिला पंचायत सदस्य भी रहे। युवाओं में रामनाथ की खासी लोकप्रियता है। इससे पहले उन्होंने खैरागढ़ से विधानसभा का चुनाव लड़ा था, लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। वह चुनाव हारने के बाद भी क्षेत्र में काम करते रहे हैं और उनके जुझारूपन और कर्मठता जैसी खूबियों को देखते हुए ही कांग्रेस ने उन्हें प्रत्याशी बना दिया। वह आज भी खैरागढ़ के एक मंदिर परिसर में बने आश्रम में रहते हैं। उनकी सादगी और कार्यशैली ऐसी है कि उसको देखने के बाद हर कोई आकर्षित हुए बिना नहीं रह सकता।

कमलेश का चौका रोकने की घेराबंदी में जुटा इंडी गठबंधन

- बांसगांव लोस क्षेत्र की पांचों विस सीटों पर भाजपा का कब्जा
- गठबंधन प्रत्याशी को दो बार पटखनी दे चुके हैं कमलेश

इंद्रभूषण दुबे, लखनऊ

अमृत विचार : गोरखपुर की चर्चित बांसगांव लोकसभा सीट का चुनाव इस बार काफी रोचक होगा। जहां वर्तमान भाजपा सांसद चौथी बार जीत दर्ज करने के लिए जुट गए हैं। वहीं, इंडी गठबंधन कमलेश के चौके को रोकने के लिए पूरी जुगत लगाए हुए है। हालांकि गठबंधन प्रत्याशी सदल प्रसाद को दो बार पटखनी दे चुके हैं। वहीं बसपा के प्रत्याशी व पूर्व आयकर आयुक्त डॉ. रामसमुझ के सामने खाता खोलने की चुनौती है। अगर सीट की पांचों विधानसभा की बात करें तो सभी भाजपा के खाते में हैं।

बांसगांव लोकसभा सीट गोरखपुर की दूसरी महत्वपूर्ण सीट है। कभी इस सीट से वरिष्ठ कांग्रेस नेता व केंद्रीय मंत्री स्व. महाबीर प्रसाद चार बार सांसद रहे। उनकी केंद्रीय राजनीति में महत्वपूर्ण दखल रहती थी। वह गांधी परिवार के करीबी माने जाते थे। राम मंदिर आंदोलन के दौरान यह सीट कांग्रेस से हाथ से निकल गई।

हालांकि महाबीर प्रसाद ने दोबारा इसे वापस हासिल कर लिया था। लेकिन जब इस सीट पर सीधा दखल गोरक्षपीठ का सीधा हुआ तो भगवा का रंग चटख होता गया। पहली बार 2009 में कमलेश पासवान व गोरक्षपीठाधीश्वर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सहमति के बाद ही भाजपा के प्रत्याशी बने थे। इसके बाद इनका विजय रथ आज तक नहीं रूका। वहीं इसकी एक प्रमुख विधानसभा बांसगांव पर भी कमलेश के छोटे भाई डॉक्टर विमलेश पासवान का कब्जा है। वह दो बार से विधायक हैं।

कमलेश पासवान

सदल प्रसाद

डॉ. राम समुझ

बांसगांव से भाजपा छह व कांग्रेस सात बार जीती

बांसगांव लोकसभा के मतदाताओं ने कांग्रेस को सात व भाजपा को छह बार नेतृत्व करने का मौका दिया। 1957 में हुए पहले चुनाव में कांग्रेस के महादेव प्रसाद विजयी हुए। इसके बाद जनता ने 1962 में दोबारा लोकसभा में भेजा। वहीं 1971 रामसूरत प्रसाद को सांसद चुना गया। कांग्रेस के महाबीर प्रसाद चार बार, 1980, 1984, 1989 और फिर 2004 में सांसद बने। जबकि भाजपा के सिर पहली बार राम लहर में जीत का सेहरा 1991 में बंधा। राजनारायण पासी को यहां से सांसद चुना गया। हालांकि उनको वर्तमान सांसद कमलेश पासवान की मां सुभावती पासवान ने 1996 में हरा दिया। वहीं, दो साल बाद 1998 में हुए चुनाव में भाजपा ने सीट वापस हासिल कर ली। राजनारायण 2004 तक सांसद रहे। 2004 में पूर्व केंद्रीय मंत्री महाबीर प्रसाद से चुनाव हार गये। 2009 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सहमति के बाद मानीराम के विधायक रहे कमलेश पासवान को भाजपा ने प्रत्याशी बनाया। इसके बाद व कमलेश ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। पिछले तीन चुनाव में लगातार जीत दर्ज करने के साथ ही अंतर भी बढ़ाते जा रहे हैं। इस सीट पर 1967 में संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी के मोहलू प्रसाद और 1977 में जनता पार्टी के फिरंगी प्रसाद विशारद सांसद बने।

जातीय समीकरण

वर्ष 20211 की जनगणना के मुताबिक यहां अनुसूचित जाति की आबादी 28 फीसद, अनुसूचित जनजाति 1 फीसद, मुस्लिम 6.39 फीसद है, यहां निषाद वोटर करीब डेढ़ से दो लाख के बीच हैं, यादव वोटर भी अच्छी तादाद में हैं, बांसगांव लोकसभा सीट पर कुल मतदाताओं की संख्या 21,96,918 है। सवर्ण- 5 लाख, ओबीसी- 8.34 लाख, दलित- 2.50 लाख, मुस्लिम 1.50 लाख मतदाता हैं।

कमलेश को पिता से मिली राजनीतिक पहचान

भाजपा प्रत्याशी कमलेश पासवान को राजनीतिक पहचान उनके बाहुबली पिता स्वर्गीय ओम प्रकाश पासवान के रूप में मिली है, ओम प्रकाश गोरखपुर की तत्कालीन मानीराम विधानसभा सीट से तीन बार विधायक रहे, वह लखनऊ गेस्ट हाउस कांड के मुख्य आरोपी थे, इलाके में दबंग और बहुबली के रूप में पहचान बनाने वाले मानीराम के पूर्व विधायक ओम प्रकाश पासवान की हत्या बांसगांव में बम मारकर हो गई थी। पिता की हत्या के बाद बीजेपी सांसद कमलेश पासवान की मां सुभावती पासवान (1996) में समाजवादी पार्टी (सपा) से बांसगांव सुरक्षित सीट से सांसद बनी।

चौथी बार मैदान में हैं कांग्रेस प्रत्याशी सदल प्रसाद

बसपा सरकार में मंत्री रहे सदल प्रसाद हाल ही में बसपा का साथ छोड़ कांग्रेस में शामिल हो गए और इंडी गठबंधन से प्रत्याशी हैं, बांसगांव लोकसभा सीट पर कांग्रेस का अच्छी खासा जनाधार भी है। यूं तो कांग्रेस प्रत्याशी सदल प्रसाद चौथी बार बांसगांव लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे लेकिन इस बार उनकी पार्टी बदली हुई है। वर्ष 2004, वर्ष 2014 और वर्ष 2019 के चुनाव में वह दूसरे स्थान पर रहे थे। वर्ष 2004 में बसपा के टिकट पर सदल प्रसाद पहली बार चुनाव में उतरे थे।

सेवानिवृति लेकर राजनीति में डॉ. राम समुझ

बहुजन समाज पार्टी ने पूर्व आयकर आयुक्त डॉ. राम समुझ को बांसगांव (सुरक्षित) लोकसभा सीट से प्रत्याशी घोषित किया है। डॉ राम समुझ ने दिसम्बर 2008 में दिल्ली से आयकर आयुक्त पद से स्वैच्छिक सेवानिवृति लेकर राजनीति में कदम रखा। पहले उन्होंने भाजपा ज्वाइन किया। 2009 में वे बांसगांव लोकसभा से तैयारी कर रहे थे, लेकिन टिकट नहीं मिला। फिर वे बसपा में चले गए और 2012 में खजनी विधानसभा से बसपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़े, हालांकि वे चुनाव हार गए।

कमलेश के सामने अंतर बढ़ाने की चुनौती

तीन बार से भाजपा के सांसद चुने जा रहे कमलेश पासवान के सामने इस बार के चुनाव में जीत का अंतर बढ़ाने की चुनौती है। 2014 और 2019 का चुनाव कमलेश के लिए आसान रहा। 2014 में कमलेश ने तत्कालीन बसपा के प्रत्याशी व वर्तमान में इंडी गठबंधन के सदल प्रसाद को 1,89,516 मतों और 2019 में 1,53,468 मतों से शिकस्त दी।

पांचों विधायक भाजपा के

बांसगांव लोकसभा सीट के तहत 5 विधानसभा सीटें आती हैं, जिसमें 3 सीटें (चौरी-चौरा, बांसगांव और चिल्लूपार सीट) गोरखपुर क्षेत्र की हैं तो देवरिया क्षेत्र की 2 सीटें (रुद्रपुर और बरहज सीट) शामिल हैं। इसमें बांसगांव विधानसभा सीट भी अनुसूचित जाति के लिए रिजर्व है, यहां की सभी पांचों सीटों पर 2022 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी को जीत मिली थी। एक सीट बांसगांव से सांसद के छोटे भाई डॉ. विमलेश पासवान विधायक हैं।

बांसगांव: 2019 के चुनाव का लेखा जोखा



उम्मीदवार	वोट
कमलेश पासवान	546,673
सदल प्रसाद	3,93,205
सुरेंद्र प्रसाद भारती	8,717

2014 में किसको कितने वोट

दल	उम्मीदवार	वोट
भाजपा	कमलेश पासवान	4,17,959
बसपा	सदल प्रसाद	2,28,443
सपा	गोरख प्रसाद पासवान	1,33,675
कांग्रेस	संजय कुमार	50,675



निर्वाचित सांसद

वर्ष	सदस्य	दल
1957 व 62	महादेव प्रसाद	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1967	मोहलू प्रसाद	संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी
1971	राम सूरत प्रसाद	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1977	विशारद फिरंगी प्रसाद	जनता पार्टी
1980,84 व 89	महाबीर प्रसाद	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1991	राज नारायण पासी	भारतीय जनता पार्टी
1996	सुभावती पासवान	समाजवादी पार्टी
1998 व 99	राज नारायण पासी	भारतीय जनता पार्टी
2004	महाबीर प्रसाद	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस

2014 नोटा	2019 नोटा
13,495	14,093

2009 चुनाव के आंकड़े

दल	उम्मीदवार	वोट
भाजपा	कमलेश पासवान	2,23,011
बसपा	श्री नाथ जी	1,70,224
सपा	शारदा देवी	1,13,170
कांग्रेस	महाबीर प्रसाद	76,432

2024 - मतदाताओं की संख्या

कुल मतदाता	- 18,06,641
पुरुष	- 9,60,879
महिला	- 8,45,674
अन्य	- 88



मैंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक- 985 फ्लैग- 1100 बोल्ड- 1140 डीएमओ- 860
रामपुर : शिवालिक-985 फ्लैग- 1100 डीएमओ-880 बोल्ड-1155

सर्राफा

कानपुर	
चांदी 999 (प्रति किलो)	82350
सिक्का (प्रति सैकड़ा)	85000
सिक्का (प्रति सैकड़ा)	90000
सोनाबिस्कुट (दस ग्राम)	73850
गिन्नी (प्रति नग)	55000-55200
लखनऊ	
सोना स्टैंडर्ड	71,750
सोना रवा	71,600
सोना गिन्नी (प्रति नग)	42,500
चांदी तैयार	81,600
चांदी (999)	81,500
चांदी सिक्के (100 नग)	80,000
बरेली	
गोल्ड (पक्के जेवर)	71700
गोल्ड (गिन्नी जेवर)	70700
सिल्वर (पक्की)	810 (अनुमानित)

लखनऊ मंडी

गेहूं (आरआर 21) 2360-2800, गेहूं (के 65) 3500-3800, बाजरा 2200-2300, मक्का 2700-2800, जौ 2900-3000, चावल सेल्हा 2800-3100, चावल बासमती 7000-8000, चावल मोटा 2800-3000, चावल मन्सूरी 3200-3500, चावल शक्कर चीनी 4800-5200, चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600, चावल राजरानी 7000-7500, चना देशी 6800-7000, चना फार्मी 7200-7500, चना काबली 14500-17000, मटर हरा 6000-6200, मटर सफेद 6100-6500, दाल चना 8000-8400, दाल मटर 6400-6500, उड़द हरा 12000-12500, उड़द काला 9000-9500, दाल उड़द हरी 15500-16000, दाल उड़द काली 10500-11000, दाल उड़द धोवा 12000-12500, मूंग खड़ा 10000-10500, मूँग दाल 10500-11000, मूँग धोवा 12000-13000, मसूर 8800-9000, मलका 9000-9500, दाल अरहर फूल 16000-17000, दाल स्पेशल 13000-14000

11 प्रतिशत कम हुई गेहूं की सरकारी खरीद

2024-25 में अब तक 196 लाख टन खरीदा, योजनाओं के तहत सालाना जरूरत 186 लाख टन की

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने चालू विपणन वर्ष 2024-25 में अब तक 196 लाख टन से अधिक गेहूं खरीदा है, जो पिछले वर्ष की तुलना में अधिक है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम समेत सभी कल्याणकारी योजनाओं के लिए इसकी सालाना जरूरत 186 लाख टन है। खाद्यान्न की खरीद और वितरण के लिए सरकार की नोडल एजेंसी भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) अब बफर स्टॉक बढ़ाने के लिए 2024-25 में 310-320 लाख टन गेहूं खरीद के लक्ष्य को पूरा करने के प्रयास कर रही है।

जरूरत पर खुदरा कीमतों को नियंत्रित के लिए खुले बाजार में हस्तक्षेप करने के लिए इस स्टॉक का इस्तेमाल होगा। हालांकि रबी सत्र की प्रमुख फसल गेहूं की खरीद पिछले साल की समान अवधि के 219.5 लाख टन से अब तक 11 प्रतिशत कम हुई है। इसका मुख्य कारण मध्य प्रदेश और पंजाब में कम खरीद का होना है। एफसीआई के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक अशोक के मीणा ने बताया कि हम अनुमानित खरीद लक्ष्य को हासिल करने की राह पर हैं क्योंकि पंजाब और हरियाणा में गेहूं की आवक अच्छी है। एफसीआई अकेले इन दोनों राज्यों से 200 लाख टन गेहूं की खरीद करेगा। केंद्र ने विपणन 2023-24 (अप्रैल-मार्च) में 261.97 लाख टन गेहूं की खरीद की थी। अधिकांश खरीद अप्रैल-मई के दौरान हुई है।

केंद्रीय कृषि मंत्रालय के अनुमानों के मुताबिक गेहूं का उत्पादन फसल वर्ष 2023-24 में 1,120.19 लाख टन होगा, जबकि पिछले वर्ष में यह 1,105.54 लाख टन था। कुछ राज्यों में उम्मीद से अधिक पैदावार होने पर उत्पादन 1,150 लाख (115 मिलियन) टन तक पहुंच सकता है। एफसीआई ने विभिन्न राज्यों के करीब 16 लाख किसानों से 2,275 रुपये प्रति क्विंटल के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर 45,000 करोड़ रुपये का गेहूं खरीदा है। पंजाब और हरियाणा में इस समय गेहूं की फसल की आवक अच्छी है। एफसीआई को पंजाब से 130 लाख टन और हरियाणा से 70 लाख टन की खरीद की उम्मीद है।

- पंजाब और हरियाणा में आवक अच्छी, एफसीआई करेगा 200 लाख टन गेहूं की खरीद

उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में तेज कर सकता है एफसीआई खरीदारी

एफसीआई मई से पहले उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में खरीदारी तेज कर सकता है क्योंकि उसे यहां की मंडियों में फसलों के देर से आने की उम्मीद है। कीमतों को नियंत्रित करने के लिए जरूरत पड़ने पर खुला बाजार बिक्री योजना (ओएमएसएस) लाने के लिए अतिरिक्त स्टॉक रखने के बारे में सोचा जा रहा है। पिछले साल इस योजना के तहत 100 लाख टन से अधिक गेहूं आटा मिलों और अन्य गेहूं आधारित उद्योगों को भेजा गया था। मध्य प्रदेश में अब तक गेहूं की खरीद 34.66 लाख टन ही हुई है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 55.59 लाख टन थी। बफर स्टॉक के संबंध में केंद्र के पास एक अप्रैल तक केंद्रीय पूल में 75.02 लाख टन गेहूं था, जबकि उस तारीख को बफर मानक 74.6 लाख टन था। एक जुलाई के लिए बफर मानक 275.8 लाख टन है। एफसीआई को सभी कल्याणकारी योजनाओं के लिए 400 लाख टन चावल की वार्षिक जरूरत के मुकाबले विपणन वर्ष (अक्टूबर-सितंबर) में 540 लाख टन की खरीद की उम्मीद है। चावल के मामले में हमारे पास एक साल का अतिरिक्त स्टॉक है। चावल का स्टॉक फिलहाल 532 लाख टन है।

देश की आर्थिक वृद्धि दर 7% से अधिक रहने की उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी

आर्थिक शोध संस्थान एनसीएईआर ने कहा है कि बेहतर वैश्विक परिदृश्य और अच्छे मानसून की संभावना से चालू वित्त वर्ष के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था सात प्रतिशत से अधिक बढ़ सकती है।

नेशनल काउंसिल फॉर एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च (एनसीएईआर) ने मासिक आर्थिक समीक्षा (एमईआर) के अप्रैल 2024 अंक में कहा कि जीएसटी संग्रह, पीएमआई, बिजली खपत, मालु ढलाई जैसे उच्च आवृत्ति वाले संकेतक घरेलू अर्थव्यवस्था की मजबूती को दर्शा रहे हैं। विनिर्माण के लिए क्रय प्रबंधक सूचकांक 16 साल के उच्च स्तर पर है और डिजिटल भुगतान प्रणाली भी उच्चतम स्तर पर है। एनसीएईआर की महानिदेशक पूनम गुप्ता ने कहा कि जीएसटी संग्रह मार्च में 1.8 लाख करोड़ तक पहुंच गया, जो 2017 में इसके लागू होने के बाद से दूसरा सबसे अच्छा संग्रह है। यूपीआई ने 13.4 अरब लेनदेन दर्ज किए, जो इसके लागू होने के बाद से सबसे अधिक है। गुप्ता ने कहा कि इन उच्च आवृत्ति संकेतकों के साथ आईएमएफ और डब्ल्यूटीओ के अनुसार बेहतर वैश्विक परिदृश्य भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए अच्छे संकेत हैं।

- एनसीएईआर ने मासिक समीक्षा में कहा- उच्च आवृत्ति वाले संकेतक दर्शा रहे मजबूती

भारत की सोने की मांग उच्च कीमत के बावजूद 8% बढ़कर 136.6 टन

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत की सोने की मांग कीमतों के ऐतिहासिक ऊंचाई पर पहुंचने के बावजूद मजबूत आर्थिक माहौल के दम पर जनवरी-मार्च तिमाही में सालाना आधार पर आठ प्रतिशत बढ़कर 136.6 टन हो गई।

आरबीआई द्वारा सोने की खरीद से भी मांग में वृद्धि हुई। जनवरी-मार्च में मूल्य के संदर्भ में भारत की सोने की मांग वार्षिक आधार पर 20 प्रतिशत बढ़कर 75,470 करोड़ हो गई। इसका कारण मात्रा में वृद्धि के साथ-साथ तिमाही औसत कीमतों में 11 प्रतिशत की वृद्धि भी है। विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) ने मंगलवार की रिपोर्ट गोल्ड डिमांड ट्रेंड्स क्यू1 2024 जारी की। भारत की कुल सोने की मांग, जिसमें आभूषण तथा निवेश दोनों हैं...इस साल जनवरी-मार्च में बढ़कर 136.6 टन हो गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 126.3 टन थी। भारत में सोने की कुल मांग में से आभूषणों की मांग चार प्रतिशत बढ़कर 95.5 टन हो गई। कुल निवेश मांग (बार, सिक्के) 19 प्रतिशत बढ़कर 41.1 टन हो गई।

- वार्षिक आधार पर 20 प्रतिशत बढ़कर 75,470 करोड़
- आभूषणों की मांग 4 प्रतिशत बढ़कर 95.5 टन

रिलायंस होम फाइनेंस मामले में ऑडिटरों पर 1.6 करोड़ जुर्माना

नई दिल्ली। राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण (एनएफआरए) ने रिलायंस होम फाइनेंस में पेशेवर और ऑडिट से जुड़ी गड़बड़ियों के लिए ऑडिट कंपनी और दो ऑडिटरों पर कुल 1.6 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। एनएफआरए ने कहा कि ऑडिट कंपनी धीरज एंड धीरज पर 2018-19 के ऑडिट कार्यों में गड़बड़ी के लिए एक करोड़, पीयूष पाटनी पर 50 लाख और पवन गुप्ता पर 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। पाटनी और गुप्ता दोनों ही मुंबई स्थित ऑडिट कंपनी धीरज एंड धीरज के भागीदार हैं। नियामक ने पाटनी और गुप्ता को क्रमशः पांच और तीन साल के लिए ऑडिटर के रूप में नियुक्त होने या वित्तीय विवरण या आंतरिक ऑडिट के संबंध में कोई भी ऑडिट करने से रोक दिया है। यह मामला वर्ष 2018-19 के लिए रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफएल) के ऑडिट में गड़बड़ी से संबंधित है।

लिंडे इंडिया का मूल्यांकन करे एनएसई: सेबी

नई दिल्ली, एजेंसी

पूंजी बाजार नियामक सेबी ने शेयरधारकों से मिली शिकायतों के बाद नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) को लिंडे इंडिया और उससे जुड़ी प्रैक्सएयर इंडिया के बीच हुए लेनदेन का मूल्यांकन करने के लिए मूल्यांकनकर्ता नामित करने का निर्देश दिया है।

यह मामला लिंडे इंडिया लिमिटेड (एलआईएल) और उससे जुड़ी कंपनियों प्रैक्सएयर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (पीआईपीएल) और लिंडे साउथ एशिया सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (एलएसएएसपीएल) के बीच हुए लेनदेन और समझौतों से संबंधित है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने शेयरधारकों से कई शिकायतें मिलने के बाद मामले की जांच की थी। इसमें आरोप लगाया गया था कि लिंडे इंडिया द्वारा प्रैक्सएयर इंडिया के साथ किए लेनदेन और समझौते संबंधित पक्ष लेनदेन की प्रकृति के थे और लिंडे इंडिया ने इन लेनदेन पर शेयरधारकों की मंजूरी नहीं ली थी। सेबी ने अपने अंतरिम आदेश में कहा कि लिंडे इंडिया शेयरधारकों की मंजूरी के बगैर संबंधित पक्ष लेनदेन को अंजाम दे रही थी, जो पहली नजर में महत्वपूर्ण प्रतीत होता है।...यह व्यापक शेयरधारक आधार की कीमत पर नियंत्रक शेयरधारकों को अनुचित ढंग से लाभ पहुंचाने की संभावना रखता है।

बाजार नियामक ने एनएसई को आदेश दिया कि वह लिंडे इंडिया और प्रैक्सएयर इंडिया के बीच हुए संयुक्त उद्यम और शेयरधारक समझौते के संदर्भ में भौगोलिक आवंटन के अलावा कारोबार का मूल्यांकन करने के लिए एक पंजीकृत मूल्यांकनकर्ता नियुक्त करे। साथ ही नियामक ने एनएसई को सेबी और कंपनी दोनों को मूल्यांकन रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

- शेयरधारकों से मिली शिकायतों के बाद मूल्यांकन का दिया निर्देश

राष्ट्रीय

एक नजर

छत्तीसगढ़:जीजा ने की साले की हत्या

गरियाबंद। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद कोतवाली क्षेत्र से पांच किमी दूर ग्राम तावरबाहरा में जीजा और दीदी के बीच शुरू हुए झगड़े में बीच-बचाव करने आए साले को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। जीजा ने हत्या के बाद खुद थाने में जाकर सरेंडर कर दिया। सिटी कोतवाली प्रभारी कृष्णा प्रसाद जांगड़े मामले की जांच में जुटे हैं। ग्राम पंडरी पानी निवासी सनत कुमार ध्रुव अपने जीजा बंशीलाल ध्रुव के घर कुछ महीनों से रह रहा था। सोमवार शाम छह बजे जीजा और दीदी में विवाद हो गया। इसी बीच उसने कुल्हाड़ी उठाया ही था, तभी बीच बचाव करने सनत आ गया, जिसके गर्दन के नीचे बंशी लाल ने कुल्हाड़ी से मार दिया, जिससे सनत की मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी बंशीलाल ने सिटी कोतवाली पहुंचकर घटना की जानकारी दी।

हथियार डीलर 37 हथियारों के साथ गिरफ्तार

खरगोन। मध्यप्रदेश के खरगोन जिले के बिस्टान थाना क्षेत्र में मंगलवार को पुलिस ने डीलर को 37 हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। एसपी धर्मराज मीणा ने बताया कि सूचना पर बिस्टान थाना क्षेत्र में इंद्रावती नदी के पुल के पास घेराबंदी कर खंडवा जिले के मोघट थाना क्षेत्र निवासी विश्वास सोनी को पकड़ा गया। इसी दौरान उसे हथियार सप्लाई करने आया सिकलीगर प्यार सिंह फरार हो गया। आरोपी के पास से 37 फायर आर्म्स (पिस्टल व कट्टे) मिले हैं। पूछताछ पर प्यार सिंह के घर ग्राम गारी में दबिश दी गई। इसमें हथियार निर्माण की सामग्री व उपकरण जब्त किए गए। उन्होंने बताया कि दिलीप सोनी के विरुद्ध खरगोन खंडवा होशंगाबाद इंदौर और हरदा में चोरी लूट व अवैध हथियार सप्लाई के कुल 13 अपराध दर्ज है।

नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की सजा

पटना। बिहार में पटना व्यवहार न्यायालय स्थित विशेष अदालत ने नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी युवक को मंगलवार को 20 साल की सश्रम कारावास के साथ 25 हजार जुर्माने की सजा सुनाई। विशेष न्यायाधीश कमलेश चंद्र मिश्रा ने सुनवाई के बाद पटना के बाढ़ थाना क्षेत्र निवासी रिक्की कुमार को दोषी करार देने के बाद यह सजा सुनाई है। जुर्माने की राशि अदा नहीं करने पर दोषी को छह माह के कारावास की सजा अलग से भुगतनी होगी। अदालत ने पीड़िता के पुनर्वास के लिए उसे पांच लाख रुपये देने का निर्देश जिला विधिक सेवा प्राधिकार को दिया है। विशेष लोक अभियोजक सुरेश चंद्र प्रसाद ने बताया कि 2021 में दोषी ने पटना के बाढ़ थाना क्षेत्र से एक नाबालिग बालिका को गांधीनगर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पटना के बाढ़ थाना में इसकी प्राथमिकी दर्ज हुई थी।

कोटा में महिला से पड़ोसी ने किया दुष्कर्म

कोटा (राजस्थान)। राजस्थान के कोटा में 23 वर्षीय महिला से उसके ही पड़ोसी ने दुष्कर्म किया। पुलिस के मुताबिक घटना सोमवार की रात उस समय की है, जब पीड़िता का पति घर पर नहीं था। थानाध्यक्ष बन्नालाल ने बताया कि पति के घर लौटने के बाद पीड़िता ने आपबीती सुनाई, जिसके बाद उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी। पीड़िता ने शिकायत में बताया कि उनके पड़ोसी हेमंत गोस्वामी ने उसके साथ दुष्कर्म किया और इस बारे में किसी को भी बताने पर गंभीर परिणाम की धमकी दी। गोस्वामी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज हुई है।

रिश्वत लेने के 28 वर्ष पुराने मामले में बीडीओ बरी

पटना। बिहार में पटना की एक विशेष अदालत ने रिश्वत लेने के 28 वर्ष पुराने मामले में आरोपी प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) को साक्ष्य के अभाव में मंगलवार को बरी कर दिया। निगरानी के विशेष न्यायाधीश मोहम्मद रुस्तम ने मामले में सुनवाई के बाद पटना के बिहटा प्रखंड के पूर्व विकास पदाधिकारी विनोद कुमार को अपर्याप्त साक्ष्य के कारण बरी किए जाने का अपना निर्णय सुनाया। आरोप के अनुसार, निगरानी ब्यूरो के अधिकारियों ने 16 अगस्त 1996 को आरोपित को शिकायतकर्ता से विद्यालय के निर्माण की अग्रिम राशि देने के बदले 2000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार करने का दावा किया था। मामले की सुनवाई के दौरान निगरानी ने आरोप साबित करने के प्रयास में 11 गवाहों का बयान न्यायालय में कलमबंद करवाया था लेकिन सत्यापनकर्ता की गवाही नहीं हो सकी और न ही रिश्वत में कथित रूप से दिये गये बरामद करेंसी नोटों को अदालत में पेश किया सका था।

भाजपा सत्ता में लौटी तो संविधान फेंक देंगी : राहुल

मध्य प्रदेश के भिंड में भाजपा और प्रधानमंत्री पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने साधा निशाना

भिंड (मप्र), एजेंसी

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को दावा किया कि अगर भाजपा केंद्र में लौटती है तो वह गरीबों, दलितों, आदिवासियों और ओबीसी को अधिकार देने वाले संविधान को फाड़ कर फेंक देगी। राहुल गांधी मध्य प्रदेश के भिंड जिले में रैली को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने संविधान की प्रति हाथ में लेते हुए कहा कि मौजूदा चुनाव कोई सामान्य चुनाव नहीं है, बल्कि दो विचारधाराओं की लड़ाई है। उन्होंने दावा किया, गरीबों, दलितों, आदिवासियों, ओबीसी को संविधान के कारण अधिकार मिले हैं, जिसने लोगों को मनरेगा, भूमि अधिकार, आरक्षण और अन्य चीजें भी दीं। अगर भाजपा सत्ता में आती है, तो वह इस संविधान को फाड़कर फेंक देगी। गांधी ने दावा किया कि प्रधानमंत्री, अमित शाह और उनके सांसदों ने मन बना लिया है कि अगर वह चुने गए, तो वे संविधान को फाड़ कर फेंक देंगे। भाजपा चाहती है कि संविधान को फेंक दिया जाए...। आरक्षण के मुद्दे पर उन्होंने पूछा कि यदि सत्तारूढ़ सरकार आरक्षण के खिलाफ नहीं है, तो वह सार्वजनिक उपक्रमों (पीएसयू) रेलवे और अन्य क्षेत्रों का निजीकरण क्यों कर रही है।

गांधी ने कहा कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो वह अपनी महालक्ष्मी योजना के जरिए करोड़ों महिलाओं को लखपति बनाएगी। सरकार महिलाओं को उनके खातों में एक लाख रुपये हर साल (8,500 रुपये प्रति माह) भेजेगी। गांधी ने कहा कि अगर प्रधानमंत्री मोदी 22-25 उद्योगपतियों को अरबपति बना सकते हैं, तो कांग्रेस करोड़ों महिलाओं को लखपति बना देगी। कांग्रेस ने भिंड लोकसभा (सुरक्षित) सीट से भाजपा की मौजूदा सांसद संध्या राय के खिलाफ विधायक फूल सिंह बरैया को मैदान में उतारा है।

- दलितों, आदिवासियों और ओबीसी को संविधान से ही मिले हैं अधिकार

प्रत्याशियों से बोले - जनसंपर्क के दौरान संविधान की प्रति रखें

नई दिल्ली। राहुल गांधी ने चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों से कहा कि वह नामांकन दाखिल करते समय, सभाओं और जनसंपर्क के दौरान अपने पास संविधान की प्रति रखें तथा लोगों को यह बताएं कि जब तक उनकी पार्टी है तब तक कोई संविधान छीन नहीं सकता। राहुल गांधी चुनाव प्रचार के दौरान अपने साथ संविधान की प्रति लेकर चल रहे हैं और चुनावी सभाओं में लोगों को यह दिखाते भी हैं। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया कि गरीबों के लिए वरदान, वंचितों का सम्मान और हर नागरिक का अभिमान - हमारा संविधान। राहुल गांधी ने यह भी कहा कि जब तक कांग्रेस है भाजपा क्या, दुनिया की कोई ताकत संविधान छीन नहीं सकती। वह निरंतर आरोप लगा रहे हैं कि भाजपा तथा प्रधानमंत्री मोदी संविधान बदलना और आरक्षण खत्म करना चाहते हैं।

सेना नहीं चाहती अग्निवीर योजना, प्रधानमंत्री मोदी ने थोपा निर्णय

भिंड। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने दावा किया कि सेना और सैनिक दोनों ही अग्निवीर योजना नहीं चाहते, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने उन पर यह फैसला थोप दिया। उन्होंने कहा कि मोदी ने दो तरीके के जवान बना दिए हैं, एक पेंशन, कैंटीन और अच्छे प्रशिक्षण वाला। दूसरा वो, जिसे ये कुछ नहीं मिलेगा। सरकार दो लोगों को युद्ध में भेज रही है और एक से कह रही है कि आपको कुछ हुआ, तो आपके परिवार की रक्षा होगी। वहीं दूसरे से कह रही है कि उसे कुछ हुआ तो उसे कुछ नहीं मिलेगा, यहां तक कि शहीद का दर्जा भी नहीं मिलेगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सेना और सैनिक, दोनों ही अग्निवीर योजना नहीं चाहते। सिर्फ मोदी इसे चाहते हैं और उन्होंने अपना यह निर्णय सेना पर थोप दिया है। मध्यप्रदेश के भिंड और मुरैना (चंबल अंचल) के बहुत से युवा सेना में हैं। बीहड़ों के लिए मशहूर इस क्षेत्र से हर साल बड़ी संख्या में युवा सेना में जाते हैं। साथ ही उन्होंने इस सभा में कांग्रेस के घोषणा पत्र में महिलाओं, युवाओं और किसानों के लिए की गई अपनी घोषणाओं का भी जिक्र किया।

केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर ईडी से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को आम चुनाव से पहले मुख्यमंत्री केजरीवाल की गिरफ्तार के समय को लेकर ईडी से सवाल कर जवाब मांगा। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू से गिरफ्तारी के समय से जुड़े सवाल का जवाब देने के लिए कहा।

पीठ ने जांच एजेंसी से केजरीवाल की उस याचिका पर सुनवाई की अगली तारीख पर जवाब देने के लिए कहा, जिसमें उन्होंने आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धन शोधन मामले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी है। अगली सुनवाई शुक्रवार को होने है। मामले में 21 मार्च को गिरफ्तारी के बाद केजरीवाल फिलहाल न्यायिक हिरासत के तहत तिहाड़ जेल में हैं। कोर्ट ने 15 अप्रैल को ईडी को नोटिस जारी किया और केजरीवाल की याचिका पर जवाब मांगा। उच्च न्यायालय ने नौ अप्रैल को केजरीवाल की गिरफ्तारी को बरकरार रखते हुए कहा था कि इसमें कोई अवैधता नहीं थी और बार-बार जारी समन को नजरअंदाज करने और जांच में शामिल होने से इनकार करने के बाद ईडी के पास कम विकल्प बचा था।

- केजरीवाल की याचिका पर अगली तारीख पर जवाब देने के लिए कहा

दिल्ली कोर्ट ने की सिसोदिया की जमानत अर्जी खारिज

नई दिल्ली। दिल्ली की अदालत ने पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की भ्रष्टाचार और धनशोधन के मामलों में दाखिल जमानत की अर्जी मंगलवार को खारिज कर दी। सीबीआई और ईडी ने कथित आबकारी नीति घोटाले को लेकर अलग-अलग मामले दर्ज किए थे। सीबीआई और ईडी के मामलों की विशेष न्यायधीश कावेरी बावेजा ने सिसोदिया को राहत देने से इनकार करते हुए कहा कि यह समय जमानत देने के लिए सही नहीं है।

अलग-अलग दुर्घटनाओं में 10 की मौत, 37 घायल

भागलपुर/ मुंबई, एजेंसी

बिहार के भागलपुर जिले और महाराष्ट्र के नासिक जिले में मंगलवार को हुए हादसों में करीब 10 लोगों की मौत हो गई और करीब 37 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को आसपास के अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है।

भागलपुर के घोघा थाना क्षेत्र के आमापुर गांव में एनएच-80 पर हुए सड़क दुर्घटना में एक बच्चा समेत छह बारातियों की मौत हो गई तथा तीन घायल हो गए। डीएम डॉ. नवल किशोर चौधरी ने बताया कि आमापुर गांव के पास मुंगेर जिले के खड़गपुर थाना क्षेत्र के गोबड्डा गांव से भागलपुर के पीरपैंती थाना क्षेत्र के श्रीमतपुर गांव बरात जा रही थी। इसी दौरान गिट्टी लदा हाइवा अनियंत्रित होकर बरातियों से भरे स्कॉर्पियो पर पलट गया, जिससे दबकर छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीन घायल हो गए। मृतकों में एक दस वर्षीय बच्चा भी हैं। घायलों को भागलपुर के जवाहर लाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

- भागलपुर में स्कॉर्पियो पर हाइवा पलटने से छह बारातियों की मौत
- नासिक में ट्रक और बस की टक्कर में चार यात्रियों की मौत

वहीं दूसरी ओर महाराष्ट्र के नासिक जिले में सरकारी बस और ट्रक में हुई भिड़ंत में एक किशोर व एक महिला सहित चार यात्रियों की मौत हो गई जबकि 34 घायल हो गए। पुलिस के अनुसार घायलों में से नौ की हालत गंभीर है। यह घटना सुबह 9.45 बजे मुंबई-आगरा एनएच पर जिले के चंदवाड शहर के अहेर वस्ती के पास हुई। पुलिस ने बताया कि बस पड़ोसी जलगांव जिले के भुसावल से नासिक की ओर जा रही थी, तभी ट्रक को ओवरटेक करने की कोशिश में यह हादसा हुआ। बस में 45 यात्री सवार थे।

सीबीआई जमीन कब्जा मामले की जांच के लिए संदेशखालि पहुंची

कोलकाता। सीबीआई मंगलवार को पश्चिम बंगाल में उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखालि पहुंची और जमीन कब्जाने का आरोप लगाने वाले शिकायतकर्ताओं से बातचीत कर उनके दस्तावेजों की जांच की। अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय बलों के साथ इलाके में गए सीबीआई अधिकारियों ने उन लोगों से बात की जिन्होंने टीएमसी से निलंबित शाहजहां शेख और उसके सहयोगियों पर जमीन कब्जा करने का आरोप लगाया है। सीबीआई अधिकारी ने बताया कि टीम संदेशखालि का दौरा कर रही है और ग्रामीणों से बातचीत कर रही है।

देवेंद्र बने दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के अंतरिम अध्यक्ष

नई दिल्ली, एजेंसी

- अरविंदर सिंह लवली के प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद छोड़ने के बाद लिया गया निर्णय

कांग्रेस ने मंगलवार को देवेंद्र यादव को दिल्ली इकाई का अंतरिम अध्यक्ष नियुक्त किया है। अरविंदर सिंह लवली के प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के बाद यादव की नियुक्ति की गई है। पूर्व विधायक यादव मौजूदा समय में पंजाब के प्रभारी भी हैं।

संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की जारी विज्ञप्ति के अनुसार, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने देवेंद्र यादव को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अंतरिम अध्यक्ष बनाया है और वह पार्टी के पंजाब प्रभारी की जिम्मेदारी भी निभाते रहेंगे। लवली ने 28 अप्रैल को अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था और इसकी एक वजह उन्होंने आप से गठबंधन को बताया था। उन्होंने कहा था कि कांग्रेस दिल्ली इकाई गठबंधन के खिलाफ थी लेकिन पार्टी आलाकमान ने गठबंधन को स्वीकृति दे दी। लवली के इस्तीफे से कुछ दिन पहले बाबरिया के साथ विवाद के बाद दिल्ली के पूर्व मंत्री राजकुमार चौहान ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया था।

छत्तीसगढ़ : मुठभेड़ में तीन महिलाओं समेत 10 नक्सली ढेर

नारायणपुर, एजेंसी

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित नारायणपुर और कांकेर जिलों के सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में तीन महिलाओं समेत 10 नक्सलियों को मार गिराया है। राज्य के गृह विभाग का कामकाज संभाल रहे उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने नक्सलियों से आग्रह किया है कि वे समर्पण करें एवं सरकार उनसे बातचीत के लिए तैयार है।

अधिकारियों ने बताया कि सोमवार रात को नारायणपुर और कांकेर जिलों के अबूझमाड़ क्षेत्र में डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और एसटीएफ़ के संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान पर रवाना किया गया था। मंगलवार की सुबह छह बजे जवान टेकमेटा और काकूर गांवों के मध्य जंगल में थे तब नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दी जिसपर सुरक्षाबलों ने जवाबी कार्रवाई की। कुछ देर बाद सुरक्षाबलों ने जब घटनास्थल की तलाशी ली तब वहां तीन महिलाओं समेत 10 नक्सलियों के शव मिले। नक्सली डेरे से एक एके 47 राइफल समेत कई हथियार, गोला बारूद और दैनिक उपयोग का सामान मिला है। मारे गए नक्सलियों की पहचान नहीं हो पाई है। मुठभेड़ स्थल कांकेर जिले के कल्पर गांव से 30 किमी दूर दक्षिण में है, जहां 16 अप्रैल के मुठभेड़ में 29 नक्सली मारे गए थे।

उपमुख्यमंत्री शर्मा ने वीडियो संदेश में इस सफलता के लिए सुरक्षाबलों को बधाई दी है। उन्होंने नक्सलियों से भी कहा है कि वे समर्पण कर मुख्यधारा में लौटें, सरकार उनसे बातचीत के लिए तैयार है। शर्मा ने कहा है, मैं नक्सलियों से और भटक चुके लोगों से आग्रह करता हूं कि सरकार बातचीत से इसका हल चाहती है। छोटा या बड़ा समूह, जो भी बात करना चाहे सरकार उसके लिए तैयार हैं।

- उप मुख्यमंत्री ने नक्सलियों से समर्पण करने और बातचीत का किया आग्रह

आज का मुकाबला

चेन्नई सुपर किंग्स

बनाम

पंजाब किंग्स

दोपहर 7:30 बजे

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	10	500
ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई)	09	447
केएल राहुल (लखनऊ)	10	434

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
जसप्रीत बुमराह (मुंबई)	09	14
मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई)	09	14
हर्षल पटेल (पंजाब)	09	14

टी-20 विश्व कप के लिए क्रिकेट जगत ने कसी कमर, टीमें घोषित

भारत की टी-20 विश्व कप टीम में रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह या सूर्यकुमार यादव का चुना जाना तो तय था लेकिन बाकी खिलाड़ियों ने आईपीएल में अपने प्रदर्शन के दम पर जगह बनाई। भारत के 15 खिलाड़ियों में से नौ ने ऑस्ट्रेलिया में 2022 में भी टूर्नामेंट खेला था, लेकिन कुछ पुराने चेहरों को साथ रखते हुए भारतीय टीम ने युवाओं को आगे लाया गया है।

दक्षिण अफ्रीका टीम में शामिल हुए दो नए चेहरे, नोर्किया की वापसी

जोहानिसबर्ग। दक्षिण अफ्रीका ने मंगलवार को टी20 विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की जिसमें तेज गेंदबाज एनरिच नोर्किया चोट के कारण नौ महीने बाद वापसी करेंगे जबकि दो अनकैप्ड खिलाड़ियों रेयान रिकल्टन और ओटनील बार्टमैन को भी टीम में जगह मिली। टी20 अंतर्राष्ट्रीय कप्तान बनाए जाने के बाद ऐडन मार्कराम पहली बार विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका की टीम की अगुआई करेंगे। दक्षिण अफ्रीका की सीमित ओवरों की टीम के कोच रॉब वाल्टर ने टी20 विश्व कप से पहले वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैच की टी20 के लिए अस्थाई टीम की घोषणा भी की। दक्षिण अफ्रीका की टी20 विश्व कप टीम में ऐडन मार्कराम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, गेराल्ड कोएट्जी, क्विंटन डिकॉक, ब्योर्न फोर्टुइन, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को यानसेन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, एनरिच नोर्किया, कागिसो रबादा, रेयान रिकल्टन, तबरेज शम्सी और ट्रिस्टन स्टब्स शामिल हैं वहीं, रिजर्व के रूप में नांद्रे बर्गर और लुंगी एनगिडी को रखा गया है।

इंग्लैंड टीम में हुई आर्चर की वापसी, बटलर करेंगे अगुआई

लंदन। तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को यहां टी20 विश्व कप के लिए इंग्लैंड की टीम में जगह मिली जिससे उनके 14 महीने बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी का रास्ता साफ हो गया है।

ईसीबी ने कहा जोफ्रा आर्चर अपनी दाहिनी कोहनी की चोट से उबर गए हैं और उन्हें टीम में शामिल किया गया है। ऑलराउंडर टॉम हार्टले टीम में एकमात्र ऐसे खिलाड़ी हैं। ईसीबी ने कहा चार जून को बारबडोस के केनसिंगटन ओवल में स्कॉटलैंड के खिलाफ इंग्लैंड के शुरुआती ग्रुप मैच से पहले विश्व कप टीम 31 मई को कैरेबिया के लिए उड़ान भरेगी। इंग्लैंड टीम में जोस बटलर (कप्तान), मोईन अली, जोफ्रा आर्चर, जॉनी बेयरस्टो, हैरी ब्रूक, सैम कुरेन, बेन डकेट, टॉम हार्टले, विल जैक्स, क्रिस जॉर्डन, लियाम लिविंगस्टोन, आदिल राशिद, फिल सॉल्ट, रीस टॉपले और मार्क वुड का शामिल किया है।

खेल डायरी

सीनियर महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप आज से

कोलकाता। सीनियर महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप के 28वें सत्र का अंतिम दौर यहां खेला जाएगा। अंतिम दौर के लिए बारह टीमों को छह-छह टीम के दो ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुप में टीमें राउंड रोबिन प्रारूप में एक-दूसरे से भिड़ेंगी और प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीम सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। अंतिम दौर की 12 टीमों में छह ग्रुप चरण विजेता, तीन सर्वश्रेष्ठ उपविजेता और तीन सीधे प्रवेश पाने वाली टीम पश्चिम बंगाल (मेजबान), तमिलनाडु (गत चैंपियन) और हरियाणा (गत उपविजेता) शामिल हैं। मैच किशोर भारती स्टेडियम और एआईएफएफ नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में खेले जाएंगे। अंतिम दौर का ग्रुप चरण 11 मई को समाप्त होगा। सेमीफाइनल 13 मई को खेले जाएंगे जबकि फाइनल 15 मई को होगा।

उज्बेकिस्तान और जापान ने फुटबॉल ओलंपिक के लिए किया क्वालीफाई

दोहा। उज्बेकिस्तान ने कई बार चूकने के बाद अंततः अंडर-23 एशियाई कप फाइनल में पहुंचकर पुरुष ओलंपिक फुटबॉल के लिए क्वालीफाई किया। वहीं, जापान की फुटबॉल टीम एएफसी अंडर 23 एशियाई कप के सेमीफाइनल में इराक को 2-0 से हराकर फाइनल में पहुंच गई है। उज्बेकिस्तान ने इंडोनेशिया को 2-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई जहां शुक्रवार को उसकी भिड़ंत जापान से होगी। जापान ने सेमीफाइनल में इराक पर 2-0 से जीत के साथ आठवीं बार ओलंपिक में जगह बनाई। शीर्ष तीन टीमें पेरिस ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई करेंगी और तीसरे स्थान का फैसला गुरुवार को इराक और इंडोनेशिया के बीच प्ले ऑफ से होगा।

रॉबर्ट की हैट्रिक से बार्सीलोना ने पिछड़ने के बाद वेलेंसिया को हराया

बार्सीलोना। बार्सीलोना ने दूसरे हाफ में रॉबर्ट लेवानदोवस्की की हैट्रिक की बदौलत पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट में वेलेंसिया को 4-2 से हराया। बार्सीलोना ने गेंद को अपने कब्जे में लेने के मामले में दबदबा बनाया लेकिन पहले हाफ में रक्षापंक्ति की दो गलतियों के कारण मध्यांतर के समय 1-2 से पीछे थी। फेर्मिन लोपेज ने 22वें मिनट में हेडर से गोल दागकर बार्सीलोना को बढ़त दिलाई लेकिन पांच मिनट बाद ह्यूगो ड्यूरो ने स्कोर 1-1 कर दिया। पेपेलू ने पहले हॉफ के इंजरी टाइम में पेनल्टी पर गोल दागकर वेलेंसिया को 2-1 से आगे किया।

2025 में बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप की मेजबानी गुवाहाटी को

नई दिल्ली। भारत अगले साल गुवाहाटी में राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में विश्व जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। खेल की वैश्विक संचालन संस्था बीडब्ल्यूएफ ने मंगलवार को यह जानकारी दी। वर्ष 2008 के बाद यह पहली बार होगा जब विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का आयोजन भारत में होगा। बीडब्ल्यूएफ ने कहा टीम और व्यक्तिगत दोनों स्पर्धाएं पूर्वोत्तर क्षेत्र में भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में आयोजित की जाएंगी। पिछली बार पुणे में इसकी मेजबानी की थी।

लखनऊ आकर फिर बिखर गई मुंबई

रोमांचक मुकाबले में 4 विकेट से जीती लखनऊ सुपर जायंट्स, स्टोइनिस ने खेली 62 रनों की पारी

लखनऊ, एजेंसी

चुस्त क्षेत्ररक्षण और सधी हुई गेंदबाजी के बाद मार्कस स्टोइनिस (62) की केएल राहुल (28) और दीपक हुड्डा (18) के साथ टिकाऊ साझीदारी की मदद से लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने मंगलवार को यहां मुंबई इंडियंस को चार गेंद शेष रहते चार विकेट से हरा दिया।

इकाना की कठिन पिच पर लखनऊ की तरह मुंबई के गेंदबाजों ने भी बेहतरीन प्रदर्शन किया और 144 रनों के छोटे स्कोर का बचाव करने का जज्बा दिखाया जिसके चलते 45 हजार दर्शकों को गेंद और बल्ले के बीच एक रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। पदार्पण मैच खेल रहे अर्शीन कुलकर्णी पहली ही गेंद पर बगैर खाता खोले आउट हो गए जिसके बाद स्टायनिस ने कप्तान का बखूबी साथ दिया और 45 गेंदों की अर्धशतकीय पारी से टीम को संघर्ष में बनाए रखा। मध्य क्रम में अनुभवी निकोलस पूरन (14) ने पुछल्ले बल्लेबाजों की मदद से टीम को जीत दिलाने में महती भूमिका अदा की। हार्दिक पांड्या ने दो विकेट झटक कर अपनी टीम की जीत की उम्मीदों को हवा दी मगर मामूली स्कोर को बचाने में टीम असफल रही।

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट
राजस्थान	9	8	1	16	+0.694
कोलकाता	9	6	3	12	+1.096
लखनऊ	10	6	4	12	+0.094
चेन्नई	9	5	4	10	+0.810
हैदराबाद	9	5	4	10	+0.075
दिल्ली	11	5	6	10	-0.442
गुजरात	10	4	6	8	-1.113
पंजाब	9	3	6	6	-0.187
मुंबई	10	3	7	6	-0.272
बेंगलुरु	10	3	7	6	-0.415

इससे पहले इशान किशन (32) और नेहाल बढेरा (46) की मुश्किल हालात में खेली गई उपयोगी पारियों की मदद से मुबंई ने मेजबान लखनऊ के खिलाफ सात विकेट पर 144 रन बनाए। टॉस हार कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुबंई की शुरुआत निराशाजनक रही जब पहले पावर प्ले में लखनऊ के गेंदबाजों ने रोहित शर्मा (4),सूर्य कुमार (10),तिलक (7) और हार्दिक (0) के विकेट सस्ते में समेट दिये और छह ओवर के बाद मुबंई का स्कोर चार विकेट पर 28 रन हो गया। कठिन समय में सलामी बल्लेबाज इशान किशन ने नए बल्लेबाज नेहाल बढेरा के साथ पारी को आगे बढ़ाया और पांचवे विकेट के लिये महत्वपूर्ण 53 रन जुटाए।

मुंबई 144/7

20 ओवर, अतिरिक्त : 8

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
इशान किशन का मयंक बो बिश्नोई	32	36	3/0
रोहित शर्मा का स्टोइनिस बो मोहसिन	4	5	1/0
सूर्यकुमार का राहुल बो स्टोइनिस	10	6	0/1
तिलक वर्मा रनआउट (बिश्नोई)	7	11	1/0
हार्दिक का राहुल बो नवीन उल हक	0	1	0/0
निहाल बढेरा बोल्ड मोहसिन	46	41	4/2
टिम डेविड नाबाद	35	18	3/1
नबी बोल्ड मयंक	1	2	0/0
कोएत्जी नाबाद	1	2	0/0

गेंदबाजी : स्टोइनिस 3-0-19-1, मोहसिन 4-0-36-2, नवीन उल हक 3.5-0-15-1, मयंक 3.1-0-31-1, रवि बिश्नोई 4-0-28-1, दीपक हुड्डा 2-0-13-0

लखनऊ 145/6

19.2 ओवर, अतिरिक्त : 11

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
केएल राहुल का नबी बो पंड्या	28	22	3/1
अर्शिन कुलकर्णी पगबाधा बो तुषारा	0	1	0/0
मार्कस स्टोइनिस का वर्मा बो नबी	62	45	7/2
दीपक हुड्डा का बुमराह बो पंड्या	18	18	2/0
निकोलस पूरन नाबाद	14	14	1/0
एश्टोन टर्नर बो कोएत्जी	5	9	0/0
आयुष बडोनी रन आउट	6	6	1/0
कृणाल पंड्या नाबाद	1	1	0/0

गेंदबाजी : तुषारा 4-0-30 1, बुमराह 4-0-17-0, कोएत्जी 3-0-29-1, चावला 3-0-23-0, पंड्या -4-0-26-2, नबी 1.2-0-16-1

दूसरा टी-20 मुकाबला

भारतीय महिला टीम ने बांग्लादेश को हराया

सिलहट। गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारतीय महिला टीम ने मंगलवार को वर्षा बाधित टी-20 मैच में बांग्लादेश को डकवर्थ लुईस नियम (डीएलएस पद्धति) के आधार पर 19 रनों से हरा दिया है। यहां पहले बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की टीम को भारतीय गेंदबाजों ने राधा यादव 19 रन देकर तीन विकेट और दीप्ति शर्मा 14 रन देकर दो विकेट तथा श्रेयंका पाटिल 24 रन पर दो विकेट के दम पर 119 रन पर समेट दिया था।

इसके बाद बारिश और तूफान के कारण खेल रोके जाने के समय भारतीय टीम ने 5.2 ओवर में एक विकेट पर 47 रन बना लिये थे और स्मृति मंधाना (5) और दयालन हेमलता (41) रन बनाकर क्रीज पर थी। खेल पुनः शुरु नहीं होने की स्थिति में डकवर्थ लुईस नियम के तहत भारतीय टीम को 19 रनों से विजयी घोषित किया गया। श्रेयंका पाटिल और दीप्ति शर्मा ने दो-दो विकेट लिये। पूजा वस्त्रकर ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

भारतीय महिला बैडमिंटन टीम चीन से 5-0 से हारी

चेंगदू, एजेंसी

भारतीय महिला बैडमिंटन टीम को मंगलवार को मेजबान चीन के खिलाफ 5-0 से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के बावजूद भारत ग्रुप ए से दूसरी सर्वश्रेष्ठ टीम के रूप में थॉमस और उबेर कप 2024 क्वार्टरफाइनल के लिए क्वालीफाई करने में सफल रहा। मुकाबले में भारत को 15 बार के विजेता चीन से 5-0 से हार मिली।

ईशारानी बरुआ का पहले एकल मैच में मौजूदा ओलंपिक चैंपियन चेन युफेई से सामना हुआ। 33 मिनट तक चले मुकाबले में उन्हें 21-12, 21-10 से हार मिली। 17 वर्षीय राष्ट्रीय चैंपियन अनमोल खरब को हान यू के खिलाफ दूसरे एकल मुकाबले के दौरान अपना टखना मुड़ने की वजह से रिटायर हर्ट होना पड़ा। भारत की युगल राष्ट्रीय चैंपियन प्रिया कोनजेंगबाम और श्रुति मिश्रा को तीसरे मुकाबले में चेन किंग चेन और जिया यी फैन से हार का सामना करना पड़ा और इस तरह चीन ने मुकाबले में 3-0 की अजेय बढ़त बना ली।

इगा महिला क्वार्टर फाइनल में नडाल ने केचिन को हराया

मैड्रिड। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी रफेल नडाल ने सोमवार को यहां मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट में तीन घंटे से अधिक चले कड़े मुकाबले में पेड्रो केचिन को तीन सेट में शिकस्त दी। नडाल ने केचिन को पुरुष एकल मुकाबले में हराया। नडाल ने इस जीत के साथ प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। नडाल अगले दौर में 31वें नंबर के खिलाड़ी जिरी लेहेका से भिड़ेंगे। शीर्ष वरीय यानिक सिनर अपना सर्वश्रेष्ठ खेल नहीं दिखाने के बावजूद पावेल कोतोव को हराने में सफल रहे। तीसरे वरीय दानिल मेदवेदेव हार से सिर्फ दो अंक दूर थे लेकिन उन्होंने वापसी करते हुए सबेस्टियन कोर्डा को हरा दिया जबकि कास्पर रूड ने कैमरन नोरी को हराया। महिला एकल में मेडिसन कीज ने कोको गॉफ को हराकर क्वार्ट फाइनल में प्रवेश किया। वह अगले दौर में ओन्स जेब्युर से भिड़ेंगी जिन्होंने येलेना ओस्टापेंको को शिकस्त दी। शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने सारा सोरिबेस टोर्मो को एकतरफा मुकाबले में हराकर मैड्रिड में पहले खिताब की ओर कदम बढ़ाए। अगले दौर में स्वियातेक की भिड़ंत बीट्रिज हदाद माइया से होगी जिन्होंने मारिया सकारी को हराया।

महिला हॉकी लीग में पहले दिन ओडिशा, महाराष्ट्र को मिली जीत

रांची। ओडिशा और महाराष्ट्र ने राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग के पहले दिन मंगलवार को हरियाणा और मणिपुर पर जीत दर्ज की। ओडिशा ने हरियाणा को 4-1 से हराया जबकि महाराष्ट्र ने मणिपुर पर 5-1 से जीत दर्ज की। टूर्नामेंट के पहले मैच में हरियाणा के लिए तीसरे मिनट में शशि खासा ने गोल किया। दूसरे हाफ में ओडिशा के लिये रंभा कुजूर ने 33वें मिनट में, सोनाली इक्का ने 38वें और 49वें मिनट में और कप्तान डिपि मोनिका टोप्पो ने 57वें मिनट में गोल दागे। दूसरे मैच में महाराष्ट्र ने 14वें मिनट में तनुश्री कादु के गोल के दम पर बढत बना ली। सानिका माने ने 25वें और 33वें मिनट में गोल किए। मणिपुर के लिये एकमात्र गोल लैशराम रितु देवी ने 51वें मिनट में किया। सानिका माने ने 53वें और 56वें मिनट में दो गोल और करके टीम को जीत दिलाई।

बॉलीवुड हलचल

यिम्मी यिम्मी गाने में जैकलीन ने उड़ाए होश

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीस के गाना ''यिम्मी यिम्मी'' यूट्यूब पर 100 मिलियन व्यूज मिल गए हैं। जैकलीन फर्नांडीस इन दिनों अपने वीडियो सॉन्ग ''यिम्मी यिम्मी'' को लेकर सुर्खियों में हैं। इंटरनेट पर हर कोई इस ट्रैक पर झूमता हुआ नजर आ रहा है। यूट्यूब पर यह गाना मैसिव हिट बन गया है। ''यिम्मी यिम्मी'' को अब तक 100 मिलियन से ज्यादा लोग देख चुके हैं। इस वीडियो सॉन्ग को श्रेया घोषाल और फ्रेंच आर एंड बी सिंगर टायक ने अपनी आवाज दी है। जैकलीन फर्नांडीस के फैंस सिर्फ इंडिया में नहीं बल्कि पूरी दुनिया में हैं। ''यिम्मी यिम्मी'' गाना में जैकलीन के डांस स्टेप्स और उनका लुक फैंस को बेहद पसंद आ रहा है।

प्रशांत की फिल्म राक्षस में काम करेंगे रणवीर

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह तेलुगु फिल्म हनुमैन के निर्देशक प्रशांत वर्मा की फिल्म राक्षस में काम करते नजर आ सकते हैं। काफी समय से यह खबरें आ रही हैं कि रणवीर सिंह, प्रशांत वर्मा के साथ किसी प्रोजेक्ट में साथ काम करते हुए नजर आ सकते हैं। कहा जा रहा है कि रणवीर सिंह ने फिल्म साइन कर ली है और इस फिल्म का नाम राक्षस होने वाला है। यह फिल्म इंडियन माइथोलॉजिकल होने वाली है, जिसे मैथ्री प्रोड्यूस कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि इस फिल्म की शूटिंग इस साल के लास्ट में शुरू हो सकती है। राक्षस को आजादी से पहले की पौराणिक पृष्ठभूमि पर आधारित एक पीरियड फिल्म बताया जा रही है।

पंजाब पर अपना शिकंजा कसना चाहेगी सुपरकिंग्स

चेन्नई, एजेंसी

प्रदर्शन में निरंतरता की कमी से जूझ रही चेन्नई सुपरकिंग्स की टीम बुधवार को यहां पंजाब किंग्स के खिलाफ उतरेगी तो उसकी नजरें खेल के सभी विभागों में एकजुट प्रदर्शन करने पर टिकी होंगी। सुपरकिंग्स के नौ मैच में 10 अंक हैं जो लखनऊ सुपर जाइंट्स, हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स के समान हैं और गत चैंपियन टीम निश्चित रूप से जीत के साथ इन टीमों से आगे निकलने की कोशिश करेगी।

चेपक हालांकि सुपरकिंग्स का गढ़ है जहां गेंदबाजों को पिच से मदद मिलती है और मेजबान टीम ने पिछले मैच में सनराइजर्स पर 78 रन की आसान जीत दर्ज की। चेन्नई में उस रात ओस नहीं पड़ी थी और बल्लेबाजों द्वारा 200 से अधिक का स्कोर खड़ा करने के बाद सुपरकिंग्स के गेंदबाजों ने अपनी सटीक और विविधता से भरी गेंदबाजी से सनराइजर्स की मजबूत बल्लेबाजी इकाई को ध्वस्त कर दिया। चेन्नई को पंजाब के खिलाफ यह प्रदर्शन दोहराना होगा और सभी की निगाहें कप्तान रुतुराज गायकवाड़ पर होंगी जो फॉर्म में वापसी कर चुके हैं। वहीं, पंजाब किंग्स का गेंदबाजी आक्रमण कागिसो रबादा, हर्षल पटेल, अर्शदीप सिंह और सैम कुरेन जैसे अनुभवी गेंदबाजों की मौजूदगी के बावजूद थोड़ा कमजोर दिखता है। मेहमान टीम को स्पिनरों हरप्रीत बरार और चाहर से भी बेहतर प्रदर्शन की दरकार है क्योंकि इन्होंने अब तक सात विकेट लिए हैं।

● गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स की बढ़ी चिंता जीत का रास्ता ही ले जाएगा आगे

अमेरिका-मैक्सिको 2027 विश्व कप की मेजबानी की दौड़ से पीछे हटे

न्यूयॉर्क। अमेरिकी सॉकर महासंघ और मैक्सिको का महासंघ 2027 महिला फुटबॉल विश्व कप की मेजबानी के लिए संयुक्त बोली से पीछे हट गए हैं और उन्होंने कहा है कि वे इसके बजाय 2031 टूर्नामेंट की मेजबानी की कोशिश पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

अमेरिका और मैक्सिको के इस फैसले के बाद 2027 विश्व कप की मेजबानी की दौड़ में ब्राजील और जर्मनी-नीदरलैंड-बेल्जियम की संयुक्त दावेदारी है। फुटबॉल की वैश्विक संचालन संस्था फीफा की कांग्रेस बैंकॉक में 17 मई को बैठक के दौरान इन दोनों में से किसी एक दावेदारी का चयन करेगी। अमेरिकी महासंघ ने कहा कि 2031 की बोली में फीफा को पुरुष और महिला विश्व कप में समान रूप से निवेश करने के लिए कहा जाएगा। फीफा ने पिछले साल कहा था कि उसने अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा में 2026 पुरुष विश्व कप के लिए पुरस्कार राशि में 89 करोड़ 60 लाख डॉलर खर्च करने की योजना बनाई है। फीफा ने ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में पिछले साल के महिला विश्व कप के लिए पुरस्कार राशि के रूप में 11 करोड़ डॉलर दिए थे।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।

संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05278-352045 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharayodhya@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

भारत महाशक्ति बनने की राह पर, हम मांग रहे भीख

इस्लामाबाद, एजेंसी

- पाकिस्तान के हालात पर मौलाना फजलुर रहमान बोले-अदृश्य ताकतें ले रहीं फैसले

पाकिस्तान के शीर्ष नेता और जमीयत उलेमा ए इस्लाम (एफ) के अध्यक्ष मौलाना फजलुर रहमान ने भारत से पाकिस्तान की तुलना करते हुए कहा है कि भारत आज महाशक्ति बनने की राह पर है, जबकि हम दिवालियापन से बचने के लिए भीख मांग रहे हैं। मौलाना पाकिस्तान में आम चुनाव के बाद नेशनल असेंबली के पहले सत्र को संबोधित करने के दौरान यह बात कही।

मौलाना ने कहा कि 'देश की दुर्दशा के लिए पर्दे के पीछे से फैसले लेने वाली अदृश्य ताकतें जिम्मेदार हैं, जिन्होंने जनता के चुने हुए प्रतिनिधियों को कठपुतली बना दिया है।' उन्होंने कहा कि 'यही ताकतें दीवारों के पीछे से हमें नियंत्रित करती हैं। वही फैसले करती हैं, जबकि हम सिर्फ कठपुतलियां हैं।' पाकिस्तानी संसद की वैधता पर सवाल उठाते हुए मौलाना फजलुर रहमान ने कहा कि 'संसद सदस्यों ने सिद्धांतों को त्याग दिया है और वे लोकतंत्र को बेचने में जुटे हैं। क्या संसद हकीकत में लोगों के जनादेश को प्रतिबिंबित करती है? महलों में और नौकरशाहों द्वारा फैसला किया जाता है कि कौन प्रधानमंत्री होगा।

उबर ने पूरे पाकिस्तान में बंद किया परिचालन

कराची। स्थानीय कंपनियों से कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच ऑनलाइन टैक्सी बुकिंग की सुविधा देने वाली ग्लोबल कंपनी उबर ने पाकिस्तान में सभी परिचालन बंद कर दिए हैं। कंपनी के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को इस बात की पुष्टि की। इसके पहले उबर ने 2022 में कुछ प्रमुख शहरों में अपनी सेवाएं बंद की थीं। प्रवक्ता ने कहा, हमारा सब्सिडियरी ब्रांड करीम पूरे पाकिस्तान में टैक्सी सेवाएं देना जारी रखेगा। उबर ने 2019 में अपनी प्रतिस्पर्धी करीम का 3.1 अरब डॉलर में अधिग्रहण किया था। उस समय दोनों कंपनियों ने कहा था कि वे अपनी-अपनी क्षेत्रीय सेवाओं और स्वतंत्र ब्रांडों का संचालन जारी रखेंगी। उबर ने 2022 में कराची समेत कुछ शहरों में परिचालन बंद कर दिया था। कंपनी ने कहा कि जिन उबर यूजर के खातों में बैलेंस रकम है, वे नियत समय में अपनी राशि वापस पा सकते हैं।

कोरोना में रक्षा कवच बनी कोविशील्ड पर ब्रिटने का सवालिया निशान

साल 2020 में कोरोना वायरस महामारी आने के बाद एस्ट्राजेनेका कंपनी ने इसकी वैक्सीन को तैयार किया था। भारत में सीरम इंस्टीट्यूट ने एस्ट्राजेनेका को कोविशील्ड के नाम से ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के साथ मिलकर बनाया। 2021 में पहली बार तैयार हुई एस्ट्राजेनेका वैक्सीन (कोविशील्ड) लगातार सवालों के घेरे में रही है। कई देशों ने 2021 में ही इस वैक्सीन पर प्रतिबंध लगा दिया था। कोविशील्ड जिस तेजी से तैयार की गई थी, उस पर वैज्ञानिक समुदाय में तभी सवाल उठने लगे थे। इसके बाद इस बात को लेकर जांच शुरू हुई कि टीका अपने काम में सुरक्षित भी या नहीं। अब लंदन हाईकोर्ट में कंपनी ने दुर्लभ' दुष्प्रभाव को स्वीकार लिया। इसके बाद वैक्सीन नए विवादों में घिर गई है।

क्या है एस्ट्राजेनेका- एस्ट्राजेनेका वैक्सीन को भारत में कोविशील्ड के नाम से जाना जाता है। ये एक वायरल वेक्टर वैक्सीन है जिसे एसएआरएस-कॉवी-2 वायरस से बचाने के लिए डिजाइन किया गया है जो कि कोविड-19 का प्रेरक एजेंट है। इस वायरस के काम करने के तरीके पर बात की जाए तो ये चिंपांजी में पाए जाने वाले एक सामान्य सर्दी के वायरस (एडेनोवायरस) के कमजोर संस्करण का उपयोग करके काम करता है। इसे एसएआरएस-कॉवी-2 वायरस से प्रोटीन के जीन को ले जाने के लिए मॉडीफाई किया गया है। ये शरीर में इंजेक्ट होने के बाद टीका इंसान के इम्यून सिस्टम को एंटीबॉडी बनाने और टी-कोशिकाओं को सक्रिय करने के लिए प्रेरित करता है ताकि इंसान की बॉडी संक्रमित होने की दिशा में इस वायरस से लड़ सके।

क्यों हो रहा वैक्सीन पर नया विवाद

फरवरी में यूके की एक अदालत में जमा किए गए दस्तावेजों में एस्ट्राजेनेका कंपनी ने कहा कि इसके इस्तेमाल से थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम (टीटीएस) के साथ थ्रोम्बोसिस नामक एक दुर्लभ दुष्प्रभाव हो सकता है। कंपनी ने कहा है कि वैक्सीन कुछ मामलों में टीटीएस का कारण बन सकती है। दस्तावेज में साथ ही कहा गया है कि टीकाकरण ना होने पर भी टीटीएस हो सकता है। कैम्ब्रिज मुख्यालय वाली ब्रिटिश-स्वीडिश बहुराष्ट्रीय फार्मास्युटिकल और बायोटेक्नोलॉजी कंपनी अब एक क्लास-एक्शन मुकदमे का सामना कर रही है, जिसमें दावा किया गया है कि ये वैक्सीन कई मौतों की वजह बनी है।

केंद्र को चिंताओं को तुरंत दूर करना चाहिए: स्वास्थ्य मंत्री

दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने मंगलवार को कहा कि केंद्र को कोविशील्ड टीके के कथित दुष्प्रभावों से जुड़ी चिंताओं को तुरंत दूर करना चाहिए क्योंकि भारत में करोड़ों लोगों को कोविड महामारी के दौरान यह टीका लगाया गया था। भारद्वाज ने इस टीके के दुष्प्रभाव और भारत में सिलसिलेवार रूप से अचानक कई मौतें होने के बीच कथित संबंध को लेकर चिंता जताई। दावा किया कि कोविशील्ड के सुरक्षित होने संबंधी आशंकाओं के चलते यह टीका जर्मनी, फ्रांस, स्पेन, फिनलैंड, नार्वे और डेनमार्क सहित कई यूरोपीय देशों में शुरू से ही प्रतिबंधित है।

वैक्सीन का निर्माण

पुणे स्थित फार्मा कंपनी सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने भारत और कुछ दूसरे गरीब देशों के लिए कोविशील्ड वैक्सीन के निर्माण के लिए जनवरी 2021 में एस्ट्राजेनेका और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के साथ डील की। इस साझेदारी के तहत सीरम को भारत और विश्व स्तर पर भारी मांग को पूरा करने के लिए बड़े पैमाने पर वैक्सीन का कोविशील्ड के नाम से उत्पादन करने की अनुमति मिली। कोविशील्ड बनने के बाद भारत में इसके वितरण को भारत सरकार और राज्य सरकारों के सहयोग से सुविधाजनक बनाया गया और लोगों तक टीका पहुंचाया गया।

एक नजर

श्रीलंका: कांकेसंथुरई बंदरगाह की मरम्मत का खर्च उठाएगा भारत

कोलंबो। श्रीलंकाई मंत्रिमंडल ने उत्तरी प्रांत में कांकेसंथुरई बंदरगाह की मरम्मत कराने का फैसला किया है और भारत इस परियोजना का 6 .15 करोड़ डॉलर का पूरा खर्च उठाने के लिए राजी हो गया है। श्रीलंका के उत्तरी क्षेत्र में स्थित कांकेसंथुरई बंदरगाह या केकेएस बंदरगाह 16 एकड़ के क्षेत्र में फैला है और यह पुडुचेरी में करईकल बंदरगाह से 104 किलोमीटर दूर है। तमिलनाडु में नागपत्तिनम को जाफना के समीप कांकेसंथुरई बंदरगाह से जोड़ने वाली सीधी यात्री जहाज सेवा करीब साढ़े तीन घंटे में 111 किलोमीटर का सफर तय करती है। एक अधिकारी ने जानकारी देते हुए कहा-भारत परियोजना के लिए पूरी अनुमानित लागत वहन करने पर राजी हो गया है।

छत्तीसगढ़ में तैनात होंगी अर्द्धसैनिक बलों की 202 कंपनियां

रायपुर। छत्तीसगढ़ में तीसरे चरण में सात मई को होने वाले चुनाव में अर्द्धसैनिक बलों की 202 कंपनियां सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहेंगी। सूत्रों ने बताया कि सात लोकसभा सीटों में मतदाताओं की संख्या कुल एक करोड़ 39 लाख एक हजार 285 है। निर्वाचन अधिकारियों के मुताबिक तीसरे चरण के लिए सरगुजा और रायगढ़ लोकसभा क्षेत्रों में ईवीएम व वीवीपैट की कमीशनिंग का कार्य पूर्ण हो चुका है। लोकसभा क्षेत्र बिलासपुर और जांजगीर व कोरबा में कमीशनिंग की प्रक्रिया 29 अप्रैल को शुरू हुई। रायपुर व दुर्ग लोकसभा के लिए 30 अप्रैल को कमीशनिंग का कार्य शुरु किया जाएगा।

कोलंबियाई सेना का हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, नौ सैनिकों की मौत

बोगोटा। उत्तरी कोलंबिया में एक सैनिक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे सवार सभी नौ सैनिकों की मौत हो गई है। सेना के बयानों में कहा गया है कि हेलीकॉप्टर का बेस से संपर्क टूट और बाद में पता चला कि वह बोलिवर विभाग के सांता रोजा नगर पालिका के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने खेद व्यक्त किया है। बता दें, खाड़ी कबीले को कोलंबिया में मादक पदार्थों की तस्करी और एक आपराधिक गिरोह के रूप में जाना जाता है।

युद्ध के खिलाफ प्रदर्शनकारियों ने कोलंबिया विवि पर किया कब्जा

न्यूयॉर्क। इजराइल-हमास युद्ध को लेकर कई कॉलेज परिसरों में छात्रों के प्रदर्शनों के बीच मंगलवार तड़के दर्जनों प्रदर्शनकारियों ने न्यूयॉर्क में कोलंबिया विश्वविद्यालय की इमारत पर कब्जा कर लिया और एक खिड़की से फिलिस्तीनी झंडा फहराया। वीडियो फुटेज में देखा जा सकता है कि विश्वविद्यालय के मैनहट्टन परिसर में हैमिल्टन हॉल के सामने प्रदर्शनकारी एकत्र हैं और उन्होंने फर्नीचर एवं अन्य चीजों से इमारत को अवरूद्ध कर दिया है। छात्रों ने रेडियो स्टेशन हॉल पर कब्जे की जानकारी दी है। घटना के बाद भारी मात्रा में पुलिस बल तैनात किया गया है। प्रशासन अलर्ट हो गया है।

पन्नू मामले में रॉ अधिकारी की संलिप्तता के दावों को लेकर भड़का भारत

बेबुनियाद अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स पर भारत नहीं करेगा कोई सहयोग

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी मीडिया की उन रिपोर्ट्स को खारिज कर दिया है, जिनमें दावा किया गया है कि खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश में भारतीय खुफिया एजेंसी रॉ का अधिकारी शामिल है। दरअसल अमेरिकी मीडिया की एक रिपोर्ट में अज्ञात सूत्रों के हवाले से एक रॉ अधिकारी के नाम का खुलासा किया गया है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पन्नू की हत्या की साजिश में यही अधिकारी संलिप्त था। अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, कथित रॉ अधिकारी ने ही गुरपतवंत सिंह पन्नू के न्यूयॉर्क स्थित घर का पता और अन्य जरूरी जानकारी मुहैया कराईं थी। मंगलवार को भारतीय विदेश मंत्रालय ने पलटवार करते हुए अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स को बेबुनियाद बताकर खारिज कर दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि 'रिपोर्ट में एक गंभीर मामले पर बेबुनियाद और अनुचित आरोप लगाए गए हैं। अमेरिकी सरकार ने संगठित अपराध, आतंकवाद और अन्य को लेकर जो सुरक्षा चिंताएं साझा की हैं, उनकी भारत सरकार द्वारा उच्च स्तरीय जांच की जा रही है।' जायसवाल ने कहा कि गैरजिम्मेदाराना और सिर्फ अनुमानों के आधार पर टिप्पणी करने से कोई मदद नहीं मिलेगी। बता दें, बीते साल नवंबर में अमेरिका के संघीय अभियोजक ने आरोप लगाए थे कि भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता ने भारत सरकार के एक कर्मचारी के साथ मिलकर सिख कट्टरपंथी नेता गुरपतवंत सिंह पन्नू को अमेरिका में ही मारने की योजना बनाई थी। इस मामले में निखिल गुप्ता को चेक गणराज्य में गिरफ्तार किया गया था।

पन्नू मामले में भारत आरोपों को गंभीरता से ले रहा: अमेरिका

वाशिंगटन। व्हाइट हाउस ने कहा कि सिख आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश के मामले में भारत आरोपों को गंभीरता से ले रहा है। हालांकि, उसने मामले की एफबीआई जांच और न्याय विभाग की ओर से दायर आपराधिक मामले पर कोई टिप्पणी नहीं की। अमेरिकी राष्ट्रपति के कार्यालय की प्रेस सचिव कैरिन जीन पियरे की यह टिप्पणी मीडिया की एक खोजी रिपोर्ट के बाद सामने आई है। इस खबर में दावा किया गया है कि भारत की खुफिया एजेंसी रॉ के अधिकारी विक्रम यादव अमेरिका में पन्नू की हत्या की साजिश में शामिल थे और इस काम में तत्कालीन रॉ प्रमुख सामंत गोयल ने उन्हें मंजूरी दी थी। पन्नू खालिस्तान आंदोलन के मुख्य नेताओं में से एक है। वह भारत में सिख फॉर जस्टिस संगठन का कानूनी सलाहकार और प्रवक्ता है। जिसका मकसद एक अलग सिख राज्य के विचार को बढ़ावा देना है। भारत सरकार ने पन्नू को आतंकवादी घोषित किया हुआ है। वॉशिंगटन पोस्ट के बारे में पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव पियरे ने कहा, मामले की जांच चल रही है और न्याय विभाग आपराधिक जांच कर रहा है। उन्होंने आगे कहा, भारत अमेरिका का एक महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार है और हम कई क्षेत्रों में अपने सहयोग का विस्तार करने के लिए एक महत्वकांक्षी एजेंडे को आगे बढ़ा रहे हैं।

मालदीव के लोगों ने भारतीय सैलानियों को पीटा, दो घायल

माले। मालदीव और भारतीय सैलानियों के एक समूह के बीच हुए विवाद के बाद झड़प हो गई, जिसमें दो लोग घायल हो गए। इस मामले में पुलिस ने एक मालदीव के नागरिक को हिरासत में लिया है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, दोनों समूहों के बीच लड़ाई राजधानी माले से लगभग सात किलोमीटर उत्तर पूर्व में हुलहुमले में सेंट्रल पार्क के पास हुई। यह घटना सोमवार रात लगभग 9 बजे की है। माले पुलिस ने बताया है कि हिरासत में लिया गया संदिग्ध मालदीव का है।

गंभीर रूप से घायल दोनों भारतीयों को हुलहुमले अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां से बाद में उन्हें इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने कहा कि पार्क के अंदर मालदीव और भारतीयों के एक समूह के बीच झड़प हुई है। पुलिस ने कहा घटना में आरोपी को हिरासत में लिया गया है, टीम आगे की जांच कर रही है। पुलिस ने कहा- भारतीयों अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।

एडमिरल दिनेश ने संभाला नौसेना प्रमुख का कार्यभार

नई दिल्ली, एजेंसी

- आर हरि के सेवानिवृत्त होने के बाद 26वें नौसेना प्रमुख बने त्रिपाठी

एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने मंगलवार को आर हरि कुमार के सेवा से सेवानिवृत्त होने के बाद 26वें नौसेना प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाला। बता दें कि दिनेश कुमार त्रिपाठी एक संचार और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध विशेषज्ञ भी हैं।

सैनिक स्कूल रीवा के पूर्व छात्र, एडमिरल त्रिपाठी बल की बागडोर संभालने से पहले नौसेना स्टाफ के उप प्रमुख के रूप में कार्यरत थे। 15 मई 1964 को जन्मे एडमिरल त्रिपाठी को 1 जुलाई 1985 को भारतीय नौसेना की कार्यकारी शाखा में नियुक्त किया गया था।

संचार और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध विशेषज्ञ, उनकी लगभग 39 वर्षों की लंबी और विशिष्ट सेवा रही है। नौसेना के उप प्रमुख का पद संभालने से पहले, उन्होंने पश्चिमी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के रूप में कार्य किया था। एडमिरल त्रिपाठी ने भारतीय नौसेना के जहाजों विनाश, किर्च और त्रिशूल की कमान संभाली है।

नौसेना हुई है विकसित

नए भारतीय नौसेना प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालने के बाद, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने कहा, पिछले कुछ वर्षों में, हमारी नौसेना एक युद्ध-तैयार एकजुट, विश्वसनीय के रूप में विकसित हुई है। समुद्री क्षेत्र में मौजूदा और उभरती चुनौतियां यह कहती हैं कि भारतीय नौसेना को शांति से समुद्र में संभावित विरोधियों को रोकने के लिए हर समय परिचालन के लिए तैयार रहना चाहिए और ऐसा करने के लिए कहे जाने पर समुद्र में और समुद्र से युद्ध जीतना चाहिए। मैं नई तकनीकों को पेश करने और विकसित भारत के लिए हमारी सामूहिक खोज की दिशा में राष्ट्रीय विकास का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बनने की दिशा में 'आत्मनिर्भरता' की दिशा में भारतीय नौसेना के चल रहे प्रयासों को भी मजबूत करूंगा।

घाटी में भूस्खलन

जम्मू: पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के चलते जम्मू-कश्मीर में अलर्ट जारी है। तीन दिन से वर्षा का सिलसिला जारी है। मंगलवार को भूस्खलन से रामबन और बनिहाल में तीन लोगों की मौत हो गई और उफनते नालों में दो अन्य लोग बह गए। राजमार्गों को वाहनों के लिए बंद कर दिया है। हिमस्खलन से कई वाहन फंसे रहे। वहीं गुलमार्ग में हल्की बर्फबारी हुई है। ● एजेंसी

मेटा की कार्यप्रणाली सरकारी विभाग से भी बदतर : हाईकोर्ट

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि फेसबुक, व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम की मूल कंपनी मेटा की कार्यप्रणाली सरकारी विभाग से भी बदतर है क्योंकि वह मीडिया समूह को उसकी शिकायत पर ठीक से जवाब देने में विफल रही।

अदालत ने इंस्टाग्राम पर मीडिया समूह के पेज हार्पर बाजार इंडिया को ब्लॉक करने के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पी एस अरोड़ा की पीठ ने प्रौद्योगिकी कंपनी मेटा की खिंचाई करते हुए कहा कि अगर मीडिया संस्थान की शिकायत पर फैसला नहीं किया जाता है, तो अदालत प्रथम दृष्टया टिप्पणी करेगी कि सोशल मीडिया मंच के वकील को चक्कर लगवा रहा है। पीठ ने कहा, आप सरकारी विभाग से भी बदतर हैं, आपको सावधान रहना चाहिए। आपको स्थिति के प्रति सचेत रहना होगा। आपकी प्रणाली काम नहीं कर रही है। इसे ठीक करना होगा। पीठ ने कहा कि मेटा को चीजें दुरुस्त करनी चाहिए अन्यथा अदालत आदेश पारित कर सकती है।

ब्रिटेन में पुलिसकर्मी व लोगों पर तलवार से हमला, एक मौत

लंदन, एजेंसी

- धारदार हथियार से हमले में 5 घायल, आरोपी गिरफ्तार

पूर्वोत्तर लंदन में एक शख्स ने तलवार से पुलिसकर्मियों और आम लोगों पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। पुलिस के मुताबिक, हमलवार ने पहले एक घर में अपनी कार घुसा दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने 36 साल के आरोपी को गिरफ्तार किया है।

इससे घटना से पहले शख्स ने किशोर समेत पांच लोगों और पुलिसकर्मियों पर तलवार से हमला कर दिया, जिससे कई लोग घायल हुए है। तत्काल घायलों को अस्पताल में भर्ती कराय जहां, किशोर की मौत हो गई। लंदन के मेयर सादिक खान ने कहा कि वह घटना से बहुत आहत हुए हैं। प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने इसे स्तब्ध करने वाली घटना' करार दिया और कहा कि देश की सड़कों पर ऐसी हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है। पुलिस ने बताया है, मामले की जाचं की जा रही है।

बता दें, आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 2023 में लंदन में चाकू अपराध में 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। मार्च 2020 तक चाकूबाजी में एक प्रतिशत की ही कमी देखने को मिली है। राष्ट्रीय सांख्यिकी अधिकारी ने कहा कि पूरे इंग्लैंड और वेल्स में, चाकू से होने वाले अपराध में सात प्रतिशत की वृद्धि हुई है और 49,489 अपराध हुए हैं।

कोरोना की जानकारी साझा करने वाले वैज्ञानिक को निकाला

शंघाई। चीन में कोरोना पर रिसर्च में शामिल वैज्ञानकि को लैब से बाहर निकालने दिया है।

चीन में कोविड-19 वायरस के एक अनुक्रम को प्रकाशित करने वाले पहले वैज्ञानिक उन्हें अपनी प्रयोगशाला से निकाले जाने के बाद रविवार से धरने पर बैठे थे। वायरोलॉजिस्ट झांग योंगझेन ने सोमवार को एक ऑनलाइन पोस्ट में लिखा कि उन्हें और उनकी टीम को अचानक जानकारी दी गई कि उन्हें उनकी प्रयोगशाला से बाहर किया जा रहा है। उन्होंने पहली बार जनवरी 2020 की शुरुआत में कोरोना वायरस पर अनुक्रम प्रकाशित किया था। इस कदम से नाराज चीनी सरकार ने उनको लैब से बहार का रास्ता दिखा दिया है।

पोर्न स्टार मामले में ट्रंप दोषी, 9 हजार डॉलर का लगा जुर्माना

न्यूयॉर्क, एजेंसी

- अदालत ने पूर्व राष्ट्रपति को गैग के 9 मामलों में उल्लंघन का आरोपी माना

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को पोर्न स्टार से रिश्तों से जुड़े एक मामले में मंगलवार को अदालत की अवमानना का दोषी ठहराया गया और गैग के आदेशों का बार-बार उल्लंघन करने के लिए अदालत ने उनपर नौ हजार अमेरिकी डॉलर का जुर्माना लगाया है।

गैग ने उन पर गुप्त धन मामले से जुड़े गवाहों, जूरी सदस्यों सहित अन्य चीजों के बारे में सार्वजनिक रूप से बयान देने पर प्रतिबंध लगाया था। गौरतलब है कि अमेरिका में इस साल के अंत में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होने वाले हैं। पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप और वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच सीधा मुकाबला है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अभियोजकों ने ट्रंप के खिलाफ 10 मामलों के उल्लंघन का आरोप लगाया था। हालांकि, न्यायाधीश जुआन एम. मर्चन ने उन्हें नौ मामलों में उल्लंघन का आरोपी माना।

कोर्ट का यह अर्थदंड ट्रंप के लिए एक कड़ी फटकार है क्योंकि वह हमेशा कहते थे कि वे अपने स्वतंत्र भाषण के अधिकारों का प्रयोग कर रहे हैं। ट्रंप के साथ-साथ आज उनका बेटा एरिक भी अदालत आए थे। ऐसा पहली बार हुआ कि ट्रंप के साथ उनके परिवार का कोई सदस्य उनके आपराधिक मुकदमे में शामिल हुआ।

विज्ञान मैकगायर ग्रुप नामक वैज्ञानिकों की टीम को रसायनों का पता लगाने में मिली सफलता

अंतरिक्ष में सबसे बड़े जटिल परमाणु की खोज

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : खगोलविदों ने अंतरिक्ष मे एक नए जटिल परमाणु की खोज की है। यह मेथॉक्सी अणुओं की श्रेणी में आता है। इसका नाम 2-मेथॉक्सीएथेनॉल है। अंतरिक्ष में इस तरह के परमाणुओं की संख्या 13 पहुंच गई है। अब तक खोजा गया सबसे बड़ा और सबसे जटिल परमाणु माना जा रहा है।

रासायनिक तत्वों की उत्पत्ति व इनकी उपयोगिता को लेकर वैज्ञानिक अंतरिक्ष में रसायनों की खोज में जुटे रहते हैं। खगोलविदों के अनुसार धूमकेतुओं व क्षुद्रग्रहों में इनकी मौजूदगी मिलती है। साथ ही अंतरिक्ष में स्वतंत्र रूप से तैरते रहते हैं। जीवन के निर्माण में सहयोगी अमीनो एसिड जैसे अणु भी अंतरिक्ष में मौजूद हैं। यह खोज मैकगायर ग्रुप नामक वैज्ञानिकों की एक टीम ने की है। यह ग्रुप अंतरिक्ष में रसायनों का पता लगाने की महत्वपूर्ण खोज करती है। इस खोज में मैकगायर ग्रुप के साथ फ्लोरिडा और फ्रांस के वैज्ञानिक भी शामिल थे। यह खोज विज्ञान पत्रिका द एस्ट्रोफिजिकल जर्नल लेटर्स में प्रकाशित हुई है। शोध के मुख्य वैज्ञानिक फ्राइड के अनुसार अंतरिक्ष में कई 'मेथॉक्सी' अणु हैं, जैसे डाइमिथाइल ईथर, मेथॉक्सीमेथेनॉल, एथिल मिथाइल ईथर और मिथाइल फॉर्मेट हैं, लेकिन 2-मेथॉक्सीथेनॉल अब तक देखा गया सबसे बड़ा और सबसे जटिल है। यह खोज तारा निर्माण क्षेत्र एनजीसी 63341 में हुई है। इस खोज को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।



पमाणुओं का चित्र।

खगोलीय घटना तो नहीं थी कोरोना की महामारी

दुनिया में महामारी फैलाने वाले वायरस कोरोना कहां से आया, इसका अभी तक पता नही लग सका है। अंतरिक्ष में रासायनिक तत्वों की खोज करने वाले कुछ वैज्ञानिकों का मानना है कि संभवत: कोरोना का वायरस अंतरिक्ष से आया होगा। इसके पीछे एस्टिरॉइड के जरिए पृथ्वी पर पहुचने के कुछ तथ्य मानते हैं, लेकिन अभी तक इसकी पुष्टि नही हो पाई है

सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए आत्मनिर्भर होना जरूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

- मनोज पांडे बोले-कोई भी देश अपनी तकनीकी साझा नहीं करेगा हमें खुद विकसित करनी होगी

थल सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने मंगलवार को कहा कि युद्ध अब अंतरिक्ष, साइबर, विद्युत चुंबकीय स्पेक्ट्रम और सूचना प्रणाली जैसे नये क्षेत्रों में पहुंच गया है और भारत को भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए स्वदेशी क्षमताएं विकसित करनी होंगी। सेना प्रमुख ने विशेष रूप से सशस्त्र बलों में प्रौद्योगिकी समावेशन और आत्मनिर्भरता के महत्व को बताते हुए कहा कि दोनों अलग-अलग हैं फिर भी एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं।

जनरल पांडे ने कहा कि भारत को अपनी स्वदेशी सैन्य क्षमताएं विकसित करनी चाहिए क्योंकि कोई भी देश उसके साथ नवीनतम, उन्नत और महत्वपूर्ण तकनीक साझा नहीं करेगा। उन्होंने कहा, युद्ध अब अंतरिक्ष, साइबर, विद्युत चुंबकीय स्पेक्ट्रम और सूचना जैसे नए क्षेत्रों में पहुंच गया है। इनके परिणामस्वरूप, पारंपरिक सैन्य बल अनुपात, जो अतीत में सैन्य ताकत और श्रेष्ठता का पैमाना था, आज गौण हो गया है। जनरल पांडे ने चौथे जनरल के सुंदरजी स्मृति व्याख्यान में यह टिप्पणी की। सेना प्रमुख ने कहा, युद्ध लड़ने की प्रणालियों में प्रौद्योगिकी को शामिल करने और तकनीकी प्रगति के साथ तालमेल बनाए रखने की अनिवार्यता आज भी कायम है।